RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 245
लखनऊ, रविवार, 26 जून, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



कप्तानी का आनंद लेते हैं हार्दिक
स्पोर्ट्स-12

# डिप्टी स्पीकर ने सोलह बागी विधायकों को नोटिस भेजा

**महाराष्ट्र संकट**

- बागी विधायकों ने 27 जून शाम तक नोटिस का जवाब नहीं दिया तो शुरू होगी अयोग्य ठहराने की कार्रवाई
- सुरक्षा हटाए जाने की खबरों से भड़का बागी गुट सरकार ने किया इनकार

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**शिवसेना** अध्यक्ष और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने वाले वरिष्ठ नेता और मंत्री एकनाथ शिंदे समेत 16 विधायकों को डिप्टी स्पीकर नरहरि जिरवाल ने नोटिस जारी किया है। उपसभापति ने पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने के लिए अयोग्य ठहराए जाने की मांग करने वाले मूल शिवसेना के अभ्यावेदन पर 27 जून की शाम तक उनसे स्पष्टीकरण मांगा है।

शिवसेना के मुख्य सचेतक सुनील प्रभु द्वारा महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य दलबदल के आधार पर अयोग्यता नियम, 1986 के तहत उनकी अयोग्यता की मांग करने वाले एक पत्र के आधार पर कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के प्रमुख सचिव राजेंद्र भागवत ने 16 बागी विधायकों को नोटिस जारी किया। इनसे 27 जून (सोमवार) को शाम 5.30 बजे से पहले सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ लिखित जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है। यदि दिए गए समय में नोटिस का लिखित प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उन विधायकों पर कार्रवाई की जा सकेगी। इससे पहले शनिवार को शिवसेना कार्यकारिणी की उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में आयोजित बैठक में शिवसेना में विश्वास की पुष्टि करने वाले और बागी विधायकों से दिवंगत शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के नाम का उपयोग नहीं करने समेत पांच प्रस्ताव पारित किए।

मालूम हो कि एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के कुल 55 विधायकों में से 37 के समर्थन का दावा करते हुए नए दल शिवसेना बालासाहेब बना लिया है। शिंदे के अलावा जिन बागी विधायकों को डिप्टी स्पीकर के



मुंबई के शिवसेना भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में जाते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे

कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, वे हैं- अब्दुल सत्तार, संदीप बोमरे, प्रकाश सुर्वे, तानाजी सावंत, महेश शिंदे, अनिल बाबर, यामिनी जाधव, संजय शिरसत, भरत गोगावले, बालाजी किनिकेर, लता सोनवणे, सदासर्वणकर, प्रकाश अंबेडकर, संजय रायमुलकर और रमेश बोर्नारे। ये 16 विधायक शिवसेना के उन 37 बागी विधायकों में शामिल हैं, जिन्होंने डिप्टी स्पीकर, राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और महाराष्ट्र विधानमंडल के सचिव को एक पत्र देकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में अपने विश्वास जताते कहा कि वह 2024 तक शिवसेना विधायक दल के नेता पद पर बने रहेंगे।

शिवसेना के 37 बागी विधायक (जो राज्य विधानसभा में आवश्यक दो-तिहाई से अधिक संख्या यानी कुल 55 शिवसेना विधायकों में से 36 विधायक) यदि वे शिवसेना से अलग होते हैं तो उन पर दलबदल विरोधी कानून लागू नहीं होगा। हालांकि, यदि डिप्टी स्पीकर एकनाथ शिंदे सहित 16 बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर देते हैं, तो परिणामस्वरूप 37 विधायकों में से 16 निकलने के बाद शेष 21 विधायकों पर दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई हो जाएगी, क्योंकि यह संख्या दो तिहाई विधायकों से कम है। अपनी ओर से बागी खेमे ने अपने 16 विधायकों को जारी किए गए नोटिसों को ज्यादा महत्व नहीं ( शेष पेज 4 )

# योगी ने 11 लाख परिवारों को डिजिटली सौंपी घरौनी

- अक्टूबर 2023 तक हर ग्रामीण परिवार को दे दिया जाएगा ग्रामीण आवासीय अभिलेख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 11 लाख परिवारों को डिजिटली और 10 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से ग्रामीण आवासीय अभिलेख घरौनी सौंपी। इस मौके पर योगी ने कहा कि अगस्त 22 तक प्रदेश के सभी एक लाख दस हजार से अधिक राजस्व गांवों का सर्वे पूरा कर लिया जाएगा और अक्टूबर 2023 तक हर ग्रामीण परिवार को घरौनी उपलब्ध करा दिया जाएगा। आज जालौन प्रदेश का पहला जनपद बन गया है, जहाँ शत प्रतिशत लोगों को घरौनी तैयार हो चुकी है।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को लोक भवन सभागार में आयोजित समारोह में स्वामित्व योजना के तहत डिजिटली और भौतिक रूप घरौनी प्रमाण पत्र सौंपने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह महज एक कार्यक्रम नहीं तकनीक है, जो ग्रामीणों को उनकी पुश्तैनी आवासीय जमीन का मालिकाना हक देने वाला अभियान भी है। आज उत्तर प्रदेश के 34 लाख परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। घर का मालिकाना हक मिलने के बाद अब यह लोग कोई व्यवसाय करने के लिए बैंक से लोन भी ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि गांधी जी ने ग्राम स्वराज का सपना देखा था, प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर ग्राम का कार्य शुरू किया। आज 34 लाख से अधिक परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र का वितरण संपन्न हुआ है। यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास की महत्वपूर्ण घटना है। संयोग ही है आज इस देश ने आपातकाल के खिलाफ आवाज उठायी थी। 1975 को आज के दिन जब चोरी छिपे जबरन इस देश पर आपातकाल थोपा गया था। और उसके बाद देखते ही देखते लोकतंत्र को बचाने के लिए आंदोलन खड़ा हुआ था। लोकतंत्र की आज इस दृष्टि से भी विजय है कि 23 लाख परिवारों को घरौनी वितरण का कार्य संपन्न हो चुका है। 11 लाख परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरण के लिए आज हर तहसील मुख्यालय पर आयोजन किया जा रहा है।

ऐसे लोग वर्षों से अपनी जमीन पर रह रहे थे लेकिन छोटी-छोटी बातों पर अक्सर विवाद होता था। घर गिरने पर अपना मकान बनाने से कहीं दबंग तो कहीं माफिया रोकता था। कहीं लेखपाल ( शेष पेज 4 )

## अग्निपथ परिवर्तनकारी योजना, हम इसकी समीक्षा करते रहेंगे: राजनाथ सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि सशस्त्र बलों में भर्ती की अग्निपथ योजना की सरकार सालाना समीक्षा करेगी और कोई खामी या चुनौती आने पर उसका उचित समाधान करेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस योजना को मुख्य हितधारकों से दो साल तक मंथन के बाद अंतिम रूप दिया गया है। उन्होंने इस योजना को परिवर्तनकारी करार दिया। गौरतलब है कि 14 जून को सरकार ने सेना में भर्ती के लिए इस योजना की घोषणा की जिसमें साढ़े 17 से 21 साल के उम्र के युवकों की चार साल के लिए भर्ती की जाएगी। इस योजना के तहत भर्ती 25 प्रतिशत युवकों को सेना में 15 साल और काम करने का मौका मिलेगा। वर्ष 2022 के लिए भर्ती की ऊपरी आयुसीमा को 21 साल से बढ़ाकर 23 साल किया गया है। इस योजना के खिलाफ देश के कई हिस्सों में हिंसक प्रदर्शन हुए थे क्योंकि योजना के तहत भर्ती 75 प्रतिशत युवकों के लिए रोजगार गांरटी नहीं है। राजनाथ सिंह ( शेष पेज 4 )

# मुख्य अभियंता विवाद में एलडीए वीसी और मंडलायुक्त हटाए गए

- 11 आईएएस अफसरों का स्थानांतरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने शनिवार की शाम 11 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए। एलडीए के मुख्य अभियंता विवाद मामले को तूल पकड़ता देख लखनऊ के मंडलायुक्त रंजन कुमार और एलडीए उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी को हटा दिया गया है। लखनऊ मंडलायुक्त का अतिरिक्त प्रभार सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म रोशन जैकब को दिया गया है।

फेरबदल के क्रम में आगरा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष राजेंदर को विशेष सचिव नगर विकास, नगर निगम आयुक्त लखनऊ अजय कुमार द्विवेदी को आगरा विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष, गोरखपुर के मुख्य विकास अधिकारी इंद्रजीत सिंह को नगर आयुक्त लखनऊ, हमीरपुर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट संजय कुमार मीणा को मुख्य विकास अधिकारी गोरखपुर, लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी को यूपी इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन का विशेष सचिव, नगर विकास विभाग के विशेष ( शेष पेज 4 )

## एक दर्जन जिलों के एसपी सहित 32 आईपीएस के तबादले

- चित्रकूट, मिर्जापुर, बस्ती और अयोध्या परिक्षेत्र के आईजी-डीआईजी भी बदले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने 32 आईपीएस के तबादले कर दिए हैं। इस फेरबदल में एक दर्जन जिलों के पुलिस कप्तान शामिल हैं। स्थानान्तरित होने वाले पुलिस कप्तानों में चार ऐसे हैं जो पिछले लंबे समय से डीआईजी पद पर प्रोन्नत हो जाने के बाद से नई तैनाती की प्रतीक्षा कर रहे थे।

इसके अलावा प्रतिक्षारत चल रहे दो एडीजी, दो आईजी और एक एसपी स्तर के अधिकारी को भी तैनाती प्रदान कर दी गई है। जारी आदेश के मुताबिक प्रतीक्षारत चल रही अपर्णा कुमार को आईजी पीएसी, सेंट्रल जोन, प्रतीक्षारत डॉ. के एजिलरसन को आईजी यूपी-112 मुख्यालय, प्रतिक्षारत प्रकाश डी. को अध्यक्ष एंव प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश आवास निगम, लखनऊ, प्रतिक्षारत जकी अहमद को एडीजी पीटीसी, सीतापुर, प्रतिक्षारत राजा श्रीवास्तव को एडीजी कार्मिक मुख्यालय और प्रतिक्षारत सचीन्द्र पटेल को सेनानायक 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ के पद पर तैनाती प्रदान की गई है। इसके अलावा पिछले दिनों डीआईजी ( शेष पेज 4 )

## तीस्ता सीतलवाड़ को गुजरात पुलिस ने हिरासत में लिया

**भाषा।** मुंबई, अहमदाबाद

**उच्चतम** न्यायालय के 2002 के गुजरात दंगा मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य लोगों को विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज किए जाने के एक दिन बाद शनिवार को गुजरात पुलिस ने निर्दोष व्यक्तियों को झूठा फंसाने की साजिश रचने के आरोप में पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर. बी. श्रीकुमार को गिरफ्तार किया और सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को हिरासत में ले लिया। अहमदाबाद अपराध शाखा के एक अधिकारी की शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी में पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट का भी नाम है, जो पहले से ही एक अन्य मामले में जेल में है। सीतलवाड़ ने अपनी ओर से मुंबई के सांताक्रूज पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई और दावा किया कि गिरफ्तारी अवैध है और उन्होंने अपनी जान को खतरा होने की आशंका जताई।

# मोदी ने इतने वर्षों बिना बोले सहा दर्द: शाह

- सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुजरात दंगा मामले में क्लीन चिट पर बोले केंद्रीय गृहमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**वर्ष** 2002 के गुजरात दंगा मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित 64 लोगों को विशेष जांच दल (एसआईटी) की क्लीन चिट को बरकरार रखने के एक दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पीएम मोदी ने इतने वर्षों तक बिना एक शब्द बोले दर्द सहा और जहर निगलने के बाद अपने गले में धारण करने वाले भगवान शिव का अनुसरण किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ आरोप राजनीति से प्रेरित थे और अब सच्चाई सामने आई है जो सोने से ज्यादा चमकदार है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की तिकड़ी, वैचारिक रूप से संचालित कुछ पत्रकार और एक गैर सरकारी संगठन प्रधानमंत्री के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के साथ उनके पीछे पड़ गए थे। जिनका उद्देश्य उनकी छवि खराब करना और मामले को यथासंभव लंबे समय तक जारी रखना था। उनके पास एक ऐसा मजबूत तंत्र था इसलिए हर कोई झूठ को सच मानने लगा था।

एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि आज भाजपा लगे दाग को साफ हो गया। उन्होंने कहा कि अदालत ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ने वर्ष 2002 में दंगों को नियंत्रित करने के लिए सर्वोत्तम प्रयास किए। गृह मंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि इतनी लंबी लड़ाई के बाद जब सत्य बाहर आता है तो उसकी चमक सोने से भी ज्यादा होता है, यह निर्णय बेहद सुखद है। उन्होंने नागरिक अधिकार कार्यकर्ता और पत्रकार तीस्ता ( शेष पेज 4 )

## मोदी को मिली क्लीन चिट सत्य के विजयी होने का उद्घोष: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 2002 के गुजरात दंगों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए षड्यंत्रकारियों को माफी मांगने को कहा है। शनिवार को योगी ने ट्विटर पर लिखा सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुजरात दंगों के संबंध में प्रधानमंत्री को दी गई क्लीन चिट सत्य के सकुशल व विजयी होने का उद्घोष है। षड्यंत्रकारियों को देश से सार्वजनिक क्षमा मांगनी चाहिए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 2002 में गुजरात दंगों में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट देने वाली एसआईटी रिपोर्ट के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज कर ( शेष पेज 4 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,727 | |
| निफ्टी | 15,699 | |
| सोना | 50,557 | /10g |
| चांदी | 59,077 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आज तीन लोकसभा एवं सात विधानसभा सीटों की मतगणना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एवं पांच अन्य राज्यों की तीन लोकसभा और सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के वास्ते 23 जून को हुए मतदान के लिए मतों की गिनती का काम रविवार को होगा। इस उपचुनाव में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा समेत अन्य लोगों का राजनीतिक भविष्य दांव पर है। मतों की गिनती सुबह आठ बजे शुरू होगी। सबसे पहले डाक से प्राप्त मतों की गिनती शुरू होगी और इसके बाद ईवीएम खोला जाएगा। मतगणना के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। त्रिपुरा में सर्वाधिक चार सीटे है जहां उपचुनाव में वोट डाले गए हैं। इन सीटों में अगरतला, जुबराजनगर, सूरमा और टाउन बारदोवाली शामिल है। टाउन बारदोवाली से किस्मत आजमा रहे साहा को मुख्यमंत्री बने रहने के लिए यह चुनाव जीतना जरूरी है।

# ओमेगा-3 फैटी एसिड पर पड़ेगा जलवायु परिवर्तन का असर

- मनुष्यों व मछलियों के स्वास्थ्य के लिए है आवश्यक वसा, जिसका होगा कम उत्पादन
- प्लैंटॉनिक लिपिड के संबंध में हुए पहले वैश्विक महासागर सर्वेक्षण में किया गया दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**समुद्र** तल में मिलने वाले खाद्य पदार्थ (फूड वेब) के प्लवक (प्लांकटोन) से मिलने वाले ओमेगा-3 फैटी एसिड का उत्पादन जलवायु परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है। यह दावा एक अध्ययन में किया गया है। ऐसे में मछली और मनुष्यों को कम ओमेगा-3 फैटी एसिड उपलब्ध होगा। ओमेगा-3 फैटी एसिड एक आवश्यक वसा है जिसे मानव शरीर पैदा नहीं कर सकता। इसे अच्छे वसा के रूप में माना जाता है जो समुद्री भोजन के रूप में मिलता है और अच्छे स्वास्थ्य के लिए सहायक होता है। प्लैंटॉनिक लिपिड के संबंध में हुए पहले वैश्विक महासागर सर्वेक्षण में पाया गया कि तापमान के चलते आवश्यक ओमेगा-3 फैटी एसिड के उत्पादन में कमी होने की संभावना है। जो लिपिड अणुओं का एक महत्वपूर्ण उपसमुच्चय (मॉल्युक्युल्स) है। सर्वेक्षण में दुनिया भर के महासागरों से प्राप्त 930 लिपिड नमूनों का एक समान मानक पर जांच कर विश्लेषण किया गया। वुड्स होल ओशनोग्राफिक इंस्टीट्यूशन (डब्ल्यूएचओआई) के लेखकों के नेतृत्व में एक नए पेपर के अनुसार महासागर प्लैंकटोनिक लिपिडोम की अज्ञात विशेषताओं को प्रकट करते हैं, जिसमें सैकड़ों से हजारों लिपिड प्रजातियों की संपूर्णता है।

सर्वेक्षणकर्ता ने कहा कि हमने दस आणविक रूप से विविध ग्लिसरॉलिपिड वर्गों पर ध्यान केंद्रित करते हुए 1,151 विशिष्ट लिपिड प्रजातियों की पहचान की, जिसमें पाया गया कि फैटी एसिड असंतृप्ति (यानी, कार्बन से कार्बन डबल बॉन्ड की संख्या) मूल रूप से तापमान के कारण बाधित है। हम आवश्यक फैटी एसिड ईकोसापेंटेनोइक एसिड (ईपीए) में महत्वपूर्ण कमी की भविष्यवाणी करते हैं। अगली शताब्दी में जिसमें आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण मत्स्य पालन पर गंभीर हानिकारक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

शोध पत्र पेपर में कहा गया कि ग्लोबल ओशन लिपिडोम विज्ञान में प्रकाशित सर्वेक्षण में तापमान और लिपिड असंतृप्ति के बीच एक सार्वभौमिक संबंध दिखाते हैं। ईपीए सबसे पौष्टिक ओमेगा -3 फैटी एसिड में से एक है, इसे कई स्वास्थ्य लाभों से जोड़ा गया है और यह व्यापक रूप से आहार पूरक के रूप में उपलब्ध है। डब्ल्यूएचओआई के समुद्री रसायन और भू-रसायन विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक, जर्नल लेख के सह-लेखक बेंजामिन वान मूय कहते हैं कि समुद्र में लिपिड आपके जीवन को प्रभावित करते हैं। हमने पाया कि समुद्र के गर्म होने पर समुद्र में लिपिड की संरचना बदल रही है।

# पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में मिला दुर्लभ मांसाहारी पौधा

- उत्तराखंड वन विभाग के शोध दल ने चमोली जिले में स्थित सुरम्य मंडल घाटी में लगाया पता

**भाषा।** देहरादून

**पश्चिमी** हिमालई क्षेत्र में पहली बार यूट्रिकुलेरिया फुरसेलटा नामक एक अत्यंत दुर्लभ मांसाहारी पौधे की प्रजाति पाई गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान) संजीव चतुर्वेदी ने कहा कि दुर्लभ प्रजातियों का पता उत्तराखंड वन विभाग के एक शोध दल ने चमोली जिले में स्थित सुरम्य मंडल घाटी में लगाया।



**यह पौधा प्रोटोजोआ से लेकर कीड़े, मच्छर के लार्वा और यहां तक कि मेंढक के बच्चों को पकड़ने के लिए एक बहुत ही परिष्कृत और विकसित संरचना का उपयोग करता है।**
**-संजीव चतुर्वेदी, मुख्य वन संरक्षक ( अनुसंधान )**

उन्होंने कहा, यह न केवल उत्तराखंड में, बल्कि पूरे पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में पहली बार देखा गया है। चतुर्वेदी ने कहा कि रेंज ऑफिसर हरीश नेगी और जूनियर रिसर्च फेलो मनोज सिंह की उत्तराखंड वन विभाग की टीम द्वारा की गई इस खोज को प्रतिष्ठित जर्नल ऑफ जापानीज बॉटनी में प्रकाशित किया गया है, जो प्लांट टैक्सोनॉमी और वनस्पति विज्ञान पर 106 साल पुरानी पत्रिका है, जो इस क्षेत्र की उत्कृष्ट पत्रिका है। उन्होंने कहा कि यह उत्तराखंड वन विभाग के लिए गौरव का क्षण है, क्योंकि यह उसकी पहली खोज है, जो प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशित हुई है। यह खोज उत्तराखंड में कीटभक्षी पौधों के एक परियोजना अध्ययन का हिस्सा थी। चतुर्वेदी ने ( शेष पेज 4 )

## मैनपुरी में मिले 4000 हजार वर्ष पुराने हथियार, मिट्टी के बर्तन

**आगरा ( भाषा )।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में 1600-2000 ईसा पूर्व के तांबे के हथियार और मिट्टी के बर्तनों के टुकड़े पाए गए हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एएसआई के आगरा परिमंडल के अधीक्षण पुरातत्वविद राजकुमार पटेल ने बताया कि कुरावली तहसील के गणेशपुरा गांव में मिली वस्तुएं ताम्रपाषाण काल या ताम्र युग की हैं। उन्होंने बताया कि एक किसान को 10 जून को गेरूए रंग के मिट्टी के बर्तन, मानव सदृश्य आकृतियां और तांबे ( शेष पेज 4 )


## श्रीमती का जलवा

श्रीमान से श्रीमती का जलवा कमी नहीं बल्कि ज्यादा है। साहब भले ही सूबे के कानून से जुड़े गृह के मालिक हों लेकिन असल जलवा उनकी पत्नी का है। हाल ही में बनारस में इसकी झलक देखने को मिली। उनका जलवा सरकार के किसी मंत्री या बड़े अफसर से कम नहीं। उनके आने की भनक मात्र से पूरा बनारस प्रशासन हिल जाता है। अभी दो दिन पहले की बात है। काशी विश्वनाथ मंदिर में संदेश आया कि मैडम अपनी सहेलियां के संग बाबा के दर्शन करने पहुंच रहीं हैं। बस फिर क्या। मंदिर की सुरक्षा में लगा स्टाफ जुट गया उनकी अगवानी में। वीवीआईपी रूम का पूरा का पूरा स्टाफ अपना रूम छोड़कर मुख्य द्वार पर आ गया मैडम को रिसीव करने। साथ में पानी की बोतल,छाते, टावल, मेकप का सामान और न जाने क्या क्या। कुछ ही देर में मैडम की बड़ी गाड़ी मुख्य द्वार पर रुकती है और उनका स्वागत होता है। वीवीआईपी रूम में पहले मैडम मेकप करती है और फिर कुछ फोटो शूट। इसके बाद बाबा की पूजा। मैडम का जलवा देख मंदिर परिसर में तैनात केन्द्रीय सुरक्षा बल का जवान अपने पास खड़े पुलिसकर्मी से पूछ बैठता है मैडम के बारे में।



## कैसे पूरा हो फरमान

एक संस्थान के वीसी ने अपने यहां सभी विभागों को हॉल आफ फेम बनाने की जिम्मेदारी दे दी है। नई जिम्मेदारी का फरमान आने के बाद विभाग उन पुरातन छात्रों को फोन कर रहा है जिन्होंने कोई विशिष्ट उपलब्धि हासिल की हो। इसके लिए उन्होंने एक टैग लाइन दे रखी है जो पांच साल के अंदर की होनी चाहिए। अब ऐसे में विभागों को यह समझ नहीं आ रहा है कि वह क्या करें। पांच साल में ऐसा कोई अचीवमेंट नहीं दिख रहा है जिसको शामिल किया जा सके। अगर प्लेसमेंट शामिल करें तो उसे हाल आफ फेम नहीं माना जा सकता क्योंकि यह तो एजुकेशन का ही पार्ट है। पर वीसी का फरमान है तो मना भी नहीं कर सकते। ऐसे में भागते भूत की लंगोटी भली की तर्ज पर विभाग प्लेसमेंट जेआरएफ और नौकरीशुदा वालों को ही फोन घनघना रहे हैं। आने वाले दिनों में इन्हें हाल आफ फेम के रूप में देखा जाएगा। अब ऐसे में हम क्या कह सकते हैं। कभी पूर्व राष्ट्रपति से लेकर राज्यपाल और माननीयों के नाम गिना कर गर्व की अनुभूति करने वाले संस्थान में यह हाल आफ फेम छुरछुरी समान ही दिखेगा और कुछ नहीं।




पूरी तरह से किनारा कर रखा है। ज्वाइनिंग के बाद परम्परागत ढंग से होने वाली प्रेस कांफ्रेंस भी इस बार नहीं हुई। मुख्यालय के खास जानकारों का कहना है कि ऐसा इस वजह से है कि मुखिया को ऊपर से निर्देश है कि जब तक कार्यवाहक के रूप में हैं तब तक लो-प्रोफाइल होकर काम करें। अगस्त महीने में जब उन्हें स्थाई तौर पर इस पद पर आसीन कर दिया जाएगा। तब वह पूरे रंग-ढंग के साथ सामने आएंगे।

## थोड़ा सा ठहरो

खाकी महकमे का मुख्यालय की रौनक इन दिनों पहले जैसी नहीं रही है। ऐसा नहीं है कि यहां कोई खास परिवर्तन या व्यवस्था में बदलाव हुआ है जिसके प्रभाव के चलते ऐसा है। दरअसल महकमे में जब से स्थाई के बजाए कार्यवाहक मुखिया की तैनाती हुई तभी से सब नीरस हो गया है। कार्यवाहक मुखिया अदृश्य रूप से महकमे का संचालन कर रहे हैं। दरअसल पब्लिक और मीडिया से मिलना तो दूर की बात मुख्यालय में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों तक को भी यह पता नहीं रहता कि मुखिया कब आते हैं और कब चले जाते हैं। पहले दूर-दराज जिलों से अपनी समस्याएं लेकर आने वाली पीड़ितों की भीड़ ने भी अब यहां आना कम कर दिया है। वजह यह है कि कार्यवाहक मुखिया से उनकी भेंट ही नहीं हो पाती। मीडिया से तो कार्यवाहक मुखिया ने

## ज्यादा मत जानो

सूबे में दोबारा भगवा झंडा फहराने से कई साहब लोगों को झटका लगा है जो उम्मीद पाले थे कि यूपी में साइकिल दौड़ेगी लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो उन्हें सरकार ने साइड लाइन कर दिया क्योंकि चुनाव के समय ऐसे अधिकारी स्वयं को किसी बड़ी पोस्ट पर तैनाती का भ्रम पाले हुए थे। उन्हें लग रहा था कि चुनाव बाद उन्हें क्रीम पोस्ट पर मिलेगी क्योंकि वह स्वयं को एक पूर्व सीएम के करीब मान रहे थे। अब यह अधिकारी महोदय का तबादला फूल-पत्ती वाले विभाग में कर दिया गया है। यहां पर वह अपने करीबियों को सीख दे रहें है कि अधिक जानकारी कभी-कभी ज्यादा घातक होती है। इसलिए जहां भी रहो रचनात्मक कार्य में लगे रहो। यह साहब अब अपने विभाग में पेड़-पौधों के जरिए सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने के साथ-साथ अपने विभाग में निवेश की भी संभावनाएं तलाश रहे हैं। साहब पहले यूपी में उद्योग लगाने का काम देखते थे लेकिन पंचम तल की राजनीति की वजह से उन्हें हटा दिया गया और चुनाव बाद फिर तबादला करते हुए फूल पत्ती वाले विभाग में भेज दिया गया।



## सावधान मंत्री

भगवा सरकार के मंत्री जी फूंक फूंक कर कदम रख रहे हैं। आयुक्त महोदय से कभी पंगा नहीं लेते। मंत्री जी को शायद इस बात का आभास है कि पिछली भगवा सरकार में पश्चिम के जो मंत्री जी थे उन पर ये आयुक्त महोदय भारी पड़ रहे थे तो मैं क्या चीज हूं। पिछले मंत्री तो बहुत ताकतवर थे। उस दौरान उनकी कुछ नहीं चली थी। सारे निर्णय आयुक्त महोदय ही लिया करते थे। मंत्री जी तो केवल रबर स्टाम्प थे। महाराज जी की दूसरी सरकार में यह जो मंत्री जी आए हैं इनके पास तो लक्ष्मी की भी पावर है। नारायण की भी पावर है। और अपने आप में चौधरी भी हैं। फिर भी आयुक्त महोदय से पंगा लेने की इनकी हिम्मत नहीं पड़ रही है। आयुक्त महोदय जो भी कहते हैं। यह मंत्री जी सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं। सही बात है। काहे पंगा लें। पिछली भगवा सरकार में भी आयुक्त का जलवा था और दूसरी भगवा सरकार में भी आयुक्त का जलवा है। यही कारण है कि इनके पास मिठास के विभाग समेत मदिरा जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी भी है।

## खुलने लगे राज

एलडीए मुख्य अभियंता पर कई आरोप लगे लेकिन रसूख के चलते वह अपने पद पर बने रहे। एलडीए अध्यक्ष व मंडलायुक्त के आदेश पर रोक टोक लगाने पर उन्हें कुर्सी खोनी पड़ी। एलडीए के बड़े साहब को सब कुछ अच्छा लग रहा था। आवास और पार्किंग की समस्याएं समझने का प्रयास कर रहे थे लेकिन साहब को जब पता चला कि दस करोड़ का गबन स्मारक समिति में हुआ है तब साहब को एहसास हुआ कि इन मासूस चेहरों के पीछे बहुत राज हैं। झटका लगने पर कर्मचारी से लेकर छोटे साहब तक आंच पहुंचने लगी तो संभले साहब। फिर क्या था। साहब को समझते देर न लगी कि कर्मचारियों के मकड़ जाल को तोड़ना बहुत जरूरी है। अब साहब ने फूंक फूंक कर कदम रखना शुरू कर दिया है। कई बड़े बड़े नटवरलालों पर नजर रखने लगे। दस करोड़ घोटाले की गुत्थी सुलझाने का प्रयास करते हुए स्मारक समति के कुछ बाबू और अधिकारी पर शक गया। अभी साहब की जांच जारी ही थी कि कई और दफन राज धीरे-धीरे बाहर आने लगे। अब बड़े साहब को लगने लगा कि यहां का सफर आसान नही हैं।

### सीएम ने विज्ञान भारती के 5वें राष्ट्रीय अधिवेशन को किया सम्बोधित

# भारतीय संस्कृति ने ज्ञान को अंगीकार करने में कोई अवरोध नहीं आने दिया



- अंग्रेजी तिथि में वैज्ञानिक दृष्टि नहीं जबकि विक्रम संवत में वैज्ञानिक दृष्टि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय संस्कृति व मनीषा ने कभी भी ज्ञान एवं इसके विस्तार को अंगीकार करने में कोई अवरोध सामने नहीं आने दिया है। आ नो भद्रा: क्रतवो यन्तु विश्वत: मंत्र के माध्यम से भारतीय संस्कृति में कहा गया है कि ज्ञान जहां से भी आए उसके लिए अपनी दृष्टि को खुला रखें। यह प्रदर्शित करता है कि भारतीय दृष्टि अपने आप में वैज्ञानिक दृष्टि है।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि लखनऊ में आयोजित विज्ञान भारती के 5 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परम्परा के हृदय स्थल कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश में स्वदेशी ज्ञान व विज्ञान की परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए लगभग तीन दशकों से निरन्तर क्रियाशील विज्ञान भारती के 5वें अधिवेशन का आयोजित होना सुखद अनुभूति है। भारतीय दृष्टि किसी भी नए ज्ञान को विज्ञान मान लेती है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का संरक्षण विज्ञान भारती को प्राप्त है। संघ की सोच व दृष्टि वैज्ञानिक है और वह इसी दृष्टि से राष्ट्रहित के लिए कार्य करती है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार जी स्वयं एक चिकित्सक व वैज्ञानिक थे। सरसंघ चालक श्रद्धेय गुरुजी भी एक वैज्ञानिक थे। संघ के अन्य सभी सरसंघ चालक भी वैज्ञानिक दृष्टि से ओत-प्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय दृष्टि कहती है कि कोई वस्तु नष्ट नहीं होती है अपितु उसका स्वरूप बदल जाता है। उसकी पूर्णता सदैव बनी रहती है। यही वैज्ञानिक दृष्टि है। विज्ञान भारती की प्रार्थना के माध्यम से इसे ही प्रस्तुत किया गया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के माध्यम से प्रतिवर्ष वर्ष प्रतिपदा का आयोजन नवसंवत्सर के रूप में मनाने की एक नई परम्परा का शुभारम्भ किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने सामान्य रीति-रिवाजों में हम विक्रम संवत पर आधारित पंचांग पद्धति के अनुसार मांगलिक कार्यों एवं शुभ कार्यों को तय करते हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी तिथि व विक्रम संवत की पंचांग तिथि में अन्तर है। अंग्रेजी तिथि में वैज्ञानिक दृष्टि नहीं है जबकि विक्रम संवत में वैज्ञानिक दृष्टि है। अंग्रेजी तिथि में कोई भी मुहूर्त नहीं है। अंग्रेजी तिथि के कैलेण्डर में सूर्य ग्रहण व चन्द्र ग्रहण की तिथियां प्रतिवर्ष बदलती रहती हैं लेकिन भारतीय पंचांग के अनुसार चन्द्र ग्रहण सदैव पूर्णिमा की तिथि पर तथा सूर्य ग्रहण सदैव अमावस्या को ही होता है। हमारे ऋषियों ने इस बात को बहुत पहले ही बता दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाभारत में भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को गीता के उपदेश के अन्तर्गत आत्मा के विषय में बताते हैं कि यह प्रत्येक कालए देश व परिस्थिति में रहेगी। इसे आग नहीं जला सकती इसे कोई मार नहीं सकता, कोई इसे काट नहीं सकता। केवल उसका रूपान्तरण होता है। फिर मरने से क्यों डरते हो। आज दुनिया इसी की खोज कर रही है। हमारे दर्शन, शास्त्र इसकी वृहद व्याख्या बहुत पहले ही कर चुके हैं। श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश लगभग 5 हजार वर्ष पूर्व जितना प्रासंगिक था आज भी वह उतना ही महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में पिछड़ गए क्योंकि हमने धार्मिक दृष्टिकोण से तो अपने ज्ञान को अंगीकार किया लेकिन उसके व्यवहारिक स्वरूप को अंगीकार करने का प्रयास नहीं किया।

## मायावती ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू को समर्थन का किया ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीएसी** अध्यक्ष मायावती ने राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का ऐलान किया है। मायावती ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि हमने एनडीए के राष्ट्रपति चुनाव की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का फैसला किया है। हमने यह फैसला न तो बीजेपी या एनडीए के समर्थन में और न ही विपक्ष के खिलाफ बल्कि अपनी पार्टी और आंदोलन को ध्यान में रखते हुए लिया है। बीएसपी कमजोर, गरीब और उपेक्षित वर्ग के लोगों के लिए फैसले लेती रही है। उन्होंने कहा कि बीएसपी एनडीए या यूपीए की पिछलग्गू नहीं है। बीएसपी स्वतंत्र और निडर रहकर काम करने वाली पार्टी है। अगर कोई पार्टी देश के उपेक्षित वर्ग के हित में काम करती है तो बीएसपी उसके साथ खड़ी होती है, चाहे वो हमारे लिए कितना ही नुकसानदेह क्यों न हों। उन्होंने कहा कि बीएसपी का उद्देश्य बाबा साहब के सिद्धांतों पर काम करना है। बीएसपी को बदनाम करने का भी ये लोग कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। हमारे एमएलए को तोड़ने का काम करते हैं। कांग्रेस तो इसमें विशेष काम करती है। यूपी में बीएसपी के नेतृत्व में चार बार की सरकार ने दलितों, शोषितों और वंचितों के हित में काम किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में हमें ये देखने को मिला कि विपक्षी दलों ने अपनी मनमानी की। बीएसपी को विपक्ष ने अलग-थलग रखा है। पहले बंगाल की सीएम ममता बनर्जी द्वारा एकतरफ चुनिंदा लोगों को बुलाना, फिर शरद पवार द्वारा बुलाई गई बैठक में बीएसपी को नजरअंदाज करना ये उनकी जातिगत सोच को भी दिखाता है। इनकी एकता दिखावा ही लगती है।

# अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग लेने को अग्रसर हों शिक्षण संस्थान

- राज्यपाल ने छत्रपति शाहू जी महाराज विवि कानपुर के फेसलेस स्टूडेंट सर्विसेज मॉड्यूल का ऑनलाइन लोकार्पण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने राजभवन के प्रज्ञाकक्ष से छत्रपति शाहू जी महाराज, विश्वविद्यालयए कानपुर द्वारा विकसित 'फेसलेस स्टूडेंट सर्विसेज मॉड्यूल' का ऑनलाइन लोकार्पण किया। छत्रपति शाहू जी महाराज के 149वें जन्मदिवस पर आयोजित इस लोकार्पण समारोह को ऑनलाइन सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज को भारत में एक सच्चे प्रजातंत्रवादी और समाज सुधारक के रूप में जाना जाता है। वह ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने राजा होते हुए भी दलित और शोषित वर्ग के कष्ट को समझा और सदा उनसे निकटता बनाए रखी। उन्होंने दलित वर्ग के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की और छात्रावास स्थापित किए। उनके शासन के दौरान बाल विवाह पर ईमानदारी से प्रतिबंध लगाया गया। इसके साथ ही शाहू जी महाराज ने महिलाओं के उत्थान एवं उनकी स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में भी कार्य किया।

विश्वविद्यालय में प्रारम्भ हुए फेसलेस डिजिटल स्टूडेंट सर्विस पोर्टल पर विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा ये सुविधा छात्रों की कठिनाइयों को दूर करने में मील का पत्थर साबित होगी। इसके द्वारा किसी भी छात्र को उसकी निजी जानकारी प्राप्त किए बिना ही उसके सभी प्रमाण पत्र में संशोधन का कार्य होगा और छात्रों को डैशबोर्ड पर ही प्रमाण पत्र की जानकारी स्वत: उपलब्ध हो सकेगी। इस मॉड्यूल के माध्यम से छात्र डिजिटल हस्ताक्षर युक्त अंकतालिका, उपाधिपत्र, अस्थायी प्रमाण पत्र, प्रवजन जैसे महत्वपूर्ण प्रपत्र डाउनलोड कर सकेंगे। अब छात्रों को विश्वविद्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और घर बैठे ही उन्हें प्रमाण पत्र संबंधी जानकारी उनके डैशबोर्ड पर आसानी से मिलती रहेगी। राज्यपाल ने इस पोर्टल को विश्वविद्यालय की प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट द्वारा निर्मित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम विश्वविद्यालय की गतिविधियों में अपने विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ायें। इससे हमारे विद्यार्थियों की क्षमताओं और आत्मविश्वास में तो वृद्धि होती ही है, विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन में भी इससे अंको में वृद्धि होती है। विद्यार्थियों की स्वयं संलग्नता किसी भी संस्थान को श्रेष्ठ बनने से नहीं रोक सकती। राज्यपाल ने प्रदेश के शिक्षण संस्थानों को अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमारे शिक्षण संस्थान भी अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर हों ताकि उत्तर प्रदेश के बच्चों को अपने प्रदेश में ही उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान मिल सकें। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे छत्रपति शाहू जी महाराज की तेरहवीं पीढ़ी के युवराज संभा जी राजे ने अपने संबोधन में शाह महाराज के अद्वितीय सामाजिक कार्यों का स्मरण किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय को 10 लाख रुपए डोनेट करने की घोषणा करते हुए कहा इसके ब्याज से दलित समाज तथा विधवा एवं बेसहारा महिलाओं के बच्चों की शिक्षा में मदद की जाए। उन्होंने छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को अपने विकास के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज, मुम्बई, विश्वविद्यालय के साथ कनेक्टिविटी स्थापित करने के लिए भी प्रेरित किया।

## यूपी में आज शाम पांच बजे तक बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने प्रदेश में रविवार को ड्राई-डे घोषित किया है। इस दौरान शराब की दुकानें सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेंगी। इस संबंध में अपर आबकारी आयुक्त हरिश्चंद्र की ओर से आदेश जारी किया गया है। जिसमें सभी जिलों के आबकारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और इसके अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस 26 जून पर शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित किया गया है। इसके अन्तर्गत रविवार को शराब की दुकानों को शाम पांच बजे तक बंद रखने और भांग की समस्त दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने का निर्णय लिया गया है। जिला आबकारी अधिकारियों को इस निर्णय के अनुसार आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।



सुल्तानपुर में दिवगंत पूर्व विधायक सूर्यभान सिंह को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

मीरा देवी व शर्मा देवी यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं भविष्य में मुझे मीरा देवी नाम से ही जाना व पहचाना जाय। मीरा देवी पत्नी अयोध्या प्रसाद नि0–6, विजयीपुर, विशेषखण्ड–2 गोमती नगर, लखनऊ।

### सूचना

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट एवं सर्टिफिकेट में त्रुटिवश नाम Prassan Uttarani माता– Resham Uttarani पिता– Ajit Uttarani अंकित हो गया जो कि बदलकर सही व वास्तविक नाम Prassan Uttrani, Resham Uttrani एवं Ajeet Uttrani है।

# सत्ता के लालच में एक परिवार ने देश पर थोपा था आपातकाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रदेश** के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता की लालच में एक परिवार ने देश पर आपातकाल थोपा था। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर लोकतंत्र के काला अध्याय आपातकाल काला दिवस विषयक संगोष्ठी में आपातकाल के विरोध में आवाज उठाने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि सत्ता की लालच में एक परिवार ने देश पर आपातकाल थोपा था। बता दें कि आज ही के दिन 47 वर्ष पूर्व कांग्रेस द्वारा थोपा गया आपातकाल देश के प्रजातंत्र पर किया गया सबसे बड़ा और कायराना हमला था। आपातकाल के दौरान लोगों से अंग्रेजी शासन से भी बुरा व्यवहार किया गया। इस निर्णय का विरोध करने वालों को कड़ी यातनाएं दी गईं, अकारण ही लाखों लोगों को जेल में ठूंस दिया गया। अदालतों और प्रेस पर भी सेंसरशिप लगा दी गई। इसके बावजूद लाखों लोकतंत्र सेनानियों ने यातनाओं को सहते हुए इस अनैतिक निर्णय का न सिर्फ विरोध किया बल्कि तानाशाही सरकार को सबक भी सिखाया। उन्होंने आपातकाल के खिलाफ संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की पुर्नस्थापना में लोकतंत्र सेनानियों का बड़ा योगदान है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हमेशा से गांधी परिवार के हितों को पार्टी और देशहित से ऊपर रखा गया। देश में आपातकाल लागू करना भी इसी नीति का हिस्सा रहा। यह अलोकतांत्रिक निर्णय जो आपातकाल के रूप में जबरन देश पर थोपा गया भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज है, इस अनैतिक और दमनात्मक कृत्य के लिए देश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी।

# नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए यूपी में 24 नए एसटीपी बनकर तैयार

- मथुरा, वाराणसी, मिर्जापुर गाजीपुर, बरेली, फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ में नदियों में सीधे नहीं गिरेगा कचरा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में 24 नए एसटीपी बनकर तैयार हैं। गंगा की स्वच्छता को बड़ी उपलब्धि मिली है। मथुरा, वाराणसी, मिर्जापुर, गाजीपुर, बरेली, फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ जैसे शहरों में अब नदियों में सीधे कचरा नहीं गिरेगा। गंदगी से शहरों को भी बड़ी राहत मिलेगी। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत प्रदेश में 3855.67 करोड़ की 25 परियोजनाओं को पूरा किया जाने का काम तेज गति से चल रहा है। 20 परियोजनाओं का निर्माण कार्य अंतिम पायदान पर है। पूरी की गई परियोजनाओं में 24 नए एसटीपी बनकर तैयार हुए हैं। 443.91 एमएलडी के इन ट्रीटमेंट प्लांटों से सीवेज का शोधन हो रहा है। कान्हा की नगरी मथुरा में सीवरेज परियोजना से 20 नालों को टैप कर 30 एमएलडी क्षमता के सीवरेज प्लांट तैयार हैं। इनका ट्रायल रन चल रहा है। वाराणसी में गंगा नदी को गंदगी से बचाने की चौतरफा तैयारी है। जायका परियोजना की सीवरेज योजना का काम पूरा हो चुका है। बागपत, जौनपुर में नालों को टैप कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ा गया है। इनके ट्रायल रन भी शुरू हो चुके हैं। मिर्जापुर, गाजीपुर, बरेली, फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ में भी परियोजनाओं का लक्ष्य पूरा होने जा रहा है। जौनपुर में सीवरेज परियोजना से 14 नालों को टैप कर 30 एमएलडी के एसटीपी बनकर तैयार हैं। बागपत में 4 नाले टैप किये गये हैं। यहां 14 एमएलडी एसटीपी का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। 30 जून तक कानपुर नगर में 30 एमएलडी और उन्नाव में 15 एमएलडी की निर्माणाधीन सीवरेज परियोजना पूरी होने जा रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# घर में घुसकर रेलवे ठेकेदार की गोली मारकर हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- नकाबपोश बदमाशों ने वारदात से पहले पत्नी व बच्चों को एक कमरे में किया बंद
- घर में लगे सीसीटीवी का डीबीआर भी साथ ले गए, ठेकेदार के तीन प्राइवेट सुरक्षा कर्मी भी घटना के बाद से हैं फरार

**कैंट** इलाके में शनिवार की दोपहर तीन नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर पत्नी और बच्चों को कमरे में बंद कर दिया और फिर रेलवे ठेकेदार वीरेंद्र ठाकुर (42) की गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाश घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की हार्ड डिस्क लेकर फरार हो गए। पत्नी और बच्चों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने बताया कि बदमाश सीसीटीवी कैमरे की हार्डडिस्क लेकर गए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तलाश की जा रही है। बदमाश जल्द ही पकड़े जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि हत्या के इस मामले में तीन प्राइवेट सुरक्षा गार्ड भी संदेह के घेरे में है जो वारदात के बाद से फरार हैं।

मूल रूप से चंपारण बिहार के रहने वाले 42 वर्षीय रेलवे के ठेकेदार वीरेंद्र ठाकुर पत्नी खुशबू तारा, वीरेंद्र और तीन बेटों अंश ऋषि और अभिषेक के साथ कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राइमरी पाठशाला के पीछे नीलमथा में रहते थे। वीरेंद्र ठाकुर की



मृतक वीरेंद्र ठाकुर की फाइल फोटो

पहली पत्नी प्रियंका उन्हें छोड़कर कुछ वर्ष पूर्व जा चुकी थी। शनिवार की दोपहर करीब 12.30 बजे वीरेंद्र के घर में तीन नकाबपोश बदमाश दाखिल हुए और दो बेटों अंश और ऋषि को एक कमरे में बंद करने के बाद वीरेंद्र की पत्नी खुशबू को दूसरे



घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर व अन्य पुलिस अफसर

कमरे में बंद किया और एक कमरे में आराम कर रहे वीरेंद्र ठाकुर के कमरे में घुस कर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि वीरेंद्र का एक बेटा अभिषेक घटना के समय स्कूल गया हुआ था। दिनदहाड़े रेलवे के ठेकेदार वीरेंद्र ठाकुर के घर में घुसकर उनकी पत्नी और बच्चों को कमरों में बंद करने के बाद वीरेंद्र की गोली मारकर हत्या करने वाले बदमाश वीरेंद्र ठाकुर के घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की हार्ड डिस्क भी अपने साथ ले गए। शनिवार की दोपहर हुई इस सनसनीखेज घटना की सूचना पाकर पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर भी मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचे डीके ठाकुर ने बताया कि वीरेंद्र ठाकुर रेलवे के ठेकेदार थे और उन पर साल 2018 में भी चारबाग में हमला हुआ था। जिसके बाद उनका एक पैर खराब हो गया और अधिकतर घर में ही रहते थे। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने कहा कि वीरेंद्र ठाकुर ने अपनी सुरक्षा के लिए 3 प्राइवेट सुरक्षा गार्ड भी रखे हुए थे लेकिन जिस समय बदमाशों उनके घर मे घुसे उस समय वीरेंद्र ठाकुर के तीनों प्राइवेट सुरक्षा गार्ड मौके से फरार हो गए उनका कहना है कि तीनों प्राइवेट सुरक्षा गार्ड भी संदेह के घेरे में है। उन्होंने बताया कि बदमाश सीसीटीवी कैमरों की हार्ड डिस्क साथ ले गए हैं लेकिन आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरे की जांच की जा रही है। सीपी का कहना है कि घटना के पीछे पारिवारिक और ठेकेदारी का विवाद भी हो सकता है। जिसकी जांच की जा रही है।

# अहाना इंक्लेव के आवंटियों की हुई लॉटरी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**औरंगाबाद** खालसा में नगर निगम की अहाना इंक्लेव की लॉटरी करायी गयी। लॉटरी आवंटन समिति द्वारा करायी गयी। अपर नगर आयुक्त की उपस्थित में 78 आवेदकों ने लॉटरी में हिस्सा लिया।

नगर निगम द्वारा औरंगाबाद खालसा निकट शहीद पथ पर महत्वकांक्षी आवासीय परियोजना अहाना एन्क्लेव के फ्लैटों की लॉटरी की गयी। अपर नगर आयुक्त की उपस्थिति में परियोजना के आवंटन के लिए गठित आवंटन समिति के समक्ष पंजीकरण शुल्क जमा करने वाले 78 आवेदकों के बीच लाटरी हुई। यूनिट्स के वितरण के लिए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लॉटरी नगर निगम लखनऊ मुख्यालय स्थित नवीन समिति सभागार में किया गया। परियोजना में थ्री बीएचके.सर्वेन्ट (जी3) के 7, थ्री बीएचके.सर्वेन्ट (जी8) के 6, टू बीएचके.टाईप.1 के 14, टू बीएचके.टाईप.2 के 9, वन बीएचके के 18 एवं दुकानों के लिए 24 पंजीकरण प्राप्त हुए थे जिनकी लॉटरी से आवंटन किया गया। गौरतलब हैकि इस योजना में 684 आवासीय फ्लैट व 24 दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। 50791 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनने वाली आवासीय योजना में 18 टावर बनाए जाने हैं। इसमें 882 वाहनों की कार पार्किंग की व्यवस्था बेसमेंट में की गयी है। फ्लैटों एव दुकानों की बुकिंग मार्चए 2022 से प्रारंभ की गयी थी। इसके लगभग 1500 आवेदन फॉर्म विक्रय किए जा चुके हैं।

# नगर आयुक्त से मिलकर की पीपे वाले पुल की मरम्मत की मांग



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गऊघाट** के पीपे वाले पुल की मरम्मत की मांग भारतीय उद्योग किसान व्यापार (पंजी) के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा नगर निगम के अपर नगर आयुक्त से की गयी। प्रतिनिधि मंडल द्वारा अपर नगर आयुक्त से जल्दी मरम्मत न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।

शनिवार को भारतीय उद्योग किसान व्यापार (पंजी) के प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी मुन्ना द्वारा पुराने लखनऊ गऊ स्थिति पीपे वाले पुल की मरम्मत कराये जाने की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल अपर नगर आयुक्त अभय पान्डेय से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने अपर नगर आयुक्त को बताया की पुराने लखनऊ गऊ धाट स्थिति पीपे वाला पुल जहां पर प्रत्येक दिन हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है। काफी समय से अधिक क्षतिग्रस्त है, पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण आये दिन कोई न कोई धटना घटित होती रहती है। अक्सर पटरा टूटा होने के कारण लोगों की गाड़ी उसमें फंस जाती है कई बार लोग नदी में गिर चुके हैं। पुल की मरम्मत कराये जाने के लिए इससे पहले भी क्षेत्रीय अधिकारियों से कई बार बात हुई लेकिन अभी तक मरम्मत का कार्य प्रारंभ नही हो पाया। मुलाकात के दौरान अजय त्रिपाठी मुन्ना, हाफिज जलील अहमद सिद्दीकी, रितेश गुप्ता के नेतृत्व में अपर नगर आयुक्त से मिलने गये प्रतिनिधि मंडल ने जल्द ही टूटे पीपे वाले पुल का मरम्मत न हुआ तो पुल पर ही बैठ कर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। अपर नगर आयुक्त अभय पांडेय से भेंट मुलाकात के दौरान रितेश गुप्ता, मोहम्मद मुस्ताक अहमद, समाजिक कार्यकर्ता विवेक पांडेय, रामशरण पाठक, होरी लाल लोधी, मनोज मिश्रा, ब्रजेश शुक्ला सहित कई क्षेत्रिय नागरिक उपस्थित थे।

# महानगर सहित तीन स्थानों पर अवैध निर्माण सील किए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलडीए** द्वारा गुड़बा, महानगर, गोमती नगर में अवैध निर्माण पर कड़ी कार्रवाई की गयी। महानगर के पार्क में अवैध निर्माण पर विहित प्राधिकारी के आदेश पर कार्रवाई की गयी। विहित प्राधिकारी के समक्ष कोई साक्ष्य न दे पाने पर आदेश दिया गया। गुडंबा, महानगर और गोमतीनगर में सीलिंग कार्रवाई की गयी।

शनिवार को महानगर विस्तार और गुडंबा क्षेत्र में भी अवैध निर्माण सील किए गए। जोनल अधिकारी विहित प्राधिकारी रामशंकर ने बताया कि अर्चना गोयल पत्नी नितिन गोयल, प्रतिभा अग्रवाल व अन्य द्वारा प्लाट संख्या, सी-3, एच पार्क, महानगर विस्तार में अवैध निर्माण कराया जा रहा था। जिसके विरुद्ध विहित न्यायालय में वाद संख्या. 300/2022 योजित किया गया था। इसके अलावा अनवर व अन्य द्वारा अतरौली, सृष्टि अपार्टमेंट के सामने, कुर्सी रोड थाना गुडंबा पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। इसके विरुद्ध विहित न्यायालय में वाद संख्या- 210/2022 योजित किया गया था। दोनों ही प्रकरणों में वाद पक्ष द्वारा निर्माण के सम्बंध में कोई स्वीकृत मानचित्र न दिये जाने पर अवैध रूप से किये गये निर्माण को सील किये जाने के आदेश दिये गये। इस आदेश पर सहायक अभियंता राहुल वर्मा, अवर अभियंता विनोद कुमार सिंह द्वारा स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से दोनों स्थलों को सील कर दिया गया। वहीं, गोमतीनगर के विशाल खंड में एलडीए ने अवैध निर्माण पर बिल्डिंग को सील किया। विहित प्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि उमेश शुक्ला व अन्य द्वारा भूखण्ड संख्या-2/54 विशाल खण्ड गोमती नगर में लगभग 540 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में सेटबैक प्रभावित करते हुए बेसमेंट, भूतल, प्रथम तल तक निर्माण कार्य किया गया है। वर्तमान समय में यहां द्वितीय तल के निर्माण के लिए कॉलम का निर्माण किया जा रहा था।

# 66 करोड़ रुपए से शहर में विकास कार्य कराएगा एलडीए

**लखनऊ।** शहर में एलडीए द्वारा 216 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य किए जाएंगे। अवस्थापना निधि की बैठक में विकास कार्य का एजेंडा रखा जाएगा। इसमें नगरीय अवस्थापना निधि में 66 करोड़ के कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे। शनिवार को राजधानी के विकास कार्य में एलडीए 266 करोड़ के कार्य कराएगा। अधिकारियों ने क्षेत्र में विकास कार्य के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। जिनमें से नगरीय अवस्थापना निधि में उपलब्ध लगभग 66 करोड़ के कार्य प्राथमिकता के आधार पर चयनित कर कराए जाएंगे। गोमती नदी के बाये तटबंध पर पिपराघाट से शहीद पथ तक निर्माणाधीन सड़क से कानपुर रोड जाने के लिए स्लिप रोड का निर्माण कार्य . लागत 870 लाख रुपए हैं, ऐसे लगभग 25 कार्य शहर में कराए जाने हैं। एलडीए सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा लखनऊ में अवस्थापना निधि के तहत प्रस्तावित विकास कार्यों के सम्बन्ध में 30 जून को आयुक्त लखनऊ मण्डल की अध्यक्षता में बैठक की जाएगी। बैठक में इन विकास कार्यों के एजेंडे पर विचार.विमर्श करके कार्य चयनित किए जाएंगे।

# एलडीए ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर दो लाख वर्ग फिट जमीन से हटाया कब्जा

- अहिमामऊ-सुल्तानपुर रोड चौराहे के पास तकरीबन डेढ़ अरब रुपए की जमीन खाली कराई गई



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अहिमामऊ** में एलडीए द्वारा अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की गयी। एलडीए की जमीन से प्रवर्तन टीम ने 2 लाख वर्ग फिट की जमीन खाली करायी। कई वर्षों से कुछ लोगों द्वारा निर्माण कर कब्जा कर रखा था, जिसे हटाया गया। एलडीए वीसी ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसके बाद विहित प्राधिकारी, तहसीलदार मौके पर पहुंचकर जमीन के अवैध कब्जों पर बुल्डोजर चलाया गया। शनिवार को एलडीए ने अहिमामऊ में बड़ी कार्यवाही की गई। प्रवर्तन अधिकारियों ने अहिमामऊ-सुल्तानपुर रोड चैराहे के पास लगभग 2 लाख वर्गफुट जमीन से अवैध कब्जा हटाया। प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि ग्राम.अहिमामऊ की खसरा संख्या-990, 991, 992, 1117, 1118, 1119पी, 1120पी, 1128पी, 1130, 1131, 1132, 1133, 1134, 1135, 1137 प्राधिकरण की अर्जित और नियोजित भूमि है। सचिव के अनुसार जमीन पर कई वर्षों से कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करके स्थाई व अस्थाई निर्माण करा लिये गये। एलडीए उपाध्यक्ष द्वारा इस पूरी जमीन को खाली कराने के लिए कार्यवाही के आदेश दिये गये थे। इस आदेश पर विशेष कार्याधिकारी अमित राठौर एवं अरूण कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता नवनीत कुमार शर्मा और तहसीलदार.अर्जन शशिभूषण पाठक की मौजूदगी पर कार्रवाई की। प्रवर्तन टीम ने प्राधिकरण पुलिस बल और थाना.सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस बल ने जमीन पर से अवैध निर्माणों को ढहा दिया गया। तहसीलदार अर्जन शशिभूषण पाठक ने बताया कि अहिमामऊ-सुल्तानपुर रोड चैराहे के पास स्थित इस जमीन पर लोगों द्वारा जगह-जगह टीन शेड डालकर घेरा बंदी की गई थी। इसके अलावा कुछ जगहों पर भवन निर्माण सामाग्री की डम्पिंग करते हुए झुग्गी-झोपड़ी व होटल-ढाबे बना लिए। यही नहीं कार्रवाई के दौरान कुछ हिस्से पर स्थाई निर्माण भी किये गये। उन्होंने बताया कि करीब 8 घंटे चली कार्यवाही के दौरान लगभग 2 लाख वर्गफुट जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया। संपत्ति अधिकारी की मानें तो खाली कराई गई इस जमीन की मार्केट कीमत लगभग डेढ अरब रुपए है।

# मां के साथ ननिहाल से लौट रहे बाइक सवार किशोर की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- पीछे बैठी मां की हालत गंभीर

**मां** के साथ ननिहाल से लौट रहे बाइक सवार 14 साल के किशोर को शनिवार सुबह करीब 7 बजे सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र के शहीद पथ पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक चला रहा किशोर वाहन के नीचे आ गया जिसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं पीछे बैठी उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। वहीं मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रामकिशोर यादव, पत्नी छाया यादव और बेटे रोहित यादव (14 वर्ष) के साथ ग्राम हैवतमऊ मवैया कोतवाली पीजीआई लखनऊ में रहते हैं। रामकिशोर यादव ने बताया कि मटियारी गोमती नगर में उनकी ससुराल है वहां वैवाहिक समारोह था। रोहित यादव अपनी मां छाया यादव को लेकर मटियारी गया हुआ था। शनिवार सुबह करीब 7 बजे घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें रोहित की मौत हो गई। और छाया यादव की हालत गंभीर बनी हुई है।

# उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 167 रेल कर्मी सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- आरडीएसओ के न्यू ऑडिटोरियम में हुआ रेल सप्ताह का भव्य आयोजन
- 22 कर्मियों को प्रदान की गई दक्षता शील्ड

**भारतीय** उपमहाद्वीप की पहली रेलगाड़ी 16 अप्रैल 1853 को बोरीबंदर से ठाणे के बीच संचालित की गयी थी। इसकी स्मृति स्वरूप प्रति वर्ष पूरे भारतीय रेल पर 10 से 16 अप्रैल तक की अवधि को 'रेल सप्ताह' के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान मंडलीय, क्षेत्रीय एवं भारतीय रेल स्तर पर अपनी उत्कृष्ट रेल सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारियों एवं विभागों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाता है।

इसी गौरवमयी परंपरा के अनुपालन में उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल द्वारा शनिवार को आरडीएसओ के न्यू ऑडोटोरियम में 67वें रेल सप्ताह समारोह का भव्य आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबन्धक सुरेश कुमार सपरा एवं अध्यक्षा उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन, लखनऊ नीतू सपरा की उपस्थित में आयोजित इस कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया एवं वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी बबल यादव ने मण्डल रेल प्रबन्धक एवं अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए अपना स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया व पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी।

मंडल रेल प्रबन्धक सुरेश कुमार सपरा द्वारा उत्कृष्ट कार्य निष्पादन एवं उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सीनियर टेक्नीशियन विद्युत सुनील कुमार और हेल्पर विद्युत विनोद कुमार पटेल सहित अलग-अलग विभागों के कुल 167 कर्मचारियों को व्यक्तिगत पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया जबकि मंडल के विभिन्न विभागों एवं इकाइयों को दक्षतापूर्ण कार्य निष्पादन के लिए कुल 22 दक्षताशील्ड भी प्रदान की गयीं।

इसके अतिरिक्त इस अवसर पर लखनऊ मंडल के उन अधिकारियों-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया जिन्हें इस वर्ष क्षेत्रीय रेल सप्ताह समारोह में महाप्रबन्धक द्वारा अभी कुछ दिन पूर्व मुख्यालय में पुरस्कृत किया गया था। कोविड 19 के दौरान अपनी उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान करने वाले चिकित्सा विभाग के 16 कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

सपरा ने समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए सभी पुरस्कार विजेताओं एवं विभागों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनसे भविष्य में भी इसी प्रकार की अनुकरणीय कार्यपद्धति का पालन करते हुए कार्य करने की अपेक्षा की साथ ही यह ही बताया कि लखनऊ मण्डल अपनी अनुशाषित एवं निष्ठावान कार्यशैली का पालन करते हुए निरंतरता से प्रगति पथ पर अग्रसर है तथा मण्डल की अनेक उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। जिससे यह स्पष्ट है कि लखनऊ मण्डल न सिर्फ राष्ट्रीय अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रहा है बल्कि राष्ट्रीय विकास में सभी विकसित रेल मण्डलों से कदमताल करते हुए अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रेलों के सफल एवं संरक्षित संचालन के लिए उनकी प्रशंसा की साथ ही प्रशासन में सहयोग के लिए दोनों यूनियनों एवं एसोसिएशनों की भी सराहना की। कार्यक्रम के अन्त में सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) लवली ज्ञान द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## मरीनो वाटर पार्क में बिजली चोरी का मामला

# एसडीओ निलंबित, अधिशाषी अभियंता का तबादला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मरीनो** वाटर पार्क में बिजली चोरी मामले में एमडी मध्यांचल ने कार्रवाई करते हुए एसडीओ को निलम्बित कर दिया और अधिशाषी अभियंता का तबादला कर दिया। प्रबंध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड भवानी सिंह खंगारौत द्वारा 23 जून को मरीनो वाटर पार्क कठवारा निकट बख्शी का तालाब में पकड़ी गई विद्युत चोरी के प्रकरण में जांच करवाई गई।

प्रारंभिक जांच में प्रथम दृष्टया उपखंड अधिकारी कठवारा बीकेटी की घोर लापरवाही परिलक्षित होने के दृष्टिगत दोषी पाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन की अवधि में उपखंड अधिकारी कठवारा को मुख्य अभियंता वितरण अयोध्या से संबद्ध किया गया है। जांच में अधिशासी अभियंता बीकेटी की भी लापरवाही सामने आने पर तत्काल प्रभाव से अधिशासी अभियंता को स्थानांतरित करते हुए प्रबंध निदेशक कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया प्रकरण की गहन जांच एमडी मध्यांचल कार्यालय में स्थापित स्थाई जांच कमेटी द्वारा कराई जा रही है।

## प्रमुख सचिव नगर विकास ने की नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा

# बरसात से पहले सभी नालों की सफाई कर ड्रोन से सर्वे रिपोर्ट शासन को भेंजेः अमृत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- सड़कों, चौराहों, पार्कों व सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए
- शहरों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से रोक लगायी जाए

**प्रमुख** सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने नगर विकास विभाग की समीक्षा करते हुए सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया है कि मानसून आने से पहले ही शहरों की साफ-सफाई सुनिश्चित करा ली जाए। साथ ही बरसात में कहीं पर भी जलभराव की समस्या ना हो, इसके लिए साफ-सफाई की वास्तविकता जानने के लिए ड्रोन कैमरे से इसकी निगरानी कराते हुए सर्वे रिपोर्ट शासन को शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। साथ ही नालों व नालियों की पैमाइश के लिये निरीक्षण का डॉक्यूमेंटेशन भी कराया जाए।

उन्होंने कहा कि कहीं पर भी जलभराव की संभावना हो तो इसके निकास के लिए पंम्पो की व्यवस्था अभी से ही कर ली जाए जिससे कि लोगों को जलभराव की समस्या और इससे उत्पन्न परेशानियों व रोगों से न जूझना पड़े। उन्होंने सभी नगर आयुक्त एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन स्तर से शहरों की साफ-सफाई, सुंदरीकरण एवं वायु प्रदूषण में सुधार, नगरीय जीवन को सुगम, सरल, सहज एवं व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन सभी कार्यों को जमीन पर उतार कर सरकार की मंशानुरूप लोगों को सुविधाएं प्रदान करें। उन्होंने शहरों में सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं इनकी साफ-सफाई व रख-रखाव पर



भी ध्यान देने, लिगेसी बेस्ट के समुचित निस्तारण, डोर.-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने को कहा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों को जोन व सेक्टर में बांटकर कार्यों में गति लाई जाए। स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल के सहयोग से शहरी जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिए सड़कों, चौराहों, पार्कों व सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। साथ ही अवैध टेंपो, बस, ई-रिक्शा स्टैंड को शहर से हटाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जुलाई के प्रथम सप्ताह तक में कुछ अमृत सरोवरो का लोकार्पण किया जाना है। इसके लिए कार्यों को समय से पूरा किया जाए। साथ ही कान्हा गौशालाओं एवं अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण में भी तेजी लाई जाए। उन्होंने शहरों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से रोक लगाने तथा नगरपालिका परिषदों व नगर पंचायतों के परिसीमन संबंधी अधूरे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव नगर विकास ने कहा कि निकायों को स्वावलंबी बनाने के लिए इनकी आय बढ़ाने के स्रोतों पर कार्य किया जाए।

नगरीय निकायों की दो से तीन गुनी आमदनी होनी चाहिए। इसके लिए टैक्स स्ट्रक्चर को बढ़ाया जाए। संपत्तियों के जीआईएस आधारित सर्वे कार्य में तेजी लाई जाए। इसकी मॉनिटरिंग के लिए जीआईएस सेल का गठन भी किया जाए। उन्होंने प्रॉपर्टी सर्वे में लगी कार्यदाई संस्थाओं को रिवेन्यू इंस्पेक्टर के साथ मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए। नगरीय सेवाओं को आसान एवं पारदर्शी बनाने के लिए पूर्णरूप से ऑनलाइन व्यवस्था संचालित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में विशेष सचिव इन्द्रमणि त्रिपाठी, निदेशक नगरीय निकाय नेहा शर्मा के साथ स्टेकहोल्डर्स एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# महापौर ने ड्रोन कैमरे से देखी नाला सफाई की प्रगति



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महापौर** संयुक्ता भाटिया ने प्रदेश में मानसून का आगमन होने को दृष्टिगत रखते हुए वर्षा ऋतु में जलजमाव की स्थिति से बचने के लिए ड्रोन कैमरे से जनेश्वर मिश्र पार्क गोमती नगर के पास के सभी नालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बड़े नाले, मझोले नाले एवं छोटे नाले और नालियों की समुचित साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नालो की सफाई कार्य का पर्यवेक्षण किया। पर्यवेक्षण करने के लिए ड्रोन कैमरे का प्रयोग किया। इसके साथ जनेश्वर मिश्र पार्क के पास स्थित नाले की सफाई की प्रगति देखी एवं निरीक्षण किया। महापौर ने ड्रोन कैमरे के माध्यम से नाले का वृहद निरीक्षण किया। समस्त नालों की सफाई का अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर महापौर संग अपर नगर आयुक्त अभय पाण्डेय,मुख्य अभियंता (विद्युत एवं यांत्रिक) राम नगीना त्रिपाठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाएं हो रही हैं आत्मनिर्भर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सामाजिक, आर्थिक एवं अवसर की समानता का सुअवसर प्रदान करते हुए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर की दिशा में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उसी कड़ी मे चलाई जा रही एनआरएलएम भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के एक करोड़ चार लाख ग्रामीण गरीब परिवारों को दस लाख स्वयं सहायता समूह, एक लाख ग्राम संगठन एवं तीन हजार संकुल स्तरीय सगठनों में संगठित करना है।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में मिशन के अंतर्गत लगभग 64 लाख से अधिक ग्रामीण क्षेत्र के परिवार की महिलाओ को कुल 6.05 लाख स्वयं सहायता समूहों, 28,840 ग्राम संगठनो एवं 1648 संकुल स्तरीय संघो से अच्छादित किया गया है। मिशन के अंतर्गत अभी तक कुल 4,29,187 स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड 644 करोड़ रुपये, 296,128 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि 3257 करोड़ रूपए के माध्यम से आच्छादित किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम्य स्तर पर महिला स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय समावेशन के माध्यम से बिबिधीकृत आजीविका सम्बंधित गतिबिधियो को प्रोत्साहित करने हेतु बिभिन्न बैंको से समन्वय स्थापित करते हुए समूह स्तर पर कम व्याज परए त्वरितए आवश्यकतानुसार मांग के अनुरूप समयबद्ध ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है।

# जहां देवी की पूजा होती वहां सारे काम बनते हैं: बेबी रानी

## ● भाजपा महिला मोर्चा के तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** अध्यक्ष महिला मोर्चा व राज्यसभा सांसद गीता शाक्य की अध्यक्षता में शनिवार से हरदोई रोड स्थित राज स्टेट गेस्ट हाउस में तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ।

बेबी रानी मौर्य ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जहां देवी की पूजा होती है वहां सारे काम बनते हैं। यह कार्यक्रम भले ही प्रशिक्षण का है पर प्रधानमंत्री को पुनः सरकार में लाना ही हमारा लक्ष्य व राष्ट्रहित में हमारा महत्वपूर्ण योगदान होगा। महिलाओं को स्वावलंबी बनाना ही बीजेपी का मुख्य उद्देश्य है। द्वितीय सत्र में भाजपा का इतिहास व विकास विषय पर प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने विस्तृत चर्चा की, इस सत्र की अध्यक्षता प्रदेश कोषाध्यक्ष रानिका जायसवाल ने की। विजय बहादुर पाठक ने कहा जब राष्ट्रवादी विचारधारा से व्यक्ति देश हित में मतदान करता है तो वह स्वतः ही देश के विकास को चुनता है यही विकासवादी सोच ही वास्तविक राष्ट्र निर्माण में सहायक है। उन्होंने जनसंघ से लेकर आज तक के भारतीय जनता पार्टी के विकास विषय पर विस्तृत वर्णन किया। तृतीय सत्र में चहुमुखी व्यक्तित्व का विकास विषय पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा व प्रदेश प्रभारी उप्र रेखा गुप्ता ने कहा की किस प्रकार व्यक्तित्व का विकास कर समाज को बेहतर महिला नेतृत्व प्रदान किया जा सकता है ताकि समाज का सर्वांगीण विकास हो सके, इस सत्र की अध्यक्षता प्रिया अग्रवाल उपाध्यक्ष महिला मोर्चा द्वारा की गई।

# आज फिर देश पर मंडरा रही है अघोषित आपातकाल की छाया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश में आपातकाल लगे 47 वर्ष बीत चुके है पर आज भी 25 जून 1975 की याद सिहरन पैदा कर देती है। रातों रात विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियों के साथ प्रेस पर सेंसरशिप बिठा दी गई थी। स्वतंत्र भारत में आपातकाल लागू होते ही लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनकर नागरिकों की आजादी को कुचल दिया गया था।

अखिलेश ने कहा कि आज फिर देश पर अघोषित आपातकाल की छाया मंडरा रही है। अमृतकाल में भी लोकतंत्र की हत्या जारी है। आर्थिक विषमता, सामाजिक अन्याय का बढ़ना जारी है। अमीर ज्यादा अमीर, गरीब और ज्यादा गरीब होता जा रहा है। असहिष्णुता और नफ़रत ने सामाजिक सद्भाव को छिन्न भिन्न कर दिया है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। किसानों-नौजवानों की आवाज को कुचला जा रहा है। बेरोजगारी में वृद्धि जारी है। महिलाएं, बच्चियां सर्वाधिक अपमान की यंत्रणाएं भोग रही हैं। अखिलेश ने कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई लड़ते समय स्वातंर्त्य वीरों ने जो सपने देखे थे, उनका क्या हुआ, वर्तमान सत्ताधारियों ने भी सत्ता के दुरूपयोग के सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। आजादी के बाद संविधान की अनदेखी कर लगाए गए आपातकाल के विरोध में लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के बलिदान को भी भुलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश विभ्रम के दोराहे पर खड़ा है। एक और लोकतांत्रिक, पंथ निरपेक्ष तथा समाजवादी मूल्यों से प्रतिबद्धता है तो दूसरी ओर एकाधिकारीए फासिस्ट मनोवृत्ति के तानाशाह है।

# गन्ना किसानों के खाते में पहुंचेंगे 500 करोड़ रुपए

## ● अब तक 1,75835.28 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों को किया जा चुका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की सहकारी चीनी मिलों के गन्ना किसानों के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गन्ना कृषकों को तत्काल गन्ना मूल्य भुगतान कराये जाने के निर्देश दिये हैं। इसी क्रम में शासन द्वारा किसानों के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान के लिए 500 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है। ऋण के रूप में मिली यह धनराशि सीधे किसानों के खाते में जाएगी। गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि पेराई सत्र 2021-22 के बकाया गन्ना मूल्य के भुगतान हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट अर्न्तगत प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष यह ऋण स्वीकृत किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान सरकार में किसानों का हित सर्वोपरि है।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि किसानों को त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान कराने हेतु सरकार संकल्पबद्ध है और सहकारी चीनी मिलों की भुगतान क्षमता को ध्यान में रखते हुए गन्ना मूल्य के त्वरित भुगतान के लिए सहकारी मिलों को 500 करोड़ की वित्तीय सहायता ऋण के रूप में प्रदान की गई है। यह धनराशि सहकारी मिलों को आवंटित कर सीधे गन्ना किसानों के खातों में भेजी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के स्तर से चीनी मिलों द्वारा किसानों को किये जा रहे गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति की सतत् समीक्षा की जा रही है।

# मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के विकासनगर इलाके में शातिर चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर नकदी, सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विकासनगर निवासी दुर्गेश पांडेय ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ दिल्ली गये थे। वहां से लौटे तो देखा कि मकान के मैन गेट का ताला टूटा हुआ है और जब वह अन्दर दाखिल हुए तो सारे कमरों के ताले टूटे हुए थे और उसमें मौजूद सोने चांदी के जेवरात बीस हजार की नकदी चोरी हो गयी है। उन्होंने ततकाल घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार जांच शुरू कर दी।

# गणित प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र समर्थ तयाल चैम्पियन

**पायनिय समाचार सेवा।** लखनऊ



**सीएमएस** राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-7 के छात्र समर्थ तयाल ने जोनल स्तरीय एबेकस कम्पटीशन में चैम्पियन का खिताब अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता ब्रेनोब्रेनफेस्ट-2022 के अन्तर्गत शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सीएमएस संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी ने विद्यालय के इस मेधावी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के इस मेधावी छात्र ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। शर्मा ने बताया कि सीएमएस छात्र न सिर्फशैक्षिक क्षेत्र में अपितु समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सीएमएस अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें सामाजिक गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों के लिए विशेष रूप से प्रेरित करता है। यही कारण है कि सीएमएस छात्र सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा की छाप छोड़कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

# निजी कंपनी के कर्मचारी से चेन लूट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मां** से मिलकर घर लौट रहे एक निजी कंपनी के कर्मचारी की चेन वृंदावन योजना रायबरेली रोड सेक्टर 7 में अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने लूट ली। घटना से हतप्रभ युवक ने स्कूटी से बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन वह शहीद पथ के रास्ते भाग निकले पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पुलिस ने बताया कि सीसी टीवी कैमरे में संदिग्ध लोग कैद हुए हैं। अजय कुमार कनौजिया सेक्टर 12 बी 632 वृंदावन योजना रायबरेली रोड पीजीआई लखनऊ में रहते हैं। वह एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं उन्होंने बताया कि वह रात करीब पौने 9 बजे अमीनाबाद में रह रहे परिवार और अपनी मां से मिलकर अपने घर जा रहे थे कि रास्ते में सेक्टर 7 चिरैया बाग के आगे बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने चेन लूट ली और भाग निकले। उनका पीछा किया लेकिन वह भागने में सफल रहे।

# मोहनलालगंज में बिजली कनेक्शन को भटक रहे लोग

## ● मीटर की किल्लत से आवेदकों को दस दिन से नहीं मिल पा रहे बिजली कनेक्शन

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**मीटर** की किल्लत से मोहनलालगंज में दर्जनों आवेदक बिजली कनेक्शन के लिए भटकते फिर रहे हैं। झटपट पोर्टल पर कनेक्शन की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। लेकिन मीटर के अभाव में पिछले दस दिनों से आवेदकों की बिजली सप्लाई नहीं दी जा रही है। लिहाजा सबस्टेशन और डिवीजन आफिस के चक्कर काट कर थक चुके लोग सोशल मीडिया के जरिए ऊर्जा मंत्री से समस्या दूर कराने की मांग कर रहे हैं। लेसा सिस गोमती प्रशासन के सेस तृतीय खण्ड में सात सबस्टेशन मौजूद हैं। भीषण गर्मी और लगातार मार्निंग मास रेड की वजह से प्रतिदिन तकरीबन दो दर्जन लोग बिजली कनेक्शन के लिए झटपट पोर्टल पर आवेदन कर रहे हैं। जेई की जांच से लेकर कनेक्शन फीस जमा करने की सारी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। लेकिन डिवीजन में मीटर की किल्लत से आवेदकों के घर बिजली सप्लाई नहीं शुरु की जा रही है। लिहाजा कनेक्शन की सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी लोग कनेक्शन के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं।

**मोहनलालगंज और अमेठी में सर्वाधिक आवेदन लटके**

सेस तृतीय खण्ड के मोहनलालगंज और अमेठी सबस्टेशन में नए कनेक्शन के लिए सर्वाधिक आवेदन पेण्डिंग हैं। मीटर के अभाव में अकेले मोहनलालगंज ओल्ड सबस्टेशन पर 50 न्यू और निगोहां सबस्टेशन में 50 आवेदन पेण्डिंग हैं। इसी तरह समेसी में 22 आवेदन पेण्डिंग हैं। जबकि पूरनपुर और अमेठी सबस्टेशन में 48 आवेदन पेण्डिंग हैं। कमोवेश यही हाल गोशाईगंज सबस्टेशन का भी है।

# 27 को डिप्टी सीएम व केन्द्रीय राज्यमंत्री निगोहां में महिला डिग्री कालेज का करेंगे उद्घाटन

**निगोहां।** कस्बे में नवनिर्मित पंडित शिवराम शुक्ला गंगादेवी महिला डिग्री कालेज का उद्घाटन सोमवार की सुबह उप्र सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर करेगें। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओ समेत क्षेत्र के सभ्रान्त लोग मौजूद रहेगे। कालेज के प्रबंधक व समाजसेवी संजीव शुक्ला ने बताया बेटी पढाओ, बेटी बढाओ अभियान पर अमल करते हुये उन्होने क्षेत्र की बेटियों को स्नातक की शिक्षा क्षेत्र में ही रहकर प्राप्त करने के लिये पंडित शिवराम शुक्ला गंगादेवी महिला डिग्री कालेज का निर्माण कराया है जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि उप्र सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत की मौजूदगी में सोमवार की सुबह 11 बजे करेंगे। वहीं कालेज के उद्घाटन के पहले उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक अपने छात्र जीवन के मित्र व निगोहां व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र दीक्षित से मिलने उनके आवास पर जायेगे। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व विधायक अमरेश कुमार रावत भी मौजूद रहेगे।

# एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायतें

## ● निगोहां थाने में आयोजित समाधान दिवस में एसपी देहात से गुहार के बाद कैंसर पीड़िता का मकान कब्जाने के आरोपी देवर पर दर्ज हुआ मुकदमा

**संवाददाता।** निगोहां



**शनिवार** को निगोहा थाने पर आयोजित समाधान दिवस में लखनऊ ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हृदेश कुमार ने प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी समेत राजस्वकर्मियों की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक हृदेश कुमार से विधवा महिला गिल्ला निवासी कांटा करौदी ने लिखित शिकायत करते हुये बताया पति व बेटे की मौत हो चुकी है वो कैंसर बीमारी से ग्रसित है ओर इलाज के लिये अपने मायके में रही है 6 जून को वो अपनी ससुराल कांटा करौदी पहुंची तो देखा उसके देवर विजयी ने ताला तोड़कर उसमें रखे जेवरएबर्तन समेत जरुरी सामान गायब कर मकान में जबरन भूसा लगाकर कब्जा कर लिया, उसने देवर से विरोध जताया तो जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया जिसके बाद उसने निगोहां थाने समेत तहसील दिवस में शिकायत कर आरोपी पर कार्यवाही के साथ ही मकान वापस दिलाये जाने की मांग की। लेकिन पुलिस व तहसील प्रशासन ने कोई कार्यवाही नही की। एसपी हृदेश कुमार ने पूरे मामले को गम्भीरता से लेते हुये त्वरित निस्तारण के लिये दूसरे पक्ष को मौके पर बुलाया तो उसने कब्जा किये जाने की बात कबूली। जिसके बाद एसपी ने निगोहा पुलिस को आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिये तब जाकर पुलिस ने आरोपी देवर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया। वही उतरावां मजरा मठ निवासी बद्री सिहं ने शिकायती पत्र देते हुये बताया उसकी जमीन जबरन पड़ोसी कब्जा कर रहे है विरोध पर फर्जी मुकदमें में फंसाने व मारपीट की कोशिश करते है, जब कि पूर्व में थाने पर फैसले के बाद उसने अपनी जमीन पर निर्माण शुरू किया तो दूसरे पक्ष ने पुलिस बुलाकर उसे बंद करा दिया। एसपी ने मामले में प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी को राजस्व टीम के साथ मौके पर जाकर जांच के बाद कार्यवाही के निर्देश दिये।

**आरोपी देवर ने कार्यवाही से बचने के लिये न्यायालय में वाद किया दायर**

कैंसर जैसी घातक बीमारी की चपेट में आकर दिन प्रतिदिन जीवन-मौत से संघर्ष कर रही विधवा गिल्ला की कहानी भी दुखो से भरी है, पति व बेटे की मौत हो चुकी है, कैंसर के इलाज के लिये लाखो रूपये की जरूरत है, ससुराल में स्थित पति का मकान व कृषि योग्य जमीन देवर विजयी ने जबरन कब्जा कर ली है पुलिस व तहसील अफसरों से मकान व जमीन छुड़ाने की गुहार भी बेकार गयी। मदद की आस वो जिस भी चौखट पर पहुंची तो न्यायालय में मामला विचाराधीन होने की बात कहकर उसे बैरंग लौटा दिया गया। कैंसर पीड़िता की दुख भरी दास्तान जिसने भी सुनी आंखे नम हो गयी लेकिन पुलिस व तहसील अफसरों का दिल तब भी नही पसीजा, जिसके बाद पीड़िता थाने से मायूस होकर वापस लौट गयी।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार चोरी की दो बाइक बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** की गाजीपुर पुलिस ने दो शातिर चोरों को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। वहीं ठाकुरगंज पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का एक ई-रिक्शा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर गाजीपुर रामेश्वर ने बताया कि बीती रात पुलिस टीम गस्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक दो शातिर चोर चोरी की दो मोटरसाइकिलों के साथ इलाके में मौजूद हैं। पुलिस ने मुखबिर की बात पर भरोसा किया और तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों शातिरों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम मीना मार्केट निवासी सूजर कश्यप उर्फ राहुल व उपरोक्त निवासी अभिषेक उर्फ सक्षम बताया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। उधर ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस ने गस्त के दौरान दो शातिर चोरों सआदतगंज निवासी तौफीक व उपरोक्त निवासी मनीष यादव उर्फ लालता बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की एक ई-रिक्शा बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कई अन्य शातिरों के नाम बताए हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

# पेज एक का शेष

## डिप्टी स्पीकर...

दिया है। इस गुट ने स्पष्ट कहा कि हां, हमें डिप्टी स्पीकर के कार्यालय से नोटिस मिला है। चिंता करने की कोई बात नहीं है। हम अयोग्य नहीं होंगे। हम नोटिस का जवाब देंगे। अगर जरूरत पड़ी तो हम डिप्टी स्पीकर द्वारा जारी नोटिस के खिलाफ अदालत का रुख करेंगे। विद्रोही विधायक दीपक केसरकर ने शिंदे खेमे की ओर से बोलते हुए कहा कि बागी विधायक शिवसेना का ही हिस्सा थे और वे राज्य विधानसभा में पार्टी की अलग विंग स्थापित करेंगे। उन्होंने कह कि हम किसी राजनीतिक दल में विलय नहीं करने जा रहे हैं। इस बीच, उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में आयोजित शिवसेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता एकनाथ शिंदे द्वारा किए गए विद्रोह के मद्देनजर पांच राजनीतिक प्रस्ताव पास किए गए। पहले प्रस्ताव में, शिवसेना ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में पूर्ण विश्वास व्यक्त किया और पार्टी से संबंधित सभी आवश्यक निर्णय लेने के लिए उन्हें अधिकृत किया।

## योगी ने...

रोकता था, वसूली होती थी। आबादी की जमीन से दबंग गरीब को उजाड़ देते थे। तकनीकी से तैयार घरौनी प्रमाण पत्र के बाद इस पर विराम लग गया है। तकनीकी से आवासीय भूमि की पैमाइश होती है। द्रोण से सर्वे होता है। गांव की खुली बैठक में सहमति और असहमति के कमेंट लिये जाते हैं। सबका समाधान होने के बाद घरौनी तैयार की जाती है। अब तक 34 लाख लोगों को इसका लाभ मिल चुका है। आज जालौन प्रदेश का पहला जिला बन गया है, जहाँ के सौ फीसद ग्रामीणों को घरौनी मिल चुका होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवासीय प्रमाण पत्र के अभाव में एक फीट, दो फीट जमीन अथवा नाली को लेकर विवाद होते थे। कहीं आबादी की जमीन पर पशु बांधने पर विवाद शुरू हो जाता था। न्यायालय में न्याय के लिए पीढ़ी दर पीढ़ी बीत जाती थी। इस पर पैसा और समय दोनों बर्बाद होता था।

## अग्निपथ परिवर्तनकारी...

ने एक न्यूज चैनल के एक कार्यक्रम में कहा, योजना को लागू करने दीजिए। हम हर साल इसकी समीक्षा करेंगे और अगर कोई खामी या चुनौती आएगी तो हम उन्हें दूर करने की कोशिश करेंगे। यह हमारी सरकार का वादा है। उन्होंने कहा कि यह सशस्त्र बलों में भर्ती की प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव होगा। अग्निवीर के तौर पर भर्ती 75 प्रतिशत युवकों की सेवा चार साल में समाप्त होने का संदर्भ देते हुए सिंह ने कहा कि सरकार ने उनके लिए कुछ योजना बनाई है। उन्होंने कहा, जब भी कोई योजना आती है तो लोगों के दिमाग में उनके प्रति कुछ आशंकाएं होती हैं। सिंह ने कहा, मैं नहीं कह रहा कि कोई आशंका नहीं होनी चाहिए...लेकिन हम इन सभी आशंकाओं पर चर्चा करने को तैयार हैं और अगर कोई चुनौती आती है तो हम उसका समाधान करेंगे।

## मुख्य अभियंता...

सचिव रहे इंद्रमणि त्रिपाठी को लखनऊ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष, भूतत्व एवं खनिकर्म विभग के सचिव रहे रोशन जैकब को लखनऊ मंडल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। लखनऊ मंडल के आयुक्त रंजन कुमार को नगर विकास विभाग का सचिव, लोक निर्माण विभाग के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी को उच्च शिक्षा विभाग में विशेष सचिव, गोरखपुर के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रहे कुलदीप मीणा को बिजनौर का सीडीओ और उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग की सचिव वंदना त्रिपाठी को प्रयागराज से नोएडा का विशेष कार्याधिकारी बनाया गया है।

## एक दर्जन...

पद पर प्रोन्नत हो चुके एसपी सुल्तानपुर विपिन कुमार मिश्रा को डीआईजी, चित्रकूट धाम, बांदा, एसपी सीतापुर राकेश प्रकाश सिंह को डीआईजी मिर्जापुर परिक्षेत्र, मिर्जापुर, एसपी सोनभद्र अमरेंद्र प्रताद सिंह को डीआईजी अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या और एसपी ग्रामीण वाराणसी अमित वर्मा को डीआईजी एसआईटी मुख्यालय लखनऊ के पद पर नई तैनाती प्रदान की गई है। वहीं आईजी चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा एसके भगत को आईजी भवन एवं कल्याण उत्तर प्रदेश, एसपी मऊ घुले सुशील चंद्रभान को एसपी सीतापुर, सेनानायक 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ अविनाश पांडेय को एसपी मऊ, डीआईजी मिर्जापुर परिक्षेत्र मिर्जापुर आरके भारद्वाज को डीआईजी बस्ती परिक्षेत्र, आईजी बस्ती परिक्षेत्र मोदक राजेश डी. राय को आईजी सीबीसीआईडी मुख्यालय लखनऊ, आईजी अयोध्या परिक्षेत्र कवीन्द्र प्रताप सिंह को आईजी पीएसी लखनऊ, एसपी सिद्धार्थनगर, यशवीर सिंह को एसपी सोनभद्र, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के उपायुक्त अमित कुमार आनन्द को एसपी सिद्धार्थनगर, सोनानायक 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ सूर्यकांत त्रिपाठी को एसपी ग्रामीण वाराणसी, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के उपायुक्त सोमेन वर्मा को एसपी सुल्तानपुर, वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट के अपर पुलिस आयुक्त सुभाष चंद्र दुबे को डीआईजी यातायात निदेशालय, लखनऊ के पद पर भेजा गया है। वहीं शनिवार देर रात 11 अन्य आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए। इनमें डॉक्टर प्रीतिंदर सिंह को सहारनपुर परिक्षेत्र से आईजी कारागार मुख्यालय लखनऊ, आगरा के एसएसपी सुधीर कुमार सिंह को डीआईजी सहारनपुर, मेरठ के एसएसपी प्रभाकर चौधरी को एसएसपी आगरा, बरेली के एसएसपी रोहित सिंह सजवान को एसएसपी मेरठ, एसपी एसआईटी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज को एसएसपी बरेली, गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस उपायुक्त अभिषेक को एसपी शामली, सेनानायक 6वीं वाहिनी पीएसी मेरठ चारू निगम को एसपी औरैया, प्रतीक्षारत सुनीति को एसपी कानपुर देहात, एसपी औरैया अभिषेक वर्मा को पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में पुलिस उपायुक्त, एसपी शामली सुकीर्ति माधव को एसपी क्षेत्रीय अभिसूचना आगरा, एसपी कानपुर देहात स्वप्निल मगनैन को सेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्ध नगर के पद पर तैनात किया गया है।

## मोदी ने...

कहा कि प्रधानमंत्री ने 2002 के दंगों को नियंत्रित करने के लिए सब कुछ किया। लेकिन प्रत्येक थाने में बमुश्किल 150 पुलिसकर्मी हिंसा के पैमाने को नियंत्रित करने में समय लगता है।

## मोदी को...

दिया है। यह याचिका जाकिया जाफरी की ओर से दाखिल की गई थी। कोर्ट ने एसआईटी की जांच रिपोर्ट को सही माना है। जस्टिस एएम खानविलकर, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने ये फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने सात महीने पहले 9 दिसंबर 2021 को जाकिया जाफरी की याचिका पर मैराथन सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। गुजरात दंगों की जांच के लिए बनी एसआईटी ने तब गुजरात के मुख्यमंत्री रहे अब के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट दी थी।

## पश्चिमी हिमालई...

कहा कि यह मांसाहारी पौधा ऐसी प्रजाति का है, जिसे आमतौर पर ब्लैडरवॉर्ट्स के रूप में जाना जाता है। मांसाहारी पौधे ज्यादातर ताजे पानी और गीली मिट्टी में पाए जाते हैं। सामान्य पौधों की तुलना में भोजन और पोषण की व्यवस्था करने का उनका पूरी तरह से अलग तरीका है। चतुर्वेदी ने कहा, यह पौधा प्रोटोजोआ से लेकर कीड़े, मच्छर के लार्वा और यहां तक कि मेंढक के बच्चों को पकड़ने के लिए एक बहुत ही परिष्कृत और विकसित संरचना का उपयोग करता है। शिकार पकड़ने के लिए कपाटयुक्त संरचना का संचालन एक यांत्रिक प्रक्रिया पर आधारित होता है।

## उप्र के...

के हथियार एक खेत में मिले थे। अधिकारी ने कहा, शुरुआत में, उसने इन चीजों को यह सोचकर छिपाने की कोशिश की कि उसे कुछ कीमती वस्तुएं मिली हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने बाद में उसके पास से ए वस्तुएं बरामद कर लीं। पटेल ने कहा, हम गांव में करीब आठ दिन रहे और जिस खेत से वस्तुएं मिलीं, वहां की वैज्ञानिक जांच की। उन्होंने कहा, यह पाया गया कि जो हथियार और अन्य वस्तुएं मिली हैं, वे 3800-4000 साल पुरानी हैं और ताम्रपाषाण या ताम्र युग की हैं। हथियार शुद्ध तांबे से बने हुए हैं। पटेल ने कहा कि हथियारों में एक मीटर तक की तलवारें और कई प्रकार की बर्छी शामिल हैं तथा एक बर्छी चारधारी है। उन्होंने कहा कि हथियारों के आकार को देखते हुए ऐसा लगता है कि इनका इस्तेमाल योद्धाओं या सैनिकों द्वारा किया गया होगा। उन्होंने कहा, हमें गेरूए रंग के मिट्टी के बर्तनों के टुकड़े भी मिले हैं। एएसआई के प्रवक्ता वसंत कुमार स्वर्णकार ने कहा कि गंगा-यमुना दोआब क्षेत्र में अकसर ऐसी वस्तुएं पाई जाती हैं। उन्होंने कहा, हमारी जांच जारी है और उपयुक्त जांच के बाद ही हम निष्कर्षों पर अधिक बात कर पाएंगे।

# दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे सीएम

## योगी आदित्यनाथ ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और बाबा कालभैरव के दरबार में पहुंचकर लगायी हाजिरी, कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक





पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को शाम करीब पांच बजे हेलीकाप्टर से पुलिसलाइन वाराणसी पहुंचे। सीएम के वाराणसी पहुंचने पर स्वतंत्र राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल, विधायक डॉ0 नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, महापौर मृदुला जायसवाल, विधायक डॉ0 अवधेश सिंह, मंत्री अनिल राजभर, काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चन्द श्रीवास्तव, कमिश्नर दीपक अग्रवाल, जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा, पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश सहित अनेक भाजपा पदाधिकारियों ने उन्हें गुलाब का गुच्छ देकर स्वागत किया। यहां से मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों संग संवाद किया तथा इसके बाद जिले के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की।

कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुँचे जहाँ उन्होंने विधि-विधान से बाबा का जलाभिषेक करने के बाद पूजन-अर्चन की तथा श्री काशी विश्वनाथ धाम में हो रहे विकास कार्यों की अधिकारियों से जानकारी ली। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्री कालभैरव बाबा मंदिर में जाकर विधिवत पूजन महंत नवीन गिरी ने करायी तथा सीएम ने बाबा कालभैरव की महाआरती की। इसके बाद अगले दिन रविवार की सुबह मुख्यमंत्री सर्किट हाउस से सुल्तानपुर निकल जाएंगे।

# डीएम व एसपी ने समाधान दिवस पर सुनीं जनता की समस्याएं

संवाददाता। मिर्जापुर

**शासन** के मंशानुरूप जन समस्याओं का थाना व तहसील स्तर पर ही अधिक से अधिक निस्तारित करने के दृष्टिगत जनपद के सभी थानो में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार व पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार सिंह द्वारा थाना लालगंज में उपस्थित होकर जन समस्याओं को सुना गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 11 जून 2022 को आयोजित थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत रजिस्टर का निरीक्षण किया गया जिसमें शिकायतकर्ता हरी पुत्र स्वर्गीय राजकुमार यादव निवासी ग्राम नेवढ़िया तहसील व थाना लालगंज द्वारा भूमि सम्बन्धित विवाद के सम्बन्ध में शिकायतध्प्रार्थना पत्र दिया गया था शिकायत रजिस्टर के निस्तारण कालम में लिखा गया था कि प्रकरण संयुक्त जाँच राजस्व व पुलिस विभाग द्वारा करायी गयी उक्त प्रकरण के निस्तारण गुणवत्तापूर्ण न पाये जाने पर सी0 श्रेणी प्रदान की गयी। इसी प्रकार पूर्व थाना समाधान दिवस में ही शिकायतकर्ता प्रमोद कुमार सिंह पुत्र स्व0 अवध बिहारी सिंह निवासी ग्राम तोलगी तहसील मड़िहान थाना लालगंज के द्वारा भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसका निस्तारण अभी तक नही किया गया जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा गया कि प्रार्थना पत्रो का निस्तारण में देरी घोर लापरवाही का द्योतक है। उन्होने उपजिलाधिकारी लालगंज को उपरोक्त दोनो लेखपाल के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि थाना दिवस व सम्पपूर्ण समाधान दिवसो में प्राप्त प्रार्थना पत्रो का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। अन्यथा सम्बन्धित कि विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। आज थाना समाधान दिवस में बाल चन्द पुत्र स्व0 छटंकी ग्राम बल्हिया खुर्द द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि गाँव के कुछ सरहंग व्यक्तियो के द्वारा रास्ता अवरूद्ध कर कब्जा किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित लेखपाल व पुलिस अधिकारी को तत्काल मौके पर भेजकर निस्तारण करने का निर्देश दिया। शिकायतकर्ता किशन कान्त पुत्र सीताराम निवासी दुबार खुर्द द्वारा नियमानुसार राजस्व निरीक्षक द्वारा सीमाकंन आदेश के बाद पथरगड्डी करने के उपरान्त विपक्षी द्वारा पत्थर उखाड़ कर फेंक दिया गया जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि सीमाकंन के बाद पथरगड्डी उखाड़कर फेंकने वाले के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करायें। शिकायतकर्ता तारा देवी निवासी तुरकहाँ द्वारा भी जमीन पर अवैध अतिक्रमण करने की शिकायत पर जिलाधिकारी द्वारा थानाध्यक्ष लालगंज व राजस्व निरीक्षण को निर्देशित किया गया कि जाँच कर प्रकरण का यथोचित निस्तारण सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी लालगंज श्री विजय नरायण सिंह उपस्थित रहें। थाना समाधान दिवस पर जनपद के सभी थानों पर कुल.214 प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 19 मामलों का मौके पर निस्तारण कराया गया जबकि शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को रवाना किया गया। विकरणवार थाना कोतवाली शहर पर 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त थाना को0कटरा पर 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित थाना विन्ध्याचल पर 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त थाना को0देहात पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित थाना चील्ह पर 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01निस्तारित थाना कछवां पर 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित थाना पड़री पर 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त 04 निस्तारित थाना लालगंज पर 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित थाना हलिया पर 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 निस्तारित थाना जिगना पर 36 प्रार्थना पत्र प्राप्त थाना चुनार पर 27 प्रार्थना पत्र प्राप्त थाना अदलहाट पर 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित थाना जमालपुर पर 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित थाना अहरौरा पर 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित थाना मड़िहान पर 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित हुए।

# प्रधानमंत्री की शक्ति योजना के विजन को गति देने के लिए की गई पहल

### ● आईआईटी और एनआईटीआईई संयुक्त रूप से लांच करेंगे डेटा-ड्राइवेन सप्लाई चेन ट्रांसफॉर्मेशन पर वैश्विक ऑनलाइन सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) वाराणसी, आईडीएपीटी हब फाउंडेशन, आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी और राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरिंग संस्थान (एनआईटीआईई) मुंबई ने विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. डेविड सिमची-लेवी के दिशा निर्देशन में संयुक्त रूप से 'डेटा-ड्राइवेन सप्लाई चेन ट्रांसफॉर्मेशन 2022' पर एक ऑनलाइन वैश्विक सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम लांच करेंगे। यह पाठ्यक्रम 16 जुलाई से 21 अगस्त 2022 तक ऑफर किया जाएगा। पाठ्यक्रम प्रो डेविड सिमची-लेवी, एमआईटी द्वारा निर्देशित किया जाएगा जो व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला विश्लेषिकी में विश्व स्तर पर प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं और डेटा साइंस लैब, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूएसए के निदेशक हैं। प्रो. प्रमोद कुमार जैन, निदेशक, आईआईटी बीएचयू और प्रो एम के तिवारी, निदेशक एनआईटीआईई सहित अन्य विशेषज्ञ भी पाठ्यक्रम के महत्वपूर्ण हिस्सों की जानकारी साझा करेंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन ने बताया कि यह पाठ्यक्रम प्रधान मंत्री की गति शक्ति के दृष्टिकोण को गति देता है जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 13 अक्टूबर 2021 को आपूर्ति श्रृंखला और मांग प्रबंधन से संबंधित मल्टी-मॉडल और अंतिम मील कनेक्टिविटी मुद्दों को संबोधित करने के लिए लॉन्च किया गया था। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन ने बताया कि गति शक्ति योजना के लिए एनआईटीआईई, मुंबई नोडल एजेंसी है और आईआईटी(बीएचयू) इसके लिए एक सहयोगी संस्थान है। आईआईटी(बीएचयू) और एनआईटीआईई, मुंबई द्वारा पेश किए गए डेटा-ड्राइवेन सप्लाई चेन ट्रांसफॉर्मेशन 2022 ग्लोबल ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स विशेष रूप से उद्योग के चिकित्सकों को प्रौद्योगिकी रुझानों, डिजिटलीकरण, एनालिटिक्स और ऑटोमेशन के मुख्य पहलुओं को समझने के लिए एक रोडमैप प्रदान करने के लिए क्यूरेट किया गया है।

निदेशक प्रो. जैन बताते हैं कि पाठ्यक्रम से छात्रों, शिक्षाविदों, आपूर्ति श्रृंखला पेशेवरों और उद्योग के चिकित्सकों को आपूर्ति श्रृंखला के डिजिटल परिवर्तन की मौलिक समझ विकसित करने में लाभ होगा। पाठ्यक्रम मुख्य रूप से आपूर्ति श्रृंखला, डिजिटल आपूर्ति श्रृंखला परिवर्तन और मशीन लर्निंग आधारित प्रौद्योगिकी में हाल के रुझानों पर केंद्रित है। 30 घंटे के पाठ्यक्रम में 16 जुलाई से 21 अगस्त 2022 की अवधि में प्रत्येक शनिवार और रविवार को 12 सत्र आयोजित किए गए हैं। प्रत्येक सत्र 2.5 घंटे की अवधि का होगा और ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। पाठ्यक्रम के पूरा होने पर, सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को पूर्णता का प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। इस कोर्स में, प्रतिभागियों को व्यापक मामलों और उद्योग में हाल की घटनाओं के माध्यम से प्रमुख अवधारणाओं और प्रवृत्तियों को सीखना होगा और प्रो सिमची-लेवी के साथ लाइव बातचीत करने का अवसर भी मिलेगा। पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण अब खुले हैं और इसके बारे में अधिक जानकारी एनआईटीआईई, मुंबई और आईआईटी(बीएचयू) की वेबसाइट्स पर देखी जा सकती है।

यह पाठ्यक्रम प्रोफेसर सिमची-लेवी के अनूठे ढांचे को पेश करेगा जो तीन प्रौद्योगिकी प्रवृत्तियों - डिजिटाइजेशन, एनालिटिक्स और ऑटोमेशन को जोड़ती है। प्रो. डेविड सिमची-लेवी आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के क्षेत्र में सबसे प्रसिद्ध प्रोफेसर और थॉट लीडर हैं और प्रबंधन विज्ञान के प्रधान संपादक के रूप में भी कार्य करते हैं। वह आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन पर अपने काम के लिए प्रतिष्ठित इंफॉर्म्स इम्पैक्ट प्राइज 2020 के प्राप्तकर्ता हैं। उनकी पुस्तक, 'डिज़ाइनिंग एंड मैनेजिंग द सप्लाई चेन' (पी. कमिंस्की और ई. सिम्ची-लेवी के साथ) बी-स्कूलों में उनके सप्लाई चेन मैनेजमेंट कोर्स के लिए मुख्य है।

प्रो. प्रमोद कुमार जैन, निदेशक आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी औद्योगिक इंजीनियरिंग में एक प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं और उत्पाद डिजाइन और विकास सहित विनिर्माण प्रणालियों और इंजीनियरिंग में व्यापक पृष्ठभूमि रखते हैं। इसी तरह, प्रो. मनोज के तिवारी, निदेशक-नीटी, मुंबई संचालन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में बहुत प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं। ऑप्टिमाइज़ेशन, सिमुलेशन और कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस प्रो. तिवारी द्वारा मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स सिस्टम में जटिल और बड़े पैमाने की समस्याओं के लिए निर्णय समर्थन प्रणाली को स्वचालित करने के लिए अपनाई गई मुख्य तकनीकें हैं।

# स्थानान्तरित पुलिस अधीक्षक को दी गई भावभीनी विदाई



संवाददाता। मऊ

**सीतापुर** के लिए स्थानान्तरित पुलिस अधीक्षक सुशील घुले को शनिवार को पुलिस लाईन सभागार कक्ष में जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में भावभीनी विदाई दिया गया। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने स्थानान्तरित पुलिस अधीक्षक के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने में काफी सक्रिय भूमिका निभाए है। क्षेत्राधिकारी नगर धनंजय मिश्र ने पुलिस अधीक्षक के साथ किये कार्यो तथा मार्गदर्शन पर बड़ी बारीकियों के साथ प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने पुलिस व प्रशासन कंधे से कंधा मिलाकर सम्पादित किये गये कार्यो का विस्तृत उल्लेख करते हुए नए कार्य स्थल के लिए बधाई दिया। अंत में स्थानान्तरित पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट त्रिभुवन कुमार समेत सभी क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# बाइक पोल से टकराई, एक की मौत दो घायल

**चकिया चन्दौली।** कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक सवार तीन युवक सड़क किनारे पोल से टकरा गए्ए जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद जुटे लोगों ने तीनों युवकों को इलाज के लिए चकिया स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय भेजे जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दियाए जबकि अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा है इस संबंध में बताया जा रहा है कि भटवारे कला गांव निवासी साहिल कुमार श्रीवास्तव 20 वर्ष अपने साथी अंश यादव 18 तथा अजय 17 वर्ष के साथ कुछ काम से बाइक द्वारा चकिया जा रहे थे जैसे ही तीनों हाजीपुर गांव के समीप पहुंचे यह घटना हो गईए जिससे तीनों सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना के बाद जब परिजनों को इस बात की जानकारी हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया।

### स्वस्थ व प्रसन्न जीवन शैली के लिए जागरूकता अभियान

**वाराणसी।** हर आयु समूह के लोगों को सेहत व स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित अभियान हर घर में सेहतए हर दिल में खुशी के हिमालया के उद्देश्य को जीवंत करता है। सुस्त जीवनशैली व्यतीत करने वाले ग्राहक अपनी सेहत व खुशी के लिए प्रिवेंटिव हैल्थकेयर को अपनाने का महत्व समझ चुके हैं। हम सभी को अपने जीवन में किसी मुश्किल बीमारी का सामना करने पर कभी न कभी कहना पड़ा है' काशए हमने ऐसा न किया होताए तो आज यह स्थिति न होती' स्वस्थ व प्रसन्न जीवन के लिए सेहत के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।पिछले नौ दशकों में हिमालया सेहत व स्वास्थ्य के लिए काम कर रहा है ए जो पूरी दुनिया के ग्राहक चाहते हैं।

### लैंगिक समानता को खत्म के लिए स्टैंड फॉर सेफ्टी

**वाराणसी।** भारत में डिजिटल सुरक्षा की बढ़ती समस्या को देखते हुए इस साल बंबल भारत में अहिंसक लैंगिक समानता वाले समाज का निर्माण करने के लिए समर्पित एक गैरलाभकारी संगठन सेंटर फॉर सोशल रिसर्च सीएसआरद्ध के साथ साझेदारी में अपनी तरह की अलग सेफ्टी हैंडबुक रिलीज़ कर रहा है। जो डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाएगी।

# मऊ पुलिस के हत्थे चढ़ा सीएम योगी का फर्जी ओएसडी

### ● शहर कोतवाल ने कहा, हिरासत में लेकर हो रही पूछताछ- जल्द करेंगे मामले का पर्दाफाश

### ● पट्टीदारों का रास्ता खोदवाने को ओएसडी बन किया फोन

### ● जिलाधिकारी के मोबाइल पर कॉल कर बनाया था दबाव

संवाददाता। मऊ



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार को उनके सरकारी नम्बर पर फर्जी तरीके से सीएम के ओएसडी आइएएस एनकेएस चौहान के रूप में फोन करके रास्ता खुदवाने के लिए पैरवी करने वाला को एसओजी एवं शहर कोतवाली पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर ही धर दबोचा। पुलिस टीम द्वारा अभी हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हिरासत में लिए गए युवक ने कबूल किया है कि पट्टीदारों का रास्ता खोदवाने को लेकर उसने फर्जी ओएसडी बनकर जिलाधिकारी के सरकारी मोबाइल नम्बर पर फोन किया था। शहर कोतवाल संजय त्रिपाठी ने बताया कि हिरासत में लेकर युवक से पूछताछ किया जा रहा हैए जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। पुलिस हिरासत में लिए गए युवक की शिनाख्त पुष्कर यादव निवासी घोसी के रुप में किया गया है।

शुक्रवार को पूर्वान्ह जिलाधिकारी अरुण कुमार के राजकीय मोबाइल नंबर 9454417523 पर मोबाइल नंबर 9795817164 से कॉल आया था। जिलाधिकारी द्वारा कॉल रिसीव करने पर फोन करने वाले ने अपने को एनकेएस चौहान आईएएस ओएसडी मुख्यमंत्री बताकर पुष्कर यादव सरबसपुर भटौलीए तहसील घोसी से संबंधित भूमि विवाद में पुष्कर यादव के पक्ष में कार्रवाई करने के लिए दबाव डाला था। इस बात को जिलाधिकारी द्वारा स्वयं ओएसडी मुख्यमंत्री कार्यालय से बात करने पर ज्ञात हुआ था कि न तो ये उनका मोबाइल नंबर है और न ही उन्होंने जिलाधिकारी से कोई मोबाइल से वार्ता हुई है। जिस मोबाइल नंबर से फोन किया गया थाए उसका डिटेल सर्च करने पर ट्रू कॉलर पर एनकेएस चौहानए मुख्यमंत्री कार्यालय विशेष कार्याधिकारी लखनऊ दर्शित हो रहा था एवं फोटो भी एनकेएस चौहान का लगा था। इस बात के संज्ञान में आते ही जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा मोबाइल नंबर से संबंधित अज्ञात के खिलाफ मुकदमा संख्या 0310 के के अंतर्गत धारा 419ए 420ए 467ए 468ए 471 एवं 66 के तहत थाना कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही एसओजी एवं शहर कोतवाली पुलिस टीम मामले की जांच.पड़ताल में जुटी हुई थी।

# लोकतंत्र की हत्या थी आपातकाल: अजीत चौबे

संवाददाता। सोनभद्र




**भारतीय** जनता पार्टी सोनभद्र द्वारा जिला कार्यालय पर लोकतंत्र सेनानी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पूर्व प्रदेश मंत्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के द्वारा आपातकाल लगाने के विरोध में काला दिवस के रुप में मनाया गया। लोकतंत्र सेनानी शिवशंकर गुप्ता तिरथराज व नरेन्द्र नीरव अक्षयलाल गुप्ता रमाशंकर त्रिपाठी को मुख्यअतिथि कौशलेन्द्र सिंह पटेल व भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के द्वारा अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व संचालन जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दूबे ने किया। सम्मान समारोह को संम्बोधित करते हुए मुख्यअतिथि कौशलेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस की सरकार देश में आपातकाल लागू किया उस समय जनसंघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को खोज खोज कर उन्हे जेल में डाला गया उनके साथ बर्बरता पूर्ण व्यवहार किया गया उस समय के कार्यकर्ताओं के ही नही बल्कि उनके परिवार वालों के साथ दुर्व्यव्यवहार किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने पद और महत्वाकांक्षा के लिए आपातकाल लगाया था सत्ता में बने रहने के लिए देश को आपातकाल में झोंककर लाखों लोगो को जेल भेजा गया था कांग्रेस के इस दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में जनसंघ काल से ही भारतीय जनता पार्टी के साथ साथ विविध अनुसांगिक संगठन के राष्ट्रवादी कार्यकर्ता लाठी गोली की परवाह किये बिना लड़ाई लड़ते आ रहे है। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि 25 जून 1975 में कांग्रेस सरकार ने देश में इमरजेन्सी घोषित कर दिया था उस दौरान लोकतंत्र के समर्थन में आवाज उठाने वाले राष्ट्रीय स्वयं संघ व जनसंघ के कार्यकर्ताओं को जेल भेज दिया गया और कार्यकर्ता 22 महीने तक जेल में रहे आपातकाल के दौरान कांग्रेस की क्रूर सरकार ने प्रेस की स्वतंत्रता को छीना और लोकतंत्र की हत्या की थी वह आपातकाल का समय देश के लिए काला अध्याय है। जिसे देशवासी कभी नहीं भूल सकते कांग्रेस ने आपातकाल में जिस तरीके से मनमानी की उसकी आज भी पूरा देश निंदा करता है। सम्मान समारोह को प्रख्यात लेखक नरेन्द्र नीरव पूर्व जिला संघ चालक शिवशंकर गुप्ता पूर्व विधायक तीरथराज ने आपातकाल के समय जेल में बिताये गये पल को विस्तृत रुप से साझा किया। लोकतंत्र सेनानी जगदीश परशुराम गिरी हरिशंकर त्रिपाठी जनार्दन पाण्डेय कैलाश शिवकुमारी, इन्द्रावती देवी, मालती देवी, धुनकी देवी को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्यरुप से भाजपा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत आलोक सिंह गोविन्द यादव उदयनाथ मौर्य रंजना सिंह रामसुन्दर निषाद कृष्णमुरारी गुप्ता, शंभूनारायण सिंह कैलाश बैसवार, दिलीप पाण्डेय, अनूप तिवारी, सुनील सिंह, बलराम सोनी, दिलिप मौर्य, राधे सिंह, महेन्द्र पाण्डेय, अरुण पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, राकेश मेहता, विनय श्रीवास्तव रजनीश रघुवंश मंजू गिरी गुड़िया त्रिपाठी रुबी गुप्ता सोनी रावत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तहसील में राजस्व के सबसे अधिक है मामले: डीएम

**सकलडीहा चंदौली।** जिलाधिकारी संजीव सिंह और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल सकलडीहा कोतवाली में समाधान दिवस पर फरियादियों से रुबरू रहे। इस दौरान जिले में सकलडीहा तहसील में राजस्व के सबसे ज्यादा मामला होने पर डीएम ने नाराजगी जतायी। इस दौरान कुल पन्द्रह प्रार्थना पत्र पड़े। जिसमें 14 मामले राजस्व और एक मामला पुलिस सम्बंधित रहा। इस दौरान डीएम एसपी ने मिलकर चार का मौके पर निस्तारण कराया।जिलाधिकारी संजीव सिंह ने सकलडीहा तहसील में राजस्व के सबसे ज्यादा मामले होने पर गहरी चिंता जताते हुए नाराजगी जतायी। चेताया कि राजस्व मामले में शिथिलता अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रदेश की आकड़ा में सकलडीहा तहसील की सबसे ज्यादा खराब स्थिती है। बार बार चेतावनी के बाद भी समस्या के निस्तारण में राजस्व कर्मियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। जो क्षम्य नहीं होगा। अंत में थाना दिवस पर मिले प्रार्थना पत्रों का ग्राम समाधान रजिस्टर बनाकर निस्तारण करते हुए फोटो ग्राफ्सी रखने का निर्देश दिया। हर हाल में तालाब और ग्राम पंचायत की भूमि से अवैध कब्जा हटाया जाय। छोटे छोटे मामलों को आपसी सुलह समझौता से हल कराने का निर्देश दिया।

# सोनभद्र के 359 ग्रामों में 5729 घरौनियां की गईं वितरित

संवाददाता। सोनभद्र



**स्वामित्व** योजना के अंतर्गत ग्रामीण आबादी अभिलेख घरौनी वितरण के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ के द्वारा 11 लाख ग्रामीणों को ऑनलाइन माध्यम से घरौनी का वितरण किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद सोनभद्र के कलेक्ट्रेट सभागार सोनभद्र में दिखाया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत चौबे प्रभारी जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में स्वामित्व योजना के तहत आवासीय ग्रामीण अभिलेख घरौनी के वितरण कार्यक्रम के मौके पर राबर्ट्सगंज तहसील के 23 पात्र लाभार्थियों को घरौनी के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष व प्रभारी जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से स्वामित्व योजना के विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मालिकाना हक दिये जाने पर पात्रों नागरिकों को बधाई दी। इस अवसर पर स्वामित्व योजना के तहत आवासीय ग्रामीण अभिलेख के अन्तर्गत तहसील क्षेत्र राबर्ट्सगंज के 565 लोगों में तहसील क्षेत्र घोरावल के 1170 लोगों में तहसील क्षेत्र ओबरा के 168 लोगों में तथा तहसील क्षेत्र दुद्धी के 68 लोगों में आज घरौनी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। जनपद में अब तक कुल 359 ग्रामों में 5729 घरौनियाँ वितरित की गयी, जिसमें तहसील राबर्ट्सगंज में 84 ग्रामों में 777 घरौनियाँ, तहसील घोरावल में 62 ग्रामों में 1227 घरौनियाँ तहसील ओबरा में 22 ग्रामों में 186 घरौनियाँ तथा तहसील दुद्धी के 191 ग्रामों में 2639 घरौनियाँ पात्र लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के तहत आवासीय ग्रामीण अभिलेख घरौनी के प्रमाण पत्र का वितरण किया जा चुका है।

# स्वामित्व योजना में वितरित किये गये घरौनी प्रमाणपत्र

संवाददाता। फ्तेहपुर

**स्वामित्व योजना** के अंतर्गत तैयार किये गए ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) लोकभवन सभागार लखनऊ से सम्पन्न हुआ, जिसका सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में सांसद/राज्यमंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, साध्वी निरंजन ज्योति, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता की उपस्थिति में देखा व सुना गया। मुख्यमंत्री द्वारा अपने हाँथो से नागरिको को घरौनी वितरित किया। ग्रामीणों आवसीय अभिलेख/घरौनी पाकर लाभार्थियों के चेहरों में खुशी दिखाई दे रही थी।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश 11 लाख घरौनी का वितरण विभिन्न जनपदों एवं तहसीलों के माध्यम से किया जा रहा है, आत्मनिर्भर भारत नही, अब आत्मनिर्भर गांव होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि 24 अप्रैल 2020 को योजना का शुभारंभ किया था। घरौनी के वितरण से ग्रामो में विवाद खत्म होगा और राजस्व से सम्बंधित न्यायालय में वादों की कमी आएगी। देश/प्रदेश में यह कार्यक्रम उत्सव के रूप में महादिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घरौनी के वितरण से मालिकाना हक होने पर लोग बैंक से ऋण ले सकते है।

**● सांसद साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा स्वामित्व योजना प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता, संवेदनशीलता की सोच से हर एक गरीब के लिए उनके मन में जो भाव है उस भाव को मंन्जूरी प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना प्रारम्भ की गयी है**

सांसद साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि स्वामित्व योजना प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्रीकी दूरदर्शिता, संम्वेदनशीलता की सोच से हर एक गरीब के लिए उनके मन में जो भाव है उस भाव को मंन्जूरी प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना प्रारम्भ की गयी है। इस योजना के माध्यम से किसी व्यक्ति को घर के संबंध में विवादों का सामना नही करना पडेगा। उन्होंने लोगों को बताया कि जिस प्रकार से खेतों का वैधानिक अभिलेख खतौनी है, उसी प्रकार घर का वैधानिक अभिलेख घरौनी होगा। इस प्रकार अब घर के स्वामित्व को लेकर विवाद नहीं होंगे तथा लोग पूरे हक के साथ कह सकेंगे कि यह हमारा घर है। उन्होंने कि नागरिकगण ऋण लेने के लिए घरौनी का प्रयोग करके अपना स्वारोजगार लगा कर अपने को आत्मनिर्भर बना सकते है। घरौनी को आधार से लिंक कराया गया। घरौनी से आमजन को बहुत सहूलियत मिलेगी, और विवाद भी नही रहेगा, कोर्ट के भी पैसा बर्बाद नही होगा। जिनको सरकारी आवास स्वीकृति हो गया उनके पास जमीन नही तो उनको जमीन आवास बनाने के लिए दी जायेगी।

घरौनी बनने से यदि गॉव समाज की जमीन एक नागरिक एक ही घर मान्य होगा। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन उपजिलाधिकारी बिन्दकी अवधेश कुमार निगम ने किया। इस अवसर पर जनपद के 10 लाभार्थियों में धनराज पुत्र रामप्रकाश ग्राम चकसराय बादशाह, रामबाबू पुत्र सुखराम ग्राम चकसराय बादशाह, रामप्रसाद पुत्र गया प्रसाद ग्राम चकसराय बादशाह, राकेश कुमार पुत्र नरेन्द्र ग्राम तिहार, घसीटे पुत्र सरदार ग्राम तिहार, रामकृष्ण पुत्र सवलदीन ग्राम तिहार, छविलाल पुत्र रामदास साहू ग्राम हसनपुर अकोढ़ीया, राजपाल पुत्र गंगादीन ग्राम हसनपुर अकोढ़ीया, कैलाशचन्द्र पुत्र सूरजपाल ग्राम हसनपुर अकोढ़ीया, रमेश पुत्र चन्द्रपाल ग्राम हसनपुर अकोढ़ीया को ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) के प्रमाण पत्र नए लाभार्थियों को वितरण किये। घरौनी पाकर लाभार्थियों के चेहरे में खुशी की लहर साफ दिखाई दे रही थी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) फ्तेहपुर, विनय कुमार पाठक, उपजिलाधिकारी सदर नन्द प्रकाश मौर्य, उपजिलाधिकारी बिन्दकी अवधेश कुमार निगम, पुलिस क्षेत्राधिकारी डीसी मिश्रा, अपर उपजिलाधिकारी अन्जू वर्मा सहित सम्बंधित उपस्थित रहे।

## अपर निदेशक कोषागार पेंशन कानपुर मण्डल ने कोषागार कानपुर देहात का किया निरीक्षण , दिये निर्देश

**कानपुर देहात।** अपर निदेशक कोषागार पेंशन कानपुर मण्डल अजय जोहरी ने आज कानपुर देहात जनपद के वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उनके द्वारा सेन्टर रिकार्ड रजिस्टर का अवलोकन किया गया जिसमें परीक्षण किया गया जिसमें जो बिल कोषागार में आते है उनके विभाग द्वारा स्वयं रीसीविक की जाती हैए यह व्यवस्था पूरी तरह से पादर्शी हैए उनके द्वारा इस पर संतोष व्यक्त किया गयाए वहीं रजिस्टर में कुछ कालम खाली पाये जाने पर उन्हें पूरे कालम भरने के निर्देश दिये गयेए इसके पश्चात उन्होंने पेंशन पटल की भी समीक्षा की जिसमें बेसिक शिक्षाए माध्यमिक शिक्षा पुलिस तथा राजनैतिक के प्रत्येक पटल सहायक से वार्ता की गयी उन्होंने यह भी देखा कि जो बिल पास किये जा रहे है उनमें कोई कमियां तो नही हैए इसके अलावा उनके द्वारा डॅबल लॉक खजाने का भी निरीक्षण किया गया खजाने में जो भी स्टाम्प बहुमूल्य रखे हुए है उनका परीक्षण किया गया इसके पश्चात उन्हें कोषागार भवन का भी अवलोन किया तथा पीडब्लूडी से उसके क्षति का आकलंन कराये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि साफसफई पर विशेष ध्यान दिया जाये।

# भिटौरा ब्लाक के जगतपुर आदिल में मनरेगा घोटाला, फिर भी अफसर साधे हुए हैं चुप्पी

संवाददाता। फ्तेहपुर

**शिकायतों के** बाद भी नही हो रही कार्यवाही। ऐसा ही मामला विकास खंड भिटौरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत जगतपुर आदिल का पंचायत मित्र, सचिव व ग्राम प्रधान द्वारा विभाग की मिली भगत से किये गये भ्रष्ट्राचार की परत दर परत खुलने के बावजूद जिले के आला अधिकारियों ने कोई भी कार्यवाही नही की। जगतपुर आदिल के ही राहुल बाजपेई ने मनरेगा में हुए धांधली और धर्मेंद्र कुमार द्वारा 1993 में बने सार्वजनिक शौचालय व आसपास की भूमि में अवैध अतिक्रमण को लेकर सम्बन्धित विभाग को अवगत कराते हुए शिकायती पत्र दिया जिसके बाद से विभाग खुद अपनी आख्या में फंसता रहा। खंड विकास अधिकारी ने आख्या दी अतिक्रमण हुआ है फ्रि भी कोई कार्यवाही नही की गई। दोबारा कार्यवाही की मांग पर आख्या दी जाती है अतिक्रमण हुआ ही नही। विभाग के सभी अधिकारी इस तरह के भ्रष्टाचार में संलिप्त है जिसके चलते बिना कार्यवाही के ही शिकायत को निक्षेपित किया जा रहा है। आखिर विभाग के कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही की कलम चलाने से क्यों कतरा रहे है अधिकारी।

पूर्व में लेखपाल कानूनगो और थाना पुलिस की उपस्थिति में पैमाइस की जा चुकी है और आख्या में भी स्पष्ट दर्शाया गया है कि धर्मेंद्र कुमार द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया है। ग्राम सचिव सत्येंद्र से धर्मेंद्र द्वारा अवैधरूप से सार्वजानिक शौचालय पर कब्ज़ा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने साफ तौर से इंकार कर दिया कि ऐसा कोई भी कब्जा नही है। अब प्रश्न यह खड़ा होता है कि तहसीलदार सहित राजस्व टीम की जांच क्या गलत है या फ्रि अपने विभाग के कर्मचारी को बचाने के लिए अपना बेबुनियादी बचाव पक्ष प्रस्तुत करने की साजिश रची जा रही है? ऐसे ही मनरेगा में फर्जीवाड़े का खुलासा उपायुक्त श्रम रोजगार अशोक कुमार गुप्ता द्वारा जांचोपरांत जिलाधिकारी को प्रेषित करते हुए ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी सहित ग्राम रोजगार सेवक को भ्रष्टाचार में संलिप्त पाया गया जिसके बाद कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण भी मांगा गया था। उक्त नोटिस जारी करने के बाद 6 महीने बीतने को है अभी तक कोई भी कार्यवाही नही हुई, आखिर क्यों कार्यवाही से कतरा रहे है अधिकारी ?

## युवक ने बाइक सवार बदमाशों पर लगाया लूट का आरोप

**रसूलाबाद,कानपुर देहात।** कृषि रक्षा विभाग में कार्यरत युवक ने बाइकसवार बदमाशों पर लूट का आरोप लगाते हुये थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है, शिकायत पर पुलिस ने मामले की जॉच पडताल शुरू कर दी है। रसूलाबाद कृषि रक्षा विभाग में प्राविधिक सहायके के पद पर कार्यरत धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि वह अपने घर उसरी जा रहे थे रास्ते में रजपूर्वा व ब्राहम्ण गॉव के बीच में दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने पीछे से आकर में लात मारकर गिरा दिया औरर मापीट कर सत्रह हजार रूपये लूट लिये साथ ही धर्मेन्द्रद एक सोने की लर व अॅगूठी भी छीन लेने का आरोप लगाया है। रसूलाबाद थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जॉच पडताल की जा रही है।

## सहारनपुर में सात साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मदरसा शिक्षक हुआ गिरफ्तार

**सहारनपुर, भाषा।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के नकुड़ थाना क्षेत्र में सात साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोपी मदरसा शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सहारनपुर के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने शनिवार को बताया कि नकुड़ थाना क्षेत्र में सात साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोपी मदरसा शिक्षक जमीर को पुलिस ने शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया और विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया। राय के मुताबिक, नकुड़ थाना क्षेत्र के एक कस्बे में एक व्यक्ति ने मदरसा शिक्षक जमीर पर बुधवार को अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।उन्होंने बताया कि शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया था कि मदरसा शिक्षक ने बच्ची को धमकी दी थी कि अगर उसने इस घटना के बारे में अपने परिजनों को बताया कि वह उसे मार डालेगा। राय के अनुसार, आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## बदायूं में पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पति फरार

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में शनिवार सुबह एक व्यक्ति ने घरेलू कलह के चलते अपनी पत्नी की कथित तौर पर धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि मूसाझाग थाना क्षेत्र के बलिया नगला गांव में घरेलू कलह के चलते 35 वर्षीय सुधारानी की उसके पति राजकुमार ने कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी और फिर फरार हो गया। चौहान के मुताबिक, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस राजकुमार की तलाश में जुटी है और बहुत जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 40 लाख रुपए की स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में अपराध शाखा और देहात कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 395 ग्राम स्मैक बरामद की है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला से बरामद स्मैक की कीमत 40 लाख रुपए आंकी गई है। सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आकाश तोमर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि नशीले पदार्थ के तस्करों के खिलाफ जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत देहात कोतवाली पुलिस और अपराध शाखा की संयुक्त टीम ने दादा पीर के कब्रिस्तान के पास से इंदिरा कॉलोनी निवासी कासिम की पत्नी सोनम को गिरफ्तार किया। तोमर के मुताबिक, पुलिस ने सोनम के कब्जे से 395 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी कीमत 40 लाख रुपए आंकी गई है। उन्होंने बताया कि महिला के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनयम (एनडीपीएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसे अदालत में पेश किया जाएगा। तोमर के अनुसार, महिला से नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोहों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## बदायूं में मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटी की मौत

**बदायूं भाषा।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के सहसवान कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। सहसवान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि मुजरिया थाना क्षेत्र के मूसेपुर गांव का रहने वाला हरवीर शनिवार सुबह बाइक से अपनी पत्नी आरती, छोटे भाई आकाश, बेटे आयुष और बेटी प्रज्ञा के साथ कस्बा क्षेत्र में दवा लेने जा रहा था। शुक्ला के मुताबिक, सुबह लगभग साढ़े आठ बजे कछला रोड स्थित कोल्ड स्टोरेज के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने हरवीर की बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी। शुक्ला के अनुसार, इस हादसे में आरती (28) और उसकी बेटी प्रज्ञा (पांच महीने) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि हरवीर, आकाश और आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। शुक्ला के मुताबिक, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मिनी ट्रक के चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## प्रतापगढ़ में अदालत ने एसएचओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले की एक विशेष अदालत ने एक दुष्कर्म पीड़िता के साथ कथित तौर पर मारपीट करने और उसके खिलाफ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में अंतू थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी (एसएचओ) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अदालत की विशेष न्यायाधीश मोनिका ठाकुर ने शुक्रवार को अंतू थाने के तत्कालीन एसएचओ प्रवीण कुशवाहा के खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया।

# इंटरनेशनल एमएसएसई-डे पर उद्यमियों का हुआ पंजीकरण

संवाददाता। फ्तेहपुर



**इंटरनेशनल एमएसएसई**-डे के उपलक्ष में आज विशेष उद्धव रजिस्ट्रेशन कम एक दूसरी कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार एमएसएमई विकास संस्थान कानपुर के तत्वाधान में कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास के फ्तेहपुर में किया गया जिसमें जनपद के उद्यमी गढ़ एवं भावी उद्यमी उपस्थित थे। कार्यक्रम में एमएसएमई विकास संस्थान कानपुर के वीके वर्मा संयुक्त निदेशक द्वारा उधम पंजीकरण के संबंध में उपस्थित उद्यमी गणों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लघु उद्योग भारती के संयोजक सत्येंद्र सिंह द्वारा उद्यमीगणों से आवाहन किया गया कि जिन उद्यमियों द्वारा अभी तक उदम रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है या जिनका उद्योग आधार मेमोरेंडम है उन्हें उद्यम रजिस्ट्रेशन में परिवर्तित अतिथि कर ले। शिविर में उपस्थित उपायुक्त उद्योग अनीश प्रताप सिंह ने उद्योग विभाग में संचालित योजनाओं में व्यापक रूप से प्रकाश डालते हुए उद्योग संस्थान के लिए अपेक्षा की गई और यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी उद्यमी को उत्तम पंजीकरण करने में कोई कठिनाई होती है तो उसके निवारण के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र में संपर्क स्थापित किया जा सकता है। इस शिविर में एस के पांडे, सहायक निदेशक एसके अग्निहोत्री, सहायक निदेशक एमएसएमई, विकास संस्थान कानपुर प्रबल प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त उद्योग भी उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ शिविर का समापन किया गया।

## देवरिया में वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या

**देवरिया (उप्र)।** देवरिया जिले के तरकुलवा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात को एक वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। क्षेत्राधिकारी सदर यश त्रिपाठी बताया कि तरकुलवा थाना क्षेत्र के मदार पट्टी गांव में कालिका सिंह (65) की एक व्यक्ति से पुरानी रंजिश थी।उन्होंने बताया कि कालिका सिंह शुक्रवार की रात में गांव के पश्चिम तरफ शौच के लिए गए थे, जहां से वापस आते समय रास्ते में गन्ने के खेत के पास पहले से घात लगाए अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। त्रिपाठी के अनुसार परिजन इलाज के लिए उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्वाई शुरू कर दी है तथा कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### लड़की ने जहर खाकर दी जान

**बरेली।** मानसिक रूप से परेशान एक लड़की ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसकी अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतका के परिजनों ने कॉलोनी के ही रहने वाले एक युवक पर युवती को परेशान करने का आरोप लगाया और थाने में तहरीर दे दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के कर्मचारी नगर स्थित गंगवार एनक्लेव में रहने वाली 17 वर्षीय रीना पुत्री देवी दास कि बीती रात जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घरवालों ने बताया कि वीना को सोशल मीडिया के माध्यम से कॉलोनी में रहने वाला सचिन अरोरा नाम का युवक अपने पास बुलाता था लेकिन रीना उसके पास नहीं गई तब सचिन ने रीना को धमकी दी कि अगर उसके पास मिलने नहीं आई थी तो वह ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर लेगा जिससे रीना मानसिक रूप से परेशान हो गई और उसने कल शाम को घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर घरवाले उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टर ने उसे अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया मृतका के घरवालों ने सचिन अरोरा को रीना की मौत का जिम्मेदार बताया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार एक युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फ्रीदपुर थाना क्षेत्र के गांव फ्रक पुर निवासी 21 वर्षीय प्रशांत की बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि प्रशांत कल दिन में अपने किसी परिचित से मिलने के लिए मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था लेकिन वापस लौटते समय फ्रीदपुर चीनी मिल के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फ्रार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एक स्थानीय अस्पताल भेजकर उसके पास मिले मोबाइल फ्रेन से घरवालों को सूचना दी जो उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया मृतक की पत्नी का नाम अनीता है शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल पर रिश्तेदार के घर से लौट रहे ग्रामीण की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।कैंट थाना क्षेत्र के गांव काधरपुर निवासी 40 वर्षीय केंद्र पाल पुत्र ख्यालीराम कि बीती रात फ्रीदपुर थाना क्षेत्र के गांव मानपुर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि केंद्रपाल कल दिल में फ्रीदपुर निवासी अपने साढू से मिलने के लिए मोटरसाइकिल से गया था जहां से रात में घर वापस लौटते समय मानपुर गांव के पास पीछे से आ रहे किसी वाहन ने उस को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फ्रार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची केंद्र पाल की मौत हो चुकी थी पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फ्रेन से दुर्घटना की सूचना उसके घरवालों को दी मौके पर पहुंचे और शब की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### आबकारी विभाग ने रविवार को घोषित किया ड्राई डे

**लखनऊ।** नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफपूरा विश्व 26 जून को अंतराष्ट्रीय दिवस मानता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के अपर आबकारी आयुक्त हरिश्चंद्र ने पूरे प्रदेश में रविवार को ड्राई डे घोषित किया है। रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शराब की दुकान और भांग की दुकान को पूरी तरह बंद करने का निर्देश जारी किया है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफअंतरराष्ट्रीय दिवाद पर शासन द्वारा 26 जून को प्रदेश की समस्ताः शराब की दुकानें कुछ समय के लिए और भांग की दुकान पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया है।

# कौशांबी में युवक ने खुदकुशी की

भाषा। कौशांबी

**उत्तर प्रदेश** के कौशांबी जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने घर में गमछे के सहारे पंखे से फांसी लगाकर कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह परिजनों ने युवक को फंदे से लटकता देखा तो पुलिस को घटना के बारे में सूचित किया। अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह के मुताबिक, अकिल थाना क्षेत्र के बेनी राम कटरा गांव का रहने वाला अनुराग सिंह (32) शादीशुदा था और उसके दो बच्चे भी हैं। उन्होंने बताया कि अनुराग की पत्नी अपने भाई की शादी के लिए मायके गई थी। सिंह के अनुसार, शुक्रवार देर रात अनुराग ने गमछे के सहारे कमरे में लगे पंखे से फांसी लगाकर कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह परिजन अनुराग के कमरे में पहुंचे तो उसका शव पंखे से लटकता मिला। सिंह के मुताबिक, परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि फिलहाल खुदकुशी की वजह पता नहीं चल सकी है।

## ट्रक के नीचे तेज बाइक के घुसने से दो युवकों की मौत

भाषा। भदोही (उप्र)

**भदोही जिले** के औराई थानाक्षेत्र में तेज़ र्2398ïतार मोटरसाइकिल के खड़े ट्रक के नीचे जा घुसने से उसपर सवार दो युवकों की शनिवार को मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।औराई थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सेठ ने शनिवार को बताया कि यह दुर्घटना शनिवार सुबह यहां सहसेपुर मोड़ के पास हुई जब एक मोटरसाइकिल से मिर्ज़ापुर निवासी अंकित यादव (17) पीयूष यादव (19) और निखिल गुप्ता (18) भदोही आ रहे थे। उन्होंने बताया कि वहां पहले से खड़े एक ट्रक के नीचे एक तेज र्2398ïतार मोटरसाइकिल जा घुसी जिससे उसपर सवार अंकित और निखिल की मौके पर मौत हो गई जबकि पीयूष घायल हो गया। उन्होंने बताया कि पीयूष को पहले स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर गंभीर हालत में यहां सूर्या ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सेठ ने बताया मौके पर जुटी भीड़ ने किसी तरह ट्रक के नीचे से मोटरसाइकिल एवं फंसे युवकों को बाहर निकाला। इसी बीच चालक मौका देख कर ट्रक लेकर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामला दर्ज कर ट्रक के बारे में छानबीन की जा रही है।

# अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन




**फ्तेहपुर।** देश में अग्निपथ योजना को लेकर हिंसक विरोध-प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते चार दिनों में देश के कई राज्यों में हिंसक विरोध-प्रदर्शन देखने को मिले हैं। इसका सबसे ज्यादा असर बिहार और यूपी में देखने को मिला है। इस बीच फ्तेहपुर कांग्रेस कार्यालय से हुसेनगंज विधानसभा से रहे प्रत्याशी शिवाकांत तिवारी ने समर्थकों के साथ अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट के लिए पैदल मार्च निकला। हालांकि कार्यालय से थोड़ी दूर जाकर ही सदर एसडीएम सी0टी समेत पुलिस बल ने रस्ते में रोक लिया जिस पर कांग्रेसी सड़क पर लेट गए और फ्रि वही पर एसडीएम सादर ने ज्ञापन ले लिया। अग्निवीर वापस लो, सेना के सम्मान में काग्रेस मैदान में राहुल गांधी संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ है, शिवाकांत तिवारी जिन्दाबाद आदि नारे गूंजते रहे। शिवाकांत तिवारी ने आने वाली 27 तारीख को हुसेनगंज विधानसभा में जोरदार प्रदर्शन का एलान किया है। उदित अवस्थी, राजन तिवारी, सुभम आदर्श तिवारी अभय शुक्ला, निखित त्रिवेदी, सुनील तिवारी, मेहताब, विकास त्रिवेदी, जग्गा, सुभम पंडित अमन दिक्षित, विकास त्रिवेदी, शुभम तिवारी, नितेश त्रिवेदी, आयुष तिवारी, सूरज दुबे, अमन तिवारी, सौरभ पाल, नागेन्द्र त्रिवेदी, रवि शुक्ल , ओम मिश्रा, सोनू पाण्डेय, सत्यम, प्रभात जीतू, सौरभ विद्यार्थी मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा लाइसेन्स शिविर में 127 पंजीकृत

संवाददाता। फ्तेहपुर



**व्यापारियों की** सहजता व सरलता के लिए उद्योग व्यापार मण्डल ने खाद्य सुरक्षा लाइसेन्स शिविर का आयोजन लखनऊ बाईपास चौराहे पर किया गया। शिविर में स्थानीय 127 व्यापारियों ने पंजीयन कराते रजिस्ट्रेशन कराया। उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने व्यापारियों के रजिट्रेशन कराते कहा सूक्ष्म व्यापार करने वाले व्यापारियों को शासन की नीति की जानकारी न होने की वजह से अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसको सरल सहज बनाते उद्योग व्यापार मण्डल व खाद्य सुरक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से शिविर का आयोजन करते व्यापारियों को लाभान्वित किया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सी0एल0 यादव ने व्यापार मण्डल की प्रशंसा करते कहा शिविर में व्यापारी मात्र आधार कार्ड फोटो व मोबाइल नंबर द्वारा सरलता से रजिस्ट्रेशन अप्लाई कर सकता है साथ ही व्यापार मण्डल को लाइसेन्स हेतु आवेदन दे सकता है। शिविर में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सीएल यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके यादव रवि शेखर कुशवाहा व्यापार मण्डल से संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव श्रवण कुमार दीछित, नगर अध्यक्ष मनोज साहू, वार्ड अध्यक्ष मो0 इमरान उपाध्यक्ष मो0 असलम राशिद बाबा नागेन्द्र सिंह सहित अनेक स्थानीय व्यापारीगण उपस्थित रहे, जो व्यापारी खाद्य लाइसेन्स बनवाना चाहते हो खाद्य विभाग व व्यापार मण्डल से सम्पर्क कर सकते है।

# अमृत सरोवर के कार्यों को जल्द पूरा कराने के डिप्टी सीएम ने दिए निर्देश

● उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज




**उप मुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सर्किट हाउस के सभागार में ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास ग्रामीण अभियंत्रण खाद्य प्रसंस्करण मनोरंजन कर सार्वजनिक उद्यम एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभाग की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने अमृत सरोवर के कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। बरसात के मौसम को देखते हुए योजना के साथ कार्य को पूरा करें। चिन्हित नदियों को पुर्नजीवित करने के लिए सभी सम्बंधित अधिकारी कार्ययोजना के अनुसार कार्य को आगे बढ़ाएं। समूह शक्तियों के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि इन समूह शक्तियों की आय बढ़ाने के लिए कार्य किया जाना चाहिए साथ ही इनको वहीं पर बाजार भी उपलब्ध कराया जाये। इससे महिलाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और ज्यादा से ज्यादा महिलाएं इससे जुड़कर लाभान्वित होगी। महिला मित्र की संख्या जनपद में कम होने पर उन्होंने महिला मित्रों की संख्या को बढ़ाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने जनपद में वीडीओ की संख्या ब्लाकों की अपेक्षा कम होने पर सम्बंधित अधिकारियों से प्रपोजल बनाकर प्रस्तुत करने को कहा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद में कुछ ग्राम विकास अधिकारियों के कार्य प्रणाली की लगातार शिकायत प्राप्त होने पर उन्होंने ऐसे ग्राम विकास अधिकारियों को चिन्हित कर उनकी जांच कराकर कार्रवाई करने के लिए कहा है। उन्होंने निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवनों के निर्माण में जो भी समस्यायएं आ रही हैं। उसका तत्काल निस्तारण कराते हुए निर्माण कार्य को पूरा कराये जाने के निर्देश दिए हैं।

## मजबूत संबंध स्थापित करने में बनाएं सक्षम

**प्रयागराज।** छठे स्थापना दिवस का जश्न मनाते हुए पार्टनर मिलर्स के साथ भारत के सबसे बड़े बिजनेस टू बिजनेस ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म उड़ान ने आज रिश्ता समिट लांच किया। विगत छह वर्षों में उड़ान अपने फूड बिज़नेस के लिए स्टेपल सोर्सिंग हेतु पूरे भारत में मिलर्स के साथ एक मजबूत संबंध स्थापित करने में सक्षम रहा है। रिश्ता थीम जिसका अर्थ संबंध है पर आधारित समिट मिलर्स को उड़ान के व्यापक डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और रिटेल पार्टनर्स के माध्यम से बाजार में प्रत्यक्ष पहुँच प्रदान करके उनके साथ पार्टनरशिप को मजबूत करने का एक प्रयास है। उड़ान के फूड और एफएमसीजी बिज़नेस के प्रमुख शहरों कस्बों में तेजी से विस्तार होने से बढ़ती हुई माँग को पूरा करने के लिए अपने फुलफिलमेंट सेंटर्स का विस्तार कर रहा है।

## मुख्यमंत्री कोविड राहत कोष में सुविधा शुल्क रहित योगदान

**प्रयागराज।** ई मित्र प्लेटफॉर्म पर एयर पे द्वारा संचालित आरंभिक परियोजनाओं में शामिल यह पहल मुख्यमंत्री कोविड राहत कोष में निर्बाध रूप से सुविधा शुल्क रहित योगदान करने का सुविधा प्रदान कर रही थी। भारत के एकीकृत ओमनी चैनल वित्तीय सेवा प्लेटफॉर्म एयर पे पेमेंट सर्विसेस ने राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी ई गवर्नेंस और सशक्तिकरण पहल ई मित्र को ताकतवर बनाते हुए पंद्रह लाख से ज्यादा लेनदेन करने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एयर पे के संस्थापक एवं एमडी कुणाल झुनझुनवाला ने कहा एयर पे में यह भागीदारी हमारे लिए खास है। भुगतान संग्रह प्रौद्योगिकी की बदौलत एयर पे ने राजस्थान सरकार को राज्य के सौ से ज्यादा विभागों को ई मित्र प्लेटफॉर्म से जोड़ने में सक्षम बनाया।

## प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का शुभारम्भ

संवाददाता। टाण्डा, अम्बेडकरनगर

**तहसील** टाण्डा मे प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का भव्य शुभारम्भ शनिवार मुख्य अतिथि हरि ओम पाण्डेय सदस्य विधान परिषद ने किया एंव कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार टाण्डा वंशराज राम ने किया। तहसील सभागार मेआयोजित प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अन्तर्गत आवासीय सम्पतियो के मालिकाना हक घरौनी का वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि हरि ओम पाण्डेय सदस्य विधान परिषद ग्राम रसूलपुर मुबारकपुर बाहर नगरक्षेत्र के 72घरौनी का वितरण कर किया। तहसीलदार टाण्डा वंशराज राम ने बताया कि तहसील टाण्डा क्षेत्र के ग्यारह ग्राम रसूलपुर मुबारकपुर बाहर नगरक्षेत्र, सलाहुद्दीनपुर, मुस्तफाबाद, शरीफपुर, लडनपुर, जगुई, चिन्तौरा, आशापारा, कनौढा, रसूलपुर मोलनाचक, केशवपुर पचपोखरा मे कुल 2184घरौनीका चयन हुआ है जिसमे से शनिवार को72घरौनी का वितरणहुआ है शेष का वितरण क्षेत्रीय लेखपाल करेगें। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि श्याम बाबू गुप्ता, नायब तहसीलदार टाण्डा राहुल कुमार सिह, राजस्व निरीक्षक गुलाब सिह लेखपाल छोटेलाल कनौजिया आदि मुख्य रूप से रहे।

# पूर्ति निरीक्षक के निरीक्षण में आधा दर्जन से अधिक कोटेदारों पर लगाया जुर्माना

संवाददाता। भीटी, अम्बेडकरनगर



**भीटी** तहसील में कोटेदारों द्वारा लूटमार का कार्यक्रम पूरी तरह से जारी है इसी क्रम में पूर्ति निरीक्षक भीटी संजू सिंह के द्वारा कोटा निरीक्षण के दौरान कई तरह की कमियां पाई गई जिससे नाराज पूर्ति निरीक्षक भीटी ने कोटेदारों के विरुद्ध जुर्माने की कार्यवाही करते हुए उनको कड़ी चेतावनी दी गई है चेतावनी देते हुए पूर्ति निरीक्षक ने आधा दर्जन से अधिक कोटेदारों पर जुर्माना लगाया है और जुर्माने की राशि सरकारी खजाने में जमा करा दी गई है

मिली जानकारी के अनुसार कोटेदार सोनावा के अनिल सिंह इनके ऊपर पांच हजार जुर्माना लगाया गया है खेमापुर की उषा सिंह इनके ऊपर दो हजार जुर्माना लगाया गया है चक कोडार के जितेंद्र कुमार के ऊपर दो हजार जुर्माना लगाया गया है रघु पट्टी के शिवपूजन के ऊपर 2000 जुर्माना लगाया गया है बस्तीपुर के अब्दुल गफ्फार के ऊपर 10000 का जुर्माना लगाया गया है।

रोहन पारा के कोदई राम के ऊपर 2000 का जुर्माना लगाया गया है इसी तरह से कोटेदार पर यह इंद्रजीत सिंह के ऊपर 2000 का जुर्माना लगाया गया है जुर्माने की रकम कोटेदारों के द्वारा सरकारी खाते में जमा करा दी गई है उक्त जानकारी देते हुए पूर्ति निरीक्षक भीटी संजू सिंह ने बताया है कोटेदारों को सख्त चेतावनी दी गई है इनके द्वारा भविष्य मे यदि किसी भी तरह की अनियमितता पाई गई तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## स्कूली वाहनों के फिटनेस के लिए 27 से लगेगा कैम्प

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**एआरटीओ** का निर्देश है कि जनपद के सभी विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य को निर्देशित किया जाता है कि स्कूली वाहनों की फिटनेस कराने के लिए परिवहन विभाग द्वारा विशेष कैंप का आयोजन 27 जून और 29 जून को किए जाने का निर्णय लिया गया है मानक के अनुरूप स्कूली वाहनों को तैयार करा कर विशेष कैंप में फिटनेस कराया जा सकता है वर्तमान में जनपद की कुल 428 स्कूली वाहनों का फिटनेस है जिनका पंजीयन निलंबित किया जा चुका है विशेष कैंप के पश्चात 1 जुलाई से वाहनों का पंजीयन वाहन स्वामियों से अनुरोध है कि अपनी वाहनों को तैयार करा कर फिटनेस कराना सुनिश्चित करें जिससे बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से वाहनों की फिटनेस होना अति आवश्यक है।

# आपातकाल का विरोध करने वाले लोकतंत्र सेनानी सम्मानित

**अयोध्या।** भारतीय लोकतंत्र के काले अध्याय आपातकाल को 47 वर्ष पूरे होने पर सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आपातकाल का विरोध करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने कहा कि इमरजेंसी के दौरान पुलिस की बर्बरता व तानाशाही को याद करने के बाद आज भी लोगो के मन में डर की झलक आ जाती है।



उन्होने कहा कि लोकतंत्र को फिर से स्थापित करने व तानाशाही मानसिकता को हराने के लिए अपना सबकुछ कुर्बान करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करना गौरवपूर्ण क्षण है। कार्यक्रम के दौरान लोकतंत्र सेनानी सांसद लल्लू सिंहए पूर्व मंत्री अनिल तिवारीए आदित्य मिश्रा व कमलाशंकर पाण्डेय को अंगवस्त्र भेंट करके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने यातनाओं को सहते हुए सरकार के आपातकाल लागू करने के निर्णय का विरोध किया। तानाशाह सरकार के खिलाफ विपरीत परिस्थितियों भी आवाज उठायी। उनके योगदान के फलस्वरुप लोकतांत्रिक मूल्यों की पुर्नस्थापना हुई। पूर्व मंत्री अनिल तिवारी ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले इतिहास के रुप में दर्ज है। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस सरकार का तानाशाही रवैया आज भी लोगो के जेहन में है। लोकतंत्र सेनानियों ने तानाशाही सरकार के खिलाफ अपना सबकुछ दांव पर लगा दिया। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि आपातकाल में उठने हर आवाज को सरकार बर्बरता पूर्वक दबाने का प्रयास करती थी। जेलों में बंद होने के बाद लोकतंत्र सेनानियों के उत्साह में कोई कमी नहीं आयी। महानगर व जिले के संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन अयोध्या महानगर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी, क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, राघवेन्द्र पाण्डेय, शैलेन्दर कोरी, डा. राकेश मणि त्रिपाठी, तिलकराम मौर्या, दिवाकर सिंह, आकाश मणि त्रिपाठी, आशा गौड़, रवि शर्मा सहित बड़ी संख्या में महानगर व जिले के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

# घरौनी अभिलेख वितरण में जिले के दो लाभार्थी शामिल



संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**मुख्यमंत्री** उत्तर प्रदेश द्वारा आज ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) का वितरण लोकभवन में किया गया, जिसमें कुल लगभग 11 लाख घरौनियों का डिजिटल वितरण किया गया। लोक भवन लखनऊ में आयोजित घरौनी वितरण कार्यक्रम में जनपद-अम्बेडकरनगर से दो लाभार्थी एक तहसील टाण्डा से तथा एक तहसील अकबरपुर से शामिल हुए। मुख्यमंत्री के घरौनी कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद अम्बेडकरनगर की समस्त तहसीलों एवं जिला मुख्यालय पर दिखाया गया। मुख्यमंत्री के कर कमलों माध्यम से जनपद की समस्त तहसीलों द्वारा घरौनी वितरण के तुरन्त बाद जन प्रतिनिधियों में कुल 337 घरौनियों का वितरण किया गया। जिला मुख्यालय पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की उपस्थिति में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर वर्मा उर्फ साधूवर्मा द्वारा ग्राम-हाजीपुर मरुई की घरौनी का वितरण किया गया। जनपद अम्बेडकरनगर में 176 ग्रामों की तैयार कुल लगभग 19200 घरौनियों का वितरण लेखपालों के माध्यम से कराया जा रहा है।

# आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव का किया गया आयोजन

**अयोध्या।** आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में पूरे देश में कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इन कार्यक्रमों की रुपरेखा को अंतिम रुप देने के लिए अवध विश्वविद्यालय के आईटी कैम्पस प्रबन्धकीय संकाय में महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को प्रारम्भ हो गयी। 27 जून को इसका समापन किया जायेगा। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पूरे देश के अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय पदाधिकारी व सभी प्रांतो के प्रदेश अध्यक्ष महामंत्री सहित 250 शिक्षाविदों के द्वारा चर्चा की जायेगी।

महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व कुलपति राजस्थान प्रो जगदीश प्रसाद सिंघल ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षकों की सेवाए भर्ती व समस्याओं के साथ राष्ट्र पहले और उससे भी पहले शिक्षाए इस विचारधारा को लेकर चलता है। वर्तमान में महासंघ के 12 लाख सदस्य है। अमृत महोत्सव को लेकर




महासंघ के द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। 1 अगस्त को एक लाख से अधिक स्कूलों में अमृत महोत्सव मनाया जायेगा। यहां भारत माता का चित्र स्थापित किया जायेगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जायेगा। स्वतंत्रता संग्राम से कई ऐसे नायक है जो गुमनाम है। महासंघ के द्वारा उनके सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए एक लाख 80 हजार स्कूलों की सूची बनायी गयी है।

उन्होने बताया कि इंडिया से भारत की ओर विषय को लेकर जिला स्तर पर व्याख्यान का आयोजन किया जायेगा। हम यह बताने का प्रयास करेंगे कि हम पुराने समय में क्या थे और आज किया है। भारत पहले विश्वगुरु था पर अब क्यों नहीं है। इसके साथ में 75 विश्वविद्यालयों में दो दिन के सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। अमृत महोत्सव के कार्यक्रम में विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जायेगा। एक हजार महाविद्यालयों में अगस्त के महीनें में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जायेगा।

उन्होने बताया कि महासंघ की बैठक में इसकी व्यूह रचना को अंतिम रुप दिया जा रहा है। एक लाख स्कूलों में जाने वालों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे पूरे देश में जागरण हो सके। हम आजादी के सपूतों के बारें में जानकारी दे सके। इसके साथ में मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ कार्यक्रम के तहत विद्यालय को तीर्थ के रुप में मानकर काम किया जायेगा। शिक्षार्थियों के द्वारा विद्यालय को गोद लेकर उसमें परिवर्तन किया जायेगा। महासंघ एक शिक्षक एक वृक्ष योजना के तहत कार्य करेगा। इसमें एक शिक्षक एक वर्ष में एक पौधा लगायेगा। जिसका वह पालन पोषण करेगा। हर वर्ष उस वृक्ष की जयंती मनायेगा। इस पूरे आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार के प्लास्टिक का प्रयोग वर्जित रहेगा। प्रेस वार्ता के दौरान नारायन लाल गुप्ता, शेखर चन्द्र गेय, शिवानंद सिंदकेरा व रोहित पाण्डेय उपस्थित रहे।

# अयोध्या रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य को अब मिल गयी गति

**अयोध्या।** सासंद लल्लू सिंह के प्रयास तथा रेल मंत्रालय व उत्तर प्रदेश सरकार की आपसी वार्तालाप के परिणाम स्वरुप अयोध्या रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य को गति मिल गयी है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 93 हजार 510 वर्गमीटर नजूल की सरकारी जमीन रेलवे विभाग को दी जायेगी। इस जमीन के मूल्य की दूसरी भूमि रेल विभाग उत्तर प्रदेश सरकार उपलब्ध करायेगा।

सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि अयोध्या रेलवे स्टेशन के प्रथम फेज के विस्तार तथा द्वितीय फेज के लिए जमीन की आवश्यकता थी। जमीन उपलब्ध न हो पाने के कारण प्रथम तथा द्वितीय फेज का कार्य बाधित था। जिसको लेकर रेलवे विभाग व उत्तर प्रदेश सरकार के बीच लगातार वार्ता हो रही थी। जिसमें रेलमंत्री व रेलवे प्रशासन के प्रयासों के फलस्वरुप उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को 93510 वर्ग मीटर जमीन रेलवे को देने का निर्णय लिया है। उन्होने बताया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार के प्रयासों के फलस्वरुप अयोध्या वैश्विक पयर्टन के मानचित्र पर स्थापित हो गया है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं व पयर्टकों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी है। आने वाले समय में यह संख्या कई गुना ज्यादा होने वाली है। श्रद्धालुओं व पयर्टकों को विश्व मानकों के अनुसार सुविधाएं देने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। जिसके लिए अयोध्या को योजनाओं की श्रंखलाएं मिली है। अयोध्या को विश्व की सर्वोत्तम नगरी बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुसार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रयासरत है। भव्य रुप से निर्मित अयोध्या रेलवे स्टेशन पयर्टकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगा। अयोध्या रेलवे स्टेशन के प्रथम व द्वितीय फेज के अपेक्षित जमीन प्रदान करने के लिए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या के महंतोए संतोए श्रद्धालुओं व आम जनता के तरफसे धन्यवाद।

# चेकिंग अभियान में विद्युत चोरी करने वालों का हुआ विच्छेदन

**अम्बेडकरनगर।** अधिशाषी अभियन्ता ई0 विनय कुमार के नेतृत्व में विद्युत वितरण खण्ड, अकबरपुर (अम्बेडकर नगर) के अन्तर्गत 'लोरपुर ताजन' में सघन विद्युत चेकिंग एवं राजस्व वसूली अभियान चलाया गया। अधिशाषी अभियन्ता इं0 विनय कुमार के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी-अकबरपुर सज्जाद आलम, विजिलेंस प्रभारी शिव सिंह मीणा, जेई राम जनम, जेई अंकित राज, लाइन स्टाफअजय वर्मा, शिवराज, लालचंद्र, अरविन्द, सहित कुल 30 कार्मिकों के साथ प्रात: 07:15 बजे से ही चेकिंग अभियान प्रारम्भ किया गया तथा बड़े बकायेदारों एवं चोरी से विद्युत का उपयोग कर रहे व्यक्तियों के विद्युत लाइनों को विच्छेदित किया गया।

चेकिंग में सलमान पुत्र मो0 अलीस और तौहीद गारमेंट्स ब/व रफीक बिना संयोजन के विद्युत का उपयोग करते पाए गए। 08 लोगों क्रमश: रसूल अहमद पुत्र हुसैन अली, अफसाना खातून पत्नी मोहम्मद नसीम, मोहम्मद असलम पुत्र राशिद अली, उपयोगकर्ता कैसर बेगम पत्नी स्वर्गीय खादिर हुसैन, सैयद एजाज हुसैन, उपयोगकर्ता जावेद अब्बास, नान्हू पुत्र झपसी और अमीना खातून पत्नी शाहिद हुसैन द्वारा मीटर के पहले ही केविल काटकर मीटर बाईपास कर बिजली का उपयोग करते पाये गये। इनके सभी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। चेकिंग के दौरान मुन्नी लाल गुप्ता पुत्र राम अवध, शोभावती, अब्दुल्ला पुत्र रहमतुल्लाह, शशिकला पत्नी जियालाल, प्रेम चंद्र पुत्र मिश्रीलाल, रामदेव गुप्ता पुत्र रामसहाय गुप्ता, सुनील कुमार पुत्र हीरालाल सहित कुल 13 लोग द्वारा घरेलू संयोजन पर वाणिज्यिक विद्युत का उपयोग करते पाये गये। इनके विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही की जा रही है। बकाएदार मलीना का रु0 0.81 लाख, अंगद प्रसाद का रु0 0.62 लाख, नजमा का रु0 0.77 लाख, मो0 अमीन का रु0 0.72 लाख सहित कुल 28 लोगों का विद्युत लाइन विच्छेदित किया गया। इसमें से कई लोगों द्वारा एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत अपने बिलों का भुगतान भी किया गया। इस दौरान अपने बिलों का भुगतान करने हेतु मरैला उपकेंद्र के बिलिंग काउण्टर एवं खण्ड कार्यालय के काउंटर पर लाइन लगी रही। दोपहर 02 बजे तक खंड के अंतर्गत संचालित सभी काउंटर पर लगभग 430 लोगों द्वारा लगभग 19.65 लाख का भुगतान किया गया। चेकिंग के दौरान लोगों को अवगत कराया गया कि वर्तमान में एक मुश्त समाधान योजना लागू है जिसमें घरेलू निजी नलकूप एवं 05 किलोवाट भार तक वाणिज्यिक उपभोक्ता अप्रैल-2022 तक के शत-प्रतिशत ब्याज माफी का लाभ ले सकते हैं।

## 27 को होगा उप्र कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड की शाखा का शुभारम्भ

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**उत्तर प्रदेश** कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड की नयी शाखा का शुभारम्भ जिले में 27 जून 2022 दिन सोमवार को हो रहा है। वहां नागरिक बचत/चालू खाता व तमाम प्रकार के ऋण, बीमा की सुविधा आसानी से पा सकेंगे। नवस्थापित उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड की शाखा अकबरपुर बसखारी मार्ग, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के सामने स्थित है। जिसका शुभारम्भ 27 जून को पूर्वाह्न 11 बजे होगा।

उल्लेखनीय है कि उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड की 13 नयी शाखाएं खुलने से अब पूरे प्रदेश में कुल चालीस शाखाएं, सत्तरह क्षेत्रीय कार्यालय व अट्ठाइस भुगतान कार्यालय है। उक्त जानकारी उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक अम्बेडकरनगर के मुख्य प्रबंधक प्रदीप कुमार विकल ने देते हुए कहा कि अगामी 27 जून को अम्बेडकरनगर जनपद समेत प्रदेश में 13 नयी शाखाओं का शुभारम्भ एक साथ होगा। उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा कि इस बैंक में गृह, कार, गोल्ड, शिक्षा, व्यवसायिक वाहन, व्यक्तिगत, दो पहिया वाहन, टॉपअप गृह ऋण, सम्पत्ति के विरुद्ध ऋण, डेयरी, पोल्ट्री, मत्स्य आदि तमाम प्रकार के ऋण दिए जाने की योजनाएं है। चीफ मैनेजर विकल ने जिले के नागरिको से अपील किया है कि 27 जून 2022 दिन सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे जिला मुख्यालय के अकबरपुर बसखारी मार्ग स्थित डीआईओएस कार्यालय के सामने, पीजीपी इण्टरप्राइजेज के बगल नवस्थापित उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक पहुंचकर शुभारम्भ कार्यक्रम को सफल बनावे। श्री विकल ने कहा कि बैंक से लेन देन करने वालें सभी ग्राहको का स्वागत है। उनके सुझाव आमंत्रित है। शिकायतो का त्वरित निस्तारण होगा। प्रयास यह रहेगा कि बैंक का कोई भी ग्राहक असंतुष्ट न रहे।

# बकरीद पर मस्जिदों व ईदगाहों के आस पास विशेष सतर्कता बरती जाए

**अयोध्या।** जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ईदुज्जुहा (बकरीद) का स्थौहार स्थानीय चन्द्र दर्शन के अनुसार दिनांक 10/11 जुलाई 2022 को मनाया जाना सम्भावित है। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के शिया-सुन्नी वर्ग द्वारा जनपद के प्रमुख ईदगाहों व मस्जिदों में सामूहिक रूप से नमाज अदा की जाती है और जानवरों की कुर्बानी किये जाने की परम्परा है। कुर्बानी कार्यक्रम तीन दिन तक चलता है। पर्व के अवसर पर छोटी-छोटी बातों को लेकर एका.एक तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो जाती है और अवांछनीय तत्व स्थिति का लाभ उठाकर साम्प्रदायिक दुर्भावना फैलाने का प्रयास कर सकते हैं, अतएव ऐसे तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी दृष्टि रखी जाय तथा मस्जिदों व ईदगाहों के आस-पास विशेष सतर्कता बरती जाय। संवेदनशील स्थानों पर चैकसी एवं जिले में सौहार्द का वातावरण कायम रहेए इसके लिए समुचित प्रबन्ध पूर्व से ही सुनिश्चित कर लिये जाय ताकि त्यौहार पर अमन.चैन कायम रहे तथा कट्टरपंथियोंए असामाजिक तत्वों एवं समाज विरोधी ताकतों द्वारा कुत्सित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु ऐसे कार्य न किये जा सकेंए जिससे कानून व्यवस्था व साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित हो। उन्हें पूर्व से ही चिन्हित करके उनकी गतिविधियों पर निरन्तर कड़ी दृष्टि रखना आवश्यक है।

जिला मजिस्ट्रेट ने नगर मजिस्ट्रेट तथा रेजीडेण्ट मजिस्ट्रेटए अयोध्या एवं समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट तथा अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) व अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) अपने.अपने सम्पूर्ण आवंटित क्षेत्रों में अपने काउन्टर पार्ट पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक तथा अन्य ड्यूटी में लगे मजिस्ट्रेट/पुलिस बल से समन्वय बनाकर आवश्यक शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ ही कोविड.19 के दृष्टिगत अद्यतन दिशा.निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु उत्तरदायी होंगे एवं यह भी सुनिश्चित करेगें कि कोई नयी परम्परा प्रारम्भ न होने पाये। समस्त क्षेत्रीय मजिस्ट्रेटए जनपद अयोध्या अपने.अपने क्षेत्र में पुलिस क्षेत्राधिकारियों से समन्वय करते हुए मुस्लिम धर्म गुरुओंए मौलानाओंए सम्बन्धित कमेटियों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों से सम्पर्क व संवाद करके शान्ति समितियों की बैठक समय से सम्बंन्धित पुलिस थाना व चैकी में कराना सुनिश्चित करेंगे और अपने.अपने क्षेत्रों में कार्यदायी विभागों से अपेक्षित कार्य समय से संबंधित विभागीय अधिकारियों से आवश्यक समन्वय करते हुए कराएंगे जिससे पर्व के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने नगर आयुक्तए समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतए सीईओ कैण्ट बोर्ड अयोध्याए जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अपने.अपने क्षेत्रों में साफसफाई, प्रकाश एवं शुद्ध पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाय एवं मार्गों में यदि गड्ढे हो तो ठीक कराया जाय।

# डीएम ने विद्यालय गौशाला का किया निरीक्षण

### ● खामियां मिलने पर मातहतों को लगाई फटकार

संवाददाता। कचनार सीतापुर



**शनिवार को** ऐलिया ब्लॉक के भोगीपुर प्राथमिक विद्यालय पहुंचे डीएम अनुज सिंह ने विद्यालय की लाइब्रेरी के रखरखाव व परिसर गन्दी में गन्दगी देख सफाई के बीडीओ ऐलिया को दिए निर्देश। जिसके बाद बन्द पड़े हैंड वाश व शौचालय में गन्दगी और नल की पाइप टूटी देख सही कराने के दिये निर्देश। विद्यालय में रखे बैडमिंटन देख बच्चों को बुलाकर खेल के बारे में ली जानकारी। डीएम का पारा उस टाइम हाई हो गया जब डीएम बीडीओ विकास सिंह,सेक्रेटरी नन्हे लाल को विद्यालय की साफसफाई व नल सही कराने का आदेश दे रहे थे वहीं पर मौजूद विद्यालय के प्रधानाध्यापक अलाउद्दीन को हंसी का गयी। जिस पर डीएम ने कहा तुम नौकरी नहीं करना चाहते हो। फटकार लगाते हुए साथ मे मौजूद खण्ड शिक्षाधिकारी से बोले इनका तुरन्त बेहटा अटैचमेंट कर दीजिए। जिसके बाद डीएम भोगीपुर गांव के ही पंचायत भवन पहुंचे जहां पर सेक्रेटरी नन्हे लाल से पूंछा तुम कहाँ बैठते हो। जिस पर सेक्रेटरी ने वहीं पर बने सचिव कक्ष में खुद को बैठना बताया जिसमें ताला लगा हुआ था जिस पर डीएम ने ताला खोलने को कहा। ताला खोलने पर देखा कि उसमें सिर्फ मेज पड़ी थी कुर्सी तक नहीं थी जिस पर डीएम ने कहा हवा में उड़ते हो। जिस पर सेक्रेटरी नन्हे लाल ने कहा सर 10 दिन हुए है हमको इस गांव आये डीएम ने कहा 10 दिन में कोई जानकारी नहीं सुधर जाओ। डीएम का निरीक्षण वहीं नहीं रुका उसके बाद वह देवई गौशाला पहुंचे जहां पर हरा चारा व भूसे का स्टॉक न देख नाराजगी जताई। गौशाला परिसर में जगह जगह लगे गोबर के ढेर देख कहा कि हर जगह आदेश कर दो जहां गोबर के ढेर गौशाला में हैं उनको उठवा कर ग्राम पंचायत में चल रहे पौधा रोपड़ के लिए भेजवाया जाए। डीएम का पारा उस टाइम और हाई हो गया जब गौशाला में पड़े एक बीमार गौवंश की आंखों में कीड़े पड़े देखे। जो उठने चलने की हालत में नहीं था। जिस पर पशुचिकित्सा अधिकारी ऐलिया संजय सिंह को जमकर फटकार लगाई और कहा इसका इलाज करो मर गया तो तुम नौकरी नही कर पाओगे। बाकी पूरे निरीक्षण में जो खामियां मिली उसके लिए बीडीओ ऐलिया विकास सिंह से सुधार कराने के निर्देश दिए। पूरे निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर अनिल कुमार भी मौजूद रहे।

## पीलीभीत सड़क हादसे के मृतक आश्रितों को मिलेगी 23.50 लाख की सहायता

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पीलीभीत.पूरनपुर मार्ग पर ग्राम गजरौलाकला तहसील व जिला पीलीभीत में गत 23 जून को हुई सड़क दुर्घटना में जनपद खीरी के 11 मृतकों के आश्रितों व तीन घायलों को क्रमशः 2 लाख एवं 50 हजार की दर से 23०50 लाख की सहायता मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से स्वीकृत हुई। डीएम ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जनपद खीरी के 11 मृतकों के आश्रितों को 2.2 लाखए तीन घायलों को 50.50 की धनराशि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्रदान की जाएगी। जिसकी स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन से जिले को प्राप्त हो गई है। जल्द ही मृतकों के आश्रितोंए घायलों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से अनुमन्य धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## क्विक न्यूज

### मंदिर व स्मारक जाने वाले रास्ते को बंद कर रहे दबंग !

**थाना रामकोट ग्राम धरमपुर संराय भाट का मामला, पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर लगाई गुहार**

**सीतापुर।** थाना रामकोट के ग्राम धरमपुर सरांय भाट के रहने वाले पीड़ित मधुरेश वर्मा ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है, प्रार्थना पत्र में गांव के ही लोगो पर मंदिर व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बने स्मारक पर जाने वाले रास्ते को दबंगो द्वारा कब्जा किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि कई बार थाने में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित का कहना है कि पहले भी इसी रास्ते पर दबंग अतिक्रमण कर चुके है लेकिन उस समय के जिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई करते अतिक्रमण हटवा दिया था। जिलाधिकारी कार्यालय प्रार्थन पत्र देने के बाद पीड़ित ने पायनियर से कहा कि जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए जिससे आमजन को राहत मिले।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष का बेटा लापता

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर के भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष मौर्य ने कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह को लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका 15 वर्षीय पुत्र आशीष मौर्य सीतापुर स्थित आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 7 का छात्र है। विगत 23 जून को अपने पैतृक निवास मुगलपुर से शाम 4 बजे प्राइवेट बस संख्या यूपी 40 टी 7655 द्वारा सीतापुर अपने फूफा गौरीशंकर निवासी ग्रीन फील्ड के निकट टेड़वा चिलौला के घर जाने के लिए निकला था, परंतु वह निश्चित समय पर वहां नहीं पहुंचा। पीड़ित द्वारा काफी खोजबीन की गई परंतु अब तक आशीष का कोई भी पता नहीं चल सका है। पीड़ित संतोष मौर्य ने कोतवाली में अपने पुत्र आशीष मौर्य की गुमशुदगी, अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### किसान मजदूर संगठन की हुई बैठक

**लहरपुर सीतापुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की बैठक वर्मा मार्केट ठठेरी टोला लहरपुर में की गई। जिसकी अध्यक्षता युवा मण्डल अध्यक्ष अजीत कुमार और संचालन युवा मंडल महासचिव चांद पहलवान ने किया। बैठक में जनपद सीतापुर की युवा जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें युवा जिलाध्यक्ष रोहित कुमार, युवा जिला उपाध्यक्ष रामसागर वर्मा, जिला सचिव अतुल कुमार, जिला संगठन मंत्री नेता सिंह, लहरपुर तहसील सचिव निर्मल मौर्य, ग्राम अध्यक्ष खेरुल्लापुर सुमित मौर्य को सर्व सम्मति से नियुक्ति किया गया। इस मौके पर अजीत कुमार युवा मंडल अध्यक्ष लखनऊ, तहसील अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, सादाब सिद्दीकी आदि मौजूद थे। वहीं, कोतवाली पुलिस द्वारा किसान नेता अजीत कुमार को उनके ही घर पर नजर बंद कर दिया गया ताकि किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन न कर सकें।

### जालंधर में सम्पन्न हुई 11वीं वोवीनाम मार्शल आर्ट चैम्पियनशिप

**सीतापुर।** जालंधर में संपन्न हुई 11वीं राष्ट्रीय वोवीनाम मार्शल आर्ट चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के सीतापुर की गुरुकुल ताइक्वांडो एकेडमी व कोरियन मार्शल आर्ट एकेडमी के प्रतिभागियों ने अलग-अलग भार वर्ग में निकाला पदक। जिसमें सब जूनियर वर्ग में रिदम मलिक ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जूनियर वर्ग में कार्तिकेय केसरवानी ने रजत सीनियर वर्ग में अनुज शर्मा ने रजत पदक तथा सीनियर बालिका वर्ग में आन्या मलिक ने रजत पदक अर्जित किया, सब जूनियर वर्ग में यश श्रीवास्तव ने कांस्य पदक तथा अंसब बिन खालिद ने कांस्य पदक प्राप्त किया और जूनियर वर्ग में उत्कर्ष त्रिवेदी ने कांस्य तथा दिव्यांशु रस्तोगी ने जूनियर वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। डीएम अनुज सिंह ने सभी प्रतिभागियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर कोरियन मार्शल आर्ट्स के प्रशिक्षु शीतांशू दीक्षित व प्रतिभागियों के अभिभावक मौजूद थे।

### सिधौली में जिला कार्यसमिति की बैठक

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, सीतापुर सांसद राजेश वर्मा के साथ जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा के साथ सिधौली विधायक मनीष रावत मौजूद रहे। शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ने कहा कि इस बार भाजपा ने सीतापुर से 8 विधानसभा सीटें जीती हैं। अगली बार 9 की 9 सीटें जीती जाएंगी। इस मौके पर युवा मोर्चा किसान मोर्चा महिला मोर्चा एवं अन्य मोर्चों के साथ पार्टी के कई पदाधिकारी तथा सदस्य मौजूद थे।

**गड्ढों में तब्दील हुई स्व. गिरजा दयाल मिश्रा महाविद्यालय जाने वाली सड़क**

# बरई जलालपुर-मखुवापुर से नेशनल हाईबे से जोड़ने वाली सड़क खस्ताहाल

### ● जलालपुर से लगाकर मखुवापुर मार्ग की मरम्मत में की गई खानापूर्ति बनी मुसीबत

संवाददाता। सीतापुर

**सरकार की** गड्ढा मुक्त सड़क की मंनसा पर लोक निर्माण विभाग खरा नहीं उतर रहा है। यही कारण है कि थोड़े ही दिनों में जलालपुर से मखुवापुर जाने वाली रोड फिर से खस्ताहाल हो गई इसी सड़क पर स्वर्गीय गिरजा दयाल मिश्रा महाविद्यालय स्थित है आने जाने वाले विद्यार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़के गड्ढों में तब्दील हो गई हैं जिसके कारण वाहन हिचकोले खाते निकलते नजर आते हैं। इस सड़क की मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति लगभग 2 माह पहले की गई थी जो चंद दिनों बाद फिर से गड्ढों में तब्दील हो गई सड़क के गड्ढों में पानी भर जाता है बजरी उखड़ी पड़ी है जिस कारण आए दिन कोई न कोई रपट कर चोटिल होता है। जो सड़क लगभग 100 गांव को नेशनल हाईवे से जोड़ती है सड़क पर हजारों की तादात में प्रत्येक दिन राहगीरों का आवागमन होता है। इस मार्ग पर महाविद्यालय भी स्थित है जिस कारण छात्र-छात्राओं का भी आवागमन रहता है । सर्वेश कुमार ,विकास मिश्रा, राजन मिश्रा, बद्री भार्गव, जितेंद्र कुमार ,पुनीत कुमार, लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि सड़क गड्ढा मुक्त कराई जाए जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे।

# कैप्टन मनोज पांडेय की जयंती पर दी श्रद्धाजंलि

संवाददाता। सीतापुर



**भारत तिब्बत** सहयोग मंच के जिलाध्यक्ष प्रभात अग्निहोत्री व युवा समाजसेवी सागर गुप्ता ने सीतापुर जिले के एक मात्र परमवीर चक्र विजेता अमर बलिदानी कैप्टन मनोज कुमार पांडेय की 47वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सागर और प्रभात ने अपने साथियों के साथ कैप्टन मनोज पाण्डेय स्मॉर्क की साफसफाई कर पुष्पांजलि अर्पित की। महज 24वर्ष की युवा अवस्था में कारगिल युद्ध में अपने प्राणों का बलिदान देकर देश का मान बढ़ाने वाले परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पाण्डेय को हम बारम्बार नमन करते है। मनोज पाण्डेय द्वारा युद्ध में किया गया अपना सर्वोच्च बलिदान युगों युगों तक आने वाली पीढ़ियों को देश सेवा के लिए प्रेरणा देगा। इस मौके पर राहत गुप्ता, आयुष गुप्ता, सुमित गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, रंजीत निषाद, रंजय पाल, रामखेलावन पाल, संदीप मौर्य, हसीब गाजी, राहुल, शानू, अभिषेक वर्मा, वैभव मिश्र आदी लोगो ने श्रद्धासुमन अर्पित करें।

# जिपं सदस्य और टोल प्लाजा कंट्रोलर ने लगाया नेत्र शिविर

संवाददाता। सीतापुर

### ● लाभार्थियों को वितरित किया चश्मा

**सड़क परिवहन** एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से एकलव्य फाउंडेशन लखनऊ द्वारा आयोजित ट्रक चालकों के लिए निरूशुल्क आंखो की जांच एवं चश्मा वितरण सात दिवसीय शिविर जनता ढाबा खैराबाद टोल प्लाजा सीतापुर में छठे दिन के अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्री दीपक शुक्ला जी एवं टोल प्लाजा कंट्रोलर श्री शैलेन्द्र अवस्थी जी ,मयंक महावर जी ने कुछ ट्रक चालको को चश्मा वितरित किया। अतिथियो ने बताया कि माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी की योजना निश्चित ही ट्रक ड्राइवरों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी तथा आने वाले दिनों में चश्मा मिल जाने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगेगा क्योंकि ट्रक चालकों को रात्रि में बगैर चश्मे के साफ नहीं दिखाई पड़ता है चश्मा मिलने से रात में भी उनको साफ दिखाई देगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। संस्था के पदाधिकारियों ने अतिथियो को माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं आभार व्यक्त किया और बताया कि ट्रक ड्राइवर अपना लाइसेंस साथ लेकर आएं और चश्मा निरूशुल्क लेकर जाये। इस अवसर पर संस्कृति महाविद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनुज बाजपेई जी वरिष्ठ समाज सेवी श्री सुनील शुक्ला, वरिष्ठ समाज सेवी फ्लेश बाजपेई जी नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉक्टर आफ्ताब रजा असिस्टेंट मोहित कुमार कोऑर्डिनेटर पंकज वर्मा,वंश अग्रवाल सचिन गुप्ता, कृष्णा श्रीवास्तव, राशिद,लाल मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**माह के** चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस व भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी संजीव सुमन ने थाना फूलबेहड़ में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचेए जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।थाना समाधान दिवस थाना फूलबेहड़ में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राजस्व.पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीडि़तों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम व तहसीलदार को अवगत कराएंए ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। एसपी संजीव सुमन ने कहा कि अशांति का माहौल पैदा करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करें। बेहजम संवाददाता के अनुसार जून माह के चौथे शनिवार को थाना नीमगांव में समाधान दिवस का आयोजन प्रशिक्षु सीओ आदित्य कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस में फरियादियों की काफी भीड़ दिखाई दी। थाना समाधान दिवस पर लोगों की शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनने के बाद सीओ आदित्य कुमार ने गांव में जाकर रास्ते नाली व थरिया गांव में प्रधान के द्वारा तालाब खुदाई में व्यवधान उत्पन्न करने वालों को चिन्हित कर समस्या को हल करने पर जोर दिया। वहीं मौके पर पहुंचे दोनों पक्षों की बात सुनते ही मामले सुलझाये भी गये। समाधान दिवस में पति पत्नी के परिवारिक मामलों को महिला थाने से निपटाने पर जोर दिया गया। समाधान दिवस में थाना प्रभारी देवेन्द्र गंगवार के साथ साथ चौकी प्रभारी बेहजम सुनील बाबू अवस्थी दरोगा करुणा शंकर मिश्रा एसआई हरिनाथ सिंह व गौरव सिंह सहित राजस्व निरीक्षक शैलेश अवस्थी के साथ क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस स्टाफ के साथ काफी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

# दो माह में 58 अति कुपोषित बच्चों की सेहत सुधरने का दावा



**लखीमपुर खीरी।** संपूर्ण सुपोषण अभियान के तहत अति कुपोषित सैम श्रेणी के 58 बच्चों को कुपोषण से मुक्ति मिलने का प्रशासन ने दावा किया। दावे के मुताबिक इसमें डीएम का गोद लिया बच्चा गुड्डू भी शामिल है। सूचना विभाग द्वारा जारी प्रेस नोट के मुताबिक सभी सैम से सामान्य श्रेणी तक आने वाले 58 बच्चों को संपूर्ण सुपोषण अभियान के तहत अफसरों ने गोद लिया। इनका नियमित अनुश्रवणए पर्यवेक्षण किया। इसमें स्थानीय आंगनबाड़ी व सहायिकाओं ने भी बड़ी भूमिका निभाई। प्रत्येक माह गोद लिए अ ?सरो ने इन्हें सुपोषण किट उपलब्ध कराई। इन 58 बच्चों को सीएमओ डाण् शैलेंद्र भटनागर व उनकी टीम ने स्वस्थ व सामान्य घोषित किया।

शनिवार को डीएम अपने गोद लिए ब्लॉक फूलबेहड़ के गांव मैनहा पहुंचे। डीएम ने गोद लिए मैनहा गांव के अति कुपोषित श्रेणी के दो बच्चों ;दो माह के गुड्डू व एक वर्षए 11 माह की लक्ष्मीद्ध के अभिभावकों को सुपोषण किट प्रदान की। डीएम ने दावा किया कि गुड्डू अब सामान्य श्रेणी में आ चुका है। उन्होंने इसका श्रेय सीडीपीओ व आंगनबाड़ी कार्यकत्री को दिया। डीएम ने डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में आंगनबाड़ी केंद्र मैनहा में वजन सप्ताह का दीप जलाकर व फीता काटकर शुभारंभ किया। आंगनबाड़ी केंद्र में नामांकित बालिका 05 वर्षीय अलका का डीएम ने अपने सन्मुख स्टेडियोमीटर से नाप कराइ जो 104 सेमी निकली व वजन 14 किलो निकला। बालिका सामान्य श्रेणी में मिली। संभव अभियान के तहत वजन सप्ताह 25 जून से 30 जून तक चलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्रों में नामांकित सभी बच्चों का वजनए माप कराए। कोई भी बच्चा वंचित न रहने पाए। आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे रोहित ने डीएम को गिनती सुनाईए जिस पर डीएम ने बच्चे को न केवल पुरस्कृत किया बल्कि उसका उत्साह बढ़ाया।

# एएचटीयू टीम के चेकिंग अभियान में मिले महज चार बाल श्रमिक



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**शनिवार को** चलाये जा गए बाल श्रमध् बचपन बचाओ आंदोलन के क्रम में एएचटीयू में नियुक्त प्रभारी निरीक्षक जैनेंद्र कुमार कर्मचारीगण कांस्टेबल आशीष सिंह चौहान कांस्टेबल राजेश यादव व संयुक्त आरपीएफ चाइल्ड लाइन से समन्वयक संतोष राजवंशी रघुवीर द्वारा शहर में स्थित होटल एवं हाइवे पर ढाबा कारखाना ऑटो पार्ट्स दुकानों एवं बस स्टैंड रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर चेकिंग की गयी। मालिकों को हिदायत दी गयी कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को काम पर न रखा जाए। चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन लखीमपुर से ट्रेन में व्यापार करते हुए चार नाबालिग बच्चे पाए गए। इन चारों बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया। इनके मालिकों के विरुद्ध श्रम विभाग द्वारा विधिक कार्रवाई की गई।

# खीरी में हजारों लाभार्थियों को मिली घरौनी की सौगात

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आवासीय अभिलेख ;घरौनीद्ध वितरण के भव्य कार्यक्रम हुए। जिसमें जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने उसका वितरण किया।

कलेक्ट्रेट में ग्रामीण आवासीय अभिलेख ;घरौनीद्ध वितरण का भव्य कार्यक्रम हुआ। इसका शुभारंभ विधायक सदर योगेश वर्माए विधायक श्रीनगर मंजू त्यागीए डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजयए डीएम संजय कुमार सिंह ने किया। विधायक योगेश वर्माए मंजू त्यागीए डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय ने करीब 250 महिलाओं को घरोनी का वितरण किया। इसके अलावा जिले की सभी सात तहसीलों में भी घरोनी वितरण के भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए।



# भूगर्भ जल विभाग के सीनियर हाइड्रोलॉजिस्ट ने किया श्रमदान



**बरेली ।** विकल्प संस्था द्वारा सहसिया गांव में तालाब के निर्माण के लिए चल रहे श्रमदान के 32 वें दिन शहर से रामपुर गार्डन के पार्षद एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी राजेश अग्रवाल तथा भूगर्भ जल विभाग के सीनियर हाइड्रोलॉजिस्ट श्री गणेश सिंह नेगी अपने विभाग के टेक्निकल असिस्टेंट जितेंद्र यादव तथा फील्ड असिस्टेंट अमित और सौरभ के साथ तालाब पहुंचकर श्रमदान में भाग लिया। राजेश अग्रवाल ने विकल्प संस्था के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा की इस तपती दुपहरी में शहर से इतना दूर आकर भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण के निमित्त से तालाब के निर्माण का संकल्प लेना उनकी सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाता है। यह साहस विरले लोगों में ही होता है। राजेश ने तालाब के चारों ओर विकसित किए जाने वाले क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल पार्क के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा बरसात शुरू होते ही वृक्षारोपण करने के लिए आने का वायदा किया। गणेश सिंह नेगी ने श्रमदान से पूर्व आयोजित जल संसद में बच्चों को अपने विभाग की जानकारी दी तथा वर्षा जल को संरक्षित करने में तालाब की भूमिका के बारे में विस्तार से बताते हुए जल बचाने का संकल्प दिलाया। श्रमदान के पश्चात सभी लोग विकल्प संस्था द्वारा ही 2016 में श्रमदान से पुनर्जीवित किए गए पहले तालाब को देखने गए तथा वहां इस मौसम में भी भरपूर पानी तथा उस पर मंडराते पक्षियों और उसमें किल्लोल करती मछलियों को देखकर बहुत प्रसन्न हुए। राज नारायण ने बताया की अभी 8 दिन श्रमदान कार्यक्रम और चलेगा शहर से अधिक से अधिक मित्र श्रमदान में सहयोग कर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करें।

# लेखपाल के कार्य में बाधा डालने वाले दो पुलिसकर्मी गिरफ्त में



**लखीमपुर खीरी।** थाना धौरहरा पुलिस द्वारा ग्राम नयागांव स्थित सरकारी जमीन ;अकृषक भूमिए पानी के रुप में दर्ज अभियलेखद्ध पर अवैध कब्जा करते हुए अवैध निर्माण करने व हल्का लेखपाल द्वारा अवैध अतिक्रमण हटवाने व निर्माण रुकवाने के दौरान सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए भयोतपरत करने के उद्देश्य से संबंधित थाना धौरहरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 379ध्22 व 2ध्3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम में 2 वांछित अभियुक्तों रामबली पुत्र हुलासी व रमाशंकर पुत्र ननकऊ निवासी नयागांव को नयागांव तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक इन्साफ अलीए हेड कांस्टेबल मेघनाथ यादव व कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार शामिल रहे।

### रेलवे के जनरेटर ऑपरेटर की संदिग्ध मौत

**बरेली ।** रेलवे के एक जनरेटर ऑपरेटर की ड्यूटी के दौरान संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई उसकी लाश रेलवे लाइन के पास पाई गई पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।कैंट थाना क्षेत्र के गांव चनहेटी निवासी 36 वर्षीय चंद्रपाल की लाश कल शाम घर से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन किनारे पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि चंद्रपाल रेलवे में जनरेटर ऑपरेटर के पद पर तैनात था और कल दिन में रोजाना की तरह अपनी ड्यूटी पर गया था जहां ड्यूटी के दौरान ही उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई लोगों ने उसकी लाश को रेलवे लाइन के पास देखा और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के अधिकारियों को सूचना दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे घर बालों ने शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू दी मृतक की पत्नी का नाम ज्ञान देवी है।

# असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर

**● सिलचर शहर छठे दिन भी जलमग्न**

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम में** शनिवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी रही और इस प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 118 हो गई है। कछार जिले का सिलचर शहर छठे दिन भी जलमग्न रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण दस लोगों की मौत हुई है जिनमें बारपेटा, धुबरी, करीमगंज और उदलगुरी जिलों के दो-दो व्यक्ति और कछार तथा मोरीगांव के एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। असम राज्य प्रबंधन आपदा प्राधिकरण (एएसडीएमए) द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, 28 जिलों में बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या अब घटकर 33.03 लाख रह गई है, जबकि शुक्रवार तक 30 जिलों में यह आंकड़ा 45.34 लाख था। अधिकारियों ने कहा कि कुछ जिलों में स्थिति में मामूली सुधार हुआ है। नदियों का जल स्तर कुछ हद तक कम हुआ है। हालांकि, धुबरी में ब्रह्मपुत्र और नगांव में कोपिली नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। उपायुक्त कीर्ति जल्ली ने कहा कि कछार जिला प्रशासन बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाने को प्राथमिकता देने के साथ सिलचर में बचाव अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद से भोजन के पैकेट, पीने के पानी की बोतलें और अन्य जरूरी चीजें शहर में वितरित की जा रही हैं तथा यह कार्य तब तक जारी रहेगा जब तक कि स्थिति में सुधार नहीं हो जाता। बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ बाढ़ की स्थिति पर नजर रखने के लिए सिलचर में दो ड्रोन भी तैनात किए गए हैं। सिलचर में ईटानगर और भुवनेश्वर से पहुंचे 207 कर्मियों के साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के आठ दलों तथा 120 कर्मियों वाली एक सैन्य टुकड़ी तथा दीमापुर से लाई गईं नौ नौकाओं को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सिलचर में लगभग तीन लाख लोग भोजन, स्वच्छ पेयजल और दवाओं की भारी कमी से जूझ रहे हैं। एएसडीएमए बुलेटिन के मुताबिक, राज्य में सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित जिला बारपेटा है, जहां 8,76,842 लोग प्रभवित हुए हैं। इसके बाद नगांव (5,08,475), कामरूप (4,01,512) और धुबरी में 3,99,945 लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें कहा गया है कि बाढ़ से 93 राजस्व मंडल और 3,510 गांव प्रभावित हुए हैं, जबकि 2,65,788 लोगों ने 717 राहत शिविरों में शरण ली है। शिविरों में शरण नहीं लेने वाले बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच 409 राहत केंद्रों से राहत सामग्री वितरित की गई।



पश्चिम बंगाल में बारिश से अपने को बचाता एक रिक्शा चालक

## प्रधानमंत्री ने मुझसे असम की राजनीति में बने रहने को कहा: हिमंत

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को दावा किया कि 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए राज्य की राजनीति पर ध्यान केंद्रित करने को कहा था। सरमा ने कहा कि जब वह राज्य के कैबिनेट मंत्री थे तब प्रदेश भाजपा ने सुझाव दिया था कि वह 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ें, लेकिन मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें मना कर दिया। उस समय मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल थे। पिछले साल विधानसभा चुनाव के बाद सरमा मुख्यमंत्री बने और सोनोवाल राज्यसभा के लिए चुने गए और बाद में वह केंद्रीय मंत्री बने। मोदी पर एक किताब का विमोचन करते हुए सरमा ने कहा, यह लोकसभा चुनाव (2019) के लिए टिकट वितरण का समय था। हमारी (पार्टी की) प्रदेश समिति ने सुझाव दिया कि मैं चुनाव लड़ूं। सरमा ने कहा कि उस रात उन्होंने मोदी और शाह से मुलाकात की। इस दौरान, प्रधानमंत्री ने उन्हें असम की राजनीति में बने रहने के लिए कहा।

## बीपीएससी लीक मामला: जदयू से जुड़े निजी कॉलेज का प्रधानचार्य गिरफ्तार

**भाषा।** पटना

**बिहार के** एक निजी कॉलेज के प्रधानाचार्य शक्ति कुमार का नाम बिहार लोकसेवा आयोग (बीपीएससी) प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्य आरोपी के तौर पर सामने आया है और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक इस कॉलेज की संबद्धता की मियाद कई साल पहले ही खत्म हो गई थी, इसके बावजूद उसे कई परीक्षाओं का केंद्र बनाया गया।

मामले की जांच कर रही बिहार पुलिस की आर्थिक अपराधा शाखा (ईओयू) ने बताया कि शक्ति कुमार को गया जिले से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कुमार संध्याकालीन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य थे, जिसकी संबद्धता वर्ष 2018 में ही समाप्त हो चुकी थी। कुमार के कॉलेज को भी आठ मई को हुई बीपीएससी की प्रशासनिक सेवा की प्रारंभिक परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया था। हालांकि, प्रश्नपत्र लीक होने और प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इसे रद्द कर दिया गया था। ईओयू ने बताया कि कुमार राम शरण सिंह संध्याकालीन महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र के अधीक्षक के तौर पर मौजूद थे और उन्होंने प्रश्नपत्र को स्कैन कर व्हाट्सऐप के जरिए कपिल देव नामक व्यक्ति के साथ साझा किया था। ईओयू के मुताबिक सिविल डिफेंस अकाउंट्स में कर्मचारी कपिल देव ने प्रश्नपत्र की स्कैन प्रति इंजीनियरिंग में स्नातक और प्रश्नपत्र लीक गिरोह के कथित मास्टरमाइंड पिंटू यादव को दिया था।

पुलिस ने बताया कि कपिल देव और पिंटू यादव को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के लिए यह तथ्य सामने आने के बाद असहज स्थिति पैदा हो गई है कि शक्ति कुमार के करीबी रिश्ते पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा से हैं। कुशवाहा ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए इस तथ्य से इंकार नहीं किया कि शक्ति कुमार राष्ट्रीय लोक समता पार्टी में अहम पद पर थे जिसकी स्थापना उन्होंने की थी और वह उक्त पार्टी के अध्यक्ष थे। कुशवाहा ने राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का जदयू में विलय कर दिया था। कुशवाहा ने कहा, उन्हें (शक्ति कुमार को) जांच के दौरान कोई लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा, कानून अपना काम करेगा। इस बात की जांच की जानी चाहिए कि कैसे महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया, जबकि उसकी संबद्धता समाप्त हो चुकी थी।

## महाराष्ट्र में केवल सत्ता परिवर्तन नही, बल्कि शिवसेना को कमजोर करने की योजना है: भाजपा नेता का दावा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा को** महाराष्ट्र में सरकार बनाने का दावा पेश करने की कोई जल्दी नहीं है, बल्कि वह तब तक इंतजार करेगी जब तक कि शिवसेना में बगावत के शोर का नकारात्मक असर नगर निगम और नगर निकाय स्तर पर उसकी ताकत पर ना दिखने लगे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने यह दावा किया। इस नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि महाराष्ट्र में मौजूदा सत्ता संघर्ष केवल राज्य में सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं है, बल्कि शिवसेना के समर्थकों को अपने पक्ष में करके हिंदुत्व के मुद्दे पर अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में भाजपा का एक ठोस प्रयास है। भाजपा नेता ने आगे कहा कि इस दिशा में पहला कदम शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के आदर्शों को बनाए रखने का संकल्प लेकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के खेमे को मजबूत करना है, ताकि उनकी तरफ से अधिकतम बागी विधायकों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे के विश्वासघात से भाजपा बेहद परेशान थी, जब उन्होंने दशकों पुराने भगवा गठबंधन को तोड़ते हुए राकांपा और कांग्रेस से हाथ मिलाया था।

उन्होंने कहा कि शिवसेना में दरार महाराष्ट्र विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के गठन के समय से है, लेकिन इसकी अंतिम बानगी 20 जून को विधान परिषद चुनाव की मतगणना के दौरान देखने को मिली। भाजपा और एमवीए सहयोगियों द्वारा उठाई गई कुछ आपत्तियों और जवाबी आपत्तियों पर सोमवार शाम को कुछ घंटों के लिए मतगणना रुकने पर शिवसेना नेताओं को कुछ गड़बड़ होने का अहसास हुआ। शिंदे ने बागी विधायकों के शुरुआती समूह का नेतृत्व किया और उन्हें गुजरात ले गए, जिससे शिवसेना में तोड़फोड़ की योजना को गति मिली। शिंदे के नाराज होने का एक प्रमुख कारण उनके पास मौजूद शहरी विकास विभाग पर मुख्यमंत्री और उनके विश्वासपात्रों का कड़ा नियंत्रण था। वरिष्ठ नेता ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर महाराष्ट्र भाजपा के नेता चुप्पी साधे हुए हैं। पिछले कुछ दिनों में शिंदे खेमे में बागी विधायकों की संख्या बढ़ गई है, जिससे एमवीए सरकार के बने रहने पर सवाल उठ रहे हैं।

## महाराष्ट्र सरकार अल्पमत में, बागी विधायकों को धमकी न दें शिवसैनिक: आठवले

**भाषा।** मुंबई

**केंद्रीय मंत्री** रामदास आठवले ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र की महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन सरकार अब विधानसभा में अल्पमत में है क्योंकि शिवसेना के दो तिहाई विधायक बागी नेता एकनाथ शिंदे के साथ चले गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात करने के बाद आठवले ने संवाददाताओं से कहा, शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे के पास दो तिहाई से अधिक विधायकों का समर्थन है जिसके बाद एमवीए सरकार अल्पमत में आ गई है। फडणवीस ने मुझे बताया कि इस घटनाक्रम में भारतीय जनता पार्टी की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने न तो इस विद्रोह की शुरुआत की है और न ही समर्थन दिया है। भाजपा इंतजार करने की मुद्रा में है। उन्होंने यह भी कहा कि शिवसेना कार्यकर्ताओं को बागी विधायकों को धमकी नहीं देनी चाहिए। आठवले ने कहा, अगर शिवसेना के कार्यकर्ता दादागीरी करेंगे तो हम भी उसी तरीके से प्रतिक्रिया देने में सक्षम हैं। आरपीआई (ए) के अध्यक्ष ने कहा कि 20 जून को महाराष्ट्र विधान परिषद के चुनाव होने के बाद बगावत करने वाले शिंदे के प्रति उनके मन में सहानुभूति है।

## एकनाथ शिंदे के पैतृक गांव के लोगों ने किया उनका समर्थन, उन्हें मुख्यमंत्री बनते देखने की इच्छा जताई

**भाषा।** सतारा (महाराष्ट्र)

**शिवसेना के** बागी नेता एकनाथ शिंदे के महाराष्ट्र के सतारा जिले में स्थित पैतृक गांव डारे के लोगों ने उनका समर्थन करते हुए कहा है कि वह जरुरत पड़ने पर आम लोगों की मदद करते हैं और उन्होंने अब तक जो भी फैसले लिए हैं वह सही साबित हुए हैं। करीब 80 घरों वाले गांव के लोगों का कहना है कि वे शिंदे के साथ मजबूती से खड़े हैं और उन्हें जल्द ही राज्य का मुख्यमंत्री बनते देखना चाहते हैं। गांव के लोगों ने शिंदे को आम आदमी का नेता बताते हुए उनका समर्थन किया है।



शिवसेना के अधिकांश विधायक एकनाथ शिंदे के खेमे में आ गए हैं और असम की राजधानी गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं, जिसके चलते महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार संकट में घिर गई है। असम में इस समय शिंदे के साथ शिवसेना के कम से कम 37 विधायक और 10 निर्दलीय विधायक हैं। शिंदे ने दावा किया है कि उनके नेतृत्व वाला समूह ही "वास्तविक शिवसेना" है। हालांकि, 58 वर्षीय शिंदे सतारा के रहने वाले हैं, लेकिन उन्होंने खुद को मुंबई से लगे ठाणे-पालघर क्षेत्र में शिवसेना के एक प्रमुख नेता के रूप में स्थापित किया है। ठाणे शहर के कोपरी-पछपाखड़ी के मौजूदा विधायक शिंदे को जनहित के मुद्दों के प्रति आक्रामक रुख के लिए जाना जाता है। शिंदे की अगुवाई में शिवसेना के विधायकों के एक समूह द्वारा पार्टी नेतृत्व के खिलाफ मंगलवार को विद्रोह किए जाने से राज्य में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे नीत सरकार संकट में घिर गई है। शिवसेना के अलावा कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी इस गठबंधन का हिस्सा हैं। कोयना नदी के तट पर बसे डारे गांव के लोगों ने कहा है कि वे शिंदे का तहे दिल से समर्थन करते हैं। यह गांव वाई-महाबलेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। डारे गांव में रहने वाले रुपेश शिंदे ने कहा, "हम शिंदे साहब के साथ मजबूती से खड़े हैं। उनके जैसा कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है। वह गरीबों तथा जरुरतमंदों की मदद करते हैं और नियमित रूप से गांव में आते हैं। हमारी शुभकामना हमेशा उनके साथ है। एक अन्य ग्रामीण संपत शिंदे ने एक क्षेत्रीय चैनल को बताया कि शिंदे पिछले 35-40 वर्षों से लोगों की मदद कर रहे हैं।

## महबूबा ने जम्मू कश्मीर के युवाओं से आतंकवाद छोड़ने की अपील की

**भाषा।** श्रीनगर

**पीपुल्स डेमोक्रेटिक** पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कश्मीर के युवाओं से आतंकवाद छोड़ने और अपनी जान बचाने की अपील करते हुए शनिवार को दावा किया कि उनकी (कश्मीरी युवाओं की) जान लेने पर सुरक्षा बलों को पैसे और पदोन्नति मिलती है। मुफ्ती ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं रोज सुनती हूं कि तीन या चार युवक मारे गए हैं, जिसका मतलब है कि यहां स्थानीय भर्ती बढ़ गई है।



उन्होंने कहा, माता-पिता और बच्चों से मेरा अनुरोध है कि वे अपनी जान बचाएं क्योंकि आपकी जान लेना उनके (सुरक्षा बलों के) लिए फायदे की चीज है। उन्होंने दावा किया, इसके लिए उन्हें (सुरक्षा बलों को) पैसे और पदोन्नति मिलती है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर उतार-चढ़ाव के दौर से गुजर रहा है और आने वाले समय में उसे अपने युवाओं की जरूरत पड़ेगी। पीडीपी प्रमुख ने कहा, इसलिए, हथियार नहीं उठाइए। वे हर दिन तीन-चार लोगों की जान लेते हैं...मैं आपसे अपील करती हूं कि यह सही नहीं है और आपको इसे छोड़ देना चाहिए। कश्मीर पंडितों की लक्षित हत्याओं को लेकर समुदाय के लोगों के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए मुफ्ती ने कहा कि मौलवियों सहित लोगों को इस बात पर जोर देना चाहिए कि कश्मीरी पंडित समाज का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, कश्मीरी पंडित अब भी प्रदर्शन कर रहे हैं। मेरे कार्यकाल (मुख्यमंत्री रहने) के दौरान जब स्थिति खराब थी तब भी कोई कश्मीरी पंडित नहीं मारा गया था। हमने उन्हें 17 महीनों का वेतन दिया, जबकि वे इस अवधि में अपने घर पर थे। मैं हमारे लोगों, हमारे मौलवियों से यह घोषणा करने की अपील करती हूं कि वे (कश्मीरी पंडित) हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने आरोप लगाया, यहां जब कभी कुछ गलत होता है, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हमें बदनाम करने के लिए इस समुदाय (कश्मीरी पंडित) का इस्तेमाल करती है। इस साल की अमरनाथ यात्रा के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए जाने के बारे में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन ने ऐसा माहौल बना दिया है जैसे कि कोई हमलावर आ रहा है।

## राहुल गांधी के कार्यालय पर हुए हमले के मामले में एसएफआई के 19 कार्यकर्ता गिरफ्तार

**भाषा।** वायनाड (केरल)

**केरल के** वायनाड में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के कार्यालय पर हुए हमले के संबंध में सत्तारूढ़ माकपा की छात्र इकाई स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के 19 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में शनिवार को और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी व्यक्तियों की पहचान एसएफआई के स्थानीय कार्यकर्ताओं के रूप में हुई है और एक अदालत ने उन्हें दो सप्ताह के लिए हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस ने बताया, अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कुछ और लोगों को हिरासत में लिया गया है तथा आज और गिरफ्तारियां होने की उम्मीद है। फिलहाल मामले की जांच मनंतवाडी के पुलिस उपाधीक्षक कर रहे हैं और जल्द ही इसे एडीजीपी के नेतृत्व वाले विशेष जांच दल को सौंप दिया जाएगा। गांधी के कार्यालय में तोड़फोड़ के कुछ घंटों बाद वाम सरकार ने शुक्रवार रात एडीजीपी रैंक के एक अधिकारी से उच्च स्तरीय जांच कराने का आदेश दिया था, जबकि कलपेट्टा के पुलिस उपाधीक्षक को निलंबित कर दिया। इस बीच, विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि गांधी के कार्यालय में तोड़फोड़ और हिंसा सत्तारूढ़ मार्क्सवादी पार्टी और उसके शीर्ष नेतृत्व की जानकारी में की गई। कांग्रेस नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी.डी सतीशन आज सुबह क्षतिग्रस्त कार्यालय पहुंचे और दावा किया कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की जानकारी में यह सबकुछ किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज का एक पूर्व निजी कर्मचारी यहां गांधी के कार्यालय पर हुए हमले में शामिल था।

## कश्मीरी पंडितों ने अपनी मांग को लेकर फिर किया प्रदर्शन

**जम्मू।** सैकड़ों प्रवासी कश्मीरी पंडित कर्मचारियों ने शनिवार को यहां एक बार फिर प्रदर्शन किया और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से घाटी से बाहर स्थानांतरित करने की उनकी मांग को स्वीकार करने का आग्रह किया। जम्मू प्रेस क्लब के बाहर आल माइग्रेंट एम्प्लॉईज एसोसिएशन कश्मीर के बैनर तले एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे घाटी में ही सुरक्षित स्थान पर उनके स्थानांतरण के सरकार के प्रस्ताव को खारिज करते हैं। प्रदर्शनकारियों में शामिल ए के भट ने संवाददाताओं से कहा, कश्मीरी पंडित कर्मचारी पिछले 40 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। कश्मीर में भयावह स्थिति है और जान का खतरा है इसलिए कहीं और स्थानांतरित किए जाने की हमारी मांग जायज है। उन्होंने कहा, पंडित कर्मचारी केवल कश्मीर की सेवा करने के लिए हैं यह प्रशासन में कुछ लोग मानते हैं। जम्मू में कुछ ऐसे जिले हैं जहां उनकी जरूरत है और वे समाज के हित के लिए बेहतर काम कर सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### गुवाहाटी, सूरत में होटल का बिल कौन भर रहा है, काले धन के स्रोत का पता लगाया जाए: राकांपा

**मुंबई।** शिवसेना के विधायकों के एक बड़े वर्ग की बगावत के कारण महाराष्ट्र में उपजे राजनीतिक संकट के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने शनिवार को जानना चाहा कि गुवाहाटी और सूरत में होटल के बिल का भुगतान कौन कर रहा है। शिवसेना के ए बागी विधायक फिलहाल असम में डेरा डाले हुए हैं। राज्य में शिवसेना और कांग्रेस के साथ सत्ता साझा कर रही शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने आयकर विभाग (आईटी) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से काले धन के स्रोत का पता लगाने के लिए भी कहा। राकांपा के मुख्य प्रवक्ता महेश तापसे ने पूछा, सूरत और गुवाहाटी के होटल के साथ-साथ विशेष विमानों के बिल कौन चुका रहा है? क्या यह सच है कि खरीद-फरोख्त की कीमत 50 करोड़ रुपए है? उन्होंने कहा, अगर ईडी और आईटी विभाग सक्रिय हो जाते है, तो काले धन के स्रोत का खुलासा हो जाएगा।

### गुजरात तट के पास भागने की कोशिश के दौरान बीएसएफ की गोली से दो पाकिस्तानी मछुआरे घायल

**अहमदाबाद।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुजरात के कच्छ जिले के पास भारत-पाक सीमा के करीब हरामी नाला क्रीक क्षेत्र से दो पाकिस्तानी मछुआरों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीएसएफ ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान जारी कर बताया कि दोनों पाकिस्तानी मछुआरों को कुछ दूर पीछा करने के बाद पकड़ लिया गया। हालांकि, पाकिस्तान की ओर भागने की कोशिश के दौरान उन्हें टखने में गोली लग गई। बीएसएफ ने कहा, 23 जून 2022 को शुरू हुए एक तलाशी अभियान में बीएसएफ भुज ने शनिवार को पीछा करते हुए हरामी नाला क्षेत्र से दो पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा। दोनों को पाकिस्तान की ओर भागने की कोशिश करते समय टखने में गोली लग गई। बीएसएफ के गश्ती दल ने बृहस्पतिवार को गश्त के दौरान हरामी नाला इलाके में मछली पकड़ने वाली पाकिस्तानी नौकाओं की आवाजाही देखी। बयान में कहा गया है, गश्ती दल तुरंत मौके पर पहुंचा और हरामी नाला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से मछली पकड़ने वाली नौ पाकिस्तानी नौकाओं को जब्त कर लिया। बयान के अनुसार, पाकिस्तानी मछुआरों ने भागने की कोशिश की, जो 300 वर्ग किलोमीटर से अधिक के क्षेत्र में फैले इलाके में छिपे हुए थे।

### काशी, मथुरा मंदिरों के मूल स्थलों को पुनः हासिल करने के लिए काम करेगी विहिप : आलोक कुमार

**चेन्नई।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने शनिवार को कहा कि संगठन शांतिपूर्ण तरीकों से कानून और संविधान के ढांचे के भीतर काशी विश्वनाथ मंदिर और मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्म स्थान के मूल स्थलों को पुनः प्राप्त करने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि चूंकि मामले अदालत में है, इसलिए यह उचित होगा कि दोनों पक्ष अदालत के फैसले का इंतजार करें। यहां कांचीपुरम में आयोजित विहिप केंद्रीय संचालन परिषद की बैठक के स्थान पर पत्रकारों से बातचीत में कुमार ने कहा कि विहिप ने नुपुर शर्मा और नवीन जिंदल की टिप्पणियों को लेकर देशभर में "धार्मिक कट्टरपंथियों" द्वारा हाल में की गई हिंसा और संपत्तियों, सरकारी संस्थानों को नुकसान पहुंचाए जाने तथा पुलिस पर हमले किए जाने की निंदा की। विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि दुश्मन देश और कुछ राष्ट्र विरोधी समूहों के दुष्प्रचार के चलते धार्मिक कट्टरपंथियों ने नुपुर शर्मा और नवीन जिंदल का सिर काटने तथा आंखें निकालने की धमकी दी और हिंदुओं की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया तथा सड़कों पर हिंसा की।

### जूम यूपी में डिजीटलीकरण में करेगा मदद

**लखनऊ।** डिजीटल प्लेटफार्म जूम यूपी सरकार की तकनीकि कार्यक्रमों उसका हिस्सेदार बनेगा। यह जानकारी जूम के भारत व सार्क रिजन के जनरल मैनेजर व हेड समीर राजे ने दी। उन्होंने का कि जूम यूपी सरकार के डिजीटल यूपी के कार्यक्रम के साथ कदम मिलाना चाहता ताकि वह भी यूपी के विकास में सहभागिता निभा सके। श्री राजे ने बताया कि जूम यूपी के गांव-गांव में जाकर लोगों को जागरूक करेगा। इस जनजागरण में वह लोगों को डिजीटल माध्यमों को प्रयोग करने के बारे में जहां जानकारी देगा वहीं सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी देंगे। श्री राजे ने बताया कि जूम कृषि, आगंनवाड़ी, आपदा जैसे कामों में भी सरकार की मदद करेगा। इसमें फील्ड की जानकारी प्रशासन के अधिकारियों व अधिकारियों की योजना फील्ड के कर्मियों तक पहुंचाने का काम भी जूम द्वारा किया जाएगा।

## एनआईए ने मिजोरम में विस्फोटक जब्त होने के मामले में छापेमारी की

**आइजोल।** एनआईए ने भारतीय व म्यांमा की मुद्रा और भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त होने के मामले में मिजोरम के आइजोल, चंपई और कोलासिब जिलों में छापेमारी की है। यह खेप म्यांमा में एक संगठन को भेजी जानी थी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के एक प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को आइजोल, चंपई और कोलासिब जिलों में पांच स्थानों पर छापेमारी की गई। एनआईए ने कहा कि यह मामला टीपा थाने के जॉनलिंग इलाके में एक वाहन से 1,000 डेटोनेटर, 4,500 मीटर डेटोनेटर फ्यूज, 2,421.12 किलोग्राम विस्फोटक और भारतीय व म्यांमा की मुद्रा बरामद होने से संबंधित है। एजेंसी ने कहा कि यह खेप म्यांमा स्थित संगठन चिन नेशनल फ्रंट (सीएनएफ) को भेजी जानी थी, जो म्यांमा सरकार के खिलाफ हथियार और विस्फोटक जमा करने में जुटा है। मामला शुरू में 21 जनवरी को सैहा जिले के टीपा थाने में दर्ज किया गया था।

## इतिहासकारों- विद्वानों ने पटना के सुल्तान पैलेस को ध्वस्त करने के सरकारी प्रस्ताव का विरोध किया

**भाषा।** पटना

**राजधानी पटना** के बीचों बीच स्थित सुल्तान पैलेस को ध्वस्त करने के बिहार सरकार के प्रस्ताव से इतिहासकार, संरक्षणवादी और आम नागरिक स्तब्ध हैं। उन्होंने इस फैसले का विरोध करते हुए वास्तुकला के नमूने को ध्वस्त करने के बाजाय संरक्षित और पुनरुद्धार करने की अपील की है। नीतीश कुमार सरकार ने हाल में घोषणा की थी कि राज्य मंत्रिमंडल ने पटना में तीन पांच सितारा होटलों के निर्माण को अनुमति दी है जिनमें से एक होटल बीरचंद पटेल मार्ग पर उस स्थान पर बनेगा जहां पर करीब एक सदी पुराना सुल्तान पैलेस इस समय खड़ा है।

फैसले को सार्वजनिक करने के साथ ही इसका सोशल मीडिया पर विरोध शुरू हो गया। कई नागरिकों ने इसे स्तब्ध करने वाला और बिना सोचे समझे लिया गया फैसला करार दिया। वहीं कुछ ने बिहार सरकार के पूर्व के फैसले की याद दिलाई, जो कई साल पहले लिया गया था और पैलेस को हेरिटेज होटल में तब्दील करने की बात की गई थी। उन्होंने सवाल किया कि सरकार ने क्यों पुराने फैसले को पलट दिया? देश के विभिन्न हिस्सों से आम लोगों, विद्वानों और कार्यकर्ताओं ने सरकार से सुल्तान पैलेस को ध्वस्त नहीं करने की अपील की है। यह पटना में बचे रह गए कुछ महलों में से एक है। लोगों ने इस महल को विरासत पंच सितारा होटल में तब्दील करने की अपील की है। यह महल ऐतिहासिक गार्डिनर रोड (अब बीरचंद पटेल मार्ग) पर बना है जिसका निर्माण वर्ष 1922 में पटना के प्रख्यात बैरिस्टर सर सुल्तान अहमद ने कराया था। वह कुछ समय के लिए पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और वर्ष 1923 से 1930 तक पटना विश्वविद्यालय के पहले भारतीय कुलपति भी रहे। सर सुल्तान अहमद बाद में वायसराय की कार्यकारी परिषद में विधि, सूचना एवं प्रसारण के सदस्य भी नामित हुए और वह वर्ष 1930 में लंदन में हुए ऐतिहासिक गोलमेज सम्मेलन में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हिस्सा लेने गए प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा भी थे। विद्वान और पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आर.बी.पी.सिंह ने महल को ध्वस्त करने के फैसले को स्तब्ध करने वाला और बिना विचारे किया गया एक असंवेदनशील कदम करार दिया। उन्होंने कहा, कैसे कोई सुल्तान पैलेस जैसे वास्तुकला के शानदार नमूने और ऐतिहासिक इमारत को ध्वस्त करने की सोच सकता है। पिछले एक दशक में पहले ही कई ऐतिहासिक इमारतों को ध्वस्त किया जा चुका है। नवीनतम घटना सदियों पुरानी पटना कलेक्ट्रेट की है जिसे संरक्षित किया जाना चाहिए था। अब वे विकास के नाम पर खूबसूरत महल को गिराना चाहते हैं।

## निर्दलीय सांसद नवनीत राणा ने महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की

**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के विद्रोह और कुछ बागी विधायकों के कार्यालयों पर हमले और तोड़फोड़ की घटनाओं के बीच अमरावती से निर्दलीय लोकसभा सदस्य नवनीत राणा ने शनिवार को राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए ताकि उद्धव ठाकरे की गुंडागर्दी बंद हो और महाराष्ट्र के लोगों की इससे रक्षा की जा सके।



शिंदे और बड़ी संख्या में विधायकों ने 21 जून को उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत का झंडा बुलंद किया था। विद्रोही समूह की मुख्य मांग यह है कि शिवसेना सत्तारूढ़ महा विकास आघाड़ी (एमवीए) से खुद को अलग करे, जिसमें राकांपा और कांग्रेस शामिल हैं। एक वीडियो संदेश में राणा ने कहा, मैं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उन सभी विधायकों के परिवारों की सुरक्षा करने का अनुरोध करना चाहती हूं, जो मूल शिवसेना समूह में गए हैं, जिसका नेतृत्व एकनाथ शिंदे कर रहे हैं। नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा, उद्धव ठाकरे के कटु आलोचक हैं और उन्होंने अप्रैल में घोषणा की थी कि वे मुंबई के बांद्रा स्थित शिवसेना प्रमुख के निजी घर मातोश्री के सामने हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। दंपति को 23 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, मई की शुरुआत में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

# मुंबई हमले के षड्यंत्रकारी साजिद मीर को साढ़े 15 साल की जेल

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान** की एक आतंकवाद निरोधक अदालत ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के षड्यंत्रकारी साजिद मजीद मीर को आतंकवाद के वित्तपोषण के एक मामले में 15 साल से अधिक की जेल की सजा सुनाई है। पाकिस्तान ने पहले साजिद मजीद मीर को मृत घोषित किया था। साजिद मीर 26।11 के मुंबई आतंकवादी हमलों में अपनी भूमिका के लिए भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों की सूची में शामिल है। उस पर अमेरिका ने भी 50 लाख डॉलर का इनाम रखा हुआ है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब पाकिस्तान वित्तीय कार्वाई कार्य बल (एफएटीएफ) की ग्रे सूची से बाहर निकलने के लिए संघर्ष कर रहा है। पंजाब पुलिस का आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी), जो अक्सर मीडिया को ऐसे मामलों में संदिग्धों के दोषी सिद्ध होने की जानकारी देता है, उसने साजिद मजीद मीर की दोषसिद्धि की सूचना नहीं दी। दरअसल, धनशोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ इस्लामाबाद की ओर से उठाए गए कदमों और इस संबंध में किए गए सुधारों के क्रियान्वयन की समीक्षा करने के लिए आतंकवाद के वित्तपोषण की वैश्विक प्रहरी संस्था वित्तीय कार्वाई कार्य बल (एफएटीएफ) के अधिकारी जल्द ही पाकिस्तान का दौरा करने वाले हैं। लश्कर-ए-तैयबा और जमात-उद-दावा के नेताओं के आतंकवाद के वित्तपोषण के मामलों से जुड़े एक वरिष्ठ वकील ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा से कहा, इस महीने की शुरुआत में लाहौर की एक आतंकवाद निरोधक अदालत ने आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक कार्यकर्ता साजिद मजीद मीर को साढ़े 15 साल की जेल की सजा सुनाई थी। वकील के मुताबिक, चूंकि यह कड़ी सुरक्षा वाली जेल में बंद कमरे में होने वाली सुनवाई थी,





इसलिए मीडिया को अनुमति नहीं दी गई थी। वकील ने बताया कि साजिद मजीद मीर अप्रैल में अपनी गिरफ्तारी के बाद से ही लाहौर की कोट लखपत जेल में बंद है। उन्होंने कहा कि अदालत ने साजिद मजीद मीर पर चार लाख रुपए से अधिक का जुर्माना भी लगाया है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने अतीत में दावा किया था कि साजिद मजीद मीर की मौत हो चुकी है, लेकिन पश्चिमी देशों को इस पर शक था। उन्होंने मीर की मौत का प्रमाण देने मांग की थी। आतंकवाद के वित्तपोषण की रोकथाम के लिए पिछले साल के अंत में निर्धारित की गई कार्य योजना पर पाकिस्तान की प्रगति को लेकर एफएटीएफ के आकलन में यह मुद्दा एक महत्वपूर्ण बिंदु साबित हो सकता है। पाकिस्तान के दैनिक समाचार पत्र डॉन की शनिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक साजिद मजीद मीर को सजा सुनाने का मामला एफएटीएफ के आकलन से जुड़ा हुआ है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने कार्य योजना पर हाल में एफएटीएफ को सौंपी प्रगति रिपोर्ट में साजिद को दोषी करार देने और उसे सजा सुनाए जाने का इस्लामाबाद की प्रमुख उपलब्धियों के रूप में उल्लेख किया है। इसने वास्तव में एफएटीएफ सदस्यों को यह समझाने में मदद की है कि पाकिस्तान ने कार्य योजना के सभी आवश्यक कार्य पूरे कर लिए हैं। साजिद मजीद मीर (44) अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) की वांछित आतंकवादियों की सूची में भी शामिल है। अमेरिका ने 26 नवंबर के मुंबई हमले में साजिद की भूमिका के लिए उस पर पांच लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम भी घोषित किया है। गौरतलब है कि 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमले में छह अमेरिकी नागरिकों समेत 166 लोगों की मौत हुई थी। एफएटीएफ की आखिरी बैठक से पहले, पाकिस्तान ने एजेंसी को बताया कि उसने साजिद मीर को गिरफ्तार किया है और मुकदमा चलाया है। पाकिस्तान ने ऐसा एफएटीएफ की ग्रे सूची से हटने के लिए किया था। साजिद मीर को मुंबई हमलों का प्रोजेक्ट मैनेजर कहा जाता है। साजिद मीर 2005 में फर्जी नाम से फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल कर भारत भी आया था। एफबीआई के मुताबिक, साजिद मीर ने कथित तौर पर 2008 और 2009 के बीच डेनमार्क में एक अखबार और उसके कर्मचारियों के खिलाफ आतंकवादी हमले की साजिश रची थी। उल्लेखनीय है कि मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड और जमात-उद-दावा के प्रमुख हाफिज सईद को लाहौर की आतंकवाद-निरोधी अदालत ने आतंकवाद के वित्तपोषण के मामलों में 68 साल कैद की सजा सुनाई थी। इसके अलावा, मुंबई हमले के ऑपरेशन कमांडर जकीउर रहमान लखवी को भी कई साल जेल की सजा सुनाई गई है। हाफिज सईद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की भी लाहौर की कोट लखपत जेल में बंद हैं। हाफिज सईद को आतंकवाद के वित्तपोषण के एक मामले में जुलाई 2019 में गिरफ्तार किया गया था। संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादियों की सूची में भी उसका नाम है। अमेरिका ने उस पर एक करोड़ डॉलर का इनाम घोषित किया हुआ है। पाकिस्तान अब तक चीन, तुर्की और मलेशिया जैसे अपने करीबी सहयोगियों की मदद से एफएटीएफ की काली सूची में शामिल होने से बचता रहा है।

## जी-7 नेताओं के जर्मनी पहुंचने पर हो सकते हैं प्रदर्शन

**म्यूनिख।** जर्मनी में होने वाले दुनिया की सात आर्थिक शक्तियों के शिखर सम्मेलन के मद्देनजर शनिवार को म्यूनिख में हजारों प्रदर्शनकारियों के एकत्र होने की संभावना है। इस साल जर्मनी जी-7 की अध्यक्षता कर रहा है और बावरियां आल्पस में समूह की बैठक होने वाली है। समाचार एजेंसी डीपीए की खबरों के अनुसार, पुलिस को यहां 20 हजार प्रदर्शनकारियों के एकत्र होने की आशंका है। भूमंडलीकरण की आलोचना करने वाले 15 संगठनों के इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की संभावना है। इन संगठनों की विभिन्न मांगों में चरणबद्ध तरीके से जीवाश्म ईंधन को समाप्त करना, पशुओं एवं पौधों की विविधता का संरक्षण तथा पृथ्वी पर सामाजिक न्याय के लिए और भूख के खिलाफ संघर्ष शामिल है। जी-7 नेताओं के शनिवार की दोपहर से जर्मनी पहुंचने की उम्मीद है। समूह में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली और जापान शामिल हैं।

## विदेशी निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अशांत बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर के लोगों से चीनी निवेशकों समेत विदेशी निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया, जो गरीब लेकिन संसाधन संपन्न प्रांत के विकास के लिए भारी निवेश कर रहे हैं। ग्वादर चीन द्वारा विकसित और संचालित रणनीतिक बंदरगाह के लिए जाना जाता है, जहां हाल ही में चीनी श्रमिकों सहित विदेशी नागरिकों पर आतंकवादी हमले हुए हैं। अप्रैल में प्रधानमंत्री बनने के बाद शहबाज ने शुक्रवार को दूसरी बार क्षेत्र का दौरा किया और ग्वादर बिजनेस सेंटर में मछुआरों व अन्य लोगों की एक सभा को संबोधित किया। समाचार पत्र द डॉन की खबर के अनुसार शरीफ ने लोगों से कहा कि मित्र देश पाकिस्तान की मदद करना चाहते हैं और उन्हें सुरक्षा मुहैया कराना उनकी जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा चीन, सऊदी अरब, यूएई, तुर्की, कतर और अन्य देश 75 वर्षों से पाकिस्तान को वित्तीय और राजनयिक मदद व सहयोग दे रहे हैं।

# स्पेन में घुसने के लिए मची भगदड़ में 18 प्रवासियों की मौत

एपी। रबात

**स्पेन** में घुसने की कोशिश के दौरान देश के उत्तर अफ्रीकी एन्क्लेव मेलिला से सटी मोरक्को की सीमा पर शुक्रवार को बाड़ के पास मची भगदड़ में कम से कम 18 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों पुलिसकर्मियों समेत कई अन्य घायल हो गए। मोरक्को के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुल 133 प्रवासी शुक्रवार को मोरक्को के नाडोर शहर और मेलिला के बीच की सीमा को पार करने में सफल रहे। पिछले महीने स्पेन और मोरक्को के बीच राजनयिक संबंधों में सुधार के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में लोगों के सीमा पार करने की घटना सामने आई है। मेलिला में स्पेन सरकार के कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि लगभग 2,000 लोगों ने सीमा पार करने का प्रयास किया, लेकिन कई को स्पेनिश सिविल गार्ड पुलिस और मोरक्को के सुरक्षाबलों ने बाड़ के दोनों ओर रोक दिया। मोरक्को के गृह मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि लोहे की बाड़ पर चढ़ने की कोशिश के दौरान भगदड़ मच गई, जिससे पांच प्रवासियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि लगभग 76 प्रवासी और मोरक्को के 140 सुरक्षा अधिकारी घायल हो गए। मोरक्को की आधिकारिक समाचार एजेंसी एमएपी ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि घायल प्रवासियों में से 13 की बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो पर पहुंच गई। हालांकि, मोरक्को के मानवाधिकार संघ ने घटना में 27 लोगों की मौत होने का दावा किया है। वहीं, स्पेन के अधिकारियों ने कहा कि 49 सिविल गार्ड्स को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि कुछ प्रवासियों ने पत्थर फेंके, जिससे पुलिस के चार वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों के अनुसार, जो लोग सीमा पार करने में सफल रहे, वे एक स्थानीय प्रवासी केंद्र पहुंचे, जहां प्राधिकारी उनकी परिस्थितियों का मूल्यांकन करने में जुटे हैं। गरीबी और हिंसा की वजह से अफ्रीका से पलायन करने वाले लोग कभी-कभी यूरोप में घुसने के लिए बड़े पैमाने पर उत्तरी अफ्रीकी तट, मेलिला और स्पेन के अन्य क्षेत्रों तक पहुंचने का प्रयास करते हैं। प्रवासियों को सीमा से दूर रखने के लिए स्पेन ज्यादातर मोरक्को पर निर्भर रहा है। स्पेन के अधिकारियों के मुताबिक, मार्च की शुरुआत में दो दिनों में 3,500 से अधिक लोगों ने मेलिला में लगे छह मीटर ऊंचे अवरोधक को पार करने की कोशिश की थी और लगभग 1,000 इसे पार करने में सफल भी रहे थे। मार्च में स्पेन और मोरक्को के बीच संबंधों में सुधार के बाद शुक्रवार को प्रवासियों द्वारा सीमा लांघने का यह पहला प्रयास था।

## नॉर्वे में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**ओस्लो।** नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में शनिवार तड़के एक बार के बाहर हुई गोलीबारी की घटना मे दो लोगो की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक घायल हो गए। नॉर्वे पुलिस ने यह जानकारी दी। ओस्लो में गोलीबारी की यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब शहर मे समलैंगिको के समर्थन मे एक रैली के आयोजन की तैयारियां चल रही थी। पुलिस के मुताबिक, गोलीबारी शनिवार तड़के नॉर्वे की राजधानी के डाउनटाउन इलाके मे एक बार के बाहर हुई। पुलिस प्रवक्ता तोरे बारस्तैद के अनुसार, गोलीबारी के सिलसिले मे एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। उन्होने बताया कि फिलहाल इस वारदात के पीछे की वजह नही पता चल सकी है। बारस्तैद के मुताबिक, अभी यह स्पष्ट नही हो सका है कि क्या गोलीबारी की इस घटना का संबंध समलैगिको के समर्थन मे ओस्लो मे शनिवार को आयोजित होने वाली रैली से था। उन्होने संवाददाताओ से कहा, पुलिस शनिवार को निकाली जाने वाली इस रैली के आयोजको के संपर्क मे है। इस बात का आकलन किया जा रहा है कि समलैंगिको के समर्थन मे आयोजित होने वाली रैली की सुरक्षा के लिए पुलिस को क्या उपाय करने चाहिए और क्या गोलीबारी की इस घटना का समलैगिको की रैली से कोई संबंध है या नहीं। नॉर्वे की सरकारी प्रसारक कंपनी एनआरके के पत्रकार ओलाव रोनेबर्ग ने बताया कि उन्होने गोलीबारी की इस घटना को देखा है। उन्होने कहा, मैने देखा कि एक आदमी बैग के साथ वहां पहुंचता है। वह बैग मे से हथियार निकालता है और गोलीबारी शुरू कर देता है। पहले मुझे लगा कि यह एक एयर गन है। तभी बगल के बार का शीशा टूट गया और मै समझ गया कि मुझे छिपने के लिए भागना होगा। गौरतलब है कि नॉर्वे मे गोलीबारी की सबसे दर्दनाक घटना साल 2011 मे हुई थी, जब दक्षिणपंथी विचारधारा वाले एक व्यक्ति ने 69 लोगो की हत्या कर दी थी।

## क्विक न्यूज

### शी चिनफिंग हांगकांग जाएंगे

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश को 1997 मे बीजिंग को लौटाए जाने की 25वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य मे आयोजित कार्यक्रम मे हिस्सा लेने के लिए इस सप्ताह हांगकांग का दौरा करेंगे। ढाई साल पहले कोरोना वायरस महामारी की दस्तक के बाद यह चीन के बाहर चिनफिंग की पहली यात्रा होगी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, शी क्षेत्र की नव गठित सरकार की पहली बैठक मे भी हिस्सा लेगे। हालांकि, उसने यह नहीं बताया कि चीनी राष्ट्रपति कब तक हांगकांग में रहेंगे और किन लोगो से मुलाकात करेंगे। हांगकांग को चीन को लौटाए जाने की 25वी वर्षगांठ क्षेत्र में लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओ और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्वाई के बाद मनाई जा रही है। जनवरी 2020 मे म्यांमा के आधिकारिक दौरे के बाद से शी ने चीन के बाहर यात्रा नही की है। इससे कुछ समय पहले चीन ने अपने वुहान शहर मे कोरोना वायरस संक्रमण के प्रकोप की गंभीरता को स्वीकार किया था और यात्रा प्रतिबंध लागू करने शुरू कर दिए थे।

### जातीय नेता तख्तापलट की कोशिश कर रहे : लासो

**क्विटो।** इक्वाडोर के राष्ट्रपति ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि देशव्यापी हड़ताल का नेतृत्व कर रहे जातीय नेता तख्तापलट की कोशिश कर रहे है। उन्होने चेतावनी दी कि वह प्रदर्शनो के दौरान होने वाली हिंसा को रोकने के लिए सभी कानूनी उपायों का इस्तेमाल करेंगे। राष्ट्रपति गुइलेर्मो लासो ने टेलीविजन पर प्रसारित अपनी टिप्पणी मे कहा कि जातीय लोगो के परिसंघ के नेता लियोनिदास इजा उनकी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का इरादा रखते है। हालांकि, लासो ने कहा कि वह 13 दिन से जारी विरोध प्रदर्शनो को समाप्त करने के लिए बातचीत मे शामिल होने के लिए तैयार है। उन्होने कहा, यह साबित हो गया है कि हिंसा कर रहे लोगो का असली इरादा तख्तापलट करना है। इसलिए हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इक्वाडोर मे लोकतंत्र को अस्थिर करने के इस प्रयास के खिलाफ चेतावनी जारी करने का आह्वान करते है। लासो ने कहा, ...इजा अब स्थिति को नियंत्रित नही कर सकते। घुसपैठियो द्वारा शुरू की गई हिंसा अब हाथ से निकल चुकी है। प्रदर्शन एक राष्ट्रव्यापी हड़ताल का हिस्सा है, जिसकी शुरुआत जातीय लोगों के परिसंघ ने 14 जून को की थी।

### फ्यूचर एंटरप्राइजेज ने एनसीडी पर ब्याज भुगतान में चूक की

**नई दिल्ली।** कर्ज मे डूबी फ्यूचर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एफईएल) ने अपने गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्रों (एनसीडी) पर देय 4.10 करोड़ रुपए के ब्याज भुगतान मे चूक की है। एफईएल ने शेयर बाजारों को बताया कि यह भुगतान 24 जून 2022 तक किया जाना था। कंपनी ने कहा, गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों पर ब्याज 24 जून, 2022 तक देय था लेकिन कंपनी अपने दायित्व का पालन करने मे विफल रही। किशोर बियाणी की अगुवाई वाले फ्यूचर समूह ने जून मे चौथी बार ऐसी भुगतान चूक की है। इस हफ्ते की शुरुआत मे एफईएल ने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों पर 85.71 लाख रुपए और 6.07 लाख रुपए के ब्याज भुगतान मे चूक की है। इस महीने की शुरुआत मे कंपनी ने 1.41 करोड़ रुपए के ब्याज भुगतान मे चूक की थी। कंपनी ने कहा कि ब्याज भुगतान मे चूक 24 जून , 2021 से 23 जून, 2022 के बीच की गई।

### पंजाब आर्थिक संकट, कर्ज के जाल में फंस गया है : श्वेत पत्र

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा मे शनिवार को पेश किए गए राज्य की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र मे कहा गया है कि पंजाब आर्थिक संकट और कर्ज के जाल मे फंस गया है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज मे राजकोषीय गड़बड़ी के लिए पूर्ववर्ती सरकारों को जिम्मेदार ठहराया गया है। सदन मे राज्य का बजट पेश होने से दो दिन पहले प्रस्तुत दस्तावेज के मुताबिक, आज पंजाब आर्थिक संकट और कर्ज के जाल मे फंसा है। दस्तावेज मे कहा गया कि पिछली सरकारें, आवश्यक सुधारो को लागू करने के बजाय, राजकोषीय लापरवाही करती रही। अनुत्पादक राजस्व व्यय मे अनियंत्रित वृद्धि, अनुपयोगी-सब्सिडी, संभावित कर, गैर कर राजस्वो मे कमी से यह स्पष्ट है। यह श्वेत पत्र 73 पन्नो का है। दस्तावेज मे कहा गया है, राज्य की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र, वित्तीय क्षेत्र मे पंजाब सरकार द्वारा सामना किए जा रहे जटिल मुद्दो को सरल बनाने का एक प्रयास है, जो अतीत की सरकारो की नासमझी के कारण समय के साथ गंभीर हो गया है।

### जवाहर गोयल की नियुक्ति के खिलाफ पड़े 79 फीसदी वोट

**नई दिल्ली।** डीटीएच सेवा प्रदाता डिश टीवी की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) मे कुल 78.94 फीसदी मत जवाहर गोयल को प्रबंध निदेशक (एमडी) के पद पर दोबारा नियुक्त करने के प्रस्ताव के खिलाफ पड़े। डिश टीवी मे प्रवर्तक समूह के प्रतिनिधि गोयल की प्रबंध निदेशक पद पर फिर से तीन वर्ष के लिए नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव के पक्ष मे महज 21.05 फीसदी मत ही पड़े। ईजीएम के मत परिणामों की जानकारी देते हुए डिश टीवी ने शेयर बाजारो को यह जानकारी दी। शुक्रवार को हुई इस ईजीएम मे कुल 128.54 करोड़ मत पड़े थे। मतदान वीडियो कॉन्फ्रेंस और अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम के जरिए हुआ। यह डिश टीवी के सबसे बड़े शेयर धारक यस बैंक लिमिटेड के लिए एक बड़ी जीत है।

### हीरो की नई रोडस्टर बाइक ब्रह्मास्त्र

**लखनऊ।** हीरो साइकिल्स ने एक एक्सक्लूसिव डीलर मीट में हीरो साइकिल्स के सीईओ रोहित गोठी की उपस्थिति में अपनी रोडस्टर बाइक ब्रह्मास्त्र का नवीनतम संस्करण लॉन्च किया। 5870 रूपए की कीमत पर नई रोडस्टर साइकिल, हीरो साइकिल्स के आर एंड डी सेंटर में डिज़ाइन की गई है और यह बिल्कुल नए और री डिज़ाइन किए गए फ्रेम के साथ आती हैए जो कि इंडस्ट्री में पहली बार है। बाइक, रोडस्टर साइकिल का एक उन्नत संस्करण हैए जिसे इस क्षेत्र में व्यापक रूप से अपनाया गया है और 7 साल की वॉरंटी के साथ आता हैए जो कि इंडस्ट्री में किसी भी कंपनी द्वारा पेश किया गया बेमिसाल प्रोडक्ट है। लॉन्च के बारे में बात करते हुए हीरो साइकिल्स के सीईओ ने कहा कि रोडस्टर या ब्लैक साइकिल्सका उपयोग इनकी मजबूतीबिल्ड क्वालिटी, उपयोग में आसानी और आर्थिक लाभ को देखते हुए देश भर में व्यापक रूप से किया जाता है।

### एयरपे ई-गवर्नेंस परियोजना पर देगा ध्यान

**कानपुर।** भारत के एकीकृत ओमनी चैनल वित्तीय सेवा प्लेटफॉर्म, एयरपे पेमेंट सर्विसेस ने राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी ई-गवर्नेंस और सशक्तिकरण पहलई, मित्र को ताकतवर बनाते हुए 15 लाख से ज्यादा लेनदेन करने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एयरपे महामारी फैलने के दौरान अप्रैल 2020 में ही ई मित्र प्लेटफॉर्म के साथ जुड़ गई थी, जिससे राजस्थान के नागरिकों का जीवन बेहतर बनाने में यह पहल सामयिक और प्रभावी सिद्ध हुई। ई-मित्र प्लेटफॉर्म पर एयर पे द्वारा संचालित आरंभिक परियोजनाओं में शामिल यह पहल मुख्यमंत्री कोविड राहत कोष कोविड रिलीफफंड में निर्बाध रूपसे सुविधा, शुल्क रहित योगदान करने का सुभीता प्रदान कर रही थी। इस भागीदारी पर टिप्पणी एयरपे के संस्थापक एवं एमडी कुणाल झुनझुनवाला ने कहा कि एयरपे में यह भागीदारी हमारे लिए खास है। यह भागेदारीएक अभूतपूर्व दौर मेंसंपन्न हुई तथा इसने अभूतपूर्व महामारी के दौरान ही वित्तीय सेवाओं तक राज्य के नागरिकोंकी पहुंच बनाई।

देश भर में 14000 कर्मियों ने लिया हिस्सा

# अदाणी फाउंडेशन ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

- गौतम अदाणी को उनके 60वें जन्मदिन पर तोहफा, 138 ब्लड बैंकों में एकत्रित हुआ 5600 लीटर जीवन रक्षक रक्त

पायनियर समाचार सेवा। अहमदाबाद

**अदाणी** समूह के अध्यक्ष श्री गौतम अदाणी के 60वें जन्मदिन परए अदाणी के रिकॉर्ड 14ए000 कर्मचारियों ने देश भर में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान किया। हर सालए अध्यक्ष के जन्मदिन परए अदानी फाउंडेशन देश और उसके लोगों की कई तरह से सेवा करने के अदाणी समूह के दर्शन के अनुरूप एक स्वैच्छिक रक्तदान अभियान का आयोजन करता है।

अदाणी फाउंडेशन के रक्तदान अभियान ने 14ए000 रक्त यूनिट एकत्र किएए जो पिछले साल एकत्र किए गए रक्त की मात्रा से लगभग 5ए000 यूनिट अधिक है। भारत के 20 राज्यों को कवर करते हुए 115 शहरों में 152 स्थानों पर रक्तदान केंद्रों की व्यवस्था की गई। दान किए गए रक्त को एकत्र करने में 138 से अधिक ब्लड बैंक लगे हुए थे।

यह बड़े पैमाने पर राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान अदाणी परिवार द्वारा कई सामाजिक कारणों का समर्थन करने के लिए 60ए000 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध होने के ठीक एक दिन बाद आया है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा प्रशासित इस कोष का उपयोग विशेष रूप से देश के ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित धर्मार्थ गतिविधियों के लिए किया जाएगा।

ष् अदाणी के इतने सारे कर्मचारी अध्यक्ष के जन्मदिन पर रक्तदान करने के लिए आगे आते हैंए यह देखकर बहुत खुशी होती है।ष् अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ प्रीति अदाणी ने कहा। श्फाउंडेशन जो सामाजिक कार्य कर रहा हैए अदानी परिवार द्वारा स्वास्थ्यए शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में 60ए000 करोड़ की प्रतिबद्धताए और रक्तदान शिविरों में भाग लेने वाले कर्मचारियों की संख्या सभी के विश्वास और अपेक्षाओं के प्रमाण हैं। सामाजिक कारणों में युवा पीढ़ी के साथ.साथ अदानी समूह के राष्ट्र.निर्माण दर्शन के लिए उनका समर्थन। मुझे गर्व महसूस होता है और हमारे लोगों ने हमारे प्रति जो स्नेह दिखाया हैए उसके लिए मैं आभारी हूं।ष

चिकित्सा आपात स्थिति का सामना करने वाले रोगियों के लिएए रक्त का कोई विकल्प नहीं है। एकत्रित रक्त को नामित एजेंसियों द्वारा सुरक्षित रूप से संग्रहीत और संरक्षित किया जाता है और गंभीर चोटोंए शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओंए रक्त विकारए कैंसर उपचारए और कई अन्य सहित परिस्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला में आपातकालीन चिकित्सा आधान के लिए रोगियों को उपलब्ध कराया जाता है।

अदाणी फाउंडेशन के बारे में

1996 में स्थापितए अदाणी फाउंडेशन का आज 18 राज्यों में व्यापक संचालन हैए जिसमें देश भर के 2ए410 गाँव और कस्बे शामिल हैंए जो पेशेवरों की एक टीम के साथ काम करते हैं जो एक दृष्टिकोण के साथ काम करते हैं जो नवाचारए लोगों की भागीदारी और सहयोग का प्रतीक है।

अदाणी फाउंडेशन चार मुख्य क्षेत्रों . शिक्षाए सामुदायिक स्वास्थ्यए सतत आजीविका विकास और बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए 3ण्67 मिलियन से अधिक लोगों के जीवन को छू रहा है और सामाजिक पूंजी बनाने की दिशा में काम कर रहा हैए ग्रामीण और शहरी समुदायों के समावेशी विकास और सतत विकास की दिशा में कार्य करता है। बदले में राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं।

# श्रीलंका के दौरे पर आएगा अमेरिका का प्रतिनिधिमंडल

- चार दिवसीय दौरे पर आएगा अमेरिका उच्च स्तरीय डैलीगेशन

भाषा। कोलंबो

**आर्थिक** बदहाली का सामना कर रहे श्रीलंका को मौजूदा संकट से उबारने की खातिर बातचीत करने के लिए अमेरिका का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को यहां आएगा। समाचारपत्र न्यूज फर्स्ट में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के वित्त विभाग और विदेशी विभाग के अधिकारियों का यह प्रतिनिधिमंडल 26-29 जून तक श्रीलंका के दौरे पर रहेगा। इसमें कहा गया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विभिन्न राजनीतिक प्रतिनिधियों, अर्थशास्त्रियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लोगों से मुलाकात करेंगे और यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि श्रीलंका की मदद करने के लिए अमेरिका किस तरह के प्रभावी कदम उठा सकता है।

श्रीलंका में अमेरिका की राजदूत जूली चुंग ने कहा, यह दौरा श्रीलंका के लोगों की सुरक्षा और समृद्धि की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा, श्रीलंका अपने इतिहास के सबसे बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहा है, ऐसे हालात में उसकी आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने और लोकतांत्रिक प्रतिष्ठानों को मजबूत करने के हमारे प्रयास बेहद अहम होंगे। बीते दो हफ्तों में अमेरिका ने श्रीलंका के छोटे और मध्यम व्यवसायों को 12 करोड़ डॉलर की नई वित्तीय सहायता की घोषणा की है। उसने श्रीलंका के डेयरी उद्योग को आर्थिक मदद के साथ-साथ मानवीय सहायता की भी घोषणा की है। अमेरिका में श्रीलंका के राजदूत महिंदा समरसिंघे ने हाल ही में राष्ट्रपति जो बाइडन से इन मुद्दों पर मुलाकात की थी।

## श्रीलंका में लोगों के पास विदेशी मुद्रा की सीमा घटाई गई

**कोलंबो।** विदेशी मुद्रा के गहरे संकट से जूझ रहे श्रीलंका में एक व्यक्ति के पास रखी जाने वाली विदेशी मुद्रा की सीमा घटा दी गई है। अब एक व्यक्ति के पास अधिकतम 10,000 डॉलर की विदेशी मुद्रा ही रह सकती है। श्रीलंका सरकार ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि श्रीलंका में रहने वाले या वहां के किसी व्यक्ति द्वारा अपने कब्जे में रखी गई विदेशी मुद्रा की मात्रा को 15,000 अमेरिकी डॉलर से घटाकर 10,000 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है। श्रीलंका सरकार ने खाद्य और ईंधन सहित जरूरी वस्तुओं के आयात के लिए जरूरी विदेशी मुद्रा भंडार बनाए रखने के मकसद से यह सीमा लागू की है। गंभीर विदेशी मुद्रा संकट का सामना कर रहे श्रीलंका को अप्रैल में अपने अंतरराष्ट्रीय ऋण की चूक के लिए मजबूर होना पड़ा था। वित्त मंत्रालय का भी दायित्व संभालने वाले प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे की तरफ से जारी इस आदेश में कहा गया है कि औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में विदेशी मुद्रा को आकर्षित करने के इरादे से विदेशी मुद्रा अधिनियम के तहत विदेशी मुद्रा रखने की सीमा घटाई जा रही है।

## जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की समयसीमा मार्च 2026 तक बढ़ाई गई

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर लगाने की समयसीमा करीब चार साल के लिए बढ़ाकर 31 मार्च 2026 तक कर दी है। वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचित माल एवं सेवा कर (उपकर की अवधि और संग्रह की अवधि) नियम, 2022 के अनुसार एक जुलाई 2022 से 31 मार्च 2026 तक क्षतिपूर्ति उपकर का आरोपण जारी रहेगा। उपकर लगाने की समयसीमा 30 जून को ही समाप्त होने वाली थी लेकिन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद ने इसकी समयसीमा को मार्च 2026 तक विस्तार देने का फैसला किया। बीते दो वित्त वर्षों में लिए गए कर्जों के पुनर्भुगतान के लिए इस समयसीमा को बढ़ाने का फैसला किया गया है। महंगी वस्तुओं और गैर जरूरी सामान पर लगने वाला क्षतिपूर्ति उपकर मार्च 2026 तक लिया जाएगा ताकि जीएसटी राजस्व में हुए नुकसान की राज्यों को भरपाई करने के लिए 2020-21, 2021-22 के दौरान लिए गए कर्जों का भुगतान हो सके। केंद्र ने उपकर संग्रह में आई गिरावट की भरपाई के लिए वित्त वर्ष 2020-21 में उधारी जुटाकर 1.1 लाख करोड़ रुपए जारी किए थे जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में 1.59 करोड़ रुपए की उधारी ली थी।

कई राज्यों ने केंद्र सरकार से क्षतिपूर्ति व्यवस्था जारी रखने की मांग करते हुए कहा था कि क्षतिपूर्ति व्यवस्था बंद होने से उन्हें राजस्व की किल्लत होने लगेगी। जीएसटी लागू होने पर राज्यों को होने वाली राजस्व क्षति की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति व्यवस्था लागू की गई थी। लेकिन इसे शुरू में सिर्फ पांच साल के लिए ही लागू किया जाना था जो 30 जून, 2022 को खत्म होने वाला था। केंद्र सरकारर ने राज्यों को 31 मई, 2022 तक देय जीएसटी क्षतिपूर्ति राजस्व का भुगतान कर दिया है।

# भारत का अपना वाहन सुरक्षा कार्यक्रम अगले साल अप्रैल से होगा शुरू

भाषा। नई दिल्ली

**देश** में यात्री कारों की सुरक्षा के आकलन के लिए घोषित कार्यक्रम भारत एनसीएपी अगले साल एक अप्रैल से शुरू किया जाएगा। इसके तहत वाहनों को परीक्षणों के आधार पर सुरक्षा मानदंडों के लिहाज से स्टार रेटिंग दी जाएगी। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारत एनसीएपी कार्यक्रम में आठ सीटों तक के यात्री वाहनों को दुर्घटना की दशा में सवारियों के लिए सुरक्षित माने जाने के पैमाने पर परखा जाएगा। एम-। श्रेणी के 3.5 टन वजन वाले यात्री वाहनों पर भारत एनसीएपी के तहत परीक्षण के बाद स्टार रेटिंग दी जाएगी। भारत एनसीएपी के मानकों को वाहन सुरक्षा संबंधी वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। बयान में कहा गया है कि भारत एनसीएपी रेटिंग उपभोक्ताओं को वाहन का मूल्यांकन करने वाले लोगों के लिए प्रदान की जाने वाली सुरक्षा के स्तर का एक संकेत प्रदान करेगी। इसमें वयस्क सवारियों के अलावा बच्चों के लिए भी सुरक्षा स्तर को परखा जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए वाहनों का परीक्षण आवश्यक बुनियादी ढांचे के साथ परीक्षण एजेंसियों पर किया जाएगा। प्रस्तावित मूल्यांकन के तहत एक से पांच स्टार तक की रेटिंग वाहन मॉडल को दी जाएगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अपने कई ट्वीट संदेशों में कहा कि भारत एनसीएपी एक उपभोक्ता-केंद्रित मंच के रूप में काम करेगा, जिससे ग्राहक स्टार-रेटिंग के आधार पर सुरक्षित कारों का विकल्प चुन सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे भारत के मौलिक उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के बीच सुरक्षित वाहनों के निर्माण के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी बल मिलेगा। गडकरी ने कहा, मैंने भारत एनसीएपी शुरू करने के लिए जीएसआर अधिसूचना के मसौदे को मंजूरी दे दी है जिसमें वाहनों को टक्कर परीक्षण में प्रदर्शन के आधार पर स्टार रेटिंग दी जाएगी। गडकरी के अनुसार, भारत एनसीएपी भारत को दुनिया में वाहन क्षेत्र का अग्रणी केंद्र बनाने के मिशन के साथ आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक अहम जरिया साबित होगा। भारत एनसीएपी निर्माताओं को सुरक्षा परीक्षण मूल्यांकन कार्यक्रम में स्वेच्छा से भाग लेने और नए कार मॉडलों में उच्च सुरक्षा स्तरों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस पहल के जरिए सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में कमी लाने की कोशिश की जाएगी। गडकरी ने वर्ष 2024 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में 50 प्रतिशत की कमी लाने का लक्ष्य रखा हुआ है।

# गृह सचिव ने किया बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का निरीक्षण





संवाददाता। बांदा

**उत्तर** प्रदेश के गृह सचिव ने निर्माणाधीन बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का किया निरीक्षण संभावित 13 से 15 जुलाई को प्रधानमंत्री कर सकते हैं लोकार्पण जालौन जनपद के उरई से एक्सप्रेस वे का करेंगे लोकार्पण त पर गृह सचिव अवनीश अवस्थी ने हेलीकॉप्टर को एक्सप्रेसवे में ही के नदी के पुल के पहले उतारा सरकार द्वारा निरीक्षण स्थल पर पहुंचकर पुल के ऊपर मीटिंग की और फिर बांदा के मावई से बाई कार गए चित्रकूट बॉर्डर तक फिर देखकर वापस लौटे निरीक्षण करते हुए अवस्थी जी का कहना है कि इसमें उद्योग बंधुओं को काफी आसानी होगी इस एरिया में उद्योग लगाने का और समय से दिल्ली 7 घंटे में पहुंचेंगे। प्रदेश के बाँदा में आज उत्तर प्रदेश के अपर ग्रह सचिव ने निर्माणाधीन बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का निरीक्षण किया है जालौन से निरीक्षण के बाद बाँदा पहुचे अपर ग्रह सचिव ने बताया कि जुलाई के दूसरे हफ्ते में कर सकते है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का उद्घाटन लगभग 97: कम्प्लीट हो चुका है एक्सप्रेस वे का काम 7 घंटे में तय होगी चित्रकूट से दिल्ली का सफर अपर गृह सचिव ने निरीक्षण के बाद सभी अधिकारियों के साथ कि समीक्षा बैठक इसके बाद वो बाँदा से हेलीकॉप्टर के जरिये लखनऊ रवाना हो गये। .बता दे कि बुंदेलखंड में बन रहे एक्सप्रेस वे का आज उत्तर प्रदेश के अपर ग्रह सचिव और यूपीडा के अध्यक्ष अवनीश अवस्थी ने आज बाँदा के मवई से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का हवाई और स्थलीय निरीक्षण किया है जालौन स निरीक्षण करने के बाद हेलीकॉप्टर से बाँदा पहुँच कर उन्होंने निर्माण कार्य का गहनता से निरीक्षण किया है जायजा लेने के बाद अपर गृहसचिव ने जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की है। बात करने पर अपर ग्रह सचिव ने बताया कि एक्सप्रेस वे का काम लगभग 97:पूर्ण हो चुका है और जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा उन्होंने ये भी बताया कि जुलाई के दूसरे हफ्ते में प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन कर सकते है साथ ही यूपीडा के कर्मचारियों की तारीफ करते हुए कहा कि की कैसे कर्मचारियों ने भीषण गर्मी और कोरोना काल के बावजूद काम को किया जिससे निर्धारित समय पर एक्सप्रेस वे बनकर तैयार हो जाय बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे तैयार हो जाने से चित्रकूट से दिल्ली की दूरी मात्र 7 घंटे में तय की जा सकेगी जिससे यहां पर औद्योगिक विकास तेजी से होगा इसके बाद अपर ग्रह सचिव लखनऊ रवाना हो गये।

# नगर पालिका परिषद कोंच के अधिशाषी अधिकारी बने मौर्य



नये अधिशाषी अधिकारी पवन किशोर

**कोंच( जालौन )।** नगर पालिका परिषद में अधिशाषी अधिकारी का पद पिछले काफी समय से रिक्त चल रहा था और इस पद की जिम्मेदारी उपजिलाधिकारी द्वारा निभाई जा रही थी जिस पर शासन ने नगर पंचायत रूरा व नगर पालिका झींझक कानपुर देहात में अपनी सेवाएं दे रहे पवन किशोर मौर्य को स्थानीय नगर पालिका के लिए स्थान्तरित कर दिया गया जिस पर अधिशाषी अधिकारी पवन किशोर ने नगर पालिका परिषद का पदभार ग्रहण कर लिया है पदस्थ ई ओ ने प्रेस से मुलाकात करते हुए बताया कि मै गोरीगंज रायवरेली का मूल निबासी हूँ और बर्ष 2008 बैच का अधिकारी हूँ उन्होंने प्राथमिकता के बारे में बताते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाएगा और नामांतरण प्रक्रिया को भी ऑन लाइन संपादित किये जाने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा वहीं उन्होंने यह भी बताया कि सरकार की योजना अमृत सरोवर के अंतर्गत धनुतालब का निर्माण कराया जा रहा है जिसे जल्द से पूर्ण कर लिया जाएगा और दूसरे अमृत सरोवर के लिए जल्द से जल्द चिन्हित कर लिया जाएगा क्योंकि सरकार द्वारा नगर पालिका को दो अमृत सरोवर संतृप्त करने का आदेश मिला है वहीं अमृत उद्यान योजना के तहत हाटा स्थित सेल्टर होम के सामने जगह को चिन्हित करते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया गया जिसे जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### भाजपाइयों ने किया पौधरोपण

**संतकबीरनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान में शनिवार को खलीलाबाद नगर के मिश्रौलिया समय माता मंदिर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के मंत्री त्रयंबक नाथ त्रिपाठी द्वारा वृक्ष लगाया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से ही वृक्षारोपण का कार्य चलाया जा रहा है जो कि उनके जन्मदिन 6 जुलाई तक अनवरत चलता रहेगा उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ पर 10 वृक्ष लगाए जाएंगे। वृक्ष लगाने से हम सब को ऑक्सीजन मिलता है और वह वातावरण को शुद्ध करता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव राय, जिलाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह, कौशलेंद्र सिंह, दीपू, ज्ञानेंद्र मिश्रा, हैप्पी राय, अमर राय, सतपाल पाल, कन्हैया वर्मा, विष्णु मिश्रा, विनोद अग्रहरि, बनर्जी लाल अग्रहरी, संदीप चौरसिया, अजय चौरसिया, साधु गुप्ता सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शनिदेव शांति धाम हरसिंगपुर के पास हुआ भीषण हादसा

**कुठौंद(जालौन)।** कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिदेव शांति धाम हरसिंहपुर के पास औरैया की ओर से आ रहे ट्रक नंबर यूपी 30टी 5588 ने ग्राम पंचायत हरसिंहपुर गौशाला की अन्ना गांयो को बचाने के चक्कर मे आगे वाले ट्रक ने ब्रेक लगाए तो पीछे से आ रहे डंपर नंबर यूपी 74 टी 9479 ने आगे वाले ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिससे डंपर के केबिन के परखच्चे उड़ गए डपर को चला रहे ड्राइवर उदयवीर साक्य निवासी पलार थाना सोरी जिला कन्नौज के गंभीर चोटे आई जिसकी सूचना राहगीरों के द्वारा थानाध्यक्ष कुठौंद को दी घटना की खबर सुनकर कुठोंड पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और केबिन में फंसे ड्राईवर को बाहर निकालकर जिसकी हालत गंभीर थी थाना पुलिस द्वारा ड्राइवर को तत्काल कानपुर के लिए भिजवाया जिसकी हालत समाचार लिखे जाने तक गंभीर बताई जा रही है, हरसिंहपुर की गौशाला की अन्ना गोवंशो के होने के कारण उरई औरय्या हाईवे पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं दुर्घटना रात 12 बजे के लगभग की है।

### आयुष आपके द्वार शिविर में 128 रोगियों का परीक्षण

**कोंच(जालौन)।** ग्राम पडरी स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में दिन शनिवार को आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अंडा के तत्वाधान में शिविर का आयोजन किया गया शिविर में भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया गया जिसमें आयुर्वेदिक चिकित्सालय ग्राम अंडा कीचिकित्साधिकारी डॉ अभिलाषा सिंह द्वारा 128 रोगियों का परीक्षण कर उन्हें 5 से 7 दिन की निशुल्क औषधियों का बितरण किया गया शिविर में मूत्र दाह उदर रोग स्वास बातरोग चर्मरोग स्वास ज्वर काय और प्रतिस्याय के रोगों की अधिकता रही ।

### विदेशों से मिल रही कोंच फिल्म फेस्टिवल को सराहना

**कोंच(जालौन)।** तृतीय कोंच इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल को विदेशों में भी सराहा जा रहा है। नेपाल,जर्मनी, बल्गारिया, जपान आदि देशों से कोंच फ़िल्म फेस्टिवल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की जा रही है। नेपाल की महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद शेख चांदतारा, भारत मे जापान सरकार के बिजनेस कॉर्डिनेटर नेपाल के पूर्व राष्ट्रपति के परिवार में जन्मे सभ्रांत व्यक्ति डॉ0 सुशील यादव, न्यूयार्क अमेरिका से बिजनेस मैन एवं फ़िल्म अभिनेता सुनील बल्गारिया से निकोल,वी चनक,जर आदि ने वीडियो जारी करते हुये कोंच फ़िल्म फेस्टिवल की सराहना की है। आगामी 30 जून से होने वाले कोंच इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल के संस्थापक/संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने बताया कि 30 जून को कोंच इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल की सांस्कृतिक यात्रा निकलेगी। यात्रा का शुभारंभ बलदाऊ धर्मशाला से होगा यात्रा कमला नेहरू से सागर चौकी, रामगंज नई बस्ती तिराहा होते हुए लवली चौराहा पहुचेगी वँहा से यात्रा स्टेट बैंक अमरचंद्र होते हुए सरोजनी नायडू पार्क पहुँचेगी जंहा ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए यात्रा का समापन होगा।

### कुठौंदा बुजुर्ग में लोगों की समस्याओं को सुना बीडीओ ने

**जालौन।** बीडीओ ने ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। बीडीओ संतराम ने शुक्रवार की देर शाम ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में गांव के विकास कार्यो की हकीकत जानने और जनसमस्याओं को सुनने के लिए गांव का भ्रमण किया। उन्होंने सर्वप्रथम गांव में सफाई व्यवस्था को देखा। गांव में पानी की निकासी व्यवस्था ठीक नहीं मिली इसके अलावा आम रास्ते पर भी जल भराव मिला। जिसको लेकर उन्होंने ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र और सफाई कर्मियों को पानी की निकासी की व्यवस्था ठीक करने एवं आम रास्ते पर जलभराव को लेकर नालियों की सिल्ट की सफाई करने के निर्देश दिए। ग्रामीण गजेंद्र सिंह सेंगर ने गांव में वययामशाला बनवाने एवं क्षतिग्रस्त पंचायत भवन का निर्माण कराने की मांग बीडीओ से की। जिस पर बीडीओ ने बताया कि व्ययामशाला के लिए और पंचायत भवन के लिए भूमि का चिन्हांकन हो गया है। तहसील से उक्त दोनों के निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्राप्त हो गया है। जल्द ही व्ययामशाला एवं पंचायत भवन का निर्माण कार्य शुरु कराया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीणों ने खेल के मैदान को विकसित कराने की भी मांग की। जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि इसके लिए उच्च स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराएंगे और खेल के मैदान को विकसित कराने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर प्रधान पुष्पेंद्र, हरेंद्र, अविनाश आदि मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में आठ फरियादियों ने दर्ज कराईं शिकायतें

**जालौन।** कोतवाली में आयोजित थाना समाधन दिवस में 8 फरियादियों ने राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई। जिसमें 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित लेखपालों को सौंप दिया गया। सीओ उमेश पांडेय की अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में 8 फरियादियों ने राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों को दर्ज कराया। जिसमें सियारानी बेवा रामस्वरूप निवासी ग्राम खर्रा ने बताया कि उनके पास कुछ भूमि है। जिसकी गाटा संख्या 682 है। लेकिन गांव के ही शिवनारायण आदि उसकी जमीन पर कब्जा जमाने की फिराक में हैं। उन्होंने वहां खड़े नीम के पेड़ को काट दिया और अब उसकी भूमि पर निर्माण सामग्री रख दी और वहां निर्माण करना चाहते हैं। जब उसने निर्माण करने से रोका तो जान से मारने की धमकी दे डाली। थाना समाधान दिवस में 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि शेष शिकायतों को संबंधित लेखपालों को सौंप दिया गया। सीओ ने सभी लेखपालों को मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करने एवं निस्तारण की जानकारी शिकायतकर्ता को देने के निर्देश दिए। इस मौके पर कोतवाल शैलेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम वीरेंद्र पटेल, अनिल कुमार सहित लेखपाल मौजूद रहे।

# लावारिस की मौंत पर बिचोली के हनुमान मंदिर के महंत ने कराया कन्या भोज



संवाददाता। कुठौंद(जालौन)

**थाना कुठौंदके** हदरुख चौकी क्षेत्र में आने वाले संकट मोचन हनुमान मंदिर बिचोली के पास 13 दिन पहले मानसिक रूप से परेशान अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था जिसको हदरूख चौकी इंचार्ज ओंकार तिवारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था जिसकी अंत्येष्टि होने के बाद आज संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 महंत श्री राघव दास जी महाराज, महंत श्री कल्याण दास जी महाराज, महंत रिंकू महाराज जी, महंत सत्यनारायण तरसोर, महंत बिहारी दास जी गोहन, महंत माखन दास जी जमरेही, महंत कल्लू बाबा शनिदेव शांति धाम, के द्वारा एवं चौकी इंचार्ज ओंकार तिवारी एवं क्षेत्रीय प्रधान नरेंद्र तिवारी केथवा, महेश कुमार प्रधान बिचोली, भारत सिंह प्रधान प्रतिनिधि मदारीपुर, दोन प्रधान गंभीर सिंह, तथा समाजसेबी गुड्डा सिंह बस्ते पुर, राजू गुप्ता पूर्व प्रधान बिचोली, संजय सिंह, कृष्ण गोपाल, मोहित राजा दोनापुरके द्वारा अज्ञात व्यक्ति का दही जलेबी का भंडारा किया गया मंदिर महंत श्री राघव दास ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के परिवारी जनों के बारे में पता लगाने की बहुत कोशिश की लेकिन उसकी सुध लेने वाला आज तक कोई नहीं आया।

# अकेला कुबेरपुर में भी निकला 'शौचालय' घोटाला

संवाददाता। बस्ती

- एक दर्जन से अधिक शौचालयविहीन दलितों ने उठाई आवाज
- डीएम से की शिकायत-कहा एक दर्जन लाभार्थियों के नाम पर धन निकल गया उन्हें पता ही नहीं

**मनरेगा** के बाद सेक्रेटरी और प्रधानों ने सबसे अधिक हमला षौचालयों पर बोल रहें हैं। दोनों मामलों में सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। एक तरह से प्रधान और सेक्रेटरी ने षौचालय के धन को भोजन का जरिया बना लिया है। ऐसे-ऐसे लाभार्थियों के नाम पर धन निकाल लिया जाता, जिसकी जानकारी लाभार्थी तक को नहीं होती। हेराफेरी का यह आलम है, कि परेवा में एक ही व्यक्ति को सात-सात षौचालय दे दिया और लाभार्थी को पता ही नहीं चला। अब तक सबसे बड़ा षौचालय घोटाला सल्टौआ ब्लॉक के ग्राम पंचायत अजगैवाजंगल का सामने आ चुका है। यहां पर 1034 षौचालय का पैसा कहां गया, आज तक डीपीआओ को पता ही नहीं चला कार्रवाई से अधिक लिखा-पड़ी की जा रही है। नोटिस दिए पांच माह से अधिक हो गए मगर अभी तक सेक्रेटरी ने जबाव ही नहीं हुआ। इसी तरह कुदरहा ब्लॉक के ग्राम परेवा का सामने आया, यहांपर तो 35 लाख का हिसाब-किताब ही नहीं मिल रहा है। एक-एक लाभार्थी के नाम पर सात-सात बार पैसा निकल गया, यहां पर तो मकानों की संख्या से कई गुना अधिक पैसा निकल गया। विभाग क्या कर रहा है, इस बात का पता ही नहीं चला। कुदरहा ब्लॉक के ही कड़सरी मिश्र में तो 13 लाख के षौचालय का घोटाला सामने आ चुका, कार्रवाई का इंतजार है। हर्रैया में तो 13 लाख के गबन के आरोप में सेक्रेटरी जेल तक जा चुके है। अब कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अकेला कुबेरपुर का सामने आया। यहां के एक दर्जन से अधिक षौचालयविहीन दलितों ने लिखकर दिया है, कि उन लोगों को षौचालय का पैसा नहीं दिया, बल्कि एक दर्जन से अधिक ऐसे लोगों के नाम पैसा निकाल लिया, जिन्हें पता ही चला कि उनके नाम पर पैसा भी निकाला गया। सरकार पहले ही जिले को ओडीएफघोषित करनें के नाम पर फर्जी तरीके से लगभग पांच अरब खर्च कर चुकी है, बावजूद असंख्य महिलाएं आज भ्जी खुले में षौच को जा रही हैं, और उनके साथ आए दिन अकप्रय घटनाएं भी हो रही है। कुदरहा ब्लॉक के अकेला कुबेरपुर के जिन लोगों नें डीएम को लिखकर दिया, कि पैसा निकाल लिया गया और उन्हें पता ही नहीं चला। इनमें लीलादेवी पत्नी फूलचंद्र, राधिका पत्नी अषरर्फी, जितेंद्र, प्रमात्मा, रामकरन पुत्र सुरगुन, तेजी पत्नी मंगरु, सीमा पुत्री राते, रामतिलक पुत्र मंगरु, दिलीप निषाद पुत्र लालाराम, रामबुझारत पुत्र हिरई एवं षोभावती पत्नी षिवषंकर सहित अन्य का नाम षामिल है। इन लोगों ने डीएम को बताया कि गांव में स्वच्छ भारत मिषन के तहत घोटाला किया गया, प्रधान और सेक्रेटरी ने मिलकर गलत तरीके से 11 लोगों के नाम से पैसा निकालकर गबन कर लिया। बताया कि हम लोगों के नाम पर पैसा निकाल लिया गया और हम लोगों को पता ही नहीं चला। इन लोगों ने प्रधान और सेक्रेटरी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। जिन लोगों के नाम पर पैसा निकाला गया, उनमें कुंता पत्नी मिठाई, लालाराम पुत्र कोमल, लीलादेवी पत्नी स्व. फूलचंद्र, पामात्मा पुत्र सीताराम, राधेष्याम पुत्र जंगा, राम बुझारत पुत्र हिरई, राम तिलक पुत्र मंगरु, रिते पुत्र चंदर, षोभावती देवी पत्नी स्व. षिवषंकर एवं तेजी पुत्र मंगरु का नाम षामिल है।

# ठेकेदार ने खोली आरईडी के घोटाले की पोल

संवाददाता। बस्ती

- ठेकेदार ने लगाया सड़कों के टेंडर में घोटाले का आरोप
- कहा-चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने को तोड़ा नियम
- सीडीओ ने तलब किया टेंडर की पत्रावली
- आरईडी के एक्सईएन ने कहा टेंडर नियमों के तहत निकाला गया

**आरडीई** के ठेकेदार ने विभाग के अधिकारियों की पोल खोली। कहा अपने चहेते ठेकेदारों को ठेका देने के लिए एक्सईएन ने तोड़ नियम। डीएम और सीडीओ से की षिकायत। सीडीओ डा. राजेष कुमार प्रजापति एक्सईएन से मांगा जबाव, टेंडर की पत्रावली को किया तलब। मामला सात करोड़ से अधिक का है। एक तरफ योगी सरकार सड़को को गड्ढा मुक्त करने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है, लेकिन बस्ती जनपद में शासन की मंषा पर विभाग के ही अधिकारी पानी फेरते हुए नजर आ रहे है। ताजा मामला बस्ती जिले के ग्रामीण अभियंत्रण विभाग का है, जिसमे सात करोड़ की लागत से बनने वाले सड़क में पहले ही घोटाले की बू आने लगी। आपत्ति जताने के बावजूद ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने कमीषनबाजी के आगे कार्यवाही करना जरूरी नहीं समझा और भ्रष्टाचार को हवा देने में लगे हुए है। वहीं आरईडी के एक्सईएन अरविंद चौधरी ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया नियमों के तहत की गई, अब षिकायत करने वाले ठेकेदार जाने की उसमें क्या गलत हुआ, कहा कि अब तो जांच हो ही रही है, सच्चई सामने आ जाएगा। सदर, कप्तानगंज और हरैया विधानसभा क्षेत्र में आम नागरिकों की सुविधा के लिए उन खराब सड़को के कायाकल्प की योजना तैयार हुई जिस पर चलना भी लोगो के लिए दुभर था, सरकार को प्रपोजल गया और कार्यदाई संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को सड़क निर्माण का कार्य मिला, विभाग के अधिकारियों ने टेंडर निकाला और यही से शुरू हुआ भ्रष्टाचार का खेल। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशाषी अभियंता और अधीक्षण अभियंता पर आरोप है कि अपने चहेते ठेकेदार को सड़क का काम देने के लिए नियम कानून की धज्जियां उड़ाई, दोनो अफसरों ने 7 करोड़ की लागत से 10 सड़को के निर्माण के लिए निविदा में गड़बड़झाला किया गया, एक ही निविदा में एक फर्म को पात्र बना दिया गया तो दूसरे फर्म को अपात्र कर दिया गया। पीड़ित ठेकेदार का कहना है कि लाट संख्या 8 और 9 में जो फर्म पात्र थे उन्हे आखिर किस आधार पर लाट संख्या 5, 6 और 7 में अपात्र कर दिया गया। टेक्निकल बीड खुलते ही इसकी शिकायत हुई मगर जिम्मेदारी ने कोई एक्शन नहीं लिया। एस कंस्ट्रक्शन फर्म को फायदा पहुंचाने के लिए टेंडर खोलने की कमेटी ने सारे नियमों को दरकिनार कर दिया। 18 जून को टेंडर खुला और उस दिन कमेटी में शामिल अधीक्षण अभियंता खुद मौजूद नहीं थे, शिकायत करने वाले ठेकेदारों ने बताया कि अधिकारी खुद भ्रष्टाचार में लिप्त है और चहेते को फायदा पहुंचाने की पूरी कोशिश की जा रही है।

# थाना समाधान दिवस में आईं सात शिकायतें, तीन का हुआ निस्तारण



थाना दिवस में जन शिकायतें सुनते पुलिस अधिकारी

**कोंच ( जालौन )।** कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक वलिराज शाही की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस थाना दिवस पर कोतवाली में 7 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्या से सम्बंधित प्रार्थना पत्र अधिकारियों के समक्ष रखकर उसके निस्तारण की मांग की जिस पर अधिकारियों द्वारा मौके पर 3 प्रार्थना पत्र का निस्तारण करते हुए बांकी बचे प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकरियों को सौंपते हुए उन्हें जल्द से जल्द निस्तारण का आदेश दिया और यह भी कहा कि शासन की मंशा के अनुसार शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए जिससे किसी भी पक्ष को हानि न हो और जो भी शिकायतें आयी है उनका निस्तारण जल्द और पारदर्शिता के साथ किया जाए और जहाँ भी समस्या के निस्तारण में पुलिस बल की जरूरत है समय से पुलिस बल उपलब्ध कराया जायेगा ताकि समस्या का हल निकल सके इस अवसर पर कोतवाल एस एस आई आनंद कुमार सिंह नगर पालिका से आर आई सुनील कुमार लेखपाल दयाशंकर प्रजापति राजेन्द्र कुमार वर्मा अखलेश कुमार आरती निरंजन संजना कुमारी नरेंद्र बाबू गुप्ता रमेश चन्द्र अशोक कुमार बीर सिंह महेश चंद्र दिलीप पटेल बिधुत बिभाग से महेंद्र सिंह निरंजन व्रजराज सिंह नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# घरौनी प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम में तहसीलदार ने गिनाईं खूबियां



संवाददाता। कालपी(जालौन)

**शनिवार** को कालपी तहसील के ग्रामों की घरौनी प्रमाण पत्रों का वितरण कार्यक्रम तहसीलदार नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उन्होंने घरौनी प्रमाण पत्र की उपयोगिता तथा खूबिया बताते हुए भविष्य के लिए बेहतर कदम बताया। तहसील के मीटिंग हॉल में आयोजित कार्यक्रम घरौनी वितरण प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए तहसीलदार ने बताया कि ग्रामों में जिन जिन लोगों के मकान बने हैं।उन ग्रामीणों के आवासीय अभिलेख के लिए घरौनी प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि घरौनी प्रमाण पत्रों से गांव के भूखंडों,नाली आदि के छोटे मोटे विवाद खत्म हो जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान तहसील के काशी रामपुर, देवकली, वरदौली, मगरौल, कीरतपुर, तथा गढ़गुवा गांवों के ग्रामीणों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर राजस्व कानूनगो राम दत्त, राकेश कुमार, सलीम खान, अशोक पांडेय, टीपू हाशमी, प्रेस क्लब तहसील कालपी के अध्यक्ष सलीम अंसारी के अलावा लेखपाल तथा राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गांवों में समस्याओं का समाधान आपस में मिल बैठकर करवाएं प्रधान: सीओ

संवाददाता। जालौन

**गांवों** में छोटी मोटी समस्याओं का समाधान आपस में मिल बैठकर करवा दें। कोई समस्या हाती है तो निसंकोच संपर्क कर सकते हैं। यह बात नवागंतुक सीओ ने सर्किल के ग्राम प्रधानों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक के दौरान कही।

नवागंतुक सीओ उमेश पांडेय ने सर्किल क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ कोतवाली परिसर में बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा कि गांवों में अक्सर विवाद छोटी मोटी समस्याओं को लेकर होते हैं। इन समस्याओं का समाधान गांवों में ही आपसी सहमति के आधार पर हो सकता है। प्रधान दोनों पक्षों के बीच सहमति बना सकते हैं। यदि इसके बाद भी समस्या का समाधान न हो तो पुलिस की सहायता ले सकते हैं। बताया कि गांवों में किसी भी प्रकार से अशांति न फैलने दें। अफवाहों से बचें और दूसरों को भी बचने के प्रेरित करें। यदि कोई अराजक तत्व गांव में किसी भी प्रकार से कोई अराजकता फैलाता है तो पुलिस को सूचना दें, पुलिस ऐसे व्यक्ति के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करेगी। उन्होंने अपील की कि यदि गांव में कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त है अथवा कोई ऐसा कार्य करता है तो कानून के खिलाफ है तो उसकी भी जानकारी पुलिस तक पहुंचाएं। ताकि ऐसे समाजविरोधी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर आशू तिवारी छिरिया सलेमपुर, अमित मलकपुरा, राघवेंद्र सिंह धनौरा कलां, शिवकुमार खनुआं, अविनाश प्रताप, आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।



गांव के प्रधानों व गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक करते सीओ उमेश पांडेय पायनियर

# मध्य प्रदेश रणजी चैंपियन बनने के करीब

- पहली पारी में 536 रन बनाए, पाटीदार की शतकीय पारी
- स्टंप्स के समय मुंबई ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 113 रन बनाए




भाषा। बेंगलुरु

**इंडियन** प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए यादगार प्रदर्शन करने वाले रजत पाटीदार ने रणजी ट्रॉफी फाइनल में बारिश से प्रभावित चौथे दिन शनिवार को यहां मुंबई के खिलाफ शतकीय पारी खेल को अपनी टीम को खिताब के बेहद करीब पहुंचा दिया है। मध्यप्रदेश ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 368 रन से करने के बाद पाटीदार की 219 गेंद में 20 चौके जड़ित 122 रन के दम पर अपनी पहली पारी में 536 रन बनाए। चाय के विश्राम से पहले बारिश ने मैच में खलल डाला लेकिन जब खेल दोबारा शुरू हुआ तब मध्य प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 162 रन की बढ़त के साथ खिताब का लगभग अपने नाम कर लिया। यश दुबे (133) और शुभम शर्मा (116) के बाद पाटीदार शतक लगाने वाले टीम के तीसरे खिलाड़ी है। इन तीनों में हालांकि उनकी बल्लेबाजी सबसे बेहतरीन रही। स्टंप्स के समय मुंबई ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 113 रन बनाकर मध्य प्रदेश की बढ़त को कुछ कम की लेकिन मैच में उनकी वापसी अब किसी चमत्कार के भरोसे ही है। चौथे दिन का खेल खत्म होते समय अरमान जाफर 30 और सुदेव पारकर नौ रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। तेजी से रन बनाने के लिए कप्तान पृथ्वी साव के साथ हार्दिक तमोर को पारी का आगाज करने के लिए भेज गया लेकिन साव 52 गेंद में 44 रन बनाकर गौरव यादव (23 रन पर एक विकेट) और तामोर ने 25 रन बनाकर कुमार कार्तिकेय (50 रन पर एक विकेट) की गेंद पर आउट हुए। मैच के आखिरी दिन 95 ओवर का खेल होना है और मुंबई की टीम को लगभग बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद मध्य प्रदेश को 45 से 50 बल्लेबाजी करानी होगी। पिच से जिस तरह से बल्लेबाजों को मदद मिल रही है उससे इस बात की संभावना कम है कि मध्य प्रदेश की टीम चौथी पारी में लड़खड़ा जाए। जब चौथा दिन शुरू हुआ, तो पहली पारी में बढ़त हासिल करने के लिए, मध्य प्रदेश को सात और रनों की जरूरत थी, लेकिन पाटीदार के लिए कम से कम एक सत्र खेलना अधिक महत्वपूर्ण था। उन्होंने इस काम को शानदार तरीके से किया। जब वह आउट हुए तब मध्य प्रदेश की बढ़त 100 रन से अधिक हो चुकी थी और मुंबई के खिलाड़ियों के चेहरे पर इसकी उदासी की झलक देखी जा सकती थी। इस दौरान अपने कड़े मिजाज के लिए जाने जाने वाले कोच चंद्रकांत पंडित ड्रेसिंग रूम के एक कोने में बैठ कर अपनी टीम की बल्लेबाजी का लुत्फ उठा रहे थे। मध्य प्रदेश की पारी 14 घंटे 10 मिनट तक चली। इस दौरान टीम ने 41 बार की चैंपियन टीम को उसी के अंदाज में जवाब दिया। पाटीदार ने मोहित अवस्थी की गेंद पर ऑन-ड्राइव पर चौका लगाया और फिर उन्हें कवर-प्वाइंट की ओर बेहतरीन शॉट के साथ अपनी शानदार लय के जारी रहने का संकेत दिया। आईपीएल भले ही एक सफेद गेंद की प्रतियोगिता रही हो, लेकिन पाटीदार ने 25 मई को लखनऊसुपर जायंट्स के खिलाफ अपने शतक से जिस तरह का आत्मविश्वास हासिल किया, वह यहां काम आया। उन्होंने ठीक एक महीने बाद 25 जून को इसका सबसे अच्छा उपयोग किया। यह उनके प्रथम श्रेणी करियर का आठवां और सबसे महत्वपूर्ण शतक है। मौजूदा सत्र में मध्य प्रदेश की सफलता श्रेय दूसरे , तीसरे और चौथे क्रम में शानदार बल्लेबाजी को जाता है। पाटीदार ने अब तक 628 रन बनाए हैं और रन बनाने वालों की सूची में सरफराज खान (937) के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

# आयरलैंड के खिलाफ सैमसन व गायकवाड़ पर होंगी निगाहें

- भारत से टी-20 मुकाबला आज

भाषा। मलाहाइड (आयरलैंड)



ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन सहित भारत के दूसरे कतार में शामिल खिलाड़ियों को सीनियर क्रिकेटरों की वापसी से पहले आयरलैंड के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली दो मैचों की टी20 श्रृंखला में खुद को साबित करने का एक और मौका मिलेगा, जिसमें हार्दिक पंड्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कप्तानी की शुरुआत भी करेंगे। ऋषभ पंत के इंग्लैंड में टेस्ट टीम में शामिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी कप्तानी से प्रभावित करने वाले पंड्या को टीम की कमान सौंपी गई है। रोहित शर्मा को विश्राम दिए जाने और केएल राहुल के चोटिल होने के बाद पंत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला में टीम की अगुवाई की थी। अब हार्दिक को जिम्मेदारी सौंपी गई है और गुजरात टाइटन्स के कप्तान के रूप में उनके शानदार प्रदर्शन से उनसे काफी उम्मीद की जा रही है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण इस श्रृंखला में कोच की भूमिका निभा रहे हैं क्योंकि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड में हैं। उनके अपने पूर्व साथी की रणनीति पर ही चलने की उम्मीद है। इन दोनों मैच से इस साल के आखिर में आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए कोर ग्रुप और अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले तीन मैचों के लिए टीम तैयार करने में मदद मिलेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में द्रविड़ ने पहले दो मैचों में हार के बावजूद सभी पांच मैचों में टीम को बरकरार रखा था। पांचवां मैच बारिश की भेंट चढ़ने से यह श्रृंखला 2-2 से बराबर छूटी थी। पंत और श्रेयस अय्यर के टेस्ट टीम में शामिल होने से आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में संजू सैमसन और दीपक हुड्डा जैसे खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है। सैमसन कई मौके मिलने के बावजूद टी20 टीम में खुद को स्थापित नहीं कर पाए और ऐसे में उनके लिए मौका बेहद महत्वपूर्ण होगा। कलाई की चोट से वापसी करने वा ले सूर्यकुमार यादव के तीसरे या चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना है। ईशान किशन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था जिसे वह आगे बढ़ाना चाहेंगे लेकिन सलामी जोड़ीदार गायकवाड़ पर दबाव होगा, जो पिछली श्रृंखला में तेज गेंदबाजों के सामने असहज दिख रहे थे। भारत के तेज गेंदबाज उमरान मलिक और यॉर्कर विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह को भी यहां मौका मिल सकता है। जहां तक आयरलैंड का सवाल है तो उसके खिलाड़ी मजबूत भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके लोगों का ध्यान खींचने की कोशिश करेंगे। स्टीफन डोहेनी और कॉनर ओलफर्ट को एंड्रयू बालबर्नी की अगुवाई वाली टीम में पहली बार जगह मिली है।

## गौरव गिल डब्ल्यूआरसी सफारी रैली से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के अर्जुन पुरस्कार विजेता चालक गौरव गिल को विश्व रैली चैम्पियनशिप (डब्ल्यूआरसी) सफारी रैली कीनिया में शानदार शुरुआत के बाद इंजन में खराबी के कारण बाहर होना पड़ा। तीन बार के एशिया पैसिफिक रैली चैंपियन और सात बार भारतीय राष्ट्रीय रैली चैम्पियनशिप जीतने वाले गिल का वाहन धूल में फंस गया जिससे उनका इंजन खराब हो गया। गिल ने डब्ल्यूआरसी-दो के पहले और तीसरे चरण में जीत दर्ज की थी और उन्हें यहां खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था।

## चेन्नई ओपन शतरंज : नितिन शीर्ष पर कायम

**चेन्नई।** भारतीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर नितिन सेंथिवेल ने शनिवार को यहां 13वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट 2022 के नौवें दौर में हमवतन और साथी आईएम रविचंद्रन सिद्धार्थ से ड्रा खेला लेकिन वह आठ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। नितिन रूस के जीएम बोरिस सावचेंको, बेलारूस के एलेक्सेई फेडेरोव, अरोण्याक घोष और हिमल गोसाईं (दोनों भारतीय) पर आधे अंक की बढ़त बनाए है। इन सभी के 7.5 अंक है। रविवार को फाइनल दौर खेला जाना है।

## बीसीसीआई ट्रेनर का पूल बनाने के लिए करार किया

**बेंगलुरू** ट्रेनिंग प्रणाली मे एकरूपता लाने की मुहिम में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने देश मे विश्व स्तरीय ट्रेनर (एस एंड सी कोच) का एक पूल बनाने के लिए आस्ट्रेलियाई स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग संघ (एएससीए) से समझौता किया है। हाल मे बीसीसीआई ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) मे अपना खेल विज्ञान वर्ग बनाया था जिसकी जिम्मेदारी राष्ट्रीय टीम के पूर्व मुख्य फिजियो डाक्टर नितिन पटेल को दी गई। अब वे एक ऐसे कार्यक्रम के विचार के साथ आए है जिससे बीसीसीआई मे सभी स्तर पर फिटनेस ट्रेनर का ज्ञान बढ़ेगा।

## चेन्नई में शतरंज ओलंपियाड में हिस्सा नहीं लेगा चीन

**चेन्नई।** चीन यहां मामल्लापुरम में 28 जुलाई में होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड मे हिस्सा नही लेगा। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के मौके पर एक सवाल का जवाब देते हुए दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और चीन के शीर्ष खिलाड़ी डिंग लिरेन ने कहा कि न तो वह और न ही टीम ओलंपियाड मे हिस्सा लेगी। मैड्रिड मे टूर्नामेंट मे खेल रहे लिरेन ने कहा, नही, मुझे लगता है कि चीन की टीम नही खेलेगी। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के सचिव और ओलंपियाड टूर्नामेंट के निदेशक भरत सिंह चौहान के अनुसार चीन के खिलाड़ी ने हालांकि टीम के हिस्सा नही लेने के लिए कोई कारण नही बताया। उन्होंने पीटीआई से कहा, हां, चीन की (ओपन) पुरूष और महिला टीम चेन्नई ओलंपियाड मे नही खेलेगी। इसका कारण स्पष्ट नही है।

## उज्बेकिस्तान में 28 जून से 2 जुलाई तक होगी एशियन है पकिडो चैंपियनशिप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अमरीश पिपिल युवांक चौधरी, अजय कुमार और अमनदीप यादव का चयन आगामी एशियन हैपकिडो चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय हैपकिडो टीम में कर लिया गया हैं। भारतीय टीम को रवानगी से पहले चयनित खिलाड़ियों को शनिवार को भारतीय हैपकिडो महासंघ के अध्यक्ष डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने अपने कार्यालय में बुलाकर चैंपियनशिप में पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# कप्तानी का आनंद लेते हैं हार्दिक

- कहा जिम्मेदारी आने से सर्वश्रेष्ठ करते हैं

भाषा। मालाहाइड (आयरलैंड)



**इंडियन प्रीमियर** लीग में पदार्पण सत्र में गुजरात टाइटन्स को खिताब दिलाने वाले हार्दिक पंड्या ने स्वीकार किया कि जिम्मेदारी आने से वह क्रिकेट के मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। हार्दिक को रविवार से यहां आयरलैंड के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का कप्तान चुना गया है। इस आल राउंडर ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, पहले भी मुझे जिम्मेदारी लेने में मजा आता था और अब भी ऐसा ही है लेकिन अब थोड़ी ज्यादा जिम्मेदारी आ गई है। मेरा हमेशा मानना है कि मैंने जिम्मेदारी लेने के बाद बेहतर किया है। हार्दिक ने कहा, अगर मैं अपनी चीजों की जिम्मेदारी लेता हूं और अपने फैसले करता हूं तो वे मजबूत होते हैं। क्रिकेट इस तरह का खेल है जिसमें अलग अलग परिस्थितियों के दौरान मजबूत बने रहना बहुत अहम है। मुझे हमेशा जब भी जिम्मेदारी दी गई तो मैंने इसे संभाला इसलिए ही मैं बेहतर बना। कप्तानी करते हुए मैं देखूंगा कि मैं प्रत्एक खिलाड़ी को यही जिम्मेदारी कैसे दे सकता हूं। दो करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली के नेतृत्व में खेलने से हार्दिक ने अगुआई करने की काबिलियत सीखी लेकिन उनका कहना है कि हर कप्तान का अपना तरीका होता है।

निश्चित रूप से, मैंने उनसे (धोनी और कोहली) काफी चीजें सीखी हैं लेकिन साथ ही मेरे खुद के फैसले भी होते हैं, निश्चित रूप से मेरी खेल की समझ अलग है लेकिन मैंने उनसे काफी अच्छी चीजें सीखी हैं। मैं सहज प्रवृत्ति का नहीं हूं लेकिन अंदर से फैसला करने के बजाय परिस्थितियों को देखता हूं। किस समय पर टीम को किस फैसले की जरूरत है, मैं इस पर ध्यान लगाता हूं, अंदर से मुझे कैसा महसूस हो रहा है, इसे नहीं देखता। मुझे भारत की अगुआई की जिम्मेदारी दी गई है। यह अपने आप में बड़ी चीज है। मैं खेल किसी को कुछ दिखाने के लिए नहीं खेलता। मैं हमेशा ऐसा ही था।

भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अपने रिजर्व खिलाड़ियों को उतार रही है और हार्दिक ने कहा कि टीम के पास जो बेंच स्ट्रेंथ है वो देश में खेल के लिए अच्छा संकेत है। अगर ऐसी स्थिति आती है कि हमें दो टीमें भेजनी पड़ें तो हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास उतनी बेंच स्ट्रेंथ है जहां हम खिलाड़ियों को भेज सकते हैं और इससे काफी लोगों को मौके मिलेंगे। भारत में इतनी प्रतिभा है कि लोगों को मौके ही नहीं मिलते। भारत के लिए खेलना हमेशा एक सपना होता है और उनके लिए यह सपना साकार करना सचमुच शानदार होगा। जिस तरह से प्रतिभाएं सामने आ रही हैं और खिलाड़ियों ने जिस तरह का जज्बा दिखाया है, जिस तरह का प्रदर्शन किया है, यह भारत की बेंच स्ट्रेंथ दर्शाता है। भारतीय टीम में इस समय काफी विकल्प हैं।

## उमरान मलिक को टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए : वेंगसरकर

**मुंबई।** उमरान मलिक की तेज गेंदबाजी से प्रभावित भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर का मानना है कि जम्मू कश्मीर के इस युवा गेंदबाज को इस साल होने वाले टी20 विश्व कप की टीम में चुना जाना चाहिए। वेंगसरकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे उम्मीद है क्योंकि वह (उमरान) एक बहुत शानदार प्रतिभा है। उसने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया और वह एक मौके का हकदार है। मुझे उम्मीद है कि वह ऑस्ट्रेलिया जाने वाले विमान में होगा। टी20 विश्व कप को इस साल के अंत में अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में खेला जाना है।राष्ट्रीय चयन समिति के इस पूर्व अध्यक्ष ने कहा, वह युवा है और अच्छा करने के लिए उत्सुक है। आपको किसी ऐसे व्यक्ति को मौका देना चाहिए जो लय में हो। उमरान ने इस साल आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 14 मैचों में 22 विकेट लिए थे। उन्होंने हालांकि लगातार 95 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सुर्खियां बटोरी। इसका इनाम उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में जगह के साथ मिला।

# भारत ने श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला जीती

- हरमनप्रीत का हरफनमौला खेल



भाषा। दाम्बुला

**कप्तान हरमनप्रीत** कौर के गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को यहां दूसरे ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला जीत ली। अनुभवी उप कप्तान स्मृति मंधाना (34 गेंद में 39 रन) के अलावा शेफाली वर्मा (10 गेंद में 17 रन) और सभिनेनी मेघना (10 गेंद में 17 रन) की मदद से भारत ने 126 रन का लक्ष्य 19.1 ओवर में हासिल कर लिया। लक्ष्य इतना बड़ा भी नहीं था लेकिन भारतीय टीम इस आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई जिसके बाद हरमनप्रीत ने 32 गेंद में नाबाद 31 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अच्छी शुरूआत की लेकिन वह सात विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तीसरा और अंतिम टी20 मैच सोमवार को यहां खेला जाएगा। मंधाना टी20 में 2,000 रन तक पहुंचने वाली दूसरी सबसे तेज भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई, जिससे दिन यादगार बन गया। मंधना ने अपनी 84वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की, वह महान क्रिकेटर मिताली राज (70 पारियों) और मौजूदा कप्तान हरमनप्रीत कौर (88 पारियों) के बाद यह कारनामा हासिल करने वाली तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गईं।

## अभ्यास मैच में कोहली, जडेजा और अय्यर ने जड़े अर्धशतक

भाषा। लीसेस्टर

**लंबे समय** से लय की तलाश कर रहे पूर्व कप्तान विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से पहले लीसेस्टरशर के खिलाफ अभ्यास मैच के तीसरे दिन और आखिरी दिन शनिवार में 67 रन की आकर्षक पारी खेली। दिन की शुरुआत एक विकेट पर 80 रन से करने के बाद भारत ने खेल खत्म होने तक 92 ओवर में सात विकेट पर 364 रन बनाए। भारतीय टीम ने पहली पारी आठ विकेट पर 246 रन पर घोषित की थी जिसके जवाब में लीसेस्टशर ने 244 रन बनाए थे। जसप्रीत बुमराह की गेंद पर कैच आउट होने से पहले कोहली ने 98 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़े। कोहली के अलावा हरफमौला जडेजा (56) और मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर (62) ने अर्धशतकों के साथ बल्लेबाजी अभ्यास किया। इन दोनों बल्लेबाजों ने हालांकि आउट होने के बाद दोबारा बल्लेबाजी की। पहली पारी में लीसेस्टरशर के लिए बल्लेबाजी करने वाले टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा ने 53 गेंद की पारी में 22 बनाए ।

# बांग्लादेश 234 रन पर आउट

- वेस्टइंडीज की अच्छी शुरुआत

भाषा। ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया)

**बांग्लादेश ने** अपने प्रदर्शन में कुछ सुधार करते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन अपनी पहली पारी में 234 रन बनाए। बांग्लादेश ने पिछले सप्ताह एंटीगा में पहले टेस्ट में अपनी पहली पारी में केवल 103 रन बनाए थे और उसकी टीम लगभग दो दिन शेष रहते हुए यह मैच हार गई थी। वेस्टइंडीज ने फिर से अच्छी बल्लेबाजी की और पहले दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 67 रन बनाए। उस समय सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल 32 और कप्तान क्रेग ब्रैथवेट 30 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और उसके किसी भी बल्लेबाज को लंबी पारी नहीं खेलने दी। बांग्लादेश के लिए लिटन दास ने 53 और सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल ने 46 रन बनाए। शैंटो (26) और अनामुल हक (23) भी अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। कप्तान शाकिब आठ रन ही बना पाए। निचले क्रम में शोरिफुल इस्लाम ने 26 और इबादत हुसैन ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया।

# लाथम का अर्धशतक, कीवियों ने की वापसी

- इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के दूसरी पारी में एक विकेट पर 125 रन

भाषा। लीड्स (इंग्लैंड)



**टॉम लाथम** के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने वापसी करते हुए शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 125 रन बना लिए। लाथम और कप्तान केन विलियमसन ने पूरे मध्य सत्र में बल्लेबाजी की जिससे न्यूजीलैंड की कुल बढ़त 94 रन की हो गई है। जो रूट ने चाय सत्र से तुरंत पहले लाथम का कैच टपका दिया था जिससे बाएं हाथ यह बल्लेबाज 76 रन बनाकर खेल रहा है जबकि दूसरे छोर पर विलियमसन 37 रन बनाकर डटे हैं। इससे पहले जैमी ओवरटन अपने पदार्पण टेस्ट मैच में शतक से चूक गए लेकिन जॉनी बेयरस्टो की 162 रन की पारी से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड पर पहली पारी में 31 रन की बढ़त हासिल कर ली। ओवरटन ने 97 रन बनाए और उनकी और बेयरस्टो की सातवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 241 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 55 रन से संभलते हुए इंग्लैंड की टीम लंच से पहले 360 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड ने श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई हुई है। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 329 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में विल यंग (08) का विकेट लंच के बाद तीसरे ओवर में ही गंवा दिया जो मैथ्यू पोट्स की गेंद पर बल्ले का किनारा छुआकर आउट हुए।

## चिली से 1-3 से हारी भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम

**एक्विलेया (इटली)।** भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम बेहतर प्रदर्शन के बावजूद यहां चार देशो के टूर्नामेंट के दूसरे मैच मे चिली से।-3 से हार गई। अपने शुरुआती मैच मे इटली की टीम 0-7 से हारने के बाद भारतीय टीम इस मैच मे उतरी थी। दोनों टीम की धीमी शुरुआत के बावजूद भारत को डिफेंडर नाकेता के प्रयास से बढ़त हासिल करने का मौका मिला, लेकिन उनकी फ्री-किक पर चिली ने गोल नही होने दिया। कैटरीन रामोस ने 11वें मिनट मे चिली की तरफ से पहला गोल किया जबकि मैटी ने 19वें मिनट मे उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। चिली मध्यांतर तक 2-0 से आगे था। भारत दूसरे हॉफ मे वापसी के लिए बेताब दिखा और नेहा के पास पर काजोल गोल करने मे सफल रही। चिली की अंबर रेलिनो ने हालांकि 67वें मिनट मे अपनी टीम के लिए तीसरा गोल करके भारत की वापसी की उम्मीदो पर पानी फेर दिया।

## भारत अंडर-23 फुटबॉल टूर्नामेंट में अमेरिका से हारा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को शनिवार को स्वीडन के हेलसिंगबोर्ग में चल रहे तीन देशो के अंडर-23 टूर्नामेंट के अंतिम मैच मे अमेरिका से।-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने आठवें मिनट मे प्यारी खाखा की बदौलत बढ़त बना ली थी। लेकिन अमेरिका ने मेसिया ब्राइट, जेना नाइस्वोंगर और सिएरा एंगे के गोल से जीत हासिल की।

## एचसीएल खेल में यूपी के बच्चों ने दिखाया दम



**नोएडा।** चौथी उत्तर प्रदेश स्टेट लेवल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का आयोजन 21 और 22 जून को शिव नाडर यूनिवर्सिटि ग्रेटर नोएडा में हुआ। इस चैम्पियनशिप में 3 जिलों लखनऊ, हरदोई और गौतम बुद्ध नगर के 490 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों की टीम वाले 6 खेलों फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, रग्बी और क्रिकेट और एकल खिलाड़ी वाले 6 खेलों टेबल टेनिस, रेसलिंग, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम और एथलेटिक्स में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे बच्चे उन सभी जगहों और समुदायों के सरकारी स्कूलों के हैं, जहाँ एचसीएल फाउंडेशन काम कर रही है। इस साल स्पोर्ट्स फॉर चेंज प्रतियोगिता में 10 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों के 30 जिलों में 6000 से ज्यादा विद्यार्थियों की बड़ी भागीदारी रही। इस साल हम नेशनल फाइनल्स में पैरा एथलेटिक्स भी लॉ ?च करेंगे। 21 और 22 जुलाई को नागपुर में होने वाले नेशनल फाइनल्स 2022 के लिये 600 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

## भारतीय खिलाड़ी कजाकिस्तान एथलेटिक्स मीट में प्रभावित करने में विफल रहे

**अल्माटी (कजाखस्तान)।** चक्का फेंक खिलाड़ी नवजीत कौर ढिल्लों शनिवार को यहां कोसानोव मेमोरियल एथलेटिक्स मीट मे स्वर्ण पदक जीतने के बावजूद प्रभावित करने मे नाकाम रही, जिससे उनके राष्ट्रमंडल खेलो (सीडब्ल्यूजी) के चयन पर सवालिया निशान लग गया। ढिल्लों ने 56.24 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ प्रतियोगिता जीती। उसने चेन्नई मे राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैपियनशिप (10-14 जून) मे 55.67 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था। ढिल्लों को 16 जून को 36 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम मे शामिल किया गया था, जिसमे उनका कजाकस्तान में बेहतर प्रदर्शन करने के अधीन था। भारतीय एथलेटिक्स संघ (एएफआई) द्वारा तैयार सीडब्ल्यूजी क्वालीफाइंग दिशानिर्देश महिलाओं के चक्का फेंक के लिए 58.00 मीटर है, जिसे यह देखना होगा कि ढिल्लों के मामले में एएफआई क्या करेगा, जिन्होंने मई में भुवनेश्वर में इंडियन ग्रां प्री में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान 58.03 मीटर के प्रयास के साथ राष्ट्रमंडल खेलो के क्वालीफाइंग मानक को पार किया था।

# अभिषेक और ज्योति की जोड़ी ने जीता सोना

- तीरंदाजी विश्व कप में भारत के लिए पहला मिश्रित मिश्रित टीम स्वर्ण जीता

भाषा। पेरिस



**भारत के** कम्पाउंड तीरंदाजों ने विश्व कप के तीसरे चरण में शनिवार को स्वर्ण सहित दो पदक जीतकर इतिहास रच दिया। अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम की जोड़ी ने फाइनल में फ्रांस के अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों को हराकर कम्पाउंड मिश्रित टीम तीरंदाजी स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इसके बाद विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज ज्योति को व्यक्तिगत वर्ग के बेहद करीबी फाइनल मुकाबले में हार कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एला गिब्सन के खिलाफ फाइनल मुकाबला 148-148 की बराबरी पर छूटने के बाद शूट आउट में दोनों निशानेबाजों ने 10-10 अंक का निशाना साधा लेकिन प्रतिद्वंद्वी निशानेबाज का तीर लक्ष्य के केन्द्र के ज्यादा करीब था।

मिश्रित वर्ग में भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए फ्रांस की जोडी जीन बौल्च और 48 वर्षीय ओलंपिक पदक विजेता सोफी डोडेमोंट को करीबी मुकाबले में 152-149 से हराकर पीला तमगा हासिल किया। इस स्वर्ण पदक के साथ ही भारत ने विश्व कप के इस चरण में अपने पदक का खाता खोला। महिला रिकर्व टीम ने स्पर्धा में तीसरा पदक पक्का किया है, जहां दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी रविवार को शीर्ष स्थान के लिए चुनौती पेश करेगी। ज्योति को एशियाई खेलों के ट्रायल में नजरअंदाज कर दिया गया था। उन्होंने सात महीने से अधिक समय के बाद टीम में वापसी कर जश्न इन पदकों के साथ मनाया। अभिषेक और ज्योति की सबसे सफल भारतीय कम्पाउंड जोड़ी का विश्व कप में इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल यांकटन में विश्व कप फाइनल में रजत पदक के रूप में आया था। इस जोड़ी ने अतीत में विश्व कप में कांस्य भी जीता है। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 10 अंक के चार निशाने के साथ शानदार शुरुआत की। उन्होंने इसमें दो एक्स (बिल्कुल बीच में) लगाकर तीन अंकों की बढ़त बनाई और फ्रांस की जोड़ी को दबाव में ला दिया। भारतीयों ने दूसरे दौर में 10 अंक का सिर्फ एक निशाना साधा और फ्रांस की जोड़ी को वापसी का मौका मिल गया। फ्रांस ने भारत की बढ़त को कम कर के एक अंक का कर दिया। तीसरा दौर बराबरी पर छूटा जबकि निर्णायक चौथे दौर में अभिषेक और ज्योति ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को दो अंकों से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। ज्योति ने व्यक्तिगत स्पर्धा के सेमीफाइनल में फ्रांस की दिग्गज सोफी को मात दी।

## सजन, श्रीहरि राष्ट्रमंडल खेलों की तैराकी में भारत की अगुवाई करेंगे

भाषा। नई दिल्ली

**साजन** प्रकाश और श्रीहरि नटराज की स्टार जोड़ी अगले महीने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) में चार सदस्ईय भारतीय तैराकी टीम का नेतृत्व करेगी। प्रकाश और नटराज के अलावा, तेजी से उभरते दिल्ली के तैराक कुशाग्र रावत और मध्य प्रदेश के अद्वैत पेज 28 जुलाई से आठ अगस्त तक ब्रिटेन के बर्मिंघम में होने वाले इन खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय तैराकी महासंघ (एसएफआई) ने 2022 सीडब्ल्यूजी के लिए चार कोटा स्थान हासिल किए थे और राष्ट्रीय निकाय ने घोषणा की थी कि 2018 में गोल्ड कोस्ट सीडब्ल्यूजी में अपनी संबंधित स्पर्धाओं में छठा स्थान हासिल करने वाले तैराकों के बराबर समय निकाले वाले खिलाड़ियों को इस बार जगह देने पर विचार किया जाएगा।

# डीएम ने कार्यदायी संस्था को दी चेतावनी तीन दिन में नाला बनाने का दिया आदेश

● दुकानदारों की शिकायत पर पंहुचे थे डीएम, नाला बनाने के के लिये ठेकेदार ने फुटपाथ खोद कर दिया है डाल दो सैकड़ा से अधिक, परिवार दो दिनों से घरों में हैं कैद

संवाददाता। घाटमपुर


राष्ट्रीय राजमार्ग व कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को चेतावनी देते डीएम पायनियर

**कस्बे में** कानपुर सागर नेशनल हाइवे पर बन रहे ओवर फ्लाई के निर्माण से जहाँ बीते तीन साल से लोग बेहाल हैं वही कानपुर की ओर नाला बनाने के नाम पर ठेकेदार ने फुटपाथ खोदकर डाल दिया है जिसके चलते अशोक नगर उत्तरी के दो सैकडा परिवार बीते तीन दिनों से घरों में कैद हैं वहीं प्रभावित परिवारों व हाइवे किनारे के दुकानदारों की शिकायत पर आज सवेरे जिला अधिकारी बिशाखा जी घाटमपुर पंहुचे था खोदे गये नाला का निरीक्षण कर प्रभावित लोगों से मिले तथा कार्यदायी संस्था पीएनसी और नेशनल हाइवे के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और तीन दिन के अन्दर नाला बनाने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी करीब एक घंटे रुकने के बाद यमुना तटवर्ती गांव लहुरीमऊ में बन रहे पावर प्लांट का भी निरीक्षण किया तथा बाद में वहीँ के अधिकरियों संग बैठक कर जल्द पावर प्लांट को निरधारित समय सीमा में चालू करने का आदेश दिया है। बताया जाता है कि कस्बे से गुजरे कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओर फ्लाई का निर्माण कार्यदायी संस्था पीएनसी करा रही है तथा 15 सौ मीटर हाइवे किनारे सड़क के दोनों ओर नाला बनना है और इसी के चलते हाइवे के पूर्ब की तरफनाला खुदाई का कार्य ठेकदार करा रहे है, जो स्टेशन रोड से लेकर बस स्टाप के सामने तक करीब 5 सौ मीटर सुरक्षा मानको को तक में रखकर फुटपाथ खोदकर डाला गया है लेकिन खोदे गये फुटपाथ के किनारे दो सैकड़ा से अधिक परिवार रहते है जिनके निकलने के लिये कोई बैक्लपिक ब्यावस्था नही कि गयी है, निकलने की ब्यवस्था न होने से प्रभावित परिवारों के बच्चे भी स्कूल नही जा पा रहे है।

### डीएम का काफिला जाम में फंसा

**घाटमपुर।** कानपुर से आते समय जिलाधिकारी का काफिला नगर की पुरानी पुलिस चौकी के समीप जाम में फंस गया, जिलाधिकारी का काफिला जाम में फंसने से पुलिस और नेशनल हाइवे के अधिकारियो के हाथ-पांव फूल गये तथा वाहनों को हटाने के लिये जूझे। बाद मे डीएम के चौराहे में रुकने के दौरान पुलिस ने चौराहे में चारों रोडों के वाहन रोक दिये जिसके चलते करीब डेढ़ घंटे तक यातायात ठप्प रहा और कानपुर-सागर पर करीब 7 कि0मी0 लम्बा जाम लग गया।

# पुलिस पर लगा अधेड़ को पीटकर हत्या का आरोप,मौके पर एएसपी



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**बीती रात** पुलिस द्वारा गांव में दबिश देकर युवक को उठा ले जाने के उपरांत हत्या के मामले में पुलिस पर परिजनों द्वारा गंभीर आरोप लगा है। यह घटना थाना मेरापुर क्षेत्र अंतर्गत की है।

आपको बतादे कि बीती रात थाना मेरापुर क्षेत्र चौकी अचरा के गांव ब्रहमपुरी निवासी गौतम सिसौदिया पुत्र स्व महावीर के घर पुलिस ने दबिश दी थी। जिसमें दो वर्दी में थे वहीं एक सादा वर्दी में था और मौके पर गौतम सिसौदिया को उठा ले गये। जिसकी शव प्रधान सुनील के खेत में प्राप्त हुआ। जिसमें परिजनों का आरोप है कि गौतम अपने घर मे सोया हुआ था। गौतम को सादा कपडों और वर्दी मे दो गाडी से आई पुलिस घर से मारपीट करते हुए गौतम को ले गये। और गौतम को पुलिस प्रधान सुनील के खेत मे मृत छोडकर चली गयी। पत्नी मन्जू व माता लौंगश्री का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक के खिलाफ कोई भी मुकदमा पजीकृत नहीं है। सूचना मिलने पर एसओ मेरापुर जगदीश वर्मा मौके पर पहुंच पंचनामा भरने की कार्यवाही करने लगे। तभी परिजनों ने पुलिस पर हत्या का अरोप लगाते हुए डीएम व एसपी को मौके पर बुलाने की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ कायमगज सोहराव आलम व सीओ मोहम्दाबाद राजवीर सिंह घटना स्थल पहुंचे और परिजनों को काफी समझाने दू बुझाने का प्रयास किया। इसके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप सिंह भी घटना स्थल पर पहुंच गये है।

# युवक का शव आम के पेड़ पर लटका मिला

**मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद।** युवक का शव रस्सी के सहारे आम के पेड़ पर लटका मिला। सुबह गांव वालों ने शव लटका देख स्वजन को सूचना दी। इससे घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच पड़ताल की। थाना जहानगंज के गांव बिड़ैल निवासी स्वण् रामबाबू शर्मा के 20 वर्षीय पुत्र आकाश उर्फ गुड्डू का शव शनिवार सुबह गांव से बाहर खेत में खड़े आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका मिला।

गांव वालों ने शव लटका देख इसकी सूचना आकाश के स्वजन को दी। चाचा भैयालाल ने थाना मोहम्मदाबाद में सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार बिंद घटनास्थल पर पहुंचे। उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह ने शव का पंचनामा भरा। भैयालाल ने बताया कि आकाश तीन भाइयों विकास व नन्हें में मझला था। दो बहनों की शादी हो चुकी है। आकाश मजदूरी करता था। उसके माता पिता कि काफी समय पहले मृत्यु हो चुकी है।

## तीन लोगों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली के गांव बहराम नगर निवासी सत्येंद्र ने गांव के ही अखिलेश, संजू व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मारपीट कर लूटपाट करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सत्येंद्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 24 अप्रैल को दोपहर एक बजे वह अपने ट्रैक्टर की की किश्त 55,800 रुपये थैले में रखकर बाइक से फर्रुखाबाद जमा करने जा रहा था। इटावा बरेली हाईवे पर हवाई पट्टी के निकट आरोपितों ने डंडा मारकर बाइक रोक ली तथा उसके साथ मारपीट करने लगे। थैले में रखे रुपये लूट लिए। उसी समय वहां से निकल रहे सुरेश चंद्र के ललकारने पर आरोपित बाइक से मुरहास कन्हैया की तरफ भाग गए।

# अग्निपथ योजना का विरोध करने जा रहे भाकियू कार्यकर्ताओं को रोकने पर जमकर काया हंगामा

**फर्रुखाबाद।** अग्निपथ योजना के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता शुक्रवार को प्रदर्शन करने जिला मुख्यालय जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें सिटी पब्लिक स्कूल के पास रोक लिया। दोनों पक्षों में जमकर नोकझोंक हुई। गर्मी के चलते भाकियू के मंडल उपाध्यक्ष गश खाकर गिर गए। बाद में अपर जिलाधिकारी एडीएम ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लिया। भाकियू के मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, रामबरन वर्मा, सुमित शाक्य आदि कार्यकर्ताओं के साथ दोपहर को जिला मुख्यालय जा रहे थे। इसकी भनक पाकर फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी जेपी पाल ने फोर्स के साथ जाकर सिटी पब्लिक स्कूल के पास उन्हें रोक लिया। इस पर भाकियू कार्यकर्ता जिला मुख्यालय तक जाने पर अड़ गए। उनकी पुलिस से नोकझोंक होने लगी। पुलिस का कड़ा रुख देखकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्हें कुछ दूर तक जाने दें इसके बाद ज्ञापन दे देंगे। लेकिन पुलिस ने उन्हें मना कर दिया। इसी बीच गर्मी अधिक होने से मंडल उपाध्यक्ष गश खाकर गिर गए। अन्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें संभाला। अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने मौके पर आकर भाकियू कार्यकर्ताओं से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन लिया। जिसमें अग्निपथ योजना को युवाओं का विरोधी बताकर तत्काल वापस लिए जाने की मांग की गई है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने लोगों को ग्रामीण आवासीय अभिलेख-घरौनी वितरित, लोगों के खिले चेहरे

**कानपुर।** देहात गांव में अधिकतर विवाद भू.राजस्व से सम्बन्धित विवाद हैए इन्ही विवादों को हल करने हेतु सरकार द्वारा घरौनी योजना लायी गयीए जिससे गांव का विकास विवादों में न समा जाये अपितु आपसी सहायोग व समन्वय की भावना से गांव का विकास गांव के लोगों द्वारा ही हो सके। स्वामित्व ;घरौनीद्ध योजना के माध्यम से किसी व्यक्ति को घर के संबंध में विवादों का सामना नही करना पडेगा। स्वामित्व योजना के अन्तर्गत आज सम्पूर्ण प्रदेश के भू.स्वामियों को ग्रामीण आवासीय अभिलेख ;घरौनीद्ध का वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके अंतर्गत प्रदेश में 11 लाख लोगों को घरौनी वितरित की गयी। इसके तहत आज लखनऊ में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा अपने हाँथो से लोगों को घरौनी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को भी सुना गया।

उपरोक्त कार्यक्रम में जनपद कानपुर देहात कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी ने दीप प्रज्जवलित एवं माँ संरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ कियाए इस मौके जिलाधिकारी नेहा जैन भी उपस्थित रहीए कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने जनपद के 33 लोगों को घरौनी वितरित की, जिसमें अकबरपुर तहसील क्षेत्र के कृष्ण कुमार, नीरज यादव, बृज किशोर, प्रदीप कुमार, सन्तोष, भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के शिवनाथ, गुलाब सिंह, कल्लू, फूल सिंह, अजय कुमार, डेरापुर तहसील क्षेत्र के भोलेशंकर, करन सिंह, हरिशचन्द्र, रमेशचन्द्र, रविन्द्र कुमार, अशोक कुमार, मैथा तहसील के रणवीर सिंह, मनरूप सिंह, उदयभान सिंह, आशीष, धर्मेन्द्र सिंह, रसूलाबाद क्षेत्र के ओम प्रकाश, सुरेशचन्द्र, विष्णुपाल सिंह, हरिश्चन्द्र, मूलचन्द्र, सिकन्दरा क्षेत्र के रामचन्द्र, राजकिशोर, सम्पत सिंह, मोहित सिंह, अरविन्द, प्रदीप सिंह को घरौनी वितरित की गयी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामित्व योजना प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता, संवेदनशीलता और हर एक गरीब के लिए उनके मन में जो भाव है उस भाव को मंन्जूरी प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना प्रारम्भ की गयी है।

## क्विक न्यूज

### प्राइवेट बस खाई में पलटी, एक दर्जन घायल, दो गंभीर, रेफर

**घाटमपुर।** क्षेत्र के कुढ़नी मोड़ के पास प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर पलट गईए हादसे में बस में सवार एक दर्जन सवारियां घायल हो गई। राहगीरों ने डायल 112 पर पुलिस ने सूचना दी। मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया है। जहां प्राथमिक उपचार कर दो गम्भीर घायलों को हैलट रेफर कर दिया गया। हादसे में बस में सवार 40 वर्षीय कल्लो देवीए 28 वर्षीय ब्रजेशए 55 वर्षीय मोहानीए 40 वर्षीय रिजवानाए 8 वर्षीय जोयाए 3 वर्षीय जिकराए 25 वर्षीय कंडेक्टर अमर सिंहए 35 वर्षीय किस्मतु समेत एक दर्जन सवारियां घायल हो गई। राहगीरों ने कंट्रोल रूम में फोनकर घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने घायलों को 108 एम्बुलेंस से भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार अमर सिंहए व किस्मतु को गम्भीर हालत में हैलट रेफर कर दिया। साढ़ थानाध्यक्ष मंसूर अहमद ने बताया कि जानकारी मिली थी घायलों को अस्पताल भेजा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### नवविवाहिता की मौत पर परिजनों ने काटा हंगामा

**रूरा, कानपुर देहात।** कस्बे के अकबरपुर रोड पर बजरंगनगर में विवाहिता की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा काटा, सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। अर्पणा(26) हमीरपुर की करीब 7 महीने पूर्व कस्बा व भटौली के प्रसिद्ध गल्ला व्यापारी बउअन सेठ के पुत्र रजत के साथ शादी हुयी थी। शनिवार को अचानक अर्पणा की तबियत खराब होने लगी जिस पर उसके ससुरालीजन उसे उपचार के लिये अस्पताल ले जा रहे थे, परन्तु अस्पताल में पहुँचने से पूर्व ही अर्पणा की मौत हो गयी। नवविवाहिता की अचानक मौत से उसके ससुरालीजन गहरे शोक में डूब गये। मौत की सूचना मृतका के मायकेजनों को दी गयी, मौके पर पहुँचे मायकेजनों ने जमकर हंगामा काटा तथा मौत को संदिग्ध बताते हुये ससुरालीजनों पर संगीन आरोप लगाये।

### मुगल रोड पर ट्रक की टक्कर से वृद्ध की मौत

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुगल रोड पर हलधरपुर रेलवे क्रासिंग के निकट सड़क पार करते समय एक वृद्ध को ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हलधरपुर निवासी दीपक ने बताया कि उनके चाचा महेश 55 पुत्र होरीलाल घर से पैदल किसी कार्य के लिए भोगनीपुर जा रहे थे। गांव के ही सामने सड़क पार करते समय रेलवे क्रासिंग के पास एक ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थनीय लोगों की मदद से सीएचसी लाया गया। जहां पर डियुटी पर तैनात डॉ गोविन्द प्रसाद ने जांच के बाद मृतक घोषित कर दिया। चौकी इंचार्ज देव नरायण द्विवेदी को सूचना मिलने पर सीएचसी पहुंचकर जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, एक घायल

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के ग्राम रानीपुर पुल पर ट्रैक्टर का पहिया टूट जाने से ट्राली पलट जाने से लोहे का पाइप में दबकर 42 वर्षीय मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई वहीं उसका साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिलाचिकित्सालय लाया गया। जहां उसकी हालत गम्भीर देखते हुये कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जनपद मुजफ्फरनगर के नरोत्तमपुर मजरे तिताबी निवासी मुस्तकीम का 42 वर्षीय पुत्र अमीर आलम अपने साथी शमशाद के साथ रसूलाबाद से ट्रैक्टर में सीमेन्ट व लोहे के पाइप लाद कर रामपुर गांव जा रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर औंग थाने के रामपुर पुल पर पहुंचा तभी अचानक पहिया टूट जाने से ट्राली पलट गई जिसमें पाइप के ऊपर बैठे अमीर आलम व मुस्तकीम दोनो पाइपों के नीचे दब गये। आसपास के लोगों ने मौके में पहुंच जल्दी-जल्दी लोहे के पाइप हटाये तब तक काफी देर हो चुकी थी अमीर आलम की मौके में ही मौत हो गई जबकि शमशाद गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत गम्भीर देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया।

### आर्मी की तैयारी कर रहे युवक ने किया आत्महत्या

**फतेहपुर।** चार साल कि अग्निवीर योजना की जानकारी मिलने पर बीती रात आर्मी की तैयारी कर रहे 23 वर्षीय युवक ने डिप्रेशन में आकर गांव के बाहर पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार कल्याणपुर थाना क्षेत्र के हरदौलपुर गांव निवासी छेदा लाल पटेल का पुत्र विकास पटेल जो आर्मी की तैयारी कर रहा था। इसी बीच अग्निवीर योजना के तहत मात्र चार साल की नौकरी की जानकारी मिलने पर वह डिप्रेशन में रहने लगा और बीती शाम घर से बिना किसी को बताये निकल गया तथा आम के बाग जाकर पेड़ रस्सी का फन्दा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया उधर काफी देर बीत जाने पर जब वह घर वापस नही आया तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी कोई सुराग न लगा। आज सुबह गांव के कुछ लोग शौचक्रिया के लिए जा रहे थे तभी बाग में आम के पेड़ में फांसी पर लटका विकास पटेल का शव देख ग्रामीणों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी जिस पर परिजन रोते-बिलखते घटना स्थल की ओर भागे इसी बीच घटना की सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### मेधावियों को साध्वी ने किया सम्मानित



**फतेहपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड में यूपी टॉप आए हुए फतेहपुर जिले के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र छात्राओं का कलेक्ट्रेट परिषद के गांधी सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति एवं जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे के द्वारा सभी छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह शॉल व नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि आज शिक्षा के बढ़ते कदम को देखते हुए लगता है कि शहर से निकलकर गांव के बच्चों में शिक्षा के प्रति ज्यादा जागरूकता हुई है जिससे आज जिले के किसान के बच्चों ने ही यूपी टॉप किया है। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि आगे पढ़ाई के लिए किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत होती है तो हम उसके लिए तत्पर हैं जिलाधिकारी ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं व आशीष प्रदान किया जिला विद्यालय निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले से 7 बच्चों ने यूपी टॉप किया है जिसमें 3 बच्चे ही आप आए हैं बाकी बच्चों के गार्जियन मौजूद हैं। ज्यादातर बच्चे बाहर चले गए हैं जिसमें सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंश पुरम से बालकृष्ण, मुस्कान तिवारी, उत्कर्ष अवस्थी, अनुकल्प एवं एसएसआईसी मुस्तफापुर हुसैनगंज के रजनीश कुमार कोटा एग्जाम देने गये है, उनके पिता चंद्रशेखर मौजूद रहे। स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद शुक्ला ने बताया कि इस बच्चे ने हाईस्कूल में भी टॉप किया था।

# सीडीओ ने खण्ड विकास अधिकारियों व कार्यक्रम अधिकारी-मनरेगा को लापरवाही पर जारी किया कारण बताओ नोटिस

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने जनपद कानपुर देहात ;विकास खण्ड राजपुर को छोड़करद्ध विषय रू नदी पुनरूद्धार के अन्तर्गत जनपद की रिन्द एवं सेंगुर नदी बहाव क्षेत्र के अन्तर्गत समीपवर्ती ग्रामों में कार्ययोजना के अनुसार कार्य प्रारम्भ न कराये जाने के सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारियों एवं कार्यक्रम अधिकारी.मनरेगा को कारण बताओ नोटिस जारी की गयी है। उन्होंने बताया कि दिनांक 04.04.2022 को आहूत वीडियो कांफ्रेंसिंग एवं दिनांक 22.04.2022 को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित विलुप्तप्राय छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरुद्धार कायाकल्प एवं जल संचयन से सम्बन्धित बैठक के कार्यवृत्त निर्देश के क्रम में खण्ड विकास अधिकारियों एवं कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा द्वारा नदी प्रवाह क्षेत्र के सम्बन्धित गांव में तालाब जीर्णोद्धारए नाला खुदाईए रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों में शिथिपलता पायी गयीए मुख्य विकास अधिकरी ने समीक्षा बैठकों में लगातार निर्देशित किया है कि उपरोक्त प्रस्तावित कार्यों के आगणन तैयार कर तत्काल कार्य प्रारम्भ करा दिये जायें। जिससे वर्षाकाल के पूर्व कार्य पूर्ण कराये जा सकें। किन्तु लगातार बरती जा रही उदासीनता के कारण तालाब जीर्णोद्धारए नाला खुदाई एवं रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग के अधिकांश कार्य प्रारम्भ नहीं हो सके हैं। दैनिक समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हो रही है कि श्कागजों पर रिन्द.सेंगुर नदी पुनरुद्धार योजनाश् अधिकांश तालाब व नालों में काम सिर्फ कागजों पर सीमित तालाब व नालों का काम मनरेगा से होना थाए वह भी अभी शुरू नहीं हुआ है। भली-भाँति अवगत हैं कि विलुप्तप्राय छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरुद्धार, कायाकल्प एवं जल संचयन के कार्य प्राथमिकता से कराये जाने हैं तथा शासन द्वारा इसकी प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिये ईओ ने सभासदों के साथ की बैठक

संवाददाता। कानपुर देहात


ईओ पवन किशोर मौर्य सभासदों के साथ बैठक करते हुये

**नगर पालिका** परिषद पुखरायां के अधिशासी अधिकारी अजय कुमार द्वारा सभासदों एवं कर्मचारियों के साथ संचारी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम के सम्बन्ध में बैठक की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई 2022 तक तथा दस्तक अभियान दिनांक 16 जुलाई से 31 जुलाई 2022 तक मनाया जाएगा। इस सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी ने उपस्थित सभासदों एवं पालिका कर्मचारियों के साथ सफाई एवं कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के सम्बन्ध में विस्तृत की। दस्तक अभियान के अन्तर्गत घर-घर किये गये सर्वेक्षण के आधार पर चिन्हित अधिक मच्छर/लार्वा घनत्व वाले क्षेत्रों में फागिंग आदि के माध्यम से मच्छर नियंत्रणए सघन वैक्टर सर्विलान्स कर नगरीय क्षेत्र में आबादी के बीच वाले तालाबों को अपशिष्ट तथा प्रदूषण मुक्त रखने, नगर पालिका की आबादी क्षेत्रों में नियमित फॉगिंग कराई जाएगी तथा सॉलिड वेस्ट प्रबन्धन के लिए ठोस प्रयास कर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, मलिन बस्तियों में टीम लगाकार व्यापक साफसफाई की अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा वर्षा ऋतु से पूर्व निकाय क्षेत्र के सभी नालों की सफाई पूर्ण रूप से कराने स्क्रब टाइफस बीमारी से बचाव के लिए नालियोंध्सड़कों के किनारे झाड़ियों एवं वनस्पतियों को हटाये जानेए पानी उबाल करए छान कर पीने सहित कई बिन्दुओं पर सघन चर्चा की गयी है। इस मौके पर उपस्थित सभासदों द्वारा उक्त संचारी लोग को व्यापक एवं सघन साफसफाई कराये जाने हेतु अपने.अपने सुझाव प्रस्तुत किये।

संचारी रोग की उक्त बैठक में प्रमुख रूप से सभासद संजय सचान, प्रमोद सिंह, रवि मिश्रा, रवि सिंह, नसरीन अख्तर, नफीस अहमद, अनीसुल हसन, विनय ओमर एवं सभासदपति अमीर अली, मनोज कुरील तथा डिस्ट्रिक प्रोग्राम मैनेजर स्वच्छ भारत मिशन प्रसून सिंह चौहान पालिका कर्मचारी वरिष्ठ लिपिक जितेन्द्र कुमार संखवार, हर्ष सचान, अतुल पाण्डेय, विकास यादव, जितेन्द्र कुमार, अरविन्द सचान, मनोज कुमार मिश्रा, दीनदयाल पाल, धर्मेन्द्र कुमार पाल, प्रमोद गुप्ता सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# सीडीओ ने 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के सफल और गौरवपूर्ण ढंग से आयोजन को अधिकारियों को दिए निर्देश

● स्वयं सहायता समूहों को सम्मिलित करते हुए झण्डा निर्माण समूहों का गठन किया जाए: सीडीओ


सीडीओ सौम्या पाण्डेय हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिये बैठक करती हुयी

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 अगस्त से 17 अगस्त तक आयोजित किए जाने वाले ष्हर घर तिरंगाष् कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में सभी उपस्थित अधिकारियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल एवं गौरवपूर्ण ढंग से आयोजन के लिए निर्धारित किए गए दायित्वों का पूरी तनमयता के साथ निर्वहन किए जाने का निर्देश दिया है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। उन्होंने हर घर तिरंगा कार्यक्रम को प्रत्येक सरकारी अधिकारीए कर्मचारीए शिक्षकगणए सावर्जनिक क्षेत्र के उपक्रमोंए स्वयं सहायता समूहोंए विभिन्न नागरिक संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वित किए जाने के लिए कहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने उपायुक्त स्वत: रोजगार एवं जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी को झण्डों के निर्माण हेतु स्वयं सहायता समूहों को सम्मिलित करते हुए झण्डा निर्माण समूहों का गठन किए जाने के लिए कहा है। इसके साथ ही साथ जनपद को दिए गए लक्ष्यों एवं आवश्यकता के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में झण्डों का निर्माण कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नहर से बरामद हुआ अज्ञात शव

**फतेहपुर।** नहर में एक 13 वर्षीय अज्ञात किशोर का शव उतराता देखा गया तो सनसनी फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई वहीं सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस किशोर के शिनाख्त को लेकर जुट गई है। शनिवार की सुबह थाना कल्याणपुर क्षेत्र के कोरसम गांव के समीप नहर में एक 13 वर्षीय अज्ञात किशोर का शव उतराता देखा गया तो सनसनी फैल गई। मौके पर भारी भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात किशोर के शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है वही ग्रामीणों की माने तो किशोर केवल अंडरवियर पहने था और शव कई दिन पुराना लग रहा था। हालांकि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# लोकतंत्र सेनानियों को भाजपा पार्टी कार्यालय में किया गया सम्मानित

संवाददाता। फतेहपुर



**भाजपा** कार्यालय सभागार में आपातकाल विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोकतंत्र सेनानियों को केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया वहीं मुख्य वक्ता जितेन्द्र सिंह सेंगर सदस्य विधान परिषद व जिलाअध्यक्ष आशीष मिश्रा द्वारा सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने अपने सम्बोधन में कहा कि 25 जून 1975 में थोपा गया आन्तरिक सुरक्षा सुधार कानून पूरी तरह से काला कानून था। तत्कालीन सरकार ने विपक्षी दल के नेताओं को ढूंढ ढूंढ कर जेल में डाला गया, जिसकी जितनी निंदा की जाये उतनी कम है। मुख्य वक्ता जितेन्द्र सिंह सेंगर ने कहा कि आपातकाल के विरोध करने पर हमारे श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, अरूण जेटली रविशंकर प्रसाद सहित देश के कोने कोने से लोगों को जेल में डालकर विभिन्न यातनाएं दी गईं थीं। जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि 21 महीने तक चले आपातकाल में तत्कालीन सरकार ने विपक्ष को कुचलने के हर हथकंडे अपनाए, पर हम विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के निवासी हैं हमारे लोकतांत्रिक व्यवस्था को बिगाड़ना किसी के बस की बात नहीं है। आपातकाल के दौरान प्रेस पर भी पाबंदी लगाई गई थी। अखबार के कार्यालयों में पहरा व सेन्सरशिप लागू था। कार्यक्रम में नवल किशोर मिश्र, मूलचंद्र सिंह पटेल, छेदीलाल, विजयपाल, रमेश प्रसाद, रामभवन, छेदीलाल, गंगा राम, कृष्ण बिहारी, किशनपाल सिंह, शहजादे, भोलाप्रसाद, रामलाल,ननकू, गंगा प्रसाद, विमल सिंह, पुष्पा सिंह लोकतंत्र सेनानियों का अभिनंदन किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में स्थानीय निकाय की बैठक हुई आयोजित

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी राकेश** कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में स्थानीय निकाय की बैठक कर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के माध्यम से कराए जाने वाले कार्यों को लेकर समस्त अधिशासी अधिकारियों/अध्यक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि 15वें वित्त आयोग में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष नगर पालिका जायस में रुपये 13 लाख, नगर पालिका गौरीगंज में रुपये 1.61 करो?, नगर पंचायत मुसाफिरखाना में रुपये 17 लाख तथा नगर पंचायत अमेठी में रुपये 26 लाख की कार्य योजना तैयार की गई है, जिसमें नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, रोड लाइट, एमआरएफ सेंटर हेतु आवश्यक उपकरण के साथ ही विभिन्न सामग्रियों को क्रय किया जाना भी शामिल है। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि 15वें वित्त आयोग से आवंटित धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग मदों में करना सुनिश्चित करें एवं कार्य योजना के अनुरूप ही गुणवत्तापूर्ण कार्य कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जो सामग्री क्रय किया जाना है उसे शासकीय दर पर ही खरीदा जाए। उन्होंने समस्त ईओ को शहरी क्षेत्र में नालियों/सड़कों की बेहतर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए, इसके साथ ही उन्होंने सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी आलोक राजवंशी, अध्यक्ष मुसाफिरखाना बृजेश अग्रहरी, अधिशासी अधिकारी गौरीगंज सुरजीत कुमार, एलबीसी सर्वेश श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# स्वामित्व योजना के अंतर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

संवाददाता। अमेठी



**आज स्वामित्व** योजना के अंतर्गत ग्रामीण आबादी अभिलेख घरौनी वितरण के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा प्रदेश के 11 लाख ग्रामीणों को ऑनलाइन माध्यम से घरौनी का वितरण किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज सहित सभी तहसीलों में किया गया। जिसे अधिकारियों व लाभार्थियों ने देखा एवं सुना। जनपद स्तर पर संपन्न हुये कार्यक्रम में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अजीत कुमार सिंह की उपस्थिति में तहसील गौरीगंज के 50 लाभार्थियों जिनमें दुर्गा सिंह, रामचंद्र सिंह, लाल साहब सिंह, रामपाल सिंह, रामनरेश सिंह, राम बहादुर, रामनाथ पासी, बाबूलाल, पारसनाथ, रामप्यारे, संदीप सिंह, सोनू, केशादेवी, विजय कुमार, राम मिलन, भैयाराम, श्री राम, अयोध्या, रामफेर, राम रतन पाल, विनोद कुमार, हरिलाल, दीनानाथ, रानी, बुधराम, बद्री प्रसाद, अमरनाथ, रामसुमेर, दिनेश कुमार, रामनारायण, सुशीला, श्रीपाल, मोतीलाल, भोलानाथ, खलील, रामसिंह, शिवप्रसाद, रामबक्स, रामफेर आदि लाभार्थियों को घरौनी वितरण किया गया। इसके साथ ही अन्य तहसीलों में भी 50-50 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आज ग्रामीण आवासीय अभिलेख घरौनी वितरण कार्यक्रम का माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ से शुभारंभ किया गया है, भारत की आजादी के बाद पहली बार यह संभव हुआ है कि आम जनमानस को घरौनी उपलब्ध हो रही है इससे पहले भूलेख पर जमीन आबादी/बंजर दर्ज रहता था पहली बार आपको मालिकाना हक घरौनी दिया जा रहा है इस ब

घरौनी से आपकी आर्थिक दशा में बदलाव आएगा आपको आसानी से ऋण मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद में घरौनी का कार्य ड्रोन कैमरे के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ पूर्ण किया गया है घरौनी दर्ज होने पर इस पर आपका पूरा स्वामित्व होगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गौरीगंज राकेश कुमार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रितु चौधरी, तहसीलदार गौरीगंज दिग्विजय सिंह सहित अन्य अधिकारी व लाभार्थी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### प्राथमिक विद्यालय तिलोई में संकुल बैठक सम्पन्न

**तिलोई- अमेठी ।** प्राथमिक विद्यालय तिलोई में संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ए आर पी बृजेश कुमार सिंह जी-विज्ञान एवं शोभा शरण ए आर पी - गणित ,के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता धीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रधानाध्यापक, कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ-अमेठी ने की। कार्यक्रम का संचालन शशि कुमारी सिंह नोडल संकुल शिक्षिका ने किया । संकुल बैठक में स्कूल रेडिनेश, निपुण भारत ,शत प्रतिशत नामांकन,हाउस होल्ड सर्वे,योगा,दीक्षा एप, रीड एलॉन्ग प्रेरणा लक्ष्य ऐप,, पर विशेष चर्चा- परि चर्चा की गई । उपमा शुक्ला, शुभ्रा सिंह, सरिता सिंह व शिप्रा सचान ने रेडिनेस कार्यक्रम पर चित्रों के माध्यम से गतिविधि प्रस्तुत की। अवकाश के दौरान छात्रों तक अपनी और ई-पाठशाला की पहुंच बनाए रखने में उक्त एप लाभकारी सिद्ध हुए हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र देव मिश्र जी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा समय से विद्यालय पहुंच कर विभाग की समस्त योजनाओं व परियोजनाओं का सुचारू रूप से लागू करते हुए पालन करें,और निपुण भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में विशेष ध्यान दें।इस अवसर पर विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के रूप में , शालिनी सिंह,शिप्रा सचान, शशि कला, अरविन्द श्रीवास्तव,राम सिंह, भारतेन्द्र सिंह,शिक्षिकाएं-,अमिता जायसवाल, रजिया बानो,प्राची श्रीवास्तव ,सरिता सिंह,शुभ्रा सिंह,उपमा शुक्ला, आराधना सिंह ,रामावती आदि शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।शशि कुमारी सिंह,नोडल शिक्षिका ने आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन

**ऊंचाहार।** शनिवार को एसडीएम राजेश कुमार की अध्यक्षता में कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 28 शिकायती पत्र आये जिसमें 15 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया बाकी शिकायती पत्रों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर भेजी गई है इसी बीच पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी भी कोतवाली पहुंचे। एसपी ने कोतवाली का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली पहुंचते ही महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। बंदीगृहए अभिलेखागार की व्यवस्था देखी। इसके बाद एसपी ने समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनी। शिकायतों को रजिस्टर में करने की बात कही। समस्याओं के समाधान को समय पर कराने के निर्देश दिए। वहीं सुरेंद्र बहादुर सिंह ने भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत व बीकरगढ़ के माता बदल ने भूमि विवाद में हुए समझौते का पालन कराने की गुहार लगाईएबहादुर पुर1मजरे मतरौली निवासी सत्तीदीन ने गांव के ही लोगों पर मिट्टी डालकर रास्ता बन्द करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की।एसडीएम ने बताया कि सभी शिकायतों का निपटारा कराया जाएगा।

### जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

**ऊंचाहार।** श्रावण मास में गंगा स्नान को गंगा घाटों से लेकर मंदिरों में जलाभिषेक को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा होती है। पुलिस अधीक्षक ने इसी के दृष्टिगत गंगा घाट समेत सिद्ध पीठ मंदिरों को जाने वाले मार्गो समेत मंदिरों में तैयारियों को लेकर जायजा लिया। तथा व्यवस्थाओं को चुस्त.दुरुस्त रखने के लिए संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अगले माह की 14 तारीख से श्रावण मास का शुभारंभ हो रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान कर कांवड़ में जल लेकर क्षेत्र के सिद्ध पीठ शिव मंदिरों समेत दूरदराज के शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। व्यवस्थाओं का जायजा लेने को लेकर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी गोकर्ण ऋषि की तपोस्थली गोकना गंगा घाट पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं के गंगा स्नान की व्यवस्थाओं से लेकर कांवरियों के आवागमन वाले मार्ग के बारे में विस्तृत जानकारियां ली। इसके बाद कोतवाल शिवशंकर सिंह के साथ मिर्जापुर एहारी गांव स्थित सिद्ध पीठ बूढ़े बाबा शिव मंदिर पहुंचे। जहां जलाभिषेक को लेकर मंदिर के पुजारी महावीर से तैयारियों का जायजा लिया। महंत महावीर ने बताया कि मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए प्रत्येक दिन टैंकर में जल भरकर लाया जाता है। जिससे गंगा तट तक न पहुंच पाने वाले क्षेत्र के बूढ़े बुजुर्ग गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक कर सके। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक रोहनिया ब्लॉक के हमीदपुर बड़ागांव स्थित गौरी शंकर मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने मंदिर के पुजारी से तैयारियों को लेकर जायजा लिया।

# कृषक उत्पादक संगठनों के विकास पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

संवाददाता। शिवगढ़ रायबरेली

**कम्युनिटी एंपावरमेंट** लैब सक्षम शिवगढ़ के सक्षम समागम हाल में लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशनए एवोक इंडिया फाउंडेशन व कम्युनिटी एंपावरमेंट लैब ;सक्षम शिवगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में कृषक उत्पादक संगठनों के विकास पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई। गौरतलब हो कि उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरुप कृषि कार्यए कृषि उत्पादन एवं प्रसंस्करणए कृषि विपणन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सक्षम समागम हाल में कृषि उत्पादन संगठनों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें समूचे रायबरेली जनपद से आए कृषि उत्पादक संगठनों के 50 अधिक सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एण्केण्माथुर ने कहाकि सरकार की मंशा है कि जो लघु एवं मध्यम किसान हैं उन्हें कृषि उत्पादन संगठन के रूप में संगठित करके कृषि व्यवसाय की ओर अग्रसर किया जाए। कृषि को औद्योगिक रूप देने का उद्देश्य है जिससे किसानों को अधिक मुनाफा मिल सकेए उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। साथ ही एफ्पीओ के नियम हैएकैसे संचालन किया जाए और उन्हें कंपनी एक्ट के तहत कैसे जो ?ा जाएए कैसे कृषि उत्पादन का विपणन होगाए कैसे उसको अनुदान मिलेगाए और किन.किन वस्तुओं में कम्पनी बना सकते हैं आदि पहलुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की। वहीं एवोक इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं संस्थापक प्रवीण कुमार द्विवेदी ने एफ्पीओ के सदस्य और पदाधिकारियों को वित्त एवं पोषण की विस्तृत जानकारी दी। इसी कड़ी में जिला कृषि अधिकारी रवि चंद्र प्रकाश ने सक्षम समागम हाल में उपस्थित सभी एवोक इंडिया फाउंडेशनए लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं सीईएल का आभार प्रकट करते हुए एफ्पीओ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को कृषि तकनीकी एवं एफ्पीओ के कुशल संचालन की जानकारी दी। इस मौके पर बेसिक इंटरनेशनल एजेंसी के स्टेट हेड केशवानंद त्रिपाठी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों की आय लगातार बढ़ती रहेएआय दोगुनी हो। जिसके लिए सरकार संघे शक्ति कलियुगे की अवधारणा पर कार्य कर रही है जिसके अंतर्गत आज कृषि उत्पादक संगठनों के विकास पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर अशोक सिंह सीईएल टीम से विवेक सिंह रणजीत कुमारए अनूप शुक्ला एकृष्णा सिंहए अशोक पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

# जनता की समस्याओं का निराकरण कराना हमारा कर्तव्यः एमएलसी

संवाददाता। गौरीगंज,अमेठी



बैठक को संबोधित करते हुए विधायक व मंचासीन एमएलसी व अन्य जनप्रतिनिधि

**शनिवार को** स्थानीय ब्लाक मुख्यालय सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि उमेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह व विधायक राकेश प्रताप सिंह शामिल हुए। स्थानीय सभागार में बैठक में उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा की जनता की समस्याओं का निराकरण करना हम सभी जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है। वही बैठक में संबंधित विभागों की अनुपस्थिति को लेकर नाराजगी जाहिर की और उपस्थित अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ बैठक में आने का निर्देश दिए। वहीं गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने गोवंश आश्रय स्थल को लेकर प्रधान के साथ खड़े होने की बात कही। उन्होंने कहा कि फरवरी माह से अब तक सरकार द्वारा उन्हें धन नहीं उपलब्ध कराया गया ऐसी स्थिति में अधिकारियों द्वारा ग्राम प्रधान के ऊपर कार्यवाही करना उचित नहीं है यदि ऐसा होता है तो हम धरने पर प्रधान के साथ बैठने को मजबूर होंगे। बैठक में कई ग्राम प्रधानों द्वारा बिजली एएनएम सेंटर व विद्यालयों में अध्यापकों की कमी का मुद्दा भी उठाया गया। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिए। वही बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों का खंड विकास अधिकारी गौरीगंज चंद्र सिंह द्वारा आभार व्यक्त किया गया । बैठक में जिला पंचायत सदस्य केडी सरोज अभिषेक सिंह राम सुफल पासी ग्राम प्रधान ललित सिंह रिंकू शुक्ला रवि मिश्रा अश्वनी पांडेय पवन सिंह बब्बन सिंह सहित सैकड़ों ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# भारतीय लोकतंत्र और राजनीति का सबसे दुखद और काला अध्याय था आपातकालः गोविंद

## ● भाजपा कार्यालय गौरीगंज में लोकतंत्र सेनानी का सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न

संवाददाता। गौरीगंज, अमेठी



लोकतंत्र सेनानियों के साथ एमएलसी गोविंद शुक्ला

**आज गौरीगंज स्थित** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आपातकाल के 47 वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विधान परिषद सदस्य व प्रदेश महामंत्री भाजपा उत्तर प्रदेश गोविन्द नारायण शुक्ला राजा बाबू जी रहे।

उपस्थित लोकतंत्र सेनानियों को एमएलसी प्रदेश महामंत्री भाजपा उत्तर प्रदेश गोविंद नारायण शुक्ला व जिला अध्यक्ष भाजपा दुर्गेश त्रिपाठी ने रोली चंदन से टीका करके अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया।

सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला ने कहा कि आज के ही दिन 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के कहने पर तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी थी स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक समय था आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए थे और सभी नागरिक अधिकारों को समाप्त कर दिया गया था इसकी जड़ 1971 में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव का था जिसमें उन्होंने अपने मुख्य प्रतिद्वंदी राज नारायण जी को पराजित किया था लेकिन चुनाव परिणाम आने के 4 साल बाद राज नारायण ने हाईकोर्ट में चुनाव परिणाम को चुनौती दी थी। 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त कर उन पर 6 साल तक चुनाव ना लड़ने का प्रतिबंध लगा दिया और उनके मुकाबले हरे और श्रीमती गांधी के चिर प्रतिद्वंदी राज नारायण सिंह का चुनाव में विजय घोषित कर दिया था राज नारायण सिंह का आरोप था कि इंदिरा गांधी ने चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया तय सीमा से अधिक पैसा खर्च किया और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए गलत तरीकों का इस्तेमाल किया अदालत ने इन आरोपों को सही ठहराया था इसके बावजूद इंदिरा गांधी ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया इसी दिन गुजरात में चिमन भाई पटेल के विरुद्ध जनता मोर्चे को भारी विजय मिली इस दोहोरी चोट से इंदिरा गांधी पूर्ण रूप से बौखला गई इंदिरा गांधी ने अदालत के इस निर्णय को मानने से इनकार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की घोषणा की और 25 जून को आपातकाल लागू करने की घोषणा कर दी गई। इस दौरान जनता के सभी अधिकारों को स्थगित कर दिया गया था सरकार विरोधी भाषणों और किसी भी प्रकार के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था तत्कालीन मीडिया पर भी अंकुश लगा दिया गया था। आगे अपने संबोधन में कहा कि आपातकाल की घोषणा के साथ ही सभी विरोधी दलों के नेताओं को गिरफ्तार करवा कर अज्ञात स्थानों पर रखा गया सरकार की निशा के तहत कदम उठाया जो कि आज बैठे हुए सभी लोकतंत्र सेनानियों ने उस समय जो यातनाएं झेली थी आज मैं उनके यात्राओं के लिए आप सब को नमन करता हूं अभिनंदन करता हूं वंदन करता हूं यह ऐसा कानून था जिसके तहत गिरफ्तार व्यक्ति को कोर्ट में पेश करने और जमानत मांगने का भी अधिकार नहीं था विपक्षी दलों के सभी बड़े नेताओं मोरारजी देसाई अटल बिहारी वाजपेयी लालकृष्ण आडवाणी जॉर्ज फर्नांडिस जयप्रकाश नारायण और चंद्र शेखर को भी जेल भेज दिया गया था।

प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव गिरीश चन्द्रशुक्ला कृष्ण कुमार यादव शंकर बख्श सिंह रमेश शुक्ला सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला ने किया।

# नगर पंचायत बछरावां के सभागार में मिशन शक्ति के तहत मेधावी छात्राओं व महिलाओं को किया गया सम्मानित





संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**बछरावां नगर** पंचायत के नवीन कार्यालय में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम व सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन आज अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय के निर्देशन मैं किया गया। मिशन शक्ति जागरूकता एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने किया। मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना 181 1090 वन स्टॉप सेंटर बालिका शिक्षाए महिलाओं का बालिका की सुरक्षा योजना योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। वहीं अधिशासी अधिकारी श्रीमती श्वेता सिंह ने उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्राओं मीना मंच सुगमकर्ता बेसिक शिक्षा सीएचओ स्वास्थ्य विभाग सहित मिशन शक्ति योद्धाओं को भी सम्मानित किया गया। वही इस कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजक एसणएसण् पांडे रिसोर्स पर्सन बालिका शिक्षा द्वारा किया गया। इस मौके पर उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज के संस्थापक भगवान कुमार अवस्थी शेफाली सिंह महिला कल्याण अधिकारी मौजूद रही। इस मौके पर शकीला बानो किरण अमोली पांडे स्नेहा अंजना अवस्थी रुचि शुक्ला नेहा स्वेता दीपा प्रिया सोनी रिचा गोस्वामी शिक्षा दीक्षित गुड्डी देवी कंचन सिंह दीक्षा जादौन व प्राची सहित अन्य महिलाएं व बालिकाएं मौजूद रही।

## जल संचयन एवं संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिलेगा राज्य भूजल पुरस्कार

**लखीमपुर खीरी।** सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि राज्य भूजल पुरस्कार के लिए जनपद.लखीमपुर में वर्षा जल संचयनए भूगर्भ जल संरक्षण एवं भूगर्भ जल पुनर्भरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं को भूगर्भ जल विभाग खंड.लखनऊ ने 30 जून तक आवेदन आमंत्रित किए है। समयान्तर्गत कार्यालय सीनियर हाइड्रोजियोलॉजिस्ट भूगर्भ जल विभाग खण्ड.लखनऊ तृतीय.तल विकास भवन सर्वोदय नगर लखनऊ में प्राप्त समस्त आवेदनों में से उक्त क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किये जाने हेतु किसी एक व्यक्ति या संस्था को जिलाधिकारी द्वारा राज्य भूजल पुरस्कार.2022 हेतु नामित किया जाएगा। आवेदन का प्रारूप विभागीय वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

# प्रशासन द्वारा बछरावां नगर के उत्तर चमरहिया मोहल्ले में हटाया गया अवैध अतिक्रमण



**बछरावां रायबरेली ।** शासन की मंशा के अनुरूप आज बछरावां नगर के उत्तर चमरहिया मोहल्ले में तहसील प्रशासनए नगर पंचायत प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रुप से अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण बुलडोजर द्वारा हटाया गया। उत्तर चमरहिया में सामुदायिक केंद्र के पीछे स्थित तालाब की पटरी पर मोहल्ले के ही कुछ लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया था। उस अवैध अतिक्रमण को एसडीएम शालिग्राम वर्माए अधिशासी अधिकारी स्वेता सिंह बछरावां हल्का इंचार्ज शेखर बालियानए बछरावां लेखपाल राकेश कुमार यादव नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार वर्मा नगर पंचायत कर्मी मनोज कुमार मंशू धानूक सौरभ कुमार की मौजूदगी में नगर पंचायत की टीम व बुलडोजर के द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। वहीं इस मौके पर अवैध अतिक्रमण करने वालों व नगर पंचायत कर्मियों के बीच आपसी वाद विवाद भी हुआ। जिसको मौके पर मौजूद पुलिस द्वारा शांत कराया गया। अतिक्रमण कारी अपना अतिक्रमण हटते देख नगर पंचायत कर्मियों के ऊपर अपना गुस्सा उतारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जबकि यह अभियान शासन की मंशा के अनुरूप केवल बछरावां नगर पंचायत में ही नहीं वरन संपूर्ण प्रदेश में चलाकर अवैध अतिक्रमण को नेस्तनाबूद किया जा रहा है।

# प्रधान ने अपने 'मृतक' पति से करा डाली 127 दिन की मजदूरी

**● मृतक शिवपूजन ने स्वर्ग से आकर की मजदूरी, जबकि रोजगार सेवक और प्रधान गांव के ही रहते ● रोजगार सेवक ने हाजिरी भी लगा दी, एमबी भी हो गया, सेक्रेटरी और बीडीओ ने भुगतान भी कर दिया ● कम्प्यूटर आपरेटर अरविंद कुमार यादव ने यहां भी दिखाई अपनी दरियादिली ● कुदरहा ब्लॉक के चर्चित गांव कड़सरी मिश्र का कारनामा**

**संवाददाता।** बस्ती

**...यूंही** नहीं कुदरहा ब्लॉक को मनरेगा में हुए घोटाले को लेकर जाना जाता है। यह वही ब्लॉक है, जहां पर पूरे देष में सबसे अधिक सुविधा प्रधानों को मिलती है। इस ब्लॉक के कम्प्यूटर आपरेटर भी इतने उदार स्वाभाव के हैं, कि उनसे यह मतलब नहीं रहता कि मस्टरोल मरे हुए या फिर गांव के बाहर वाले मनरेगा श्रमिकों के नाम निकल रहा है। प्रधानों प्रति इनका प्रेम और समर्पण की भावना की चर्चा पूरे जिले में हो रही है। अनेक प्रधान भी इनका गुनगान यह कहते हुए करते रहते है, कि आपरेटर हो तो अरविंद यादव जैसा हो। कहते भी है कि अगर प्रधानों का बस चले तो इन्हें प्रदेष का सबसे होनहार और काबिल मनरेगा कम्प्यूटर आपरेटर का खिताब सरकार से दिला दें। अब इस ब्लॉक का एक और कारनामा देखिए, सुनकर ताज्जुब करेगें कि कड़सरी मिश्र की प्रधान षांति देवी ने अपने मरे हुए पति षिवपूजन के नाम मनरेगा में काम का डिमांड कर डाला, सिर्फ डिमांड ही नहीं किया, अलबता 127 दिन की मजदूरी भी अपने मृतक पति से करवाया, यह पहला ऐसा घौआला माना जा रहा है, जहां पर महिला प्रधान अपने मृतक पति का सहारा लेकर हेराफेरी कर डाला। रोजगार सेवक जो उसी गांव का निवासी होता है, उसने भी काम करने की हाजिरी लगा दी, टीए ने एमबी कर दिया, सेक्रेटरी और बीडीओ ने मिलकर भुगतान भी करवा दिया। किसी ने यह देखने की जरुरत महसूस नहीं कि जिस मजदूर के नाम मस्टरोल निकल रहा है, वह जिंदा है, भी नहीं? कैसे एक मुतक श्रमिक काम का डिमांड कर सकता है, और कैसे वह मजदूरी कर सकता है? दुनिया का इससे बड़ा प्रमाणित घोटाला हो ही नहीं सकता। वैसे ही इस ग्राम पंचायत में सबसे अधिक मनरेगा श्रमिकों के नाम पर सरकारी धन को लूटा गया, एक व्यक्ति के नाम एक दिन दो नहीं तीन नहीं बल्कि 14-14 दिन का मस्टरोल बना। हालांकि इसकी जांच कई बार हुई, मगर हर बार मामले को दबा दिया गया, अब इसकी जांच लोकपाल मनरेगा कर रहे हैं। यही सब वजह है, कि इस ब्लॉक के आपरेटर की पहचान सबसे अधिक दरियादिली के रुप में होती है। इसी दरियादिली के चलते कई प्रधान करोड़पति हो गए। इतना ही नहीं मनरेगा श्रमिक 'फारचूनर' से घूमने लगे। इससे अधिक किसी का विकास हो ही नहीं सकता। अब जरा मनरेगा में हो रही हेराफेरी पर नजर डालिए। क्या कभी कोई यह सोच सकता है, कि एक महिला प्रधान अपने मृतक पति का सहारा लेकर घोटाला कर सकती है। मगर यह हुआ है, ऐसा भी हो सकता है, कि महिला प्रधान को मालूम ही न हो कि किसी ने उनके पति के नाम पर इतनी बड़ी हेराफेरी कर डाली। लेकिन दोष तो डिमांड करने वाली प्रधान की ही मानी जाएगी और कार्रवाई भी इन्हीं के खिलाफ होगी। बता दें कि वर्तमान प्रधान षांति देवी के पति षिवपूजन की मृत्यु 20 मार्च 2016 को हो गई। मृत्यु प्रमाण-पत्र भी जारी हुआ है। अब सवाल उठ रहा है, कि जब षिवपूजन की मृत्यु चार साल पहले हो चुकी है, तो फिर इनके नाम का डिमांड कैसे और किसने भेजा। अभिलेखों के अनुसार मृतक से 23 जुलाई 20 से 21 जनवरी 21 तक 99 दिन की मजदूरी करवाई गई, और भुगतान भी किया गया। उसके बाद भी घोटालेबाज नहीं माने, इन लोगों ने फिर नौ मई 21 और 20 जून 21 के बीच 14-14 दिन की दो बार मजदूरी दिखाकर 28 दिन का घपला किया। कहा और माना जाता है, कि गांव में अगर किसी को बुखार हो जाता है, तो पूरे गांव को इसका पता चल जाता हैं, मगर यहां पर तो एक प्रधान के पति की मौत हुई और किसी को पता तक नहीं चला, यहां तक खुद प्रधान को इस बात का पता नहीं चला कि उसके पति की मृत्यु भी हो चुकी हैं, तभी तो उसने अपने पति के नाम डिमांड भेज दिया। खुद प्रधान और गांव के रोजगार सेवक भी उसी गांव के हैं, मगर इन दोनों को भी पता नहीं चला कि षिवपूजन की मौत हो चुकी है। गांव के सेक्रेटरी और बीडीओ ने भी यह जानने का प्रयास नहीं किया या फिर उन्हें लक्ष्मी ने रोक दिया कि षिवपूजन की मौत हो गई या नहीं? इसी लिए आजकल जो कुदरहा के आपरेटर पर यह आरोप लग रहा है, कि फाइल में लक्ष्मी रखिए और घर जा कर आराम से सो जाइए, मजदूरी खाते में पहुंच जाएगी। यह भी सवाल उठ रहा है, कि बैंक ने कैसे एक मरे हुए श्रमिक के नाम पर भुगतान कर दिया। ऐसा लगता है, कि इसमें बैंक वालों की भी कहीं न कहीं भूमिका प्रतीत होती है।

'पायनियर' के खबर का असर

## खंड शिक्षाधिकारी, प्रधान, एडीओ और प्रधान पर भी दर्ज होगा केस

**संवाददाता।** बस्ती

**...देखा** जाए कुदरहा ब्लॉक क्षेत्र धीरे-धीरे अनियमितता का केंद्र बनता जा रहा है। कहा भी जा रहा है, कि जब तक इस ब्लॉक क्षेत्र के लिए कोई ठोस कार्ययोजना को अंजाम नहीं दिया जाएगा, तब तक ब्लॉक आदर्ष ब्लॉक की ओर नहीं बढ़ सकता, और इसके लिए ब्लॉक प्रमुख सहित क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े जनप्रतिनिधियों को अपनी महती भूमिका निभानी होगी। इसके अतिरिक्त बीडीओ, सेक्रेटरी और एडीओ पंचायत सहित रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक को भी कुछ समय के लिए ब्लॉक की छवि को सुधारने में ब्लॉक प्रमुख को पूर्ण सहयोग करना चाहिए। वरना जिस तरह ग्राम पंचायतों से षिकायतें षासन और प्रषासन सहित मनरेगा लोकपाल को मिल रही है, उससे ब्लॉक ही बदनामी हो रही है। अब जरा ग्राम पंचायत का हाल सुनिए, यह वही ग्राम पंचायत हैं, जहां पर एक तालाब को चार तालाब बनाकर एवं दो अन्य तालाबों के साफ-सफाई और खुदाई के नाम पर मनरेगा से 53 बार भुगतान होने का मामले सामने आ चुका है। 'पायनियर' में 28 मई को 'नाबालिग को बालिग बनाकर कर दी नियुक्ति' नामक षीर्षक खबर प्रकाषित हुआ था, इसी को संज्ञान में लेकर जांच के आदेष दिए गए। जांच डीआईओएस और डीआरडीए के पीडी कमलेष सोनी ने किया। टीम ने इस मामले में खबर की सत्यतता की पुष्टि करते हुए खंड षिक्षा अधिकारी, प्रधान ममता यादव, एडीओ पंचायत जयनंदलाल और चर्चित सेक्रेटरी आंनद कुमार सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने की संस्तुति की है। टीम ने धन की वसूली की भी सिफारिष की है। यह पहली बार है जब एक साथ इतने बड़े लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की सिफारिष की गई। इसके लिए खासतौर से डीआरडीए के पीडी की प्रषसां हो रही है। इसकी षिकायत दूसरे स्थान पर रहने वाले दीनानाथ चौधरी ने की थी। जांच टीम ने इस बात का खुलासा किया कि जिस ग्राम प्रधान की अध्यक्षता वाली समिति ने एक ऐसी नाबालिक लड़की को डाटा इंटी कम्प्यूटर आपरेटर की नियुक्ति कर दी, जिसकी उम्र नियुक्ति का प्रस्ताव देते समय 17 साल सात माह और 14 दिन था, वह गलत था। जांच टीम ने माना कि एक साजिष के तहत एक नाबालिग को बालिग बनाकर और उसके षैक्षिक अंकों में हेराफेरी करके नियम विरुद्व नियुक्ति कर दी और उसे एक माह का मानदेय भी दे दिया। जबकि षैक्षिक योग्यता के अनुसार दूसरे स्थान पर रहने वाले दीनानाथ चौधरी की नियुक्ति होनी चाहिए थी। जब कि सपना नामक ऐसी लड़की की नियुक्ति कर दी जो इस पद के लिए योग्य ही नहीं थी। इस अनियमित नियुक्ति के लिए जांच टीम ने खंड षिक्षा अधिकारी, प्रधान ममता यादव, एडीओ पंचायत जयनंदलाल और चर्चित सेक्रेटरी आंनद कुमार सिंह को दोषी मानते हुए इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने की संस्तुति की है। टीम ने धन की वसूली की भी सिफारिष की है। ग्राम पंचायत परेवा में पंचायत भवन में पंचायत सहायक/एकाउंटेंट कम-डाटा इंटी आपरेटर के पद के लिए कुल 14 लोगों ने आफलाइन आवेदन किया। यह सीट ओबीसी के लिए आरक्षित है। प्रधान भी ओबीसी से आती है।

## संभव अभियान कार्यक्रम के तहत सघन वजन अभियान का हुआ शुभारम्भ

**श्रावस्ती।** बच्चों को कुपोषण की काली छाया से बचाने और उनको स्वस्थ बनाए जाने को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है। जिसके क्रम में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरकार द्वारा 1 जुलाई 2022 से संभव अभियान शुरू किया जायेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचानए स्वास्थ्य जांचए संदर्भन एवं पोषण प्रबंधन करना हैं। अभियान के सफल क्रियान्वयन के दृष्टिगत 25 जून से 30 जून 2022 तक 0 से 5 वर्ष के बच्चों का सघन वजन अभियान चलाया गया। जिसका शुभारंभ अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने विकास खण्ड हरिहरपुररानी अन्तर्गत ग्राम पंचायत खैरी कला के आंगनबाड़ी केंद्र पर फीता काटकर किया। अभियान की जानकारी देते हुए अध्यक्ष ने बताया है कि यह अभियान जुलाई से दिसंबर तक चलाया जायेगा। जिसमें प्रत्येक माह अलग अलग गतिविधियो का आयोजन किया जायेगा। जिससे निश्चित ही कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी नन्द लाल प्रसादए मुख्य सेविका मुन्नी देवीए आंगन बाड़ी कार्यकर्ता अनुराधा के अतिरिक्त विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

## बीएसए ने खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ की बैठक, दिया निर्देश

**● डीबीटी एप पर छात्रों का आधार वेरीफिकेशन में पाई गई कमी**



**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**जिला** बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक संसाधन केंद्र खलीलाबाद पर खंड शिक्षा अधिकारियों एवं ए आर पी सहित जिला समन्वयको की विशेष बैठक संपन्न हुई। शासन की महत्वपूर्ण योजना छात्रों को डायरेक्ट बेनिफिट स्कीम अंतर्गत लाभ प्रदान किए जाने हेतु डीबीटी ऐप पर छात्रों का आधार वेरिफिकेशन कार्य में शिथिलता होने के कारण यह बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में पूर्व में नामांकित समस्त छात्र छात्राओं का आधार वेरिफिकेशन आगामी 27 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। अन्यथा जिस स्तर पर कमी पायी जायेगी उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही भी की जायेगी। प्रभारी जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता द्वारा डीवीडी का आंकड़ा ब्लॉकवार प्रस्तुत किया गया ,जिसमें जनपद की प्रगति केवल 14: रही तथा या स्पष्ट रूप से बताया गया कि डीबीटी हेतु एक अलग पंजिका का निर्माण कर लिया जाए जिस पर स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए कि यह है यह केवल डीबीटी योजना अंतर्गत ही मान्य है तथा इस पंजिका पर छात्र छात्रा का विवरण जो आधार कार्ड पर अंकित है को अंकित करते हुए शत प्रतिशत बच्चों का आधार वेरिफिकेशन 2 दिनों में पूर्ण कर लिया जाए। स्कूल चलो अभियान की समीक्षा अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त हेतु विशेष निर्देश दिया और बताया कि अमान्य मदरसों तथा अन्य विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को विद्यालय बंद कराते हुए परिषदीय विद्यालय में नामांकित करावे ,जिससे कि शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। वर्तमान समय में शैक्षणिक प्रबंधन यू डायस वर्ष 2020 - 21 का फॉर्मेट भरा जा रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में कार्यरत शिक्षक संकुल के माध्यम से प्रत्येक मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, राजकीय ,परिषदीय सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों का डाटा कैप्चर फॉर्म भरवाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। परिषदीय विद्यालयों के संदर्भ में विशेष तौर पर जोर दिया गया कि जो भौतिक सुविधाएं एवं छात्रों का नामांकन फॉर्मेट में भरा जाना है उसे शुद्ध रूप से भरा जाए तथा इसका निरीक्षण एवं संशोधन संबंधित शिक्षक संकुल द्वारा किया जाए। विशेष तौर पर दिव्यांग बच्चों के संदर्भ में निर्देशित किया गया है कि वर्ष 2021 में प्रबंध पोर्टल पर जिन बच्चों का नामांकन किया गया है। उसकी सूची जिला समन्वयक द्वारा समस्त विकास खंडों को उपलब्ध करा दी गई है सूची में अंकित शत-प्रतिशत बच्चों को डायस कैप्चर कार्ड में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। इस क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि आज प्रत्येक ब्लॉक गूगल मीट के माध्यम से डीबीटी योजना अंतर्गत आधार वेरिफिकेशन तथा दिव्यांग बच्चों के नामांकन वायु ड्रेस में अंकन की समीक्षा करें तथा इस समीक्षा में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वयं प्रधानाध्यापकों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। जिससे निर्धारित तिथि के अंतर्गत शत प्रतिशत कार्य को पूर्ण किया जा सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने यह भी बताया कि विकास क्षेत्र मुख्यालयों पर नवीन नामांकित बच्चों हेतु आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं कक्षा एक में नामांकित होने वाले नवीन बच्चों की संख्या लगभग 8000 है इन बच्चों का भी आधार कार्ड प्रेरणा पोर्टल पर फिर करते हुए उसे वेरीफाई कराया जाए जिससे कोई भी बच्चा डीबीटी योजना के लाभ से वंचित ना हो। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी खलीलाबाद, मेहदावल, साथा बेलहर कला, नाथनगर, पौली के साथ-साथ जिला समन्वयक प्रशिक्षण, जिला समन्वयक एमआईएस एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने बीडीओ और प्रधान को थमाया नोटिस

**● आरईडी एमआई के जेई, सचिव, रोजगार सेवक का वेतन रोका**



**बस्ती।** अमृत सरोहर योजना का सच जानने के लिए सीडीओ डा. राजेष कुमार प्रजापति ने तीन सरोहर का निरीक्षण किया। सभी सरोहर में कमी मिली। बीडीओ और प्रधान को नोटिस थमाया और आईडी के जेई, रोजगार सेवक और सचिव का वेतन रोका। सबसे पहले उन्होंने विकास खंड हर्रैया के लबदहा सरोहर का निरीक्षण किया। यहां पर सीआईबी बोर्ड ही लगा नहीं मिला। मौके पर 70 श्रमिक काम करते मिले जबकि मस्टरोल 120 का जारी हुआ। जेई एमआई, सचिव का वेतन रोका तथा टीए का मानदेय रोकते हुए प्रधान को नोटिस जारी किया। इसी ब्लॉक के पिपरा काजी का निरीक्षण किया 22 लेबर काम करते मिले, कार्य की श्रेणी काफी खराब पाई गई। धीमा भी रहा। जेई एमआई एवं सचिव को वेतन रोका, टीए एवं रोजगार का मानदेय बाधित किया प्रधान को नोटिस जारी किया। इसी ब्लाक के ग्राम पुरैना खास का निरीक्षण किया। कार्य काफी धीमा मिला। गुणवत्ता खराब भी रहा। सीआईबी बोर्ड लगा मिला। जेई आरईडी एवं सचिव का वेतन रोका, प्रधान को नोटिस थमाया और रोजगार सेवक का मानदेय रोका। बीडीओ को नोटिस थमाया गया। हर्रैया ब्लॉक में इस योजना के तहत चार सरोहर बनना है। चारों में बीडीओ के द्वारा कोई रुचि नहीं ली जा रही है, जिसके चलते उन्हें नोटिस दिया गया।

## पीएम आवास ( शहरी ) के सातवें वर्षगांठ पर लाभार्थियों से संवाद

**● जनप्रतिनिधियों के साथ पीओ डूडा प्रमेन्द्र से किया संपर्क**

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**प्रधानमंत्री** आवास योजना (शहरी) की 7वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य पर जिलाधिकारी के निर्देशन के क्रम में परियोजना अधिकारी प्रेमेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के मोहल्ला-डीघा में विभिन्न लाभार्थियों से संवाद किया गया जिसमें लाभार्थियों से आवास मिलने के पहले के जीवन यापन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवास बन जाने के बाद जीवन यापन के बारे में बात की गयी। जिसमें ओरीलाल की माता द्वारा



लाभार्थी के साथ जनप्रतिनिधि व पीओ डूडा — पायनियर

बताया गया कि पिछले तीन पिढी से छप्पर के मकान में रहते थे अब प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सहयोग से हम लोग पक्के मकान में रहने लगे। लगभग खुशी से रोते हुए माता ने आगे बोला कि मोदी एवं योगी को भगवान हमेशा खुश रखे। सरिता देवी ने बताया कि पहले हम लोग छप्पर में रहते थे जहां बरसात के मौसम में साप, बिच्छू निकलते रहते थे लेकिन अब पक्के मकान में बच्चों सहित आराम से रह सकते है। हरिश्चन्द्र, रामजीत की पत्नी ने बताया कि पहले हम लोग खपड़े के मकान में रहते थे जो बारिश में टपकता था और पुराने खपड़े के मकान की वजह से बच्चे की शादी नही हो पा रही थी अब बेटे की शादी भी तय हो गयी है। जिसके लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद। संवाद के समय नगर अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि सत्यवेन्द्र पाल सिंह उर्फ जज्जी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रविन्द्र यादव, शहर कार्यक्रम प्रबन्धक ज्ञानेन्द्र शुक्ला, ऋषभ सोनकर, गौरव श्रीवास्तव एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अवर अभियन्ता देशदीपक, संदीप वर्मा, अनुज, गौरव आदि लोग उपस्थित थे।

## स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को बांटी गई घरौनी प्रमाण पत्र

**● कार्यक्रम में उपस्थित रहे विधायक अनिल त्रिपाठी व गणेश चौहान**

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**अपर** जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व परिषद के स्वामित्व योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा घरौनी प्रमाण-पत्र के वितरण के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार, में सम्पन्न हुआ। जिसमें विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी तथा विधायक धनघटा गणेश चौहान मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खलीलाबाद तहसील से दिवाकर पुत्र सूरज, रामवृक्ष पुत्र झकरी, पारसनाथ पुत्र कोठारी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में ग्राम नगवा, तहसील खलीलाबाद के 50



लाभार्थी को घरौनी प्रमाण पत्र देते विधायक

नागरिकों को मुख्य अतिथि गण द्वारा घरौनी की प्रति बांटी गई तथा स्वामित्व योजना अंतर्गत उद्देश्यों/लाभों को बताया। उक्त कार्यक्रम में नायब तहसीलदार खलीलाबाद विजय गुप्ता, लेखपाल बुद्धि राम चौधरी, भूलेख लिपिक दुर्गा प्रसाद, ईडीएम राकेश कुमार, ग्राम प्रधान नगवा राम आशीष उपाध्याय तथा अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अनुभवी शिक्षकों का हुआ साक्षात्कार व प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए परीक्षार्थी



साक्षात्कार में शामिल शिक्षक — पायनियर

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**● तीन माह फीस रहेगा माफ : सविता चतुर्वेदी**

**सूर्या** इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश परीक्षा एवं शिक्षक के रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार संपन्न हुआ। विद्यालय में कक्षा प्लेवे से लेकर कक्षा 9वीं एवं 11वी तक के प्रवेश परीक्षा में कुल 216 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिनका प्रवेश परीक्षा परिणाम आगामी 27, जून, 2022 को सुबह 10 बजे सूचनापट्ट पर प्रदर्शित होगा। इसी के साथ विभिन्न विषयों के रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार कराया गया जिसमें अधिक संख्या में आवेदकों ने साक्षात्कार दिया। साक्षात्कार मंडल में विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी एवं प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव, उप-प्रधानाचार्य शरद त्रिपाठी के साथ-साथ विद्यालय के विभिन्न विषयों के वरिष्ठ एवं अनुभवी शिक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर से भी बेहतर शिक्षा देने से संबंधित संपूर्ण सुविधाएं देने के लिए विद्यालय सदैव प्रयासरत हैं। एक सफल विद्यार्थी के ज्ञानार्जन में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक शिक्षक मार्गदर्शक, गुरु, मित्र होने के साथ ही और भी कई भूमिकाएं निभाते हैं। एक श्रेष्ठ और कुशल शिक्षक प्रभावशाली वक्ता, आत्मविश्वासी, अच्छा सलाहकार होता है, जिसमें निर्देशन व नेतृत्व का ज्ञान और प्रेरित करने की क्षमता होती है।

## बखिरा थाने में पहुंचकर एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**संवाददाता।** संतकबीरनगर




शिकायत सुनते एसपी — पायनियर

**पुलिस** अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना बखिरा पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसी क्रम में जनपद के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल / थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## 28 हजार लाभार्थियों को वितरित की गई घरौनी

**संवाददाता।** श्रावस्ती



**प्रदेश** सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के तहत आज ग्रामीणों को घरौनियों का वितरण किया गया इसी क्रम में जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस दौरान विधायक रामफेरन पाण्डेयए जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने लाभाथिर्यो को घरौनी वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया वहीं तहसील इकौना में भी उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी तथा जमुनहा में बीजेपी के जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम व उपजिलाधिकारी सौरभ शुक्ला ने घरौनी वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मा0 विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है गरीबों को जरूरी सुविधाओं के लिए मुसीबत ना उठानी पड़े इसके लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में स्वामित्व योजना के अन्तर्गत 28 हजार 882 तैयार की गई घरौनियों का वितरण प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा शनिवार को डिजिटल रूप से किया गया है। उन्होने कहा कि स्वामित्व योजना प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी की दूरदर्शिता संवेदनशीलता और हर एक गरीब के लिए उनके मन में जो भाव है उस भाव को मंन्जूरी प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना प्रारम्भ की गयी है। इस योजना के माध्यम से किसी व्यक्ति को घर के संबंध में विवादों का सामना नही करना पडेगा। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से खेतों का वैधानिक अभिलेख खतौनी हैए उसी प्रकार घर का वैधानिक अभिलेख घरौनी होगा। निश्चित ही इस योजना के संचालन से गांव घर में खुशहाली आयेगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमारए उपजिलाधिकारीध्प्रभारी अधिकारी भूलेख आशुतोषए जिला सूचना अधिकारी शिवनाथए एल0आर0सी0 विश्वनाथए आशुतोष पाण्डेयए ई.डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तवए एन0आई0सी0 अभियंता दीप नरायण सहित स्वामित्व योजना के लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी जुलाई में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का करेंगे शुभारंभ

● मुख्य कार्यवाहक यूपीडा अवनीश अवस्थी ने किया बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण

संवाददाता। उरई (जालौन)



गृहमंत्री अमित शाह से भेंट करते राजा बुंदेला पायनियर

**अपर मुख्य** सचिव गृह मुख्य कार्यवाहक यूपीडा अवनीश अवस्थी ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करते हुए यूपीडा व जनपद के अधिकारियों के साथ समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी का बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर पुलिस के जवानों द्वारा उन्हें सलामी दी गई, साथ ही जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने उनकी आगवानी की, जिसके बाद अपर मुख्य सचिव द्वारा बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए सभी जिला स्तरीय और यूपीडा के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन जुलाई माह में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर होना है और वह जल्द ही इसका शुभारंभ करेंगे, जो भी अधूरा काम पड़ा हुआ है, उसको जल्द से जल्द पूरा करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का काम लगभग पूरा हो चुका है और जुलाई माह में प्रधानमंत्री द्वारा इसका उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 29 फरवरी 2020 से निर्माणाधीन बुन्देखण्ड एक्सप्रेस वे लगभग 28 माह में बनकर तैयार हो चुका है, इसकी कुल लंबाई लगभग 300 किलोमीटर की है, जो सीधा दिल्ली से बुंदेलखंड के लोगों को जोड़ेगा, इसके अलावा झांसी जनपद के गरौठा में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर डिफेंस कॉरिडोर बनाया जा रहा है जो कि उद्योग को स्थापित करेगा, जिससे वहां के लोगों को रोजगार मिलेगा इसके लिए प्रधानमंत्री का बड़ा सपना है। उन्होंने बताया कि चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, झांसी, जालौन, औरैया और इटावा जनपद इस बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जुड़ेंगे, अब लोग 5 से 6 घंटे में दिल्ली आसानी से पहुंच जायेगे।

## एसडीएम के न होने पर सीओ ने सभी शिकायतों की सुनवाई की

**मौदहा (हमीरपुर)।** स्थानीय कोतवाली परिसर में सम्पन्न हुए थाना दिवस में फरियादियों ने दस शिकायते दर्ज करायी गयी। उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह आज थाना दिवस में मौजूद नहीं थे जिसके चलते क्षेत्राधिकारी ने ही सम्बंधित अधीनस्थों को उक्त समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। शिकायतकर्ताओं में भमौरा गांव निवासी राधारानी पत्नी आशाराम ने बताया कि गांव के ही मुजीब पुत्र जमील ने उसके प्लाट पर कब्जा कर लिया है,जिसे तत्काल खाल कराए जाने की बात कही है,तो पिपरौंदा गांव निवासी अरूण तिवारी ने भी वहीं के परमेश्वरी दयाल के ऊपर प्लाट कब्जा करने का आरोप लगाते हुए खाली कराए जाने की मांग की है।इसी क्रम में नगर के हैदरगंज मोहल्ला निवासी तुफैल अहमद ने अमीन उद्दीन के साथ पैसों के लेनदेन का विवाद बताया तथा इचौली गांव के विनोद कुमार ने संग्राम सिंह,पिंटू सिंह निवासी सिजनौडा के साथ खेत का विवाद बताया।

# चित्रकूट में भाजपाइयों ने 8110 लोगों को बांटी घरौनी

संवाददाता। चित्रकूट



ग्रामीण को घरौनी देते भाजपा नेता पायनियर

**सूबे** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आबादी अभिलेख (घरौनी) 11 लाख लोगों को आनलाइन बांटी। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में विधायक मऊ-मानिकपुर अविनाशचन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय की मौजूदगी में लोगों को ग्रामीण आवासीय अधिकार अभिलेख (घरौनी) बांटी गई।

शनिवार को घरौनी बांटते हुए विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री के इस अभिलेख से लोगों को लोन मिल जायेगा। पहले महानगरों एवं नगरों में अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को घरौनी दी जा रही है। मुख्यमंत्री चिन्तित हैं कि शासकीय कार्यों में निर्धारित शुल्क के अलावा किसी से कोई अन्य शुल्क न लिया जाये। तहसीलों में खसरा-खतौनी में अधिक शुल्क लिया जा रहा है। बैठक बुलाकर दिशा-निर्देश जारी किये जायें, ताकि सरकार की मंशानुरुप कार्य हो सके। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि सभी को मालिकाना हक मिल रहा है। सरकार विभिन्न योजनाओं से लोगों को लाभान्वित कर रही है। धीरे-धीरे सबको घरौनी मिलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिनके मकानों की घरौनी मिली है, अब अपने घरों को बेहतर बनाने को लोन ले सकते हैं। जिले के सभी तहसीलों में 8110 घरौनी कार्ड बांटे गये। कर्वी तहसील में 25 लोगों को घरौनी पत्र दिये गये। इस मौके पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम सदर पूजा यादव, ब्लाक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर, भाजपा नेता पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## लोकतंत्र सेनानियों का भाजपाइयों ने किया सम्मान

संवाददाता। चित्रकूट



**भाजपा** जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में आपातकाल में जेल गये लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह कर अंगवस्त्र भेंट किये। कहा कि देश की आजादी के दूसरे सेनानी हैं। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि 25 जून 1975 को देश में लोकतंत्र की हत्या कर दी गई थी। आवाज बुलंद करने वालों को जेलों में ठूंस दिया गया था। किसी को अपनी बात कहने का अधिकार नहीं था। जिलाध्यक्ष ने सभी सेनानियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि आपातकाल देश में एक काले दिवस के रुप में जाना जाता है। कांग्रेस की सरकार का तानाशाही रवैये का सबसे बडा उदाहरण है। कार्यक्रम संयोजक बृजेश पाण्डेय ने सभी का आभार जताया। लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल की घटना का जिक्र किया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी शिवशंकर द्विवेदी, रामप्रकाश द्विवेदी, भगीरथ गांधी, रामपाल त्रिपाठी, रामचन्द्र कोरी, रामजी मिश्रा, त्रियुगीनारायण, भरतलाल, श्रीमती लक्ष्मी सिंह, प्रेमनारायण, ननकूराम, केशव प्रसाद, लवकुश चतुर्वेदी, दिनेश तिवारी, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविन्द मिश्रा, ब्लाक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी, तीरथ तिवारी, पंकज अग्रवाल, राजेश जायसवाल, राजेश्वरी द्विवेदी, दिव्या त्रिपाठी, विनीता द्विवेदी, अर्चना सिंह, महेन्द्र कोटार्य आदि मौजूद रहे।

# विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट के राम शैय्या पर आज भी मौजूद हैं प्रभु श्रीराम और देवी सीता के शयन के निशान

संवाददाता। चित्रकूट




**विश्व** प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट में भगवान नारायण (विष्णु) ने स्वयं प्रभु श्रीराम के रूप में साढे 11वर्षो तक तपस्या की थी। ब्रम्हांड के इस अद्वितीय तीर्थ के कण-कण में आज भी भगवान श्रीराम के पद चिन्हों के दर्शन मिलते है। राम शैय्या इन्हीं पावन स्थलों में से एक है। जहां प्रभु श्रीराम ने देवी सीता के साथ शयन करते थे। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत देश भर से लाखों श्रद्धालु प्रतिवर्ष इस प्रमुख ऐतिहासिक तीर्थ स्थल के दर्शन एवं पूजन के लिए आते है। अनादि,अचल एवं ऐतिहासिक पावन तीर्थ चित्रकूट भगवान श्रीराम के उपासकों के लिए अद्वितीय आध्यात्मिक ऊर्जा स्थली है। इसी पावन धाम में सृष्टि के पालनहार भगवान नारायण(विष्णु) ने स्वयं प्रभु श्रीराम के रूप में साढ़े 11 वर्ष व्यतीत किये थे। सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रम्हा ने पतित पावनी मां मन्दाकिनी के पावन तट पर सृष्टि यज्ञ किया था। वहीं ऋषि अगस्त ,अत्रि ऋषि ,महर्षि बाल्मीकि आदि देवऋषियो में इस पवित्र तीर्थ में तप कर जगत का कल्याण किया था। विश्व प्रसिद्ध धार्मिक ,पौराणिक और आध्यात्मिक तीर्थ चित्रकूट की महिमा का बखान करते हुए डॉ रामनारायण त्रिपाठी कहते है कि चित्रकूट ब्रम्हांड का सबसे श्रेष्ठ स्थल है। इसकी तुलना गोलोक से भी नहीं की जा सकती है।विंध्य पर्वत श्रृंखला के मध्य करीब 84 कोस में फैले पौराणिक धाम में सती जी की पांच सिद्ध शक्ति पीठे ,पांच प्रमुख उप ज्योतिर्लिंग है। मनोकामनाओ के पूरक कामदगिरि पर्वत के नीचे क्षीर सागर होने की बात का उल्लेख भी महर्षि बाल्मीकि द्वारा किया गया है।इसी वजह से कभी कभी भगवान कामतानाथ जी के मुखा़र बिंद से अमृत रूपी दुग्ध धारा का प्रवाह होता रहता है। कामदगिरि पर्वत पर ही प्रभु श्रीराम ने तपस्या कर असुरो का नाश करने की शक्तियों अर्जित की थी। चित्रकूट में ही राम शैय्या के नाम के धाम पर प्रभु श्रीराम देवी सीता के साथ शयन करते थे। इसके पास स्थित एक पहाड़ी पर अनुज लक्ष्मण पहरा देते थे। डॉ रामनारायण त्रिपाठी बताते है कि कामदगिरि पर्वत की पश्चिम दिशा में स्थित राम शैय्या के दर्शन से जन्म का पातक नष्ट हो जाता है। साथ ही इस पावन धाम के दर्शन से भगवान श्रीराम के लोक की प्राप्ति होती है। इस धाम में स्थित प्राचीन शिला में आज भी प्रभु श्रीराम और देवी सीता के शयन करने के प्रमाण आज भी मौजूद है।इसके अलावा दोनों के बीच मर्यादा रूपी धनुष की आकृति भी शिला पर बनी हुई है। कामतानाथ प्राचीन मुखा़र बिन्द के प्रधान पुजारी भरत शरण दास महाराज बताते है कि राम शैय्या चित्रकूट का एक पवित्र स्थान है।

# खनन माफियाओं पर कार्रवाई का किसी में नहीं है साहस

● भ्रष्टाचार पर योगी सरकार का जीरों टोलरेंस का दावा चित्रकूट में हवा-हवाई

संवाददाता। चित्रकूट



धड़ल्ले से चल रहा बन्द स्टोन क्रशर मिल पायनियर

**एनजीटी** के आदेश पर जिले के भरतकूप में आधा दर्जन से ज्यादा स्टोन क्रशर मिल बन्द होने के बाद भी रात में धडल्ले से चल रहे हैं। ऐसे स्टोन क्रशर मिलों की बिजली कटने के बाद भी रात में बिजली जोडकर चोरी-छिपे स्टोन क्रशर चलने से राजस्व को प्रतिदिन लाखों रुपये की क्षति हो रही है। भरतकूप कस्बे में बन्द स्टोन क्रशर मिल चलने का खुलासा शनिवार को हुआ। बताया गया कि एनजीटी के आदेश पर आधा दर्जन स्टोन क्रशर बन्द हैं। ये सभी स्टोन क्रशर मिल बिजली विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से कटिया फंसाकर रातभर चलाये जा रहे हैं। खनिज व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी ऐसे स्टोन क्रशर मिलों के खिलाफ कार्यवाही का साहस नहीं जुटा पा रहे। आधा दर्जन चल रहे बन्द स्टोन क्रशर मिल के मालिक इस कदर दबंग व सत्ता पक्ष से जुडे लोग हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की हिम्मत कोई नहीं जुटा पा रहा है। रातभर ये सीज क्रशर स्टोन मिल धडल्ले से चलाये जा रहे हैं। ऐसे खनन माफिआओं के खिलाफ कार्यवाही की हिम्मत कोई नहीं जुटा पा रहा है। इस अवैध कारोबार से प्रतिदिन लाखों रुपये की राजस्व की क्षति जिला प्रशासन को उठानी पड रही है। समाजसेवी शंकर दयाल त्रिपाठी का कहना है कि जिले में वर्षो से जमे खनिज एवं प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड के भ्रष्ट अधिकारी सीएम योगी के भ्रष्टाचार पर जीरों टोलरेंस की नीति को खोखला कर रहे है। उन्होने शासन से प्रकरण की गोपनीय जांच करा कर भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के विरूद्ध कडी से कडी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## दलित-पिछड़ों की विरोधी है भाजपा: अनुज

संवाददाता। चित्रकूट

**सपा** जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव की अध्यक्षता में सामाजिक न्याय के पुरोधा एवं पिछडों को मुख्यधारा से जोडने वाले महान नेता/पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की जयंती मनाई गई।

शनिवार को सपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री आजीवन दलित-पिछडा और शोषित समाज को आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक रुप से मजबूत कर मुख्य धारा में लाने को चिन्तित रहे। सामाजिक न्याय की लडाई को मजबूत करना उनका उद्देश्य रहा। प्रधानमंत्री बनते ही पिछडों को आरक्षण देकर सरकारी नौकरियों में हिस्सेदारी दी। दूसरी ओर महिला सशक्तिकरण और नक्सलवाद तथा आतंकवाद को जड से खत्म करने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री वीपी सिंह के लागू आरक्षण को भाजपा खत्म कर रही है। संविधान और संस्थाओं को भाजपा कमजोर कर दलित, पिछडा और शोषित समाज की विरोधी है।

जिला प्रवक्ता सुभाष सिंह पटेल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह उच्च राजनैतिक इच्छाशक्ति के स्वामी थे। भीमराव अम्बेडकर के बनाये संविधान और पिछडों को मजबूत करने का निर्णायक आधार दिया। भाजपा शासनकाल में पूंजीवादी शक्तियां बढ रही हैं। देश में गैरबराबरी बढ रही है। इस मौके पर गयाप्रसाद सविता, सीताराम कश्यप, नरेन्द्र यादव, अरशद खान, रामप्रसाद वर्मा, राधे यादव, डॉ सुरेश यादव, शिवपूजन सिंह पटेल, मेवालाल सविता, सत्यम यादव, साहबलाल द्विवेदी, मानसिंह पटेल, रोहित यादव, लतीफ सौदागर, मो रेहान, गौतम वर्मा, राधेश्याम निषाद, राजकिशोर विश्वकर्मा, सालिगराम कुशवाहा आदि ने विचार व्यक्त किये।

## क्विक न्यूज

### नवविवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

**बिवाँर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के सायर गाँव की अंजना ;26द्धपत्नी संतोष विश्वकर्मा ने शनिवार के दिन फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली।परिजन उसे उपचार के लिए मौदहा सीएचसी ले गए जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक संजयकुमार उपाध्याय ने बताया कि महिला की लगभग पाँच वर्ष पहले शादी हुई थी जिसके एक पुत्र भी है।गाँव के कुछ लोगों ने इसका कारण गृह कलह बताया वहीं परिजनों का कहना है कि महिला कुछ मानसिक विक्षप्त थी।वहीं लोगों द्वारा जानकारी मिली है कि मृतका का पति तीन भाई हैं जिनमें से मृतका का पति दूसरे नंबर का है।बताया गया कि मृतका का जेठ बांदा जनपद में सरकारी मास्टर था जिसकी पत्नी ने भी जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी एजिसमें उसके पति मनबोधन को सजा हुई थी और नौकरी भी चली गई।वहीं मृतका अंजना का पति भी किसी स्कूल में प्राइवेट टीचर है।थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका का मायका बाँदा का पवई गाँव है।बताया कि पंचनामा भरने के लिए मायके वालों का इंतजार था एजिनके आने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

### पति से विवाद होने पर पत्नी ने फांसी लगाकर जान दी

**मौदहा (हमीरपुर)।** बिवार क्षेत्र के सायर गांव में पति से बिवाद होने पर पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी। जब कि मृतका के पिता ने हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक गांव के संतोष की पत्नी अंजना(26) किसी रिश्तेदार के यहां जाने के लिये पति से तीन दिन से जिद कर रही थी इसी के चलते अंजना ने आज सूनसान घर पाकर फांसी लगा ली। पति को जानकारी होने पर उसने परिवारीजनों को बताया आनन फानन महिला को सीएचसी अस्पताल लाये जहां डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया वही मृतका के दो साल की बच्ची है। मृतका के पिता रामकृपाल ने बताया कि उसके दामाद व ससुर ने जान से मारकर फांसी से लटका दिया है पुलिस का कहना है कि जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जायेगी।

### बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा कस्बे के एक मोहल्ले से पुत्री को बहला फुसलाकर कही भगा ले जाने की शिकयत कर युवक के खिलाफमां ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है। कस्बें के निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 23 जून को रात 3बजे से मेरी पुत्री काजल उम्र 18 वर्ष घर से गायब हो गई है। तथा मोहल्ले के ही युवक विजय पुत्र पप्पू केखिलाफमां ने तहरीर दी है। कि वह मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर कही ले गया है। वही पुलिस ने मां की तहरीर पर आरोपी विजय के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के पडुई गाँव निवासी वारंटी को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गांव के भूरा निषाद के खिलाफगांव से लड़की भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज था। जिसमे वह फरार चल रहा था। इसके चलते न्यायालय से वारन्ट जारी किया गया है। जिसमे पुलिस ने आज उसको गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### आरोपी को जेल भेजा

**कुरारा (हमीरपुर)।** दिल्ली निवासी शिवम पुत्र शिवकुमार सेक्टर 10 के खिलाफलड़की भगा ले जाने का मुकदमा थाना कुरारा में दर्ज किया गया था। जिसमे पुलिस ने लड़की व आरोपी को बरामद कर लिया है। तथा आरोपी के खिलाफकार्यवाही कर आज जेल भेज दिया गया है। तथा लड़की को उसके परिजनों के सुपुर्द न्यायालय में बयान दर्ज करने के बाद किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में चौबीस घंटे के अन्दर दो की इलाज के दौरान मृत्यु,मृतक संख्या दस पहुची

**हमीरपुर।** मौदहा क्षेत्र में दो दिन पहले सड़क दुर्घटना में हुई आठ लोगो की मौत के बाद चौबीस घंटे के अन्दर इलाज के दौरान दो लोगो ने और दम तोड़ दिया जिससे मरने वालो की संख्या दस हो गयी है। वही प्रशासन ने एक मृतका के अलावा नौ लोगो को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दिलाने के लिये शासन को पत्र लिखा है। जानकारी के मुताबिक लोडर व टैम्पो की आमने सामने टक्कर में पंचा,विजय, राजेश,श्यामबाबू पुत्र तेजराम,रागिनी पत्नी श्यामबाबू,दीपांजलि,रजुलिया,श्यामबाबू पुत्र रामस्वरुप के अलावा चौबीस घंटे के अन्दर कुलदीप प्रिंयका निवास इगोहटा ने दम तोड़ दिया। मरने वाली की संख्या दस पहुच गयी है। तहसीलदार हमीरपुर ने बताया कि मृतक रजुलिया की मालीहालत अच्छी है इसलिये उसे शासन से कोई मदद नही मिलेगी शेष नौ लोगो को सीएम राहत कोष से मदद के लिये रिपोर्ट भेज दी गयी है।

### विवाहिता का मिला शव, हत्या का आरोप

**चित्रकूट।** मऊ थाने के पुरा-लालतारोड गांव में संदिग्ध दशा में एक विवाहिता का शव कमरे में लटकता मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। मृतका के भाई ने जेठ के पुत्र पर हत्या का आरोप लगाया है। विवाहिता की मृत्यु की ये घटना शुक्रवार को देर शाम मऊ थाना के पुरा-लालतारोड में हुई। बताया गया कि सरोज (32) पत्नी सुरेश तिवारी की 11 वर्ष पहले शादी हुई थी। शादी के बाद सुरेश तिवारी मुम्बई कमाने चला गया था। वह बीच-बीच घर आता-जाता था। इसी बीच जेठ के लडके अर्जुन तिवारी अपनी चाची के साथ मारपीट करता था। ऐसा मृतका के भाई व प्रभाकर मिश्रा ने बताया। सरोज का शव शुक्रवार को देर शाम घर के कमरे में लटकता मिला। मृतका के चेहरे पर चोंट के निशान हैं। मृतका के तीन बच्चे हैं। मृतका के भाई प्रभाकर मिश्रा ने जेठ के लडके अर्जुन पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। एएसपी शैलेन्द्र कुमार राय ने कहा कि पीएम रिपोट मिलने के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी।

### ओवरलोड ट्रक पलटने से युवक की मौत

**चित्रकूट।** बालू लदे ओवरलोड ट्रक के पलटने से चपेट में आये एक युवक की मृत्यु हो गई। जिले में ओवरलोड ट्रकों के चलने का सिलसिला कम नहीं हो रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये हादसा शनिवार को राजापुर थाना क्षेत्र के रुपौली गांव के पास भदेवरा में पूर्वान्ह 11 बजे हुआ। बताया गया कि राजापुर थाना क्षेत्र के बरुआ एहतमाली रेत खदान से एक ट्रक यूपी 70/जीटी-6828 मानक से अधिक बालू लादकर जा रहा था। भदेवरा गांव के पास बेकाबू होकर ट्रक पलट गया। ट्रक की चपेट में आये राजेन्द्र (40) पुत्र माधवलाल निवासी पश्चिम शरीरा जिला कौशाम्बी की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक के पास ट्रक का बीमा भी नहीं था। ओवरलोड ट्रक से आये दिन कोई न कोई हादसा हो रहा है। ओवरलोड ट्रकों को नियंत्रित करने को प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा है।

### आयुष शिविर में चिकित्सीय परीक्षण करके दवाइयों का किया वितरण

**कालपी(जालौन)।** शासन द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जगह जगह मरीजों का इलाज किया जा रहा है। कालपी नगर के मुहल्ला रावगंज में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कालपी के तत्वाधान में आयोजित शिविर में 198 मरीजों का चिकित्सीय परीक्षण करके दवाईयां वितरित की गयीं।

लोनिवि का गोरखधंधा

# कार्यदायी संस्थाओं के भ्रामक रिपोर्ट पर कमिश्नर ने जतायी नाराजगी

● बुन्देलखंड विकास निधि का किया जाता है दुरुपयोग,अधिशासी अभियंता ने संस्थाओं को लिखा कड़ा पत्र

संवाददाता। हमीरपुर



**बुन्देलखंड** विकास निधि(बीबीएन) की भ्रामक रिपोर्ट कार्यदायी संस्थाओं द्वारा देने पर कमिश्नर ने नाराजगी जाहिर की है। वही लोनिवि के अधिशासी अभियंता ने कार्यदायी संस्थाओं को कड़ा पत्र लिखा है। जानकारी के मुताबिक बुन्देलखंड विकास निधि ने पिछले साल आया करीब सत्रह करोड रुपये को हमीरपुर,राठ विधायक के अलावा एमएलसी को बराबर दिया गया था तीनो जनप्रतिनिधियो ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल 10 व 13 के अलावा आरईएस के अधिशासी अभियंता को दिया गया था जिसमे सबसे ज्यादा धनराशि पीसीएल टेन को दी गयी थी। नियमानुसार सभी कार्यदायी संस्थाओं को हर माह नोडल विभाग लोनिवि को रिपोर्ट देना चाहिये ताकि उस रिपोर्ट को कमिश्नर को भेजी जा सके मगर कार्यदायी संस्थाएं समय से रिपोर्ट भिजवाना तो दूर जो रिपोर्ट भेजी जाती है वह भ्रामक होती है इस पर कमिश्नर चित्रकूट ने नाराजगी जाहिर करते हुये लोनिवि के अधिशासी अभियंता से जवाब तलब किया था,बताया जाता है कि कार्यदायी संस्थाएं बीबीएन की धनराशि का जमकर दुरुपयोग करती है। हालाकि इसके लिये जांच समिति का गठन किया जाता है मगर जांच समिति ने कार्यदायी संस्था के पक्ष में रिपोर्ट देती है मौदहा में कार्यदायी संस्था ने जो सीसीरोड बनाये थे वह समय के पहले ही टूट गये थे जिनकी आज तक कोई जांच नही की गयी है। हालाकि शासन ने नया नियम लागू किया है कि अब जो सड़के ठेकेदार के माध्यम से बनायी जायेगी उनको पांच साल बाद सिक्योरटी वापस की जायेगी।

## समय से पहले तीन सौ किलोमीटर सड़के टूटी,पैसा न आने पर विभाग बेचैन

**हमीरपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में तीन कैटेगरी की सड़के बनायी जाती है,पहली सड़क नवीनीकरण जो आठ साल के बाद मरम्मत शासन द्वारा कराया जाता है दूसरी सड़के एसआर होती है जो आठ साल यानी समय से पहले ही टूट जाती है उनकी भी मरम्मत करायी जाती है इस प्रकार की करीब प्रांतीय व सीडी दो दोनो विभागो मे मिलाकर करीब तीन सौ किलोमीटर सड़के होगी। इसके लिये लोनिवि ने करोड़ो रुपये की मांग की है हालाकि शासन ने अभी तक इन सड़को के मरम्मत के लिये कोई पैसा नही भेजा है जिससे इंजीनियरो में बेचौनी देखी जा रही है। विभाग के अधिशासी अभियंता एमएल वर्मा का कहना है कि एसआर सड़को का चिंहाकन कर लिया गया है पैसा आने पर मरम्मत कराया जायेगा। मगर समय से पहले सड़के क्यो टूट जाती है इसका जवाब उनके पास नही था।

## सड़क मरम्मत का करोड़ों न आने से अभियंता मायूस,शासन को रहे कोस

**हमीरपुर।** शासन ने पहली मर्तवा लोनिवि विभाग को गड्ढा मुक्त सड़कों के लिये बजट नही भेजा है हर साल करीब चार करोड़ रुपये का बजट दिया जाता था जिससे विभाग सड़को में नाम मात्र का लेप कर लाखो रुपये डकार जाता था यह क्रम कई सालो से चल रहा था इधर लोनिवि का मंत्री बदल जाने पर विभाग को बजट का दंश झेलना पड़ रहा है जिससे विभाग के अभियंताओं के चेहरो से हवाईया उड रही है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता एमएल वर्मा का कहना है कि बरसात शुरु होने वाली है बजट न आने पर सड़को की मरम्मत नही हो पा रही है। कई माह पहले बजट की मांग कर ली गयी थी। रोड पैच में कई सालो से धांधली की जा रही हालाकि जांच के नाम पर भी खाना पूरी कर ली जाती है।